Ans : (c) प्रश्नानुसार चॉकलेट, बिस्कुट, आइसक्रीम की संख्या क्रमश: 24, 36 तथा 60 है। विद्यार्थियों की संख्या = 24, 36 तथा 60 का म. स. =12

53. 2189 और 2587 का महत्तम समापवर्तक प्राप्त होगा–

(a) 3 (b) 197

(c) 199 (d) 198

RRB NTPC 30.04.2016 Shift : 3

Ans : (c) 2189 तथा 2587 का HCF

2189) 2587 (1
2189
398) 2189 (5
1990
199) 398 (2
398
×××

HCF = 199

54. कपड़े के तीन टुकड़ों की लंबाई क्रमश: 1.26 मीटर, 1.98 मीटर और 1.62 मीटर है। कितनी अधिकतम लम्बाई द्वारा इन्हें पूरा–पूरा मापा जा सकता है?

(a) 12 सेमी. (b) 14 सेमी.

(c) 16 सेमी. (d) 18 सेमी.

RRB NTPC 31.03.2016 Shift : 2

Ans : (d) 126 सेमी., 198 सेमी. और 162 सेमी. का म.स. =

126) 198 (1 18) 162 (9
126 162
72) 126 (1 ×××
72
54) 72 (1
54
18) 54 (3
54
××

अत: म.स. = 18 सेमी.
∴ अधिकतम लम्बाई = 18 सेमी.

55. 50 पेन, 80 पेंसिल और 65 पैमाने समान रूप से कुछ छात्रों के बीच में वितरित किये गये और पाया गया कि प्रत्येक आइटम से 5 वितरित नहीं किये गये हैं। छात्रों की संख्या का पता लगाएं।

(a) 5 (b) 20 (c) 15 (d) 10

RRB NTPC 31.03.2016 Shift : 3

Ans : (c) प्रश्न से,
50-5=45
80-5=75
65-5=60
45, 75 व 60 का म.स.=15
अतः छात्रों की सं.=15

56. आपके पास 20 बड़ी तथा 16 छोटी डायरियाँ हैं तथा दोनों प्रकार की डायरियों से आप उपहार पैकेट बनाना चाहते है। बिना किसी डायरी को छोड़े आप कितने अधिकतम उपहार बना सकते हैं

(a) 5 (b) 4 (c) 3 (d) 2

RRB NTPC 29.03.2016 Shift : 3

Ans : (b) 20 तथा 16 का म.स. ज्ञात करने पर,

16) 20 (1
16
×4) 16 (4
16
××

∴ अधिकतम 4उपहार पैकेट बना सकते है।

57. 360 तथा 450 का सबसे बड़ा गुणनखंड क्या है?

(a) 90 (b) 45

(c) 10 (d) 9

RRB NTPC 29.03.2016 Shift : 3

Ans : (a) प्रश्न से,

360) 450 (1
360
×90) 360 (4
360
×××

∴ सबसे बड़ा गुणनखण्ड = 360 तथा 450 का म.स. = 90

Type-4: म.स. से संबंधित शेषफल वाले प्रश्न

58. वह बड़ी से बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए, जिससे 55, 72 और 123 को विभाजित करने पर क्रमशः 3, 7 और 6 शेष प्राप्त हो।

(a) 13 (b) 66 (c) 26 (d) 117

RRB NTPC 09.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : 55 – 3 = 52
72 – 7 = 65
123 – 6 = 117
52, 65 तथा 117 का म0स0 = 13
अतः बड़ी से बड़ी संख्या = 13

59. वह बड़ी से बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए, जिससे 155 और 307 विभाजित करने पर क्रमशः 5 और 7 शेष बचता है।

(a) 15 (b) 25
(c) 150 (d) 30

RRB NTPC 07.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : 155 – 5 = 150
307 – 7 = 300
अतः अभीष्ट संख्या = 150 तथा 300 का म.स.
= 150

60. वह सबसे बड़ी संख्या बताइए जिससे 155, 260, 315 को विभाजित करने पर क्रमशः 5, 10 और 15 शेषफल बचेगा।

(a) 75 (b) 25 (c) 10 (d) 50

RRB NTPC 28.12.2020 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : अभीष्ट संख्या = (155 – 5), (260 – 10) तथा (315 – 15) का म.स.
= 150, 250, तथा 300 का म.स. = 50

61. वह बड़ी से बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए, जिससे 2270, 3739 और 6677 को विभाजित करने पर प्रत्येक मामले में समान शेष बचता हो?

(a) 1489 (b) 1459 (c) 1479 (d) 1469

RRB NTPC 01.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : पहले हम बड़ी संख्या में से छोटी संख्या को घटाते है तो प्राप्त संख्या –
3739 – 2270 = 1469
6677 – 2270 = 4407
6677 – 3739 = 2938
1469, 4407 तथा 2938 का म0स0 = 1469
अतः अभीष्ट संख्या = 1469

62. वह बड़ी से बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए जिससे 1250 तथा 1615 को विभाजित करने पर शेष क्रमशः 4 और 5 बचता है।

(a) 13 (b) 14 (c) 16 (d) 18

RRB NTPC 28.04.2016 Shift : 1

Ans : (b) 1250– 4 = 1246
1615 – 5 = 1610
1246 तथा 1610 का म.स. = 14



अतः वह बड़ी से बड़ी संख्या 14 है जिससे 1250 तथा 1615 को विभाजित करने पर शेष क्रमशः 4 और 5 बचता है।

63. वह बड़ी से बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए, जिससे 270, 675 और 1215 को विभाजित किया जाए तो प्रत्येक दशा में समान शेष बचता है।

(a) 45 (b) 135
(c) 270 (d) 75

RRB NTPC 19.04.2016 Shift : 3

Ans : (b) प्रश्न से,
675 – 270 = 405 = $3 \times \underline{3 \times 3 \times 5}$
1215 – 675 = 540 = $2 \times 2 \times \underline{3 \times 3 \times 5}$
1215 – 270 = 945 = $\underline{3 \times 3 \times 5} \times 7$
म. स. = $3 \times 3 \times 3 \times 5$
अभीष्ट संख्या = 135

64. यदि P वह सबसे बड़ी संख्या है, जिससे 60, 150 और 285 को विभाजित किया जाए तो प्रत्येक दशा में समान शेष बचता है, तो P के अंकों का योगफल है।

(a) 7 (b) 5
(c) 4 (d) 9

RRB NTPC 19.04.2016 Shift : 3

Ans : (d) अभीष्ट संख्या (150 – 60), (285 – 150) और (285 – 60) का म. स.
$90 = 2 \times \underline{3 \times 3 \times 5}$
$135 = 3 \times \underline{3 \times 3 \times 5}$
$225 = \underline{3 \times 3 \times 5} \times 5$
म. स. = $3 \times 3 \times 5 = 45$
अंकों का योगफल = 4 + 5 = 9

Type-5 : ल.स. तथा म.स. के संयुक्त प्रश्न

65. दो संख्याओं का अनुपात 3:4 है और उनका लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) 480 है। उनका महत्तम समापवर्तक (HCF) ज्ञात कीजिए।

(a) 40 (b) 160
(c) 30 (d) 120

RRB NTPC (Stage-2) 14/06/2022 (Shift-I)

Ans. (a) : माना दो संख्याएँ क्रमशः 3x तथा 4x है।
तब $3 \times 4 \times x = 480$
$12x = 480$
$x = 40$
संख्या 3x और 4x का म.स. = x
म.स. = 40

66. यदि दो संख्याओं के लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) और महत्तम समापवर्तक (HCF) क्रमशः 70 और 7 हैं। यदि उनमें से एक संख्या 35 है, तो दूसरी संख्या कितनी होगी?

(a) 40 (b) 49
(c) 25 (d) 14

RRB NTPC 18.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : दिया है, LCM = 70
HCF = 7
सूत्र से- लघुत्तम समापवर्त्य × महत्तम समापवर्तक
= प्रथम संख्या × दूसरी संख्या
माना दूसरी संख्या x हो तो
$70 \times 7 = 35 \times x$
$x = 14$
अतः दूसरी संख्या x = 14 है।

67. दो संख्याओं का म.स.प. 6 है और उनका ल.स.प. 84 है। यदि दोनों संख्याओं में से एक 42 है तो दूसरी संख्या ..... होगी।

(a) 40 (b) 48 (c) 12 (d) 30

RRB NTPC 04.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : L.C.M × H.C.F. = पहली संख्या × दूसरी संख्या

$84 \times 6 = 42 \times$ दूसरी संख्या

दूसरी संख्या $= \frac{84 \times 6}{42} = 12$

68. यदि a और b का ल.स.प. (LCM) c है, तो उनका म.स.प. (HCF) ज्ञात कीजिए।

(a) $\frac{ab}{b}$ (b) $\frac{bc}{a}$ (c) $\frac{c}{ab}$ (d) $\frac{ab}{c}$

RRB NTPC 29.01.2021 (Shift-II) Stage I

Ans. (d) : ल.स × म.स. = पहली संख्या × दूसरी संख्या

$c \times$ म.स. $= a \times b$

म.स. $= \frac{ab}{c}$

69. यदि दो संख्याओं का महत्तम समापवर्तक (HCF) 2 है और उनका गुणनफल 120 है, तो दोनों संख्याओं का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए।

(a) 120 (b) 90 (c) 30 (d) 60

RRB NTPC 26.07.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : दोनों संख्याओं का गुणनफल = म0स0 × ल0स0

$120 = 2 \times$ ल0स0

ल0स0 = 60

70. 36 और N के म.स.प. (HCF) और ल.स.प. (LCM) क्रमशः 9 और 180 है, तो N का मान ज्ञात करें।

(a) 65 (b) 63 (c) 45 (d) 90

RRB NTPC 13.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : सूत्र से,

दोनों संख्याओं का गुणनफल = ल0स0 × म0स0

$36 \times N = 9 \times 180$

$N = 45$

71. यदि $20x^3y^2$ और $10x^4y^4$ का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) $20x^4y^4$ है, तो महत्तम समापवर्तक (HCF) ज्ञात कीजिए।

(a) $10x^2y^2$ (b) $20x^3y^2$

(c) $10x^3y^2$ (d) $20x^2y^2$

RRB NTPC 12.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : पहली संख्या × दूसरी संख्या = म0 स0 × ल0 स0

म0 स0 $= \frac{20x^3y^2 \times 10x^4y^4}{20x^4y^4} = 10x^3y^2$

72. दो धनात्मक संख्याओं के लघुत्तम समापवर्त्य और महत्तम समापवर्तक का गुणनफल 28 है और उनका अंतर 3 है संख्याएं ज्ञात कीजिए।

(a) 3 और 5 (b) 7 और 5

(c) 4 और 7 (d) 5 और 6

RRB NTPC 08.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : दी गयी संख्याओं का अंतर 3 है।

अतः माना संख्यायें a व a + 3 हो तो

ल. स. × म. स. = पहली संख्या × दूसरी संख्या से

$28 = a(a + 3)$

$a^2 + 3a - 28 = 0$

$a^2 + 7a - 4a - 28 = 0$

$a(a + 7) - 4(a + 7) = 0$

$(a + 7)(a - 4) = 0$

अतः $a = -7, 4$

$a = 4$ (धनात्मक मान) लेने पर

अतः संख्यायें $a = 4$ व $a + 3 = 7$ होगी।

73. दो संख्याओं के म.स.प.(HCF) और ल.स.प.(LCM) क्रमशः 75 और 450 है। यदि पहली संख्या को 3 से विभाजित किया जाता है, तो भागफल 75 आता है। दूसरी संख्या ज्ञात करें।

(a) 75 (b) 225 (c) 450 (d) 150

RRB NTPC 08.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : माना पहली संख्या x है।

प्रश्नानुसार,

$\frac{x}{3} = 75$

$x = 225$

पहली संख्या × दूसरी संख्या = LCM × HCF

$225 \times$ दूसरी संख्या $= 450 \times 75$

दूसरी संख्या $= \frac{450 \times 75}{225} = 150$

74. दो संख्याओं का HCF और LCM क्रमशः 60 और 420 है। यदि पहली संख्या को 2 से विभाजित किया जाता है, तो भागफल 60 होता है। दूसरी संख्या है-

(a) 150 (b) 190 (c) 170 (d) 210

RRB NTPC 04.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : HCF = 60 , LCM = 420

माना पहली संख्या a है

सूत्र से, भाज्य = भाजक × भागफल + शेष

प्रश्नानुसार - $a = 2 \times 60 +$ शून्य

$a = 120$

अतः पहली संख्या $a = 120$

LCM × HCF = पहली संख्या × दूसरी संख्या

$420 \times 60 = 120 \times$ दूसरी संख्या

दूसरी संख्या $= \frac{420 \times 60}{120} = 210$

75. दो धनात्मक पूर्णांकों का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) बड़ी संख्या के तीन गुने के बराबर है। छोटी संख्या और दोनों संख्याओं के महत्तम समापवर्तक (HCF) का अंतर 6 है। छोटी संख्या ज्ञात कीजिए।

(a) 9 (b) 11 (c) 5 (d) 7

RRB NTPC 31.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : माना बड़ी संख्या = aH

छोटी संख्या = bH

ल0स0= 3aH

aH और bH का म0स0= H

aH और bH का ल0स0= abH

$\therefore abH = 3aH$

$b = 3$

$\because bH - H = 6$

$3H - H = 6$

$2H = 6$

$H = 3$

छोटी संख्या $= bH = 3 \times 3 = 9$

76. दो संख्याओं के महत्तम समापवर्तक (HCF) और लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) क्रमशः 5 और 210 हैं। यदि संख्याएं 25 और 40 के बीच में है, तो संख्याओं का योग ज्ञात करें।

(a) 60 (b) 65

(c) 50 (d) 55

RRB NTPC 31.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : माना संख्याएं क्रमशः 5a और 5b है।

जहाँ a और b सह अभाज्य है।

पहली संख्या × दूसरी संख्या = ल0स0 × म0स0

$5a \times 5b = 5 \times 210$

$ab = 42$

(1, 42) (7,6)

संख्या = (5 × 6, 5 × 7)

30, 35

संख्याओं का योग = 35 + 30 = 65

77. तीन संख्याओं का ल.स. 4752 तथा म.स. 6 है। यदि दो संख्याएँ 48 और 66 हों तो, तीसरी संख्या ज्ञात कीजिए।

(a) 54 (b) 56

(c) 58 (d) 52

RRB NTPC 29.04.2016 Shift : 3

Ans. (a) : $\because$ तीनों संख्याओं का म.स. 6 है।

$\therefore$ 6 से विभाज्य संख्या ही अभीष्ट उत्तर होगा।

$\therefore$ तीसरी संख्या = 54

78. दो प्राकृत संख्याओं का अनुपात 6 : 5 है और उनके लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) और महत्तम समापवर्तक (HCF) का गुणनफल 6750 है। संख्याओं का योगफल ज्ञात कीजिए।

(a) 180 (b) 165

(c) 160 (d) 145

RRB NTPC (Stage-2) 13/06/2022 (Shift-II)

Ans. (b) : माना दोनों दी गयी संख्याएँ 6x तथा 5x हैं।

तथा इनके LCM तथा HCF का गुणनफल = 6,750

तब पहली संख्या × दूसरी संख्या = ल.स. × म.स.

$6x \times 5x = 6,750$

$30x^2 = 6,750$

$x^2 = \frac{6750}{30}$

$x^2 = 225$

$\boxed{x = 15}$

पहली संख्या = $6x = 6 \times 15 = 90$, दूसरी संख्या = $5x = 5 \times 15 = 75$

अतः दोनों संख्याओं का योगफल = 90 + 75 = 165

79. दो संख्याओं का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) उनके महत्तम समापवर्तक (HCF) का 20 गुना है तथा लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) और महत्तम समापवर्तक (HCF) का योगफल 504 है। यदि संख्याओं का अंतर 24 है, तो संख्याओं का योगफल ज्ञात कीजिए।

(a) 210 (b) 216

(c) 225 (d) 180

RRB NTPC (Stage-2) 12/06/2022 (Shift-I)

Ans. (b) : प्रश्नानुसार,

$L = 20\ H$ —— (i)

तथा, $L + H = 504$ ——(ii)

$H(a - b) = 24$ ——(iii)

समी. (i) व (ii) से

$20H + H = 504 \Rightarrow H = 24$

समी. (iii) से, $(a - b) = 1$

$\because L = Hab$

$\therefore Hab = 20H$ [समी. (i) से]

$ab = 20$

$(a + b)^2 = (a - b)^2 + 4ab$

$= 1 + 80 = 81$

$\Rightarrow (a + b) = 9$

अतः संख्याओं का योगफल = $H(a + b)$

$= 24 \times 9 = 216$

80. दो संख्याओं का योग 72 है। उनके म.स.प. (HCF) और ल.स.प. (LCM) क्रमशः 2 और 102 हैं। उन दो संख्याओं के व्युत्क्रमों का योग ज्ञात कीजिए।

(a) $\frac{7}{19}$ (b) $\frac{6}{17}$

(c) $\frac{8}{19}$ (d) $\frac{5}{17}$

RRB NTPC 04.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) :

माना दो संख्याएँ A तथा B है, LCM = 102, HCF = 2

प्रश्नानुसार, $A + B = 72$ ...(i)

तथा दो संख्याओं का गुणनफल = HCF × LCM

$A \times B = 2 \times 102$

$A \times B = 204$ ...(ii)

दोनों संख्याओं के व्युत्क्रम का योग $= \frac{1}{A} + \frac{1}{B} = \frac{B + A}{AB}$

$= \frac{A + B}{AB} = \frac{72}{204} = \frac{6}{17}$

81. दो संख्याओं का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) उनके महत्तम समापवर्तक (HCF) का 26 गुना है। महत्तम समापवर्तक और लघुत्तम समापवर्त्य का योग 728 है। यदि इनमें से एक संख्या 81 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए।

(a) 231 (b) 234

(c) 233 (d) 232

RRB NTPC 09.02.2021 (Shift-II) Stage I

Ans. (b) : प्रश्नानुसार,

ल0स0 = म0स0 × 26

ल0स0 : म0स0 = 26 : 1

$\because$ 26 + 1 = 27 यूनिट = 729

$\therefore$ 1 यूनिट = 27

∴ पहली संख्या × दूसरी संख्या = ल0स0 × म0स0

$81 \times$ दूसरी संख्या $= (26 \times 27) \times 27$

दूसरी संख्या $= \frac{26 \times 27 \times 27}{81} = 234$

82. यदि दो संख्याओं का अनुपात 3 : 4 है और उनका म.स.प. (HCF) 4 है। उनका ल.स.प. (LCM) ज्ञात कीजिए।

(a) 42 (b) 34 (c) 84 (d) 48

RRB NTPC 10.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : दो संख्याओं का अनुपात = 3 : 4

माना दो संख्याएँ क्रमशः 3x तथा 4x है।

3x, 4x का ल.स.प. = 12x

म.स.प. = 4

पहली सं. × दूसरी सं. = ल.स.प. × म.स.प.

$3x \times 4x = 12x \times 4$

$\boxed{x = 4}$

अतः संख्या 3x तथा 4x का ल.स.प. = 12x

$= 12 \times 4 = 48$

93. यदि दो संख्याओं का योग 84 है और उनके महत्तम समापवर्तक (HCF) और लघुत्तम समापवर्तक (LCM) क्रमशः 3 और 124 हैं, तो दोनों संख्याओं के व्युत्क्रमों का योग कितना होगा?

(a) $\frac{11}{31}$ (b) $\frac{9}{31}$ (c) $\frac{8}{31}$ (d) $\frac{7}{31}$

RRB NTPC 04.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : माना पहली व दूसरी संख्याऐं क्रमशः Ha और Hb है

$L = Hab \Rightarrow 124 = 3ab$

$ab = \frac{124}{3}$

तथा $H(a + b) = 84 \Rightarrow (a + b) = 28$

तो, $\frac{1}{Ha} + \frac{1}{Hb} = \frac{Ha + Hb}{Ha \times Hb}$

$= \frac{H(a+b)}{H^2ab} = \frac{(a+b)}{Hab} = \frac{28}{124} = \frac{7}{31}$

84. दो संख्याओं के महत्तम समापवर्तक (HCF) और लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) का अनुपात 1:30 है तथा महत्तम समापवर्तक (HCF) और लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) के बीच का अंतर 493 है। लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) और महत्तम समापवर्तक (HCF) का गुणनफल ज्ञात कीजिए।

(a) 8670 (b) 540

(c) 6064 (d) 4040

RRB NTPC 17.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : माना, महत्तम समापवर्तक = x

लघुत्तम समापवर्त्य = 30x

प्रश्नानुसार, लघुत्तम समापवर्त्य – महत्तम समापवर्तक = 493

$30x - x = 493$

$29x = 493$

$x = 17$

अतः महत्तम समापवर्तक × लघुत्तम समापवर्त्य = 30x × x

$= 30 \times 17 \times 17 = 8670$

85. 15 और 25 के लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) और महत्तम समापवर्तक (HCF) का गुणनफल ज्ञात कीजिए।

(a) 375 (b) 225

(c) 75 (d) 150

RRB NTPC 17.02.2021 (Shift-II) Stage I

Ans. (a) : 15 और 25 का LCM

$15 = 3 \times 5$

$25 = 5 \times 5$

LCM = 75

HCF = 5

गुणनफल = LCM × HCF

$= 75 \times 5 = 375$

86. 18 और 42 के लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) और महत्तम समापवर्तक (HCF) का गुणनफल ज्ञात कीजिए।

(a) 756 (b) 736

(c) 746 (d) 766

RRB NTPC 18.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : $18 = 2 \times 3 \times 3$

$42 = 2 \times 3 \times 7$

$HCF = 2 \times 3 = 6$

$LCM = 2 \times 3 \times 3 \times 7 = 126$

LCM और HCF का गुणनफल

$= 6 \times 126 = 756$

87. दो संख्याओं के लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) और महत्तम समापर्वक (HCF) के योग और अंतर क्रमशः 682 और 638 हैं। यदि दोनो संख्याओं का योग 286 है, तो संख्याएं ज्ञात कीजिए।

(a) 246 और 40 (b) 226 और 60

(c) 220 और 66 (d) 242 और 44

RRB NTPC 08.04.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : LCM + HCF = 682 ……(i)

LCM – HCF = 638 ……(ii)

2 LCM = 1320

LCM = 660

LCM का मान समी. (i) में रखने पर,

660 + HCF = 682

HCF = 22

माना दोनों संख्याएं x और y है।

LCM × HCF = x × y

$660 \times 22 = (286 - y) \times y$ (दिया है: x + y =286)

$660 \times 22 = 286y - y^2$

$y^2 - 286y + 14520 = 0$

$y^2 - (220 + 66)y + 14520 = 0$

$y^2 - 220y - 66y + 14250 = 0$

$y(y - 220) - 66(y - 220) = 0$

$(y - 220)(y - 66) = 0$

अतः संख्या 220 और 66 है।

88. दो धनात्मक संख्याओं के लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) और महत्तम समापवर्तक (HCF) का गुणनफल 32 है और संख्याओं का अंतर 4 है। उन संख्याओं का योग ज्ञात कीजिए।

(a) 12 (b) 14

(c) 16 (d) 10

RRB NTPC 17.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : माना संख्याएँ A व B है।
∵ पहली संख्या × दूसरी संख्या = ल.स. × म.स.
प्रश्नानुसार,
$A \times B = 32$
तथा $A-B = 4$
तो $(A+B) = ?$
$(A+B)^2 = (A-B)^2 + 4AB$
$(A+B)^2 = 16 + 4\times32$
$(A+B)^2 = 16 + 128 = 144$
$(A+B) = 12$

89. दो संख्याओं का महत्तम समापवर्तक (HCF) 19 है और उनके लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) के दो अन्य गुणनखण्ड 11 और 13 हैं। दोनों संख्याओं में से बड़ी संख्या कौन सी है?
(a) 243 (b) 241
(c) 249 (d) 247
RRB NTPC 04.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : माना छोटी व बड़ी संख्यायें क्रमशः Ha और Hb हैं।
HCF = 19
तो संख्याएँ -Ha = 19 × 11 = 209
Hb = 19 × 13 = 247
अतः बड़ी संख्या (Hb) = 247

90. दो संख्याओं का ल.स.प. (LCM) उसके म. स. प. (HCF) से 91 गुना है। उनके म.स.प. (HCF) और ल.स.प. (LCM) का योग 2760 है। यदि उनमें से एक संख्या 210 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए।
(a) 30 (b) 2730
(c) 390 (d) 420
RRB NTPC 09.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : माना म0स0 x है तब ल0स0 91x होगा।
प्रश्नानुसार, $91x + x = 2760$
$92x = 2760$
$x = 30$
∵ पहली संख्या × दूसरी संख्या = ल0स0 × म0स0
210 × दूसरी संख्या = 91× 30 × 30
दूसरी संख्या = 13 × 30 = 390

91. दो संख्याओं का योग 60 है और उनके म.स.प. और ल.स.प. क्रमशः 12 और 72 हैं। दोनों संख्याओं के व्युत्क्रम का योग कितना होगा ?
(a) $\frac{1}{5}$ (b) $\frac{5}{72}$
(c) $\frac{5}{6}$ (d) $\frac{5}{12}$
RRB NTPC 28.12.2020 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : माना दोनों संख्याएं क्रमशः a तथा b है।
प्रश्नानुसार,
$a + b = 60$ ...(i)
∵ ल.स. × म.स. = (पहली संख्या × दूसरी संख्या) से
$12\times72 = ab$ ...(ii)
व्युत्क्रमों का योग = $\frac{a+b}{ab} = \frac{60}{12\times72}$
$\frac{a}{ab} + \frac{b}{ab} = \frac{5}{72}$
$\frac{1}{b} + \frac{1}{a} = \frac{5}{72}$
या $\frac{1}{a} + \frac{1}{b} = \frac{5}{72}$

92. यदि दो संख्याओं का गुणनफल 4941 है तथा उनका लघुत्तम 81 है तब उनका महत्तम क्या होगा?
(a) 60 (b) 59 (c) 35 (d) 61
RRB NTPC 17.01.2017 Shift-3

Ans : (d) सूत्र से–
ल.स. × म.स. = दोनों संख्याओं का गुणनफल
$81 \times$ म.स. $= 4941$
∴ म.स. $= \frac{4941}{81} = 61$

93. दो संख्याओं का अनुपात 8 : 9 है तथा उनका HCF 6 है। उनका LCM होगा–
(a) 432 (b) 54 (c) 48 (d) 423
RRB NTPC 17.01.2017 Shift-3

Ans : (a) दोनों संख्याओं का HCF = 6
∴ पहली संख्या = 8 × 6 = 48
दूसरी संख्या = 9 × 6 = 54
सूत्र– पहली संख्या × दूसरी संख्या = HCF × LCM
$48 \times 54 = 6 \times$ LCM
$LCM = \frac{48\times54}{6}$
$\boxed{LCM = 432}$

94. दो संख्याओं का योगफल 30 है तथा उनका LCM 25 है। बड़ी संख्या ज्ञात करें।
(a) 55 (b) 25 (c) 1 (d) 15
RRB NTPC 30.04.2016 Shift : 1

Ans : (b) माना बड़ी संख्या x तथा छोटी संख्या y है।
प्रश्नानुसार,
$x + y = 30$ ..... (i)
तथा x तथा y का ल.स. = 25 ..... (ii)
दिये गये विकल्प से–
अत: यदि $x = 25$ रखे तो $y = 5$
तब, 25 तथा 5 का ल.स. = 25
तथा 25+5 = 30

Type-6 : वर्गाकार टाइल्स संबंधी प्रश्न

95. एक आयताकार आंगन 18 m 72 cm लंबा तथा 13 m 20 cm चौड़ा है। इस पर सभी समान आकार वाले वर्गाकार टाइल लगाए जाने है। आवश्यक टाइलों की न्यूनतम संभावित संख्या ज्ञात कीजिए।
(a) 4292 (b) 4290
(c) 4294 (d) 4295
RRB NTPC 28.01.2021 (Shift-I) Stage I

Ans. (b) : लम्बाई (l) = 18 m 72 cm = 1872 cm
चौड़ाई (b) = 13 m 20 cm = 1320 cm
टाइलों की कम से कम संख्या के लिए, टाइल अधिकतम आकार की होनी चाहिए।
इसलिए हम 1872 और 1320 का HCF ज्ञात करते हैं।
$1872 = 2 \times 2 \times 2 \times 2 \times 3 \times 3 \times 13$

$1320 = 2 \times 2 \times 2 \times 3 \times 5 \times 11$

$\therefore$ HCF $= 2 \times 2 \times 2 \times 3 = 24$ cm

इसलिए, टाइल का अधिकतम आकार 24 cm भुजा वाली वर्गाकार टाइल होना चाहिए।

इसलिए, कम से कम टाइलों की संख्या–

$$= \frac{1872 \times 1320}{24 \times 24} = 78 \times 55 = 4290$$

96. 12 m लंबे और 8 m चौड़े एक कमरे के फर्श को अधिकतम संभावित क्षेत्रफल वाले वर्गाकार डिज़ाइनों से सजाया जाना है। आवश्यक वर्गाकार डिज़ाइनों की संख्या ज्ञात कीजिए।

(a) 6 (b) 4 (c) 5 (d) 8

RRB NTPC 04.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : 12 व 8 का म.स. (HCF) = 4

$$\text{अभीष्ट संख्या} = \frac{\text{कमरे के फर्श का क्षे0}}{\text{एक वर्गाकार डिजाइन का क्षे0}} = \frac{12 \times 8}{4 \times 4} = 6$$

97. एक हॉल के फर्श की लंबाई 16 मीटर और चौड़ाई 12 मीटर है, जिस पर वर्गाकार टाइल लगाए जाने हैं। यदि टाइल की कम से कम संख्या का उपयोग किया जाना है, तो प्रत्येक वर्गाकार टाइल की लंबाई कितनी है?

(a) 4 मीटर (b) 12 मीटर

(c) 48 मीटर (d) 24 मीटर

RRB NTPC 08.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : फर्श की लम्बाई 16 मी. एवं चौड़ाई 12 मी. है

$\therefore$ 16 मी. और 12 मी. का म. स. = 4 मीटर

$\therefore$ प्रत्येक वर्गाकार टाइल्स की लम्बाई = 4 मीटर

Type-7 : अलार्म/घंटी/लाइट आदि पर आधारित प्रश्न

98. एक साथ पाँच घंटियाँ बजना शुरु करती है, और क्रमशः 3, 6, 12, 15 और 18 सेकंड के अंतराल पर बजती हैं। वे 9:58:45 बजे बजती हैं, तो वे कितने बजे पुनः एक साथ बजेगी?

(a) 10:02:45 (b) 10:01:45

(c) 10:01:15 (d) 10:00:15

RRB NTPC (Stage-2) 16/06/2022 (Shift-II)

Ans. (b) : घंटियाँ 3, 6, 12, 15 और 18 के अंतराल पर बजती है। 3, 6, 12, 15 तथा 18 का L.C.M

3	3, 6, 12, 15 18
2	1, 2, 4, 5, 6
2	1, 1, 2, 5, 3
3	1, 1, 1, 5, 3
5	1, 1, 1, 5, 1
	1, 1, 1, 1, 1

$= 3 \times 2 \times 2 \times 3 \times 5$

= 180 sec or 3 minute

$\because$ घंटियाँ 9 : 58 : 45 बजें बजती है।

9 : 58 : 45

$\therefore$ + : 3 :

10 : 01 : 45 बजें पुनः एक साथ बजेगी।

99. तीन क्रमागत चौराहों पर लगी यातायात बत्तियां क्रमशः प्रत्येक 35 सेकंड, 42 सेकंड और 90 सेकंड के बाद बदलती हैं। यदि ये बत्तियां 8:00 बजे एक साथ जलाई जाती हैं, तो ये पुनः कितने समय बाद एक साथ बदलेंगी ?

(a) 10 मिनट 30 सेकंड (b) 9 मिनट 10 सेकंड

(c) 7 मिनट 20 सेकंड (d) 9 मिनट 30 सेकंड

RRB NTPC 10.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : 35 से., 42 से. और 90 से. का ल.स. –

2	35, 42, 90
3	35, 21, 45
3	35, 7, 15
5	35, 7, 5
7	7, 7, 1
	1, 1, 1

$= 2 \times 3 \times 3 \times 5 \times 7$

= 630 सेकण्ड

= 10 मिनट 30 सेकण्ड

अतः बत्तियाँ पुनः एक साथ 10 मिनट 30 सेकण्ड बाद बदलेगी।

100. चार टेबल क्लॉक हैं। वे प्रत्येक क्रमशः 10 min, 15 min, 20 min और 25 min के अंतराल पर बजते हैं। यदि वे सभी 10 a.m. पर एक साथ बजते हैं, तो वे किस समय फिर से एक साथ बजेंगे?

(a) 10:00 a.m. (b) 3:00 p.m.

(c) 10:00 p.m. (d) 3:30 p.m.

RRB NTPC 12.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : प्रश्न से

(10,15,20,25) का ल0 स0 = 300 min = 5 घण्टे

अतः वे टेबल क्लॉक पुनः 10:00 am + 5 घण्टे = 3:00pm बजे एक साथ बजेंगे।

101. एक पेंडुलम 3 s में 2 बार बजता है। दूसरा पेंडुलम 7 s में 5 बार बजता है। यदि दोनों पेंडुलम एक साथ बजना शुरू करें, तो वे 1 min में कितनी बार एक साथ बजेंगें?

(a) 2 (b) 4

(c) 5 (d) 3

RRB NTPC 16.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : प्रश्नानुसारः-

पेण्डुलम एक, 1 बार बजेगा = $\frac{3}{2}$ सेकेण्ड के अंतराल पर

तथा पेंडुलम दो 1 बार बजेगा = $\frac{7}{5}$ सेकेण्ड के अंतराल पर

अतः यदि दोनों एक साथ बजना शुरू करे तो वे दोबारा एक साथ बजेगे = $\frac{3}{2}$ और $\frac{7}{5}$ का ल0 स0 = $\frac{21}{1}$ सेकेण्ड अंतराल पर अतः

1 मिनट (60 सेकेण्ड) में वे एक साथ बजेगे = $\frac{60}{21} = \frac{20}{7} = 2\frac{6}{7}$

= 2 बार ..... (सिर्फ पूर्ण संख्या लेगें)

102. तीन निकटवर्ती मंदिरों मे तीन इलेक्ट्रॉनिक घंटियां लगी है। इन मंदिरो के पुजारी 2, 3 और 5 मिनट के अंतराल पर अलग-अलग समय पर ये घंटिया बजाने का निर्णय लेते है। यदि ये घंटिया पहली बार प्रातः 8:00:00 बजे एक साथ बजना शुरू होती है, तो प्रातः 9:00:00 बजे तक वे कितनी बार एक साथ बजेंगी ?

(a) बजना शुरू होने के बाद 4 बार
(b) बजना शुरू होने के बाद 2 बार
(c) बजना शुरू होने के बाद 5 बार
(d) बजना शुरू होने के बाद 15 बार

RRB NTPC 07.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : 2, 3, 5 का ल.स. $= 2 \times 3 \times 5 = 30$ मिनट
8:00 बजे से 9:00 बजे तक में 1 घण्टा (60 मिनट) का अन्तर है।
अतः 60 मिनट में घंटी बजेगी $= \frac{60}{30} = 2$ बार

103. A, B और C एक साथ एक वृत्ताकार स्टेडियम के परितः घूमना शुरू करते हैं और ये क्रमशः 42s, 63s, और 84s में एक-एक चक्कर पूरा करते हैं। चलना शुरू करने के कितने समय बाद वे पुनः आरंभ बिंदु पर मिलेंगे?

(a) 152s (b) 252s
(c) 452s (d) 256s

RRB NTPC 02.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : A, B और C के आरंभ बिंदु पर पुनः एक बार मिलने में लगा समय = 42, 63 और 84 ल0स0

$42 = 2 \times 3 \times 7$
$63 = 3 \times 3 \times 7$
$84 = 2 \times 2 \times 3 \times 7$
ल0स0 $= 2 \times 2 \times 3 \times 3 \times 7$
$= 252$

104. एक वृत्ताकार मार्ग पर चलते हुए, अंश को एक चक्कर पूरा करने में 18 मिनट लगते हैं और इसी चक्कर को पूरा करने में सिद्धि को 12 मिनट लगते हैं। यदि वे एक ही बिंदु से और एक ही समय में चलना आरंभ करते हैं, तो वे कितने समय बाद आरंभिक बिंदु पर दोबारा मिलेंगे?

(a) 1.5 मिनट (b) 216 मिनट
(c) 36 मिनट (d) 6 मिनट

RRB NTPC 07.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : 18 मिनट तथा 12 मिनट का ल0स0 = 36 मिनट यदि अंश और सिद्धि एक ही बिन्दु से और एक ही समय में चलना आरम्भ करते हैं तो वे 36 मिनट बाद आरम्भिक बिन्दु पर दोबारा मिलेंगे।

105. तीन अलग-अलग ट्रैफिक सिग्नलों की लाइटें क्रमशः प्रत्येक 72, 108 और 48 सेकंड के बाद बदलती हैं। यदि लाइटें सुबह 9:30:00 बजे एक साथ बदलती हैं, तो वे किस समय पुनः एक साथ बदलेंगी?

(a) 9:44:24 am (b) 9:37:12 am
(c) 9:37:20 am (d) 9:36:12 am

RRB NTPC 08.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : प्रश्न से,
72, 108 और 48 का ल.स.प.

2	72, 108, 48
2	36, 54, 24
2	18, 27, 12
2	9, 27, 6
3	9, 27, 3
3	3, 9, 1
3	1, 3, 1
	1, 1, 1,

ल0स0प0 $= 2 \times 2 \times 2 \times 2 \times 3 \times 3 \times 3 = 432$
9:30:00 बजे एक साथ बदलती है उसके बाद 432 सेकेंड या 7 मिनट 12 सेकंड बाद बदलेंगी।
अतः अभीष्ट समय = 9:37:12 a.m.

106. तीन घंटियाँ क्रमशः 15, 20 और 30 मिनट के अंतराल पर बजती हैं यदि ये प्रातः 11:00 (a.m.) बजे एक साथ बजी हो, तो वे अब एक साथ कब बजेंगी?

(a) 11.30 a.m. (b) 12 noon
(c) 12.30 p.m (d) 1.00 p.m

RRB NTPC 28.03.2016 Shift : 1

Ans : (b) 15, 20 तथा 30 का ल.स. = 60
तीनों घंटिया 60 मिनट = 1 घंटे के अंतराल पर बजती है
अत: तीनों घंटियाँ 12 बजे दोपहर पुन: एक साथ बजेंगी

107. चार घटियाँ क्रमशः 16, 24, 36 तथा 42 मिनट के अंतराल पर बजती है। यदि वे आखिरी बार पिछले 6 बजे प्रात:काल एक साथ बजी हों तो वे अगले कितने मिनट (समय) पश्चात वे दोबारा एकसाथ बजेगी?

(a) 842 मिनट (b) 964 मिनट
(c) 886 मिनट (d) 1008 मिनट

RRB NTPC 18.01.2017 Shift : 2

Ans : (d) 16, 24, 36, 42 का ल.स. लेने पर

2	16, 24, 36, 42
2	8, 12, 18, 21
2	4, 6, 9, 21
2	2, 3, 9, 21
3	1, 3, 9, 21
3	1, 1, 3, 7
7	1, 1, 1, 7
	1, 1, 1, 1

ल.स. $= 2 \times 2 \times 2 \times 2 \times 3 \times 3 \times 7 = 1008$
अत: चारों घंटियां 1008 मिनट पश्चात दोबारा एक साथ बजेंगी।

108. चार अलग-अलग सड़क क्रॉसिंग पर ट्रैफिक लाइट क्रमशः प्रत्येक 15 सेकंड, 18 सेकंड, 27 सेकंड और 30 सेकंड पर बदलती है। यदि वे सभी क्रमशः 6:10:00 बजे एक साथ बदली थी तो अब वे एक साथ कितने बजे बदलेंगी?

(a) 6:14:30 बजे (b) 6:40:00 बजे
(c) 6:14:00 बजे (d) 10:40:00 बजे

RRB NTPC 16.04.2016 Shift : 3

Ans : (a)

3	15, 18, 27, 30
3	5, 6, 9, 10
2	5, 2, 3, 10
5	5, 1, 3, 5
3	1, 1, 3, 1
	1, 1, 1, 1

∴ ल. स. $= 3 \times 3 \times 3 \times 2 \times 5 = 270$
अत: वे 270 सेकण्ड = 4 मिनट 30 सेकेण्ड बाद एक साथ बदलेगी

$$\begin{array}{r} 6:10:00 \\ +\ 4:30 \\ \hline 6:14:30 \end{array}$$

अत:, = अभीष्ट समय

109. तीन घड़ियाँ क्रमशः प्रत्येक एक घंटे में, दो घंटे में, तीन घंटे में अलार्म बजाने के लिए निर्मित की गयी है। यदि वे सभी एक साथ अलार्म बजाती है, तो अगली बार कितने घंटों बाद वे एक साथ फिर अलार्म बजायेंगी?

(a) 3घंटे (b) 6 घंटे
(c) 4 घंटे (d) 12 घंटे

RRB NTPC 29.04.2016 Shift : 2

Ans : (b) प्रश्न से,
तीनों घड़ियों के अलार्म के एक साथ बजने का अंतराल = 1घंटा, 2 घंटा, तथा 3 घंटा का ल.स. = 6
अत: अगली बार 6 घंटों बाद वे एक साथ फिर अलार्म बजायेंगी।

Type-8 : ल.स. तथा म.स. पर आधारित विभाज्यता वाले प्रश्न

110.निम्न में से कौन सी संख्या 7, 11 और 13 से विभाज्य है?

(a) 1005001 (b) 1003001
(c) 1004001 (d) 1002001

RRB NTPC (Stage-2) 14/06/2022 (Shift-I)

Ans. (d) : 7, 11 और 13 का ल0स0 = 7 × 11 × 13
= 1001
$\therefore (1001)^2 = 1002001$
अतः संख्या 1002001 , संख्या 7, 11 और 13 से विभाज्य हैं।

111. वह बड़ी से बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए, जो 288 और 468 दोनों को पूर्णतः विभाजित करेगी?

(a) 18 (b) 72
(c) 36 (d) 39

RRB NTPC (Stage-2) 16/06/2022 (Shift-I)

Ans. (c) : प्रश्नानुसार, संख्याओं का गुणनखण्ड–
$\therefore$ 288 = 2×2×2×2×2×3×3
तथा 468 = 2×2×3×3×13
अतः, 288 और 468 का म.स. = 2×2×3×3 = 36
अतः, बड़ी से बड़ी अभीष्ट संख्या = 36

112. वह छोटी से छोटी संख्या बताइए, जो 10, 14 और 28 से विभाज्य है, और एक पूर्ण वर्ग है।

(a) 19600 (b) 4900
(c) 140 (d) 18600

RRB NTPC 29.01.2021 (Shift-II) Stage I

Ans. (b) : 10, 14 व 28 का ल.स. = 140
विकल्प से

$$\frac{4900}{140} = 35$$

$\because$ संख्या 4900 दी गई संख्या में सबसे छोटी पूर्ण वर्ग संख्या है।

113. वह छोटी से छोटी संख्या ज्ञात कीजिए, जिसे 3496 में जोड़ने पर प्राप्त संख्या 2, 6, 4 और 3 से पूर्णतया विभाज्य हो ?

(a) 11 (b) 8
(c) 15 (d) 4

RRB NTPC 25.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : 2, 6, 4, और 3 का ल0स0 = 12

$$12\overline{)3496}\,(291$$
$$\underline{24}$$
$$109$$
$$\underline{108}$$
$$16$$
$$\underline{12}$$
$$4$$

स्पष्ट है कि संख्या '12–4 = 8' संख्या 3496 में जोड़ने पर प्राप्त संख्या 3496 + 8 =3504 संख्याओं 2, 4, 6 व 3 से पूर्णतया विभाजित होगी।

114. चार अंकों की ऐसी कितनी संख्याएं हो सकती हैं, जो 5, 12 और 18 से पूर्णतः विभाज्य हों?

(a) 49 (b) 47
(c) 48 (d) 50

RRB NTPC 24.07.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : 5, 12 व 18 का LCM = 180
180 से विभाजित होने वाली 4 अंकों की सबसे छोटी संख्या

$$180\overline{)1000}\,(5$$
$$\underline{900}$$
$$100$$

संख्या = 1000 + 80 = 1080
(1000 में 80 जोड़ने पर यह संख्या 180 से पूर्णतः विभाजित हो जाएगी।)
180 से विभाजित होने वाली 4 अंको की सबसे बड़ी संख्या

$$180\overline{)9999}\,(55$$
$$\underline{900}$$
$$\times 999$$
$$\underline{900}$$
$$\times 99$$

संख्या = 9999 – 99 = 9900
$\because$ अन्तिम पद = प्रथम पद + (n – 1)d
9900 = 1080 + (n – 1) 180
8820 = (n – 1) 180
n – 1 = 49
n = 50
अतः चार अंकों की कुल 50 संख्याएं है जो, 180 से विभाजित होगी।

115. वह छोटी से छोटी संख्या ज्ञात कीजिए, जो 12, 15 और 18 से पूर्णतया विभाज्य है।

(a) 160 (b) 120
(c) 180 (d) 240

RRB NTPC 22.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : 12, 15 और 18 से विभाजित होने वाली सबसे छोटी संख्या = 12, 15 और 18 का ल0स0
अतः 12, 15 और 18 का ल0स0 = 180

116. वह छोटी से छोटी संख्या ज्ञात कीजिए, जिसे 3500 में जोड़े जाने पर प्राप्त संख्या 42, 49, 56 और 63 से पूर्णतया विभाज्य हो।

(a) 24 (b) 22
(c) 26 (d) 28

RRB NTPC 30.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : 42, 49, 56 और 63 का ल0स0 $= 7^2 \times 2^3 \times 3^2$
$= 3528$
अभीष्ट संख्या $= 3528 - 3500 = 28$
अतः, संख्या 3500 में 28 जोड़ा जाय तो प्राप्त संख्या 42, 49, 56 एवं 63 से पूर्णतया विभाज्य होगी।

117. चार अंकों की वह बड़ी से बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए, जो 15,20,25, और 45 से पूर्णतया विभाज्य हो।
(a) 9090 (b) 9900
(c) 9990 (d) 9000

RRB NTPC 13.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : चार अंकों की बड़ी सं0 जो 15, 20, 25 और 45 से पूरी तरह विभाजित हो जाये = [LCM(15, 20, 25, 45] K
$= 900$ K
K = 11 रखने पर,
अभीष्ट संख्या $= 900 \times 11 = 9900$

118. वह सबसे छोटी कौन सी संख्या है जिसमें 3 जोड़ने पर यह 27, 35, 25 और 21 से पूर्ण रूप से विभाज्य हो जाएगी ?
(a) 4725 (b) 317
(c) 4728 (d) 4722

RRB NTPC 30.12.2020 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : अभीष्ट संख्या = 27, 35, 25 व 21 का LCM – 3
$= 4725 - 3$
$= 4722$

119. वह छोटी से छोटी पूर्ण वर्ग संख्या ज्ञात कीजिए, जो 4, 5, 9 और 12 से पूर्णतया विभाज्य हो।
(a) 900 (b) 400
(c) 2500 (d) 3600

RRB NTPC 27.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : 4, 5, 9 और 12 का ल. स. प.
$= 2 \times 2 \times 3 \times 3 \times 5$
$= 180$

2	4, 5, 9, 12
2	2, 5, 9, 6
3	1, 5, 9, 3
3	1, 5, 3, 1
5	1, 5, 1, 1
	1, 1, 1, 1

विकल्प से–

$$\frac{900}{180} = 5$$

अतः, सबसे छोटी पूर्ण वर्ग संख्या 900 है जो 4, 5, 9 और 12 से पूर्णतः विभाजित है।

120. वह छोटी से छोटी संख्या ज्ञात कीजिए, जिसे 1549 में जोड़ने पर प्राप्त योगफल 2, 3, 5 और 7 से पूर्णतः विभाज्य है।
(a) 210 (b) 131
(c) 79 (d) 1339

RRB NTPC 05.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : दी गई संख्या = 1549
2, 3, 5 और 7 का ल.स.प. = 210
1549 को 210 से विभाजित करने पर,

210)1549(7
1470
79
शेष = 79
अतः, 1549 में जोड़ी जाने वाली वह संख्या जिससे प्राप्त योगफल 2, 3, 5 और 7 से पूर्णतया विभाज्य हो = 210 – 79 = 131

121. सबसे छोटी संख्या ज्ञात कीजिए, जो 4707 में जोड़ी जानी चाहिए ताकि योग 4, 5, 6, और 8 से पूर्णतः विभाजित हो।
(a) 73 (b) 93
(c) 83 (d) 63

RRB NTPC 08.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : प्रश्न से, 4, 5, 6 और 8 का ल.स. = 120
4707 से बड़ी संख्या जो 120 से विभाजित है
$= 120 \times 40 = 4800$
अभीष्ट जोड़ी जाने वाली संख्या = 4800 – 4707 = 93

122. 6000 और 7000 के बीच की वह संख्या ज्ञात करें जो 12, 21, 32 और 18 में से प्रत्येक से विभाज्य है?
(a) 6048 (b) 6064
(c) 6480 (d) 6040

RRB NTPC 12.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : 12, 21, 32 और 18 का ल0स0 = 2016
अभीष्ट संख्या = 2016 K
K = 3 लेने पर,
अभीष्ट संख्या $= 2016 \times 3$
$= 6048$

123. वह छोटी से छोटी संख्या ज्ञात कीजिए, जिसे 5474 में जोड़ने पर प्राप्त संख्या 3, 4, 6 और 8 से पूर्णतः विभाज्य हो ।
(a) 23 (b) 24
(c) 22 (d) 21

RRB NTPC 18.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : 3, 4, 6 और 8 का LCM = 24

24) 5474 (228
48
67
48
194
192
×2

संख्या = 24 – 2 = 22
अतः, वह छोटी से छोटी संख्या 22 है जिसे जोड़ने पर संख्या 3, 4, 6 और 8 से पूर्णतः विभाज्य होगी।

124. पांच अंकों की वह बड़ी से बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए, जो 12, 22, 42 और 55 से पूर्णतया विभाज्य हो।
(a) 99025 (b) 97020
(c) 94010 (d) 96050

RRB NTPC 02.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : 12, 22, 42 और 55 का LCM = 4620
पाँच अंको की बड़ी से बड़ी संख्या = 99999

$$\frac{99999}{4620} = 21 \cdot 6448052$$

अतः अभीष्ट संख्या $= 4620 \times 21 = 97020$

125. वह छोटी से छोटी वर्ग संख्या ज्ञात करो जो 4, 9 और 14 से पूर्णतया विभाज्य हो–

(a) 1008 (b) 252
(c) 1764 (d) 504

RRB NTPC 17.01.2017 Shift-2

Ans : (c) प्रश्न से
4, 9 और 14 का LCM–

2	4, 9, 14
2	2, 9, 7
7	1, 9, 7
3	1, 9, 1
3	1, 3, 1
	1, 1, 1

LCM = 2 × 2 × 3 × 3 × 7 = 252
∵ 252 वर्ग संख्या नहीं है। जबकि इसका गुणज 1764 एक पूर्ण वर्ग संख्या है।
अत: विकल्प के अनुसार 1764 वह वर्ग संख्या होगी जो 4,9 तथा 14 से पूर्णतया विभाज्य है।

126. 5 अंको की छोटी से छोटी संख्या क्या है जो 12, 24, 48, 60 और 96 से पूर्णत: विभाजित होती है?

(a) 10000 (b) 10024
(c) 10160 (d) 10080

RRB NTPC 03.04.2016 Shift : 1

Ans : (d) प्रश्न से
12, 24, 48, 60 और 96 का ल. स.

2	12,	24,	48,	60,	96
2	6,	12,	24,	30,	48
2	3,	6,	12,	15,	24
2	3,	3,	6,	15,	12
2	3,	3,	3,	15,	6
3	3,	3,	3,	15,	3
5	1,	1,	1,	5,	1
	1,	1,	1,	1,	1

= 2×2×2×2×2×3×5
= 480
5 अंको की सबसे छोटी संख्या = 10000

480)10000(20
9600
400

∴ 5 अंको की सबसे छोटी संख्या जो 12, 24, 48, 60 व 96 से विभाज्य हो = 10000 + (480 – 400)
= 10080

127. वह कौन-सी 3 अंकों की सबसे बड़ी संख्या है जो 15,25 और 30 से पूरी तरह विभाजित होती है?

(a) 900 (b) 930
(c) 960 (d) 975

RRB NTPC 28.03.2016 Shift : 2

Ans :(a) प्रश्न से,
15,25 तथा 30 का ल. स.= 150
तीन अंकों की सबसे बड़ी संख्या = 999

150) 999 (6
900
×99

अत: अभीष्ट संख्या = 999 – 99 = 900

128. वह छोटी से छोटी संख्या ज्ञात कीजिए, जिसको जब दोगुना किया जाता है तो यह 14, 35, 28 और 91 से पूर्णत: विभाजित हो जाती है?

(a) 14 (b) 1820
(c) 910 (d) 1260

RRB NTPC 22.04.2016 Shift : 3

Ans : (c) प्रश्न से ,
14, 35, 28 और 91 का ल.स.

2	14, 35, 28, 91
7	7, 35, 14, 91
	1, 5, 2, 13

= 2 × 7 × 5 × 2 × 13
= 1820
अत:, अभीष्ट संख्या $= \frac{1820}{2} = 910$

129. वह छोटी से छोटी संख्या ज्ञात कीजिए जो 6, 8, 12 और 16 से पूर्णत: विभाजित हो जाए।

(a) 48 (b) 24
(c) 64 (d) 80

RRB NTPC 27.04.2016 Shift : 3

Ans : (a) 6, 8, 12 व 16 का ल.स.

2	6, 8, 12, 16
2	3, 4, 6, 8
2	3, 2, 3, 4
2	3, 1, 3, 2
3	3, 1, 3, 1
	1, 1, 1, 1

= 2 × 2 × 2 × 2 × 3
= 48
∴ अभीष्ट संख्या = 48

Type-9 : विविध

130. यदि X वह छोटी से छोटी संख्या है जिसे 6,7,8,9 तथा 12 से विभाजित करने पर शेष क्रमश: 2,3,4,5 और 8 बचता है तो X का 150% ज्ञात कीजिए।

(a) 750 (b) 500
(c) 1000 (d) 1200

RRB NTPC 18.04.2016 Shift : 1

Ans : (a) ∵ संख्या में 6,7,8,9 तथा 12 से भाग देने पर शेषफल क्रमशः 2,3,4,5 और 8 बचता है –

$6 - 2 = 4$

$7 - 3 = 4$

$8 - 4 = 4$

$9 - 5 = 4$

$12 - 8 = 4$

संख्या = 6,7,8,9 तथा 12 का ल. स. − 4

$= 504 - 4$

$= 500$

अतः संख्या का 150% $= 500 \times \frac{150}{100}$

$= 5 \times 150$

$= 750$

131. दो संख्याओं का अनुपात 11:4 है और उनका महत्तम समापवर्तक (HCF) 16 है। इन दोनों संख्याओं का योग ज्ञात कीजिए।

(a) 240 (b) 320

(c) 256 (d) 224

RRB NTPC (Stage-2) 13/06/2022 (Shift-I)

Ans. (a) : माना दो संख्याएँ क्रमशः 11x व 4x है।

दिया है– x = म.स. = 16

प्रथम संख्या = 11 × 16 = 176

द्वितीय संख्या = 4 × 16 = 64

अतः दोनों संख्याओं का योग = 176 + 64 = 240

132. दो संख्याओं का अनुपात 2:3 है और उनका ल.स.प. (LCM) 120 है। दोनों संख्याओं में से छोटी संख्या ज्ञात कीजिए।

(a) 40 (b) 20

(c) 50 (d) 30

RRB NTPC 09.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : माना संख्याएं 2x तथा 3x है तब उनका

LCM = 2 × 3 × x

दिया है, 2 × 3 × x = 120

x = 20

अतः छोटी संख्या = 2x = 2×20 = 40

133. दो संख्याओं का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) 721 है और उन संख्याओं का अनुपात 1 : 7 है। संख्याओं का योग ज्ञात कीजिए।

(a) 825 (b) 728

(c) 721 (d) 824

RRB NTPC 21.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : माना वह संख्याएँ x तथा 7x है,

तब,संख्याओं का ल0 स0 = 7x

प्रश्नानुसार,

∴ 7x = 721

x = 103

अतः संख्याओं का योग = x +7x

= 103 + 7 × 103

= 103 +721

= 824

134. संख्याओं 56 और 84 के लघुत्तम समापवर्तक (L.C.M) और महत्तम समापवर्तक (HCF) का अनुपात ज्ञात कीजिए?

(a) 2 : 3 (b) 3 : 2

(c) 6 : 1 (d) 7 : 2

RRB NTPC 04.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : 56, 84 का ल.स. = 168

तथा म.स. = 28

2	56, 84
2	28, 42
2	14, 21
3	7, 21
7	7, 7
	1, 1

अभीष्ट अनुपात $= \frac{168}{28} = \frac{6}{1} \Rightarrow 6:1$

135. वह तीन संख्याएं ज्ञात कीजिए, जिनका अनुपात 3 : 4 : 5 है और उनका महत्तम समापवर्तक (HCF) 7 है।

(a) 12, 16, 20 (b) 21, 28, 35

(c) 24, 32, 40 (d) 6, 8, 10

RRB NTPC 16.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : माना तीन संख्याएँ 3x, 4x तथा 5x है।

म.स. = 7

अतः संख्याएँ, 3x = 3 × 7 = 21

4x = 4 × 7 = 28

5x = 5 × 7 = 35

136. दो संख्याओं का लघुतम समापवर्त्य (L.C.M.) 78 है। और इन संख्याओं का अनुपात 2:3 है। उनका योगफल ज्ञात कीजिए।

(a) 60 (b) 26

(c) 65 (d) 39

RRB NTPC 30.03.2016 Shift : 2

Ans : (c) माना संख्याएँ 2x एवं 3x है।

∵ ल. स. = 78

2 × 3 × x = 78

x = 13

∴ संख्याओं का योगफल (5x) = 5×13 = 65

06.

प्रतिशतता (Percentage)

Type-1 : जनसंख्या पर आधारित प्रश्न

1. एक नगर की जनसंख्या में प्रति वर्ष 10% की वृद्धि होती है। यदि वर्तमान जनसंख्या 20,000 है तो अगले वर्ष इसकी जनसंख्या कितनी होगी?

(a) 18,000 (b) 22,000
(c) 2,200 (d) 1,800

RRB NTPC 07.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : अगले वर्ष नगर की जनसंख्या $= 20,000 \times \frac{110}{100}$
$= 22,000$

2. यदि किसी गाँव की जनसंख्या 5 वर्ष में, 1,75,000 से बढ़कर 2,62,500 हो जाती है, तो जनसंख्या में प्रति वर्ष होने वाली औसत प्रतिशत वृद्धि ज्ञात कीजिए।

(a) 15% (b) 9%
(c) 10% (d) 12%

RRB NTPC 13.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : गाँव की जनसंख्या = 175000
5 वर्ष बाद गाँव की जनसंख्या = 262500
जनसंख्या में वृद्धि = 262500 – 175000
= 87500
जनसंख्या में प्रति वर्ष होने वाली औसत वृद्धि
$= \frac{87500}{5} = 17500$
अतः प्रतिशत वृद्धि $= \frac{17500}{175000} \times 100 = 10\%$

3. एक जीवाणु की आबादी पहले 10 मिनट में 6% और फिर अगले 10 मिनट में 10% की दर से बढ़ती है। 20 मिनट के पश्चात् उनकी आबादी में हुई कुल प्रतिशत वृद्धि ज्ञात कीजिए।

(a) 16 % (b) 16.6%
(c) 16.3 % (d) 16.5%

RRB NTPC 08.02.2021 (Shift-II) Stage I

Ans. (b) :
आबादी में हुई कुल प्रतिशत वृद्धि $= \left(6 + 10 + \frac{6 \times 10}{100}\right)\%$
$= (16 + 0.6)\%$
$= 16.6\ \%$

4. एक कस्बे की जनसंख्या 10,000 है। यदि पुरुष जनसंख्या में 5% और महिला जनसंख्या में 10% की वृद्धि होती है, तो जनसंख्या 10,800 हो जाएगी। कस्बे में महिलाओं की वर्तमान संख्या कितनी है?

(a) 7000 (b) 6000
(c) 8000 (d) 5000

RRB NTPC 03.02.2021 (Shift-II) Stage I

Ans. (b) : माना पुरूषों की संख्या = x
तथा महिलाओं की संख्या $= (10,000 - x)$
प्रश्नानुसार,
x का 105% + (10, 000 – x) का 110% = 10800

$$x \times \frac{105}{100} + (10,000 - x) \times \frac{110}{100} = 10800$$

$$\frac{21}{20}x + (10,000 - x) \times \frac{22}{20} = 10800$$

$$21x + 220000 - 22x = 10800 \times 20$$
$$x = 220000 - 216000$$
$$x = 4000$$

अतः महिलाओं की वर्तमान संख्या $= (10,000 - 4000)$
$= 6000$

5. एक शहर की जनसंख्या में प्रति वर्ष 10%की वृद्धि होती है। वर्तमान में इसकी जनसंख्या 1,000 है। कितने वर्ष में इसकी जनसंख्या बढ़ कर 1,331 हो जायेगी।

(a) 3 (b) 2.5
(c) 2 (d) 3.5

RRB NTPC 29.01.2021 (Shift-II) Stage I

Ans. (a) : माना n वर्ष बाद जनसंख्या 1331 होगी।

$$A = P\left[1 + \frac{r}{100}\right]^n$$

$$\frac{1331}{1000} = \left[1 + \frac{10}{100}\right]^n$$

$$\frac{1331}{1000} = \left[\frac{11}{10}\right]^n$$

$$\left(\frac{11}{10}\right)^3 = \left(\frac{11}{10}\right)^n$$

तुलना करने पर,
n = 3 वर्ष

6. लुधियाना शहर की जनसंख्या में प्रतिवर्ष 20% की वृद्धि होती है। यदि इसकी वर्तमान जनसंख्या 847000 है, तो 2 वर्षों में जनसंख्या कितनी हो जाएगी ?

(a) 1214682 (b) 1210681
(c) 1212068 (d) 1219680

RRB NTPC 08.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : वर्तमान जनसंख्या = 847000
प्रश्नानुसार,

$$2 \text{ वर्ष बाद शहर की जनसंख्या} = 847000\left(1 + \frac{20}{100}\right)^2$$

$$= 847000 \times \frac{36}{25}$$
$$= 1219680$$

7. एक गाँव की कुल जनसंख्या 4,000 है। पुरूषों और महिलाओं की संख्या में क्रमशः 10% और 20% की वृद्धि होने पर गाँव की जनसंख्या 4,500 हो जाती है। नए सदस्यों के आने से पहले गाँव में पुरूषों की संख्या कितनी थी?

(a) 2500 (b) 3000
(c) 4000 (d) 2000

RRB NTPC 16.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : माना पुरूषों की संख्या = x
तथा महिलाओं की संख्या = y
प्रथम शर्तानुसार,

$$x + y = 4000$$
$$x = 4000 - y \quad \ldots (1)$$

द्वितीय शर्तानुसार,

$$x + x \times \frac{10}{100} + y + y \times \frac{20}{100} = 4500$$
$$\frac{110x + 120y}{100} = 4500$$
$$110x + 120y = 450000 \quad \ldots(2)$$

समी. (1) से x का मान समी. (2) में रखने पर –

$$110 (4000 - y) + 120y = 450000$$
$$440000 - 110y + 120y = 450000$$
$$10y = 10000$$
$$y = 1000$$

अतः महिलाओं की संख्या (y) = 1000
तथा पुरूषों की संख्या (x) = 4000 – y = 4000 – 1000 = 3000

Type-2 : परीक्षा तथा छात्रों पर आधारित प्रश्न

8. किसी परीक्षा में जैक को 45% अंक प्राप्त हुए और वह 18 अंकों से अनुत्तीर्ण हुआ। यदि वह 65% अंक प्राप्त करता, तो उसे परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए आवश्यक न्यूनतम अंको से 6 अंक अधिक प्राप्त होते। इस परीक्षा में कोई भी अधिकतम कितने अंक प्राप्त कर सकता था?

(a) 130 (b) 140
(c) 120 (d) 80

RRB NTPC (Stage-2) 17/06/2022 (Shift-I)

Ans. (c) : माना परीक्षा का पूर्णांक = x
प्रश्नानुसार,

$$x \times \frac{45}{100} + 18 = x \times \frac{65}{100} - 6$$
$$\frac{20x}{100} = 24$$
$$x = 120$$

9. विमल किसी परीक्षा में 46% अंक प्राप्त करता है, फिर परीक्षा में 10 अंक से अनुत्तीर्ण हो जाता है। यदि वह 52% अंक प्राप्त करता, तो उसे न्यूनतम योग्यता अंको से 8 अंक अधिक प्राप्त होते। परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए आवश्यक न्यूनतम अंक कितने थे?

(a) 148 (b) 146
(c) 156 (d) 138

RRB NTPC (Stage-2) 12/06/2022 (Shift-II)

Ans. (a) : माना परीक्षा का पूर्णांक x है।
प्रश्नानुसार, x × 46% + 10 = x × 52% – 8

$$(x \times 52\%) - (x \times 46\%) = 10 + 8$$
$$\frac{x \times 52}{100} - \frac{x \times 46}{100} = 18$$
$$\frac{52x - 46x}{100} = 18$$
$$\frac{6x}{100} = 18$$
$$6x = 1800$$
$$\boxed{x = 300}$$

अतः उत्तीर्ण होने के लिए आवश्यक न्यूनतम अंक

$$= (300 \times 46\%) + 10$$
$$= \left(\frac{300 \times 46}{100}\right) + 10$$
$$= 138 + 10 = 148 \text{ अंक}$$

10. एक परीक्षा में सुनीता के प्राप्तांक अनीता के प्राप्तांको के 90% के बराबर थे, जबकि अनीता के प्राप्तांक विनीता के प्राप्तांकों के 110% के बराबर थे। यदि परीक्षा में सुनीता के प्राप्तांक 198 थे, तो विनीता के प्राप्तांक ज्ञात कीजिए।

(a) 200 (b) 242
(c) 220 (d) 180

RRB NTPC (Stage-2) 16/06/2022 (Shift-I)

Ans. (a) : सुनीता का प्राप्तांक = 198 (दिया है)
प्रश्नानुसार,

$$\text{अनीता का प्राप्तांक} = \frac{198}{90} \times 100 = 220$$
$$\text{विनीता का प्राप्तांक} = \frac{220}{110} \times 100 = 200$$

11. दो छात्रों ने एक प्रवेश परीक्षा में भाग लिया। उनमें से एक ने दूसरे से 15 अंक अधिक प्राप्त किए, और उसके अंक उनके अंको के योगफल के 80% के बराबर हैं। उनमें से प्रत्येक द्वारा प्राप्त अंक ज्ञात कीजिए।

(a) 5 और 20 (b) 6 और 21
(c) 8 और 23 (d) 4 और 19

RRB NTPC (Stage-2) 16/06/2022 (Shift-III)

Ans. (a) : माना दूसरे छात्र द्वारा प्राप्त अंक = x
पहले छात्र द्वारा प्राप्त अंक = (x+15)
प्रश्नानुसार,

$$x + 15 = (2x + 15) \times \frac{80}{100}$$
$$5x + 75 = 8x + 60$$
$$3x = 15$$
$$x = 5$$

अतः प्रत्येक द्वारा प्राप्त अंक 5 और 20 है।

12. एक कक्षा में 82% छात्र उत्तीर्ण हुए और उनमें से 2% छात्रों को पुनः परीक्षा की श्रेणी में रखा गया। अनुत्तीर्ण हुए छात्रों की संख्या 592 है। कक्षा में छात्रों की कुल संख्या कितनी थी?

(a) 3700 (b) 3600
(c) 2000 (d) 2700

RRB NTPC 10.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : माना कक्षा में छात्रों की कुल संख्या = x

उत्तीर्ण हुए छात्र = $x \times 82\% = x \times \frac{82}{100}$

पुनः परीक्षा की श्रेणी में उत्तीर्ण छात्र = $x \times 2\% = x \times \frac{2}{100}$

अतः कुल उत्तीर्ण छात्र = $x \times \frac{2}{100} + x \times \frac{82}{100} = x \times \frac{84}{100}$

अतः अनुत्तीर्ण छात्र = $x - x \times \frac{84}{100} = x \times \frac{16}{100}$

प्रश्नानुसार,

$$x \times \frac{16}{100} = 592$$

$$x = \frac{592}{16} \times 100$$

$$\boxed{x = 3700}$$

13. किसी परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए टोनी को न्यूनतम 40% अंक प्राप्त करने चाहिए। उसे 120 अंक प्राप्त हुए और 30 अंकों से अनुत्तीर्ण हो गया। पूर्णांक ज्ञात कीजिए।

(a) 500 (b) 400 (c) 300 (d) 375

RRB NTPC 11.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : प्रश्नानुसार,

40 % = 120 +30

40% = 150

$$100\ \% = \frac{150}{40} \times 100 = 375$$

अतः परीक्षा का पूर्णांक 375 है।

14. रवि और राजेश ने एम.टेक (M.Tech.) प्रोग्राम में प्रवेश लेने के लिए एक प्रवेश परीक्षा में भाग लिया। रवि को राजेश से 8 अंक अधिक मिले, और उसके प्राप्तांक, उनके प्राप्तांकों के योग के 52% के बराबर थे। रवि और राजेश को क्रमशः कितने अंक मिले?

(a) 104, 96 (b) 100, 92

(c) 90, 98 (d) 108, 100

RRB NTPC 11.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : माना राजेश को x अंक मिले।

रवि को (x + 8) अंक मिले।

प्रश्नानुसार,

$$x + 8 = (x + x + 8) \times \frac{52}{100}$$

$$25x + 200 = 26x + 104$$

$$26x - 25x = 200 - 104$$

$$x = 96$$

अत : रवि को प्राप्त हुए अंक = x + 8 = 96 + 8 = 104

राजेश को प्राप्त हुए अंक = 96

15. एक परीक्षा में 45% छात्र उत्तीर्ण हुए हैं और 79750 उत्तीर्ण नहीं हुए हैं। परीक्षा में भाग लेने वाले छात्रों की संख्या कितनी थी ?

(a) 140000 (b) 154000

(c) 145250 (d) 145000

RRB NTPC 15.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : माना कुल छात्र = 100%

उत्तीर्ण छात्र = 45%

तब अनुत्तीर्ण छात्र = (100 – 45) = 55%

प्रश्नानुसार,

55% = 79750

$$100\% = \frac{79750}{55} \times 100$$

$$\boxed{\therefore 100\% = 145000}$$

16. एक परीक्षा में 80% छात्र भौतिक विज्ञान में, 70% छात्र रसायन विज्ञान में उत्तीर्ण हुए, जबकि 15% छात्र दोनों ही विषयों में अनुत्तीर्ण हुए। यदि 325 छात्र दोनों विषयों में उत्तीर्ण हुए हों, तो परीक्षा में भाग लेने वाले छात्रों की कुल संख्या ज्ञात कीजिए।

(a) 450 (b) 550 (c) 200 (d) 500

RRB NTPC 03.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : दोनों विषयों में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों कि प्रतिशतता

= (80+70) – (100–15)

= 150 – 85 = 65% छात्र

प्रश्नानुसार

कुल छात्रों का 65%= 325

अतः कुल छात्रों की संख्या = $\frac{325}{65} \times 100 = 500$ छात्र

17. एक विद्यार्थी को परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए 40% अंक प्राप्त करना आवश्यक है। उसे 70 अंक मिले और 20 अंकों से अनुत्तीर्ण हो गया। पूर्णांक ज्ञात कीजिए।

(a) 175 (b) 360 (c) 125 (d) 225

RRB NTPC 03.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : विद्यार्थी द्वारा प्राप्त अंक = 70

परीक्षा उत्तीर्ण होने के लिए प्राप्त अंक = पूर्णांक का 40%

प्रश्नानुसार,

$$40\% = 70 + 20$$

$$\Rightarrow \quad 40\% = 90$$

$$\Rightarrow \quad 100\% = \frac{90}{40} \times 100 = 225$$

अतः पूर्णांक = 225

18. राहुल को चार विषयों की परीक्षा देनी थी। पहले तीन विषयों में से प्रत्येक का पूर्णांक 50 था, जिनमें राहुल ने औसतन 60% अंक प्राप्त किए। चौथे और अंतिम विषय में राहुल ने 54 अंक प्राप्त किए और उसके कुल प्राप्तांकों का प्रतिशत 64% हो गया। चौथे विषय के लिए पूर्णांक कितना था?

(a) 75 (b) 80

(c) 84 (d) 60

RRB NTPC 31.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : माना राहुल द्वारा पहले तीन विषयों में प्राप्त कुल अंक = x

प्रश्नानुसार,

$$\frac{x}{150} \times 100 = 60$$

$$x = 90$$

माना चौथे विषय का पूर्णांक = y

$$\therefore \frac{(90+54)}{(150+y)} \times 100 = 64$$

$$14400 = 9600 + 64y$$

$$y = \frac{4800}{64} = 75$$

19. यदि मोहन को भौतिक विज्ञान में 72% अंक और रसायन विज्ञान में 68% अंक प्राप्त हुए, तो यह मानते हुए कि दोनों विषयों की भारिताएं (weightage) समान हैं, मोहन को दोनों विषयों में मिलाकर मिलने वाले प्रतिशत अंक ज्ञात कीजिए।

(a) 65% (b) 60%
(c) 55% (d) 70%

RRB NTPC 26.07.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : ∵ दोनों विषयों की भारिताएं समान है।

∴ माना दोनों विषयों का पूर्णांक क्रमशः 100 अंक है।

तो भौतिक विज्ञान में प्राप्तांक $= 100 \times \frac{72}{100} = 72$ अंक

तथा रसायन विज्ञान में प्राप्तांक $= 100 \times \frac{68}{100} = 68$ अंक

दोनों विषयों को मिलाकर प्राप्तांक प्रतिशत

$$= \frac{\text{दोनो विषयों का कुल प्राप्तांक}}{\text{दोनो विषयों का कुल पूर्णांक}} \times 100$$

$$= \frac{72+68}{100+100} \times 100 = 70\ \%$$

20. एक परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए 33% अंकों की आवश्यकता होती है। एक परीक्षार्थी को 210 अंक प्राप्त होते हैं और वह 21 अंकों से अनुत्तीर्ण हो जाता है। परीक्षा का पूर्णांक ज्ञात कीजिए।

(a) 500 (b) 400
(c) 700 (d) 350

RRB NTPC 11.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : प्रश्नानुसार,

$210 + 21 = 33\%$

$33\% = 231$

$100\% = \frac{231}{33} \times 100$

$\boxed{100\% = 700}$

अतः परीक्षा का पूर्णांक = 700

21. राखी ने मोहन से 12 अंक अधिक प्राप्त किए। यदि राखी ने पूर्णांक 200 में से 54% अंक प्राप्त किए, तो मोहन ने कितने अंक प्राप्त किए?

(a) 34 अंक (b) 46 अंक
(c) 69 अंक (d) 96 अंक

RRB NTPC 20.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : राखी द्वारा प्राप्त अंक $= 200 \times \frac{54}{100} = 108$ अंक

मोहन द्वारा प्राप्त अंक = 108 – 12 = 96 अंक

22. एक छात्र ने किसी परीक्षा में 65% अंक प्राप्त किया परंतु अर्हता अंकों में 20 अंक कम थे। दूसरे छात्र ने उसी परीक्षा में 80% अंक प्राप्त किए और ये अंक अर्हता अंकों से 5% अधिक थे। तो परीक्षा का पूर्णांक क्या है ?

(a) 400 (b) 500
(c) 300 (d) 200

RRB NTPC 07.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : माना परीक्षा का पूर्णांक = x

प्रश्नानुसार,

$$x \times \frac{65}{100} + 20 = x \times \frac{80}{100} - x \times \frac{5}{100}$$

$$\frac{75x}{100} - \frac{65x}{100} = 20$$

$$\frac{10x}{100} = 20$$

$$x = 200$$

23. एक परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए पूर्णांकों का 50% लाना आवश्यक है। परीक्षा में दो प्रश्नपत्र शामिल हैं, एक छात्र ने 200 पूर्णांक वाले पहले प्रश्नपत्र में 40% अंक प्राप्त किए। परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए 150 पूर्णांक वाले दूसरे प्रश्नपत्र में उसे न्यूनतम कितने प्रतिशत अंक प्राप्त करने होंगे ?

(a) 65% (b) 60% (c) 68% (d) 64%

RRB NTPC 28.12.2020 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : पहले प्रश्न पत्र का पूर्णांक = 200

दूसरे प्रश्न पत्र का पूर्णांक = 150

उत्तीर्ण होने के लिए आवश्यक अंक $= \frac{(200+150) \times 50}{100}$

$$= \frac{350}{2} = 175 \text{ अंक}$$

छात्र द्वारा पहले प्रश्नपत्र में प्राप्त अंक $= 200 \times \frac{40}{100} = 80$

शेष आवश्यक अंक = 175 – 80 = 95

अभीष्ट प्रतिशत अंक $= \frac{95}{150} \times 100$

$= 63.33\% \simeq 64\%$

24. 60 छात्रों की एक कक्षा में 60% छात्र लड़के हैं यदि 25 प्रतिशत लड़कियाँ साइकिल द्वारा स्कूल जाती है तो ऐसी लड़कियों की संख्या कितनी है? जो साइकिल से स्कूल नहीं आती है?

(a) 24 (b) 27 (c) 18 (d) 36

RRB NTPC 18.01.2017 Shift : 2

Ans : (c) 60 छात्रों में लड़कों की संख्या $= \frac{60 \times 60}{100} = 36$

तब, लड़कियों की संख्या = 60–36 = 24

साइकिल द्वारा स्कूल जाने वाली लड़कियों की संख्या

$$= \frac{24 \times 25}{100} = 6$$

अभीष्ट संख्या = 24 – 6 = 18

25. एक छात्र ने 6 विषयों में 470 अंक प्राप्त किये। यदि प्रत्येक विषय अंक 100 है, तो उसके अंकों का प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

(a) 67.33% (b) 69.45%
(c) 78.33% (d) 78.67%

RRB NTPC 05.04.2016 Shift : 3

Ans : (c) कुल अधिकतम अंक = 600

अंकों का प्रतिशत $= \frac{470 \times 100}{600} = \frac{470}{6} = 78.33\%$

Type-3 : आय, व्यय तथा बचत पर आधारित प्रश्न

26. विकास अपने वेतन का 80% खर्च कर देता है। उसके वेतन में 25% की वृद्धि हुई और उसके व्यय में 15% की वृद्धि हुई। उसकी बचत में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई?

(a) 55% (b) 50% (c) 60% (d) 65%

RRB NTPC 01.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : माना विकास की आय ₹100 है।

व्यय + बचत = आय

$80 + 20 = 100$

प्रश्न से,

$$\text{व्यय में वृद्धि} = 80 \times \frac{15}{100} = 12$$

$$\text{आय में वृद्धि} = 100 \times \frac{25}{100} = 25$$

बचत में वृद्धि = 25 – 12 = 13

$$\text{बचत वृद्धि \%} = \frac{13}{20} \times 100 = 65\%$$

27. A और B दोनों के वेतन का योग ₹4300 है। A अपने वेतन का 95% खर्च करता है और B अपने वेतन का 80% खर्च करता है। यदि उनकी बचत राशियाँ समान हैं, तो A का वेतन कितना है?

(a) ₹3442 (b) ₹3430
(c) ₹3440 (d) ₹3445

9. एक वस्तु के अंकित मूल्य और क्रय मूल्य का अनुपात 5 : 3 है। यदि उस वस्तु का विक्रय मूल्य ₹3645 है और दुकानदार ने अंकित मूल्य पर 25% और 10% की दो क्रमागत छूट दी है, तो इस संव्यवहार में होने वाला प्रतिशत लाभ या हानि ज्ञात कीजिए।

(a) 12.5 % लाभ (b) 10 % लाभ

(c) 15 % हानि (d) 15.5 % हानि

RRB NTPC 08.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : माना वस्तु का अंकित मूल्य $= ₹5x$

और क्रय मूल्य $= ₹3x$

अंकित मूल्य पर 25% और 10% की दो क्रमागत छूट दी गई तब

विक्रय मूल्य $= \frac{90}{100}\times\frac{75}{100}\times5x$

$3645 = \frac{90}{100}\times\frac{75}{100}\times5x$

$x = 1080$

क्रय मूल्य $= 3x = ₹3240$

लाभ % $= \frac{\text{विक्रय मूल्य}-\text{क्रय मूल्य}}{\text{क्रय मूल्य}}\times100$

$= \frac{3645-3240}{3240}\times100 = \frac{405}{3240}\times100 = 12.5\%$

10. एक खुदरा विक्रेता ₹25 प्रति kg के भाव पर 54 kg संतरों से भरा एक बैग खरीदता है। बाद में छांटने पर उसे पता चलता है कि 4 kg संतरे सड़े हुए हैं, वह सड़े हुए संतरों को फेंक देता है और अच्छे संतरों को ₹36 प्रति kg के भाव पर बेंचता है। उसे प्राप्त प्रतिशत लाभ ज्ञात कीजिए।

(a) $33\frac{1}{3}\%$ (b) 40%

(c) 25% (d) 30%

RRB NTPC 15.03.2021 (Shift-II) Stage I

Ans. (a) : दिया है-

1 किग्रा. संतरे का क्रय मूल्य $= ₹25$ /kg

54 kg संतरे को खरीदने पर क्रय लागत $= 54\times25 = ₹1350$

अब 4 kg संतरे सड़ जाने के बाद शेष बचे संतरे $= 54-4 = 50$kg

शेष बचे संतरे का विक्रय मूल्य $= ₹36$ /kg

50 kg संतरे का विक्रय मूल्य $= 50\times36 = ₹1800$

लाभ $= 1800-1350 = 450$

प्रतिशत लाभ $= \frac{450\times100}{1350} = \frac{3\times100}{9}$

$\Rightarrow 33\frac{1}{3}\%$

11. एक महिला अंकित मूल्य पर 24% छूट के साथ एक कार खरीदती है और इसे अंकित मूल्य से 20% अधिक मूल्य पर बेचती है। उसका प्रतिशत लाभ ज्ञात कीजिए

(a) $7\frac{17}{19}\%$ (b) $57\frac{17}{19}\%$

(c) $57\frac{7}{19}\%$ (d) $5\frac{17}{19}\%$

RRB NTPC 02.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : माना कार का अंकित मूल्य = 100

महिला द्वारा कार का क्रय मूल्य $= \frac{100-24}{100}\times 100$

$= 76$

महिला द्वारा कार का विक्रय मूल्य $= \frac{100+20}{100}\times 100$

$= 120$

अतः लाभ प्रतिशत $= \frac{120-76}{76}\times 100$

$= \frac{44}{76}\times 100 = 57\frac{17}{19}\%$

12. एक व्यापारी अपने माल पर क्रय मूल्य से 25 % अधिक मूल्य अंकित करता है और अपने ग्राहकों के बिलों पर 12% छूट प्रदान करता है। उसके द्वारा अर्जित प्रतिशत लाभ की गणना कीजिए।

(a) 10 % (b) 12 .5 %
(c) 14 % (d) 18 %

RRB NTPC 08.02.2021 (Shift-II) Stage I

Ans. (a) : माना माल का क्रय मूल्य ₹100 है।
माल का अंकित मूल्य = 100 + 100 × 25%
= ₹125
छूट के बाद माल का विक्रय मूल्य = अंकित मूल्य – अंकित मूल्य पर छूट %

$=125 - 125\times\frac{12}{100}$

= 125–15
=110

अतः लाभ % $= \frac{110-100}{100}\times 100 = 10\%$

13. यदि 33 मी0 का कपड़ा बेचनें पर रानी को 11 मी0 कपड़े के विक्रय मूल्य के बराबर लाभ प्राप्त होता है। तो उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

(a) 60% लाभ (b) 30% लाभ
(c) 50% लाभ (d) 20% लाभ

RRB NTPC 19.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : माना 1 मी0 कपड़े का विक्रय मूल्य = ₹ 1
तो 33 मी0 कपड़े का विक्रय मूल्य = ₹ 33
33 मी0 कपड़े का क्रय मूल्य = (33 – 11) = ₹ 22
CP : SP
22 : 33
2 : 3

लाभ % $= \frac{3-2}{2}\times 100 = 50\%$

14. जब एक साइकिल निर्माता साइकिल का विक्रय मूल्य 50% घटा देता है तो बिकने वाली साइकिलों की संख्या तेजी से 700% बढ़ जाती है। आरंभ में, निर्माता को 140% का लाभ प्राप्त होता था। नया लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

(a) 30% (b) 10%
(c) 20% (d) 40%

RRB NTPC 21.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : माना 1 साइकिल का CP = 100 Rs
प्रश्नानुसार,
1 साइकिल का SP_1 = 100 ×240% = 240 rs
∵ 1 साइकिल का SP_1, 50% घटा देने पर साइकिल की संख्या 700% बढ़ जाती है।
∴ 1 साइकिल का नया विक्रय मूल्य = 240 × 50% = 120 Rs. = SP_2
8 साइकिल का SP_2 = 120 × 8 = 960Rs.
(∵ 1 साइकिल की 700% वृद्धि = 8 साइकिल)
8 साइकिल का CP = 800 Rs.

∴ नया लाभ% $= \frac{960-800}{800}\times 100 = \frac{160}{800}\times 100 = 20\%$

15. यदि किसी वस्तु का विक्रय मूल्य, उसके क्रय मूल्य के $\frac{5}{4}$ के बराबर है, तो इस संव्यवहार में प्राप्त प्रतिशत लाभ ज्ञात कीजिए।

(a) 35% (b) 30%
(c) 25% (d) 40%

RRB NTPC 08.04.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : विक्रय मूल्य $= \frac{5}{4}\times$क्रय मूल्य

$\frac{\text{विक्रय मूल्य}}{\text{क्रय मूल्य}} = \frac{5}{4}$

माना विक्रय मूल्य = 5k
क्रय मूल्य = 4k
लाभ = 5k – 4k = 1k

लाभ % $= \frac{1k}{4k}\times 100$

$= \boxed{25\%}$

16. महती ने एक कुकर, इसके अंकित मूल्य के $\frac{9}{10}$ मूल्य में खरीदा और इसे इसके अंकित मूल्य से 8 % अधिक मूल्य पर बेचा। प्रतिशत लाभ ज्ञात कीजिए।

(a) 20% (b) 14%
(c) 10% (d) 16%

RRB NTPC 27.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : माना कुकर का अंकित मूल्य = ₹x

तो क्रय मूल्य $= x\times\frac{9}{10} = \frac{9x}{10}$

तथा विक्रय मूल्य $= x\times\frac{108}{100} = ₹\frac{27x}{25}$

प्रतिशत लाभ $= \frac{\text{विक्रय मूल्य} - \text{क्रय मूल्य}}{\text{क्रय मूल्य}}\times 100$

$= \frac{\frac{27x}{25}-\frac{9x}{10}}{\frac{9x}{10}}\times 100 = \frac{\frac{270x-225x}{250}}{\frac{9x}{10}}\times 100$

$= \frac{45x\times 10}{250\times 9x}\times 100 = \frac{5}{25}\times 100 = 20\%$

17. विकास ₹30,000 में एक पुरानी बाइक खरीदता है और इसकी मरम्मत पर ₹5,000 खर्च करता है। यदि वह उस बाइक को ₹42,000 में बेचता है, तो उसका प्रतिशत लाभ ज्ञात कीजिए।

(a) 20% (b) 18%
(c) 17% (d) 19%

RRB NTPC 16.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : बाइक का कुल क्रय मूल्य = 30000 + 5000
= ₹ 35000
तथा विक्रय मूल्य = ₹42000

$$\text{लाभ \%} = \frac{42000-35000}{35000}\times 100$$

$$= \frac{7000}{35000}\times 100$$

$$= \frac{100}{5} = 20\%$$

18. बाबू ने ₹3,00,000/- की कार खरीदी और अपने बेटे के लिए ₹ 1,00,000/-में एक बाइक खरीदी। उसने कार को 10% के लाभ पर और बाइक को 20% की हानि पर बेच दिया। कितना लाभ या हानि हुई ज्ञात कीजिए।

(a) 2% लाभ (b) 1.5% हानि
(c) 2.5% हानि (d) 2.5% लाभ

RRB NTPC 05.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : कार का क्रय मूल्य = ₹300000
बाइक का क्रय मूल्य = ₹100000
कार व बाइक का कुल क्रय मूल्य = 300000+100000
= ₹400000
कार को बेचने पर 10% का लाभ व बाइक को बेचने पर 20% की हानि होने पर

$$\text{विक्रय मूल्य (SP)} = 300000\times\frac{110}{100}+100000\times\frac{80}{100}$$

SP = 330000 + 80000
SP = 410000
लाभ = SP - CP = 410000 - 400000 = 10000

$$\text{लाभ\%} = \frac{\text{लाभ}}{\text{क्रय मूल्य}}\times 100 = \frac{10000}{400000}\times 100 = 2.5\%$$

19. एक खुदरा विक्रेता, अपने सभी सामानों का मूल्य, क्रय मूल्य से 50% अधिक अंकित करता है और अंकित मूल्य पर 25% की छूट प्रदान करता है। उसे लगता है कि उसे फिर भी 25% का लाभ होगा। इस बिक्री पर उसे होने वाला वास्तविक लाभ ज्ञात कीजिए।

(a) 17% (b) 12%
(c) 12.60% (d) 12.50%

RRB NTPC 09.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : माना, क्रय मूल्य (CP) = 100
अंकित मूल्य (MP) = 150
प्रश्नानुसार, 25% छूट होने पर

$$\text{SP} = 150\times\frac{75}{100}$$

SP = 112.5
क्रय मूल्य पर 25% लाभ हो तो–

$$\text{SP} = 100\times\frac{125}{100} = 125$$

$$\text{वास्तविक लाभ\%} = \frac{125-112.5}{100}\times 100 = 12.50\%$$

20. एक पुस्तक को 15% लाभ पर ₹230 में बेचा गया। इसे ₹210 में बेचने पर होने वाला प्रतिशत लाभ या हानि ज्ञात कीजिए।

(a) 5% हानि (b) 4%लाभ
(c) 4% हानि (d) 5%लाभ

RRB NTPC 08.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : पुस्तक का विक्रय मूल्य (SP) = ₹ 230

$$\text{पुस्तक का क्रय मूल्य (CP)} = 230\times\frac{100}{115} = ₹\ 200$$

$$₹\ 210 \text{ में बेचने पर प्रतिशत लाभ} = \frac{210-200}{200}\times 100$$

$$= \frac{10}{200}\times 100 = 5\%$$

21. एक वस्तु का लागत मूल्य, अंकित मूल्य का 75% है। यदि 15% की छूट दी जाए, तो लाभ या हानि प्रतिशत क्या होगा?

(a) 15% लाभ (b) 13.33% लाभ
(c) 15.55% हानि (d) 12.44% हानि

RRB NTPC 28.12.2020 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) माना वस्तु का अंकित मूल्य = ₹ x

$$\therefore \text{ लागत मूल्य} = x\times\frac{75}{100} = ₹\frac{3x}{4}$$

$$\text{15\% छूट पर विक्रय मूल्य} = x\times\frac{85}{100} = ₹\frac{17x}{20}$$

$$\text{लाभ \%} = \frac{\frac{17x}{20}-\frac{3x}{4}}{3x/4}\times 100\% = \frac{17x-15x}{20}\times\frac{4}{3x}\times 100\%$$

$$= \frac{2x}{5}\times\frac{1}{3x}\times 100\% = \frac{40}{3}\% \text{ या } 13.33\%$$

22. नमक की दो किस्मों T और S जिनके क्रय मूल्य क्रमश: 25 रूपये और 35 रूपये प्रति किलो हैं, को 4:6 के अनुपात में मिश्रित किया जाता है। मिश्रित किस्म को 37 रूपये प्रति किलो की दर से बेचा जाता है। लाभ प्रतिशत लगभग कितना है?

(a) 20% (b) 33%
(c) 25% (d) 38%

RRB NTPC 19.01.2017 Shift : 2

Ans : (a) नमक T का क्रय मूल्य = 25 × 4 = 100
नमक S का क्रय मूल्य = 35 × 6 = 210
कुल क्रय मूल्य = ₹310
कुल विक्रय मूल्य = 37 × 10 = ₹370
प्रश्नानुसार –

$$\text{विक्रय मूल्य} = \frac{\text{क्रय मूल्य}(100\pm \text{P/L})}{100}$$

$$\Rightarrow 370 = \frac{310\times(100+\text{P\%})}{100}$$

$\frac{3700-3100}{31} = P\%$

$\frac{600}{31} = P\%$

$P\% = 19.35\%$

$P\% = 20\%$(लगभग)

23. एक दुकानदार फल खरीदने और बेचने में, कम तौल का उपयोग करके 7% तक धोखा देता है, तो उसका कुल लाभ प्रतिशत है–

(a) 14.25 (b) 14.49

(c) 14.75 (d) 14.55

RRB NTPC 07.04.2016 Shift : 2

Ans : (b) लाभ प्रतिशत $= \left(2x + \frac{x^2}{100}\right)\%$

$= 2\times 7 + \frac{(7)^2}{100}$

$= 14 + \frac{49}{100}$

$= 14 + 0.49$

$= 14.49\%$

Type-2 : क्रय मूल्य ज्ञात करने पर आधारित प्रश्न

24. 12% लाभ और 4% हानि पर किसी वस्तु के विक्रय मूल्यों का अंतर ₹28 था। वस्तु का क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

(a) ₹ 175 (b) ₹ 189

(c) ₹ 196 (d) ₹ 168

RRB NTPC (Stage-2) 14/06/2022 (Shift-I)

Ans. (a) : दिया है:–

लाभ = 12%, हानि = 4%,

प्रश्नानुसार,

विक्रय मूल्यों का अन्तर = ₹28

$(12\% + 4\%) = 28$

$16\% = 28$

$\therefore \quad 100\% = \frac{28}{16}\times 100 = 175$

अतः वस्तु का क्रय मूल्य = ₹175

25. एक वस्तु ₹207 में बेचने पर शीतल को 28% की हानि होती है। वस्तु का क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

(a) ₹ 292. 50 (b) ₹ 282.50

(c) ₹ 277. 50 (d) ₹ 287.50

RRB NTPC (Stage-2) 16/06/2022 (Shift-II)

Ans. (d) : माना वस्तु का क्रय मूल्य = ₹ 100

₹ 207 में बेचने पर हानि = 28%

$\because \quad (100 - 28) = 72\% \rightarrow 207$

$1\% \rightarrow \frac{207}{72}$

$100\% \rightarrow \frac{207}{72}\times 100 = ₹287.50$

26. एक दुकानदार एक वस्तु को 20% के लाभ पर बेचता है। यदि वह वस्तु को 10% कम पर खरीदता और पिछले विक्रय मूल्य में ₹ 18 अधिक मूल्य पर बेचता, तो उसे 40% का लाभ प्राप्त होता। वस्तु का मूल क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

(a) ₹ 350 (b) ₹ 320

(c) ₹ 300 (d) ₹ 280

RRB NTPC (Stage-2) 16/06/2022 (Shift-I)

Ans. (c) : माना वस्तु का मूल क्रय मूल्य = ₹ x

$\therefore \quad$ वि0 मू0 $= \frac{x\times 120}{100}$

$= ₹\frac{6x}{5}$

प्रश्नानुसार,

10 % कम पर खरीदने पर नया क्रय मूल्य $= \frac{90x}{100}$

$= ₹\frac{9x}{10}$

तथा नया विक्रय मूल्य $= \frac{6x}{5} + 18$

पुनः

वि0मू0 = क्र0मू0 $\times \frac{100 + \text{लाभ}\%}{100}$

$\frac{6x}{5} + 18 = \frac{9x}{10}\times\frac{100+40}{100}$

$\frac{6x}{5} + 18 = \frac{9x}{10}\times\frac{140}{100}$

$\frac{90+6x}{5} = \frac{63x}{50} \Rightarrow 900 + 60x = 63x$

$3x = 900$

$x = ₹ 300$

27. एक वस्तु को ₹2,332 में बेचने पर, किसी व्यक्ति को 12% की हानि हुई। वस्तु का क्रय मूल्य कितना था?

(a) 2,650 (b) 2,675

(c) 2,620 (d) 2,625

RRB NTPC (Stage-2) 15/06/2022 (Shift-III)

Ans. (a) : प्रश्नानुसार,

$88\% \longrightarrow ₹2,332$

$1\% \longrightarrow \frac{2332}{88}$

$100\% \longrightarrow \frac{2332\times 100}{88}$

अतः वस्तु का क्र.मू. = ₹2650

28. एक वस्तु मिस्टर X को 20 % लाभ पर बेची जाती है। मिस्टर X, इस वस्तु को 25% लाभ पर मिस्टर Y को बेच देते हैं। यदि मिस्टर Y, उस वस्तु के लिए ₹ 225 का भुगतान करते हैं, तो मूल विक्रेता के लिए उस वस्तु का क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

(a) ₹ 250 (b) ₹ 150

(c) ₹ 200 (d) ₹ 275

RRB NTPC 08.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : माना वस्तु का क्रय मूल्य ₹x है।
प्रश्नानुसार,
$x \times \frac{120}{100} \times \frac{125}{100} = 225$
$x = ₹150$

29. एक वस्तु को ₹1,875 में बेचने पर अर्जित लाभ, उस वस्तु को ₹1,385 में बेचने पर होने वाली हानि के बराबर है। वस्तु का क्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।
(a) ₹1,360 (b) ₹1,660
(c) ₹1,630 (d) ₹1,650
RRB NTPC 02.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : माना लाभ = हानि = ₹ x
प्रश्नानुसार,
$\Rightarrow 1875 - x = 1385 + x$
$\Rightarrow 2x = 1875 - 1385$
$\Rightarrow 2x = 490$
$\Rightarrow x = 245$
अतः क्रय मूल्य = 1875 – 245 = ₹ 1630

30. एक वस्तु को 12% लाभ पर बेचा गया। यदि इसे ₹ 33 अधिक में बेचा जाता, तो प्राप्त लाभ 14% होता। वस्तु का क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।
(a) ₹ 1750.00 (b) ₹ 1800.00
(c) ₹ 1650.00 (d) ₹ 1850.00
RRB NTPC 28.12.2020 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : माना वस्तु का क्रय मूल्य = 100
12% लाभ पर बेचने पर विक्रय मूल्य $= 100 \times \frac{112}{100} = 112$
तथा 14% लाभ पर बेचने पर विक्रय मूल्य $= 100 \times \frac{114}{100} = 114$
प्रश्नानुसार–
114 – 112 = ₹33
2 = ₹33
1 = ₹16.5
100 = ₹1650

31. अनुपमा ने एक पुस्तक 10% के लाभ पर बेची। यदि उसने इसे ₹20 ज्यादा मूल्य पर बेचा होता, तो 15% का लाभ प्राप्त होता, पुस्तक का क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।
(a) ₹450 (b) ₹400 (c) ₹500 (d) ₹375
RRB NTPC 26.07.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : माना पुस्तक का क्रय मूल्य = ₹x
विक्रय मूल्य $= x \times \frac{110}{100} = ₹\frac{11}{10}x$
प्रश्नानुसार,
$\frac{11x}{10} + 20 = x\frac{115}{100}$
$\frac{11x}{10} + 20 = \frac{23}{20}x$
$\frac{23x}{20} - \frac{11x}{10} = 20$
$\frac{23x - 22x}{20} = 20$
$\boxed{x = ₹400}$

32. कमर ने ₹ 980 में 18 खिलौने बेचे, जिससे उसे 4 खिलौनों के क्रय मूल्य के बराबर हानि हुई। प्रत्येक खिलौने का क्रय मूल्य कितना था ?
(a) ₹ 60 (b) ₹ 75 (c) ₹ 70 (d) ₹ 80
RRB NTPC 05.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : 18 खिलौनों का विक्रय मूल्य = ₹980
हानि = 4 खिलौनों के क्रय मूल्य के बराबर
18CP = 18SP + 4CP
14CP = 18SP
$\frac{CP}{SP} = \frac{18}{14} = \frac{9}{7}$
अथवा 1 खिलौने का $CP = \frac{9}{7}SP$
जबकि 1 खिलौने का $SP = \frac{980}{18}$
1 खिलौने का $CP = \frac{980}{18} \times \frac{9}{7} = ₹70$

33. एक गाय को ₹1,000 में बेचने पर जितना लाभ होता है, उसे ₹1,010 में बेचने पर उससे 5% अधिक लाभ प्राप्त होता है। गाय का क्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।
(a) 200 (b) 280 (c) 400 (d) 300
RRB NTPC 30.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : माना गाय का क्रय मूल्य = ₹ x
प्रश्नानुसार,
∵ विक्रय मूल्य – क्रय मूल्य = लाभ
$1000 - x = 1010 - x \times \frac{105}{100}$
$1000 - x = 1010 - x \times \frac{21}{20}$
$20{,}000 - 20x = 20200 - 21x$
$x = ₹200$

34. 40% वस्तुओं को 2% की हानि पर बेचा जाता है और शेष वस्तुओं को 4% के लाभ पर बेचा जाता हैं। यदि ₹ 250 का कुल लाभ अर्जित होता है, तो बेची जाने वाली वस्तुओं का क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।
(a) ₹ 5,625 (b) ₹ 6,525
(c) ₹ 9,000 (d) ₹ 15,625
RRB NTPC 05.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : माना कुल वस्तुओं का क्रय मूल्य = 100x
प्रश्नानुसार,
कुल विक्रय मूल्य $= \frac{40x \times (100-2)}{100} + \frac{60x(100+4)}{100}$
$\Rightarrow \frac{40x \times 98 + 60x \times 104}{100} = \frac{3920x + 6240x}{100}$
$\Rightarrow \frac{10160x}{100} = 101.6x$
लाभ = 101.6x – 100x = 1.6x
1.6x = 250
$x = \frac{250}{1.6}$
अतः कुल वस्तुओं का क्रय मूल्य $= \frac{250}{1.6} \times 100 = ₹15625$

35. किसी वस्तु को 7% लाभ पर और 6% हानि पर बेचने पर प्राप्त विक्रय मूल्यों का अंतर ₹104 है। वस्तु का क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

(a) ₹780 (b) ₹820
(c) ₹800 (d) ₹850

RRB NTPC 09.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : माना वस्तु का क्रय मूल्य = ₹x
प्रश्नानुसार,

$$x \times \frac{107}{100} - x \times \frac{94}{100} = 104$$

$$\frac{13x}{100} = 104$$

$$x = ₹800$$

36. एक व्यक्ति अपनी मेज़ को $12\frac{1}{2}\%$ के लाभ पर और कुर्सी को $8\frac{1}{3}\%$ की हानि पर बेचता है, लेकिन इस पूरे अंतरण पर उसे ₹25 का लाभ होता है। वहीं दूसरी ओर, यदि वह मेज को $8\frac{1}{3}\%$ की हानि पर बेचता है और कुर्सी को $12\frac{1}{2}\%$ के लाभ पर बेचता है, तो उसे न तो लाभ होता है और न ही हानि होती है। मेज का क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

(a) ₹360 (b) ₹350
(c) ₹380 (d) ₹370

RRB NTPC 25.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : माना मेज का क्रय मूल्य ₹ x है।
तथा कुर्सी का क्रय मूल्य ₹ y है।
प्रथम शर्तानुसार,

$$\frac{25x}{200} - \frac{25y}{300} = 25 \implies 3x - 2y = 600 \text{ .....(i)}$$

द्वितीय शर्तानुसार,

$$\frac{25y}{200} - \frac{25x}{300} = 0 \implies 3y - 2x = 0 \text{ .....(ii)}$$

समी. (i) और (ii) से,
$9x - 4x = 1800$
$5x = 1800$
$x = ₹ 360$

37. एक वस्तु 20% के लाभ पर बेची जाती है। यदि उसके क्रय मूल्य और विक्रय मूल्य दोनों को ₹100 कम किया जाता है, तो प्राप्त लाभ 4% अधिक होगा। क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

(a) ₹800 (b) ₹500
(c) ₹600 (d) ₹700

RRB NTPC 25.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : माना क्रय मूल्य = 100 x

$$\begin{array}{ccc} 100x & \rightarrow & 120x \\ \downarrow & & \downarrow \\ (100x-100)\times\frac{124}{100} & & (120x-100) \end{array}$$

प्रश्नानुसार,

$$100(x-1) \times \frac{124}{100} = 120x - 100$$

$124x - 124 = 120x - 100$
$4x = 24$
$x = 6$
क्रय मूल्य = $100x = 100 \times 6 = ₹600$

38. एक दुकानदार ने नई वस्तु की कीमत ₹1280 अंकित की। यदि 10% छूट देने के बाद भी उसे क्रय मूल्य पर 20% का लाभ होता है तो वस्तु का क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

(a) ₹1120 (b) ₹960
(c) ₹1000 (d) ₹940

RRB NTPC 04.04.2016 Shift : 3

Ans : (b) माना वस्तु का क्र. मू. = ₹ x
अंकित मू. = ₹1280, छूट = 10%

$$\because \text{ क्रय मूल्य} \times \frac{(100+P\%)}{100} = \text{अंकित मूल्य} \frac{(100+Dx)}{100}$$

$$\therefore x \times \frac{120}{100} = 1280 \times \frac{90}{100}$$

$x \times 12 = 128 \times 90$

$$\Rightarrow x = \frac{128 \times 90}{12}$$

$x = ₹960$

39. एक थोक विक्रेता एक जल शोधक 40% की हानि पर बेचता है। यदि विक्रय मूल्य में 125 रुपये की वृद्धि कर दी जाती है तो थोक विक्रेता को 10% का लाभ होता है। जल शोधक का क्रय मूल्य क्या था?

(a) ₹ 250 (b) ₹ 225
(c) ₹ 275 (d) ₹ 300

RRB NTPC 18.04.2016 Shift : 1

Ans : (a) माना जल शोधक का क्रय मूल्य ₹x हैं।
प्रश्नानुसार-

$$x \times \frac{(100-40)}{100} + 125 = \frac{x \times 110}{100}$$

$$\Rightarrow \frac{60x}{100} + 125 = \frac{110x}{100}$$

$$\Rightarrow \frac{50x}{100} = 125$$

$$\Rightarrow \frac{x}{2} = 125$$

$$\Rightarrow x = 125 \times 2 = 250$$

Type-3 : विक्रय मूल्य ज्ञात करने पर आधारित प्रश्न

40. एक वस्तु को ₹4,125 में बेचने पर, A को 10% का लाभ होता है। 18% का लाभ प्राप्त करने के लिए उसे उस वस्तु को किस मूल्य पर (₹ में) बेचना होगा?

(a) 4,450 (b) 4,425
(c) 4,400 (d) 4,510

RRB NTPC (Stage-2) 17/06/2022 (Shift-II)

Ans. (b) : वस्तु का क्र.मू.= $\frac{\text{वि.मू.}\times 100}{(100+\text{लाभ}\,\%)}$

$=\frac{4125\times 100}{(100+10)}$

$=\frac{4125\times 100}{110}$

क्र.मू. = ₹ 3750

पुनः 18% लाभ प्राप्त करने के लिए वस्तु का वि.मू.

$=\frac{\text{क्र.मू.}(100+\text{लाभ}\%)}{100}=\frac{3750\times(100+18)}{100}$

$=\frac{3750\times 118}{100}=4425$

अतः वस्तु ₹ 4425 में बेचना होगा।

41. 2 कंबलों के विक्रय मूल्य समान है। एक कंबल को $66\frac{2}{3}$% के लाभ पर बेंचा जाता है, और दूसरे कंबल का क्रय मूल्य (CP), उसके विक्रय मूल्य (SP) से ₹ 400 कम है। यदि दोनों कंबलों को बेचने पर हुआ कुल लाभ 50% है, तो प्रत्येक कंबल का विक्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

(a) ₹ 1510 (b) ₹ 1530
(c) ₹ 1520 (d) ₹ 1500

RRB NTPC (Stage-2) 14/06/2022 (Shift-I)

Ans. (d) : माना प्रत्येक कंबल का विक्रय मूल्य ₹ x हैं।

पहले कंबल का क्रय मूल्य = $x\times\frac{100}{\left(100+\frac{200}{3}\right)}=\frac{3x}{5}$

दूसरे कंबल का क्रय–मूल्य = ₹ $(x-400)$

प्रश्नानुसार,

$$\frac{3x}{5}+(x-400)=2x\times\frac{100}{150}$$

$$\Rightarrow \frac{8x-2000}{5}=\frac{4x}{3}$$

$$\Rightarrow 24x-6000=20x$$

$$\Rightarrow 4x=6000$$

$$\Rightarrow x=\frac{6000}{4}$$

$$\Rightarrow x=₹1500$$

42. किसी वस्तु को ₹ 1,729 में बेचने पर रोहिणी को 30% की हानि हुई। 16% का लाभ प्राप्त करने के लिए उसे वस्तु को किस मूल्य पर बेचना चाहिए?

(a) ₹ 2,856.20 (b) ₹ 2,865.20
(c) ₹ 2,856.50 (d) ₹ 2,866.40

RRB NTPC (Stage-2) 12/06/2022 (Shift-II)

Ans. (b) : प्रश्नानुसार,

वस्तु का क्र.मू. = $1729\times\frac{100}{70}$ = ₹ 2470

16% लाभ पर वस्तु का वि.मू. = $\frac{2470\times 116}{100}$ = ₹ 2865.20

43. एक दुकानदार ने एक मशीन ₹70,000 में खरीदी और उस पर ₹5,000 का अतिरिक्त व्यय किया। यदि उसने मशीन को 15% कम पर खरीदा होता, तो उसे 15% का लाभ होता। मशीन का विक्रय मूल्य कितना होगा?

(a) ₹78,175 (b) ₹75,000
(c) ₹74,175 (d) ₹74,000

RRB NTPC 10.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : मशीन का क्रय मूल्य = ₹ 70,000

अतिरिक्त व्यय = ₹ 5,000

मशीन के क्रय मूल्य में 15% की कमी करने पर

मशीन का क्रय मूल्य = $70,000\times\frac{85}{100}=59500$

प्रश्नानुसार,

विक्रय मूल्य = $(59500+5000)\times\frac{115}{100}$

$=64500\times\frac{115}{100}$ = ₹ 74175

44. एक वस्तु को ₹1,785 में बेचने पर, विक्रेता को 15% की हानि होती है। 15% लाभ प्राप्त करने के लिए उस वस्तु को किस मूल्य पर बेचा जाना चाहिए?

(a) ₹2,415 (b) ₹1,785
(c) ₹2,100 (d) ₹2,205

RRB NTPC 09.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : माना क्रय मूल्य (CP) = ₹ x

विक्रय मूल्य (SP) = ₹ 1785, हानि = 15%

$\because \quad CP\times\frac{85}{100}=1785$

$CP=\frac{1785\times 100}{85}$ = ₹ 2100

यदि लाभ 15% है तो,

$CP\times\frac{115}{100}=SP$

$2100\times\frac{115}{100}=SP$

अतः SP = ₹2415

45. किसी वस्तु की बिक्री के दौरान 12.5% लाभ और 10.5% हानि के बीच का अंतर ₹161 है। यदि अपेक्षित लाभ 19% है, तो वस्तु का विक्रय मूल्य कितना होना चाहिए?

(a) ₹833 (b) ₹798
(c) ₹817 (d) ₹850

RRB NTPC 24.07.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : माना क्रयमूल्य (CP) = ₹ x

12.5% लाभ पर विक्रय मूल्य (SP_1) = ₹ $x\times\frac{112.5}{100}$

10.5% हानि पर विक्रय मूल्य (SP_2) = ₹ $x\times\frac{89.5}{100}$

प्रश्नानुसार,

$$\frac{112.5}{100}x-\frac{89.5}{100}x=161$$

$23x = 16100$

$x = \frac{16100}{23}$

$\boxed{x = ₹700}$

19% अपेक्षित लाभ होने पर विक्रय मूल्य = क्रय मूल्य $\times \frac{119}{100}$

$= 700 \times \frac{119}{100} = ₹833$

$\boxed{\text{विक्रय मूल्य} = ₹833}$

46. एक दुकानदार को एक वस्तु को ₹1,980 में बेंचने पर 10% की हानि हुई। उसे 15% लाभ प्राप्त करने के लिए उस वस्तु को किस मूल्य (₹ में) पर बेंचना चाहिए?

(a) 2,193 (b) 2,475
(c) 2,005 (d) 2,530

RRB NTPC 15.03.2021 (Shift-II) Stage I

Ans. (d) : दुकानदार द्वारा वस्तु को 10% हानि पर ₹1980 में बेंचने पर,

क्रय मूल्य $= \frac{\text{विक्रय मूल्य} \times 100}{100 - \text{हानि}\%}$

क्रय मूल्य $= \frac{1980 \times 100}{100 - 10}$

$= \frac{1980 \times 100}{90} = ₹2200$

अब वस्तु को 15% लाभ पर बेंचने पर,

विक्रय मूल्य $= \frac{\text{क्रय मूल्य} \times (100 + 15)}{100}$

$= \frac{2200 \times 115}{100}$

$= 22 \times 115$

$= ₹2530$

47. एक दुकानदार ने निर्माता से ₹37,500 में 25 कुर्सियां खरीदी, और उन्हें 5 कुर्सियों के विक्रय मूल्य के बराबर लाभ पर बेच दिया। एक कुर्सी का विक्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

(a) ₹1,875 (b) ₹1,200
(c) ₹1,500 (d) ₹1,250

RRB NTPC 03.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : माना प्रत्येक कुर्सी का विक्रय मूल्य ₹x है।

∴ 25 कुर्सी का विक्रय मूल्य = 25x

लाभ = 5 कुर्सी का विक्रय मूल्य

$= ₹5x$

25 कुर्सी का क्रय मूल्य = ₹37,500

प्रश्नानुसार, $25x - 37500 = 5x$

$\Rightarrow 20x = 37500$

$\Rightarrow x = \frac{37500}{20}$

$\Rightarrow x = ₹1875$

अतः एक कुर्सी का विक्रय मूल्य $x = ₹1875$

48. एक दुकानदार को एक वस्तु ₹360 में बेचने पर 10% की हानि होती है। तो उसे 30% लाभ प्राप्त करने के लिए, उस वस्तु का विक्रय मूल्य क्या रखना चाहिए?

(a) ₹600 (b) ₹480
(c) ₹520 (d) ₹740

RRB NTPC 29.12.2020 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c)

वस्तु का क्रय मूल्य = विक्रय मूल्य $\times \frac{100}{(100 - \text{हानि}\%)}$

क्रय मूल्य $= 360 \times \frac{100}{90}$

$= 4 \times 100$

क्रय मूल्य = ₹400

∵ 30% लाभ प्राप्त करने के लिए

विक्रय मूल्य $= 400 \times \frac{130}{100}$

$= ₹520$

49. एक आदमी को ₹ 21,600 में एक वॉशिंग मशीन बेचने पर 8% लाभ होता है 20% लाभ प्राप्त करने के लिए उसे इस मशीन को किस मूल्य पर बेचना चाहिए?

(a) ₹ 28,000 (b) ₹ 23,200
(c) ₹ 26,000 (d) ₹ 24,000

RRB NTPC 06.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : विक्रय मूल्य = ₹21600

लाभ = 8%

क्रय मूल्य $= \frac{\text{विक्रय मूल्य}}{(100 + \text{लाभ})} \times 100$

$= \frac{21600}{108} \times 100$

= ₹ 20,000

तथा 20% लाभ प्राप्त करने के लिए वस्तु का विक्रय मूल्य

$= 20,000 \times \frac{100 + 20}{100}$

$= ₹24,000$

50. एक टेलिविजन निर्माता, एक टीवी सेट को ₹24,750 में बेचकर 10% का लाभ कमाता है। यदि उत्पादन लागत में 15% की वृद्धि होती है, तो 15% लाभ प्राप्त करने के लिए उसे टीवी सेट का नया विक्रय मूल्य कितना रखना चाहिए ?

(a) ₹ 28,756.25 (b) ₹ 27,756.25
(c) ₹ 29,756.25 (d) ₹ 26,756.26

RRB NTPC 04.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : माना प्रारम्भिक मूल्य (लागत) = 100%

लाभ = 10 , विक्रय मूल्य = 110

$110 = 24750$

$1 = \frac{24750}{110}$

$100\% = \frac{24750}{110} \times 100 = 22500$

प्रा.मू. = 22500 (लागत मूल्य)

∵ लागत मूल्य में 15% की वृद्धि हो गई
तब नई लागत मूल्य = 115%

$22500 \times \frac{115}{100} = ₹25875$

अब नई मूल्य में 15% लाभ कमाना है तो-

टीवी सेट का नया विक्रय मूल्य = $25875 \times \frac{115}{100} = ₹29756.25$

51. 5 किलों गेहूँ और 10 किलो मसूर का क्रय मूल्य क्रमश: ₹70 और ₹80 प्रति किलो है। बिक्री करने पर 10% लाभ गेहूँ पर और 20% लाभ मसूर पर प्राप्त होता है। तो सभी चीजों का विक्रय मूल्य कितना था?

(a) ₹1,375 (b) ₹1,345
(c) ₹1,400 (d) ₹1,350

RRB NTPC 27.04.2016 Shift : 2

Ans : (b)
5 किलो गेहूं का क्रय मूल्य = 70 × 5 = ₹350
10 किलो मसूर का क्रय मूल्य = 80 × 10 = ₹800
प्रश्नानुसार,

सभी वस्तु का वि.मू. = $\frac{350 \times 110}{100} + \frac{800 \times 120}{100}$
= 385 + 960 = ₹1345

Type-4 : लाभ और हानि की राशि ज्ञात करने पर आधारित प्रश्न

52. हिमानी ₹8,000 में एक वॉशिंग मशीन खरीदती है और उसकी मरम्मत पर ₹500 खर्च करती है। वह इसे 20% लाभ पर बेंचती है। उसे इसे बेचकर जो धन मिलता है, उससे वह एक और वॉशिंग मशीन खरीदती है और इसे 10% की हानि पर बेचती है। उसकी कुल हानि/ लाभ ज्ञात कीजिए।

(a) ₹640 की हानि (b) ₹640 का लाभ
(c) ₹680 का लाभ (d) ₹600 की हानि

RRB NTPC (Stage-2) 17/06/2022 (Shift-I)

Ans. (c) : पहली वाशिंग मशीन का क्र.मू.= 8000+500
= ₹8500

पहली मशीन का वि.मू. या दूसरी का क्र.मू. = $\frac{8500 \times (100+20)}{100}$
= ₹10200

दूसरी वाशिंग मशीन का वि.मू.

$= \frac{10200 \times (100-10)}{100} = ₹9180$

लाभ = दूसरी वाशिंग मशीन का वि.मू. – पहली वाशिंग मशीन का क्र.मू.
= 9180–8500
= ₹680 का लाभ

53. अरविन्द्र ने 120 मी. कपड़ा ₹15000 में खरीदा। उसमें कपड़े का 45% भाग 40% के लाभ पर, 25% भाग 10% की हानि पर, और शेष भाग क्रय मूल्य पर बेचा। पूरे संव्यवहार में उसका लाभ ज्ञात कीजिए।

(a) ₹ 4075 (b) ₹ 2325
(c) ₹ 4180 (d) ₹ 2035

RRB NTPC (Stage-2) 16/06/2022 (Shift-I)

Ans. (b) : कपड़े का क्रय मूल्य = ₹15000

45% भाग का विक्रय मूल्य = $15000 \times \frac{45}{100} \times \frac{140}{100}$
= ₹9450

25% भाग का विक्रय मूल्य = $15000 \times \frac{25}{100} \times \frac{90}{100}$
= ₹3375

शेष 30% भाग का विक्रय मूल्य = $15000 \times \frac{30}{100} \times \frac{100}{100}$
= ₹4500

लाभ = विक्रय मूल्य – क्रयमूल्य
= (9450 + 33755 + 4500) – 15000
= 17325 – 15000
= ₹2325

54. X ने ₹ 1,50,000 में एक कार खरीदी और 5% के लाभ पर इसे Y को बेच दिया। बाद में Y ने इसे 2% की हानि पर X को वापस बेच दिया। इस संपूर्ण लेनदेन में X को प्राप्त कुल लाभ या हानि ज्ञात कीजिए।

(a) X की हानि ₹ 4,350 (b) X का लाभ ₹ 3,150
(c) X का लाभ ₹ 4,350 (d) X का लाभ ₹ 4,500

RRB NTPC 17.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : प्रश्नानुसार,
X, 5% लाभ लेने के पश्चात् Y को कार बेचेगा

$= 15,0000 \times \frac{105}{100} = ₹\ 1,57,500$

तथा प्रश्नानुसार Y इसे X को वापस बेचेगा

$= 157500 \times \frac{98}{100} = ₹\ 154350$

इस प्रकार X, Y को ₹157500 में कार को बेचता है तथा ₹ 154350 में पुनः खरीद लेता है, तो इस पूरे लेन-देन में X को होने वाला लाभ

= 157500 – 154350 = ₹ 3150

55. रामू ₹ 2,00,000 मूल्य की एक मोटर कार 5% लाभ पर राहुल को बेचता है। राहुल उसी मोटर कार को 2% हानि पर रामू को वापस बेच देता है। इस पूरे संव्यवहार में रामू को हुआ निवल लाभ (₹ में) ज्ञात कीजिए।

(a) ₹ 3,208 (b) ₹ 2,058
(c) ₹ 4,200 (d) ₹ 3,200

RRB NTPC 02.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : मोटर कार का मूल्य = ₹ 200000
रामू के लिए कार का विक्रय मूल्य
= राहुल के लिए कार का क्रय मूल्य

$= 200000 \times \frac{105}{100}$

= ₹ 210000

पुनः राहुल के लिए कार का विक्रय मूल्य = रामू के लिए कार का क्रय मूल्य

$$= 210000 \times \frac{98}{100}$$

$$= ₹\ 205800$$

पूरे संव्यवहार में रामू को हुआ लाभ = 210000–205800

= ₹4200

56. एक कार का क्रय मूल्य ₹1,50,000 था। इसे X द्वारा Y को 5% के लाभ पर बेचा गया। बाद में, इसे Y द्वारा X को 1% की हानि पर वापस बेचा गया। संपूर्ण लेन-देन में X का लाभ ज्ञात कीजिए।

(a) ₹4000 (b) ₹3,150
(c) ₹4500 (d) ₹1,575

RRB NTPC 17.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : X द्वारा खर्च किया गया धन = ₹ 1,50,000

X द्वारा प्राप्त धन = ₹ 1,50,000 का 105%

$$= 150000 \times \frac{105}{100}$$

$$= ₹\ 157500$$

X द्वारा वापस खरीदने पर प्राप्त क्रय मूल्य

$$= \frac{99}{100} \times 157500$$

$$= ₹\ 155925$$

अतः X का लाभ = 157500 – 155925

= ₹1575

57. एक वस्तु 12.5% लाभ पर ₹2,250 में बेची गयी। लाभ की राशि क्या थी?

(a) ₹275 (b) ₹250
(c) ₹225 (d) ₹300

RRB NTPC 05.04.2016 Shift-1

Ans : (b) दिया है-

विक्रय मूल्य = ₹2250

लाभ = 12.5%

$$\therefore \text{ क्रय मूल्य} = \frac{\text{विक्रय मूल्य} \times 100}{(100 + 12.5)}$$

$$= \frac{2250 \times 100}{112.5} = ₹2000$$

अत: लाभ की राशि = विक्रय मूल्य – क्रय मूल्य

= 2250 – 2000

= ₹ 250

58. यदि रीना 12 मोबाइल फोन ₹188,160 में बेचती है जिनका क्रय मूल्य ₹14,056 प्रति फोन है, तो उसे कुल कितना लाभ हुआ?

(a) ₹19,488 (b) ₹17,621
(c) ₹21,014 (d) ₹18, 958

RRB NTPC 29.03.2016 Shift : 1

Ans : (a) 12 मोबाइल फोनों का वि.मू. = ₹188,160

12 मोबाइल फोनों का क्र.मू. = $12 \times 14,056 = ₹168,672$

रीना द्वारा प्राप्त कुल लाभ = 188,160 – 168,672

= ₹ 19,488

59. एक घड़ी की एमआरपी (MRP) ₹4750 है तथा उसकी बिक्री पर 12% की छूट दी जाती है। यदि दुकानदार ने उस घड़ी को ₹3,850 में खरीदा है तो उसका लाभ कितना होगा?

(a) ₹240 (b) ₹570 (c) ₹900 (d) ₹330

RRB NTPC 28.03.2016 Shift : 2

Ans :(d) अंकित मूल्य (MP) = ₹4750, क्रय मूल्य (CP) = ₹3850, छूट (discount %) = 12%

विक्रय मूल्य $SP = \frac{MP \times (100 - \text{discount}\%)}{100}$

$$SP = \frac{4750 \times (100 - 12)}{100}$$

$$SP = \frac{4750 \times 88}{100} = 4180$$

लाभ (Profit) = SP – CP = 4180 – 3850 = ₹330

60. जीवा ने एक वस्तु को ₹2500 में खरीदा तथा उसे क्रय मूल्य से 25% ज्यादा मूल्य पर बेंचा तथा उस पर ₹125 कर अदा किए। रूपये में इसका लाभ ज्ञात करें?

(a) ₹500 (b) ₹550
(c) ₹475 (d) ₹625

RRB NTPC 18.01.2017 Shift : 2

Ans : (a) विक्रय मूल्य = क्रय मूल्य $\times \frac{(100 \pm P/L\%)}{100}$

विक्रय मूल्य $= \frac{2500 \times 125}{100} = 3125$

लाभ = विक्रय मूल्य – (क्रय मूल्य + कर)

लाभ = 3125– (2500+125)

लाभ = 3125–2625 = 500

Type-5 : मूल्यों के अनुपात ज्ञात करने पर आधारित प्रश्न

61. जब x वस्तुओं का क्रय मूल्य, y वस्तुओं के विक्रय मूल्य के बराबर हो, तो 25% लाभ होता है। तो x : y का अनुपात ज्ञात करें।

(a) 4 : 5 (b) 5 : 4
(c) 5 : 3 (d) 3 : 3

RRB NTPC 13.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : प्रश्नानुसार,

x वस्तु का क्रय मूल्य (CP) = y वस्तु का विक्रय मूल्य (SP)

$$\frac{SP}{CP} = \frac{x}{y}$$

दिया है, $\frac{SP}{CP} = \frac{125}{100} = \frac{5}{4}$

अतः $\frac{x}{y} = \frac{5}{4}$

62. एक वस्तु का 8% तथा 12% लाभ के आधार पर नगद अंतर ₹3 है। दोनों के विक्रय मूल्यों का अनुपात है?

(a) 27 : 28 (b) 27 : 29
(c) 29 : 31 (d) 27 : 31

RRB NTPC 17.01.2017 Shift-3

Ans : (a) माना वस्तु का क्रय मूल्य = ₹x
विक्रय मूल्यों का अंतर = ₹ 3
प्रश्न से–

$$x \times \frac{112}{100} - x \times \frac{108}{100} = 3$$

$$\frac{4x}{100} = 3, \quad x = \frac{300}{4} = 75$$

$$\therefore \text{अभीष्ट अनुपात} = 75 \times \frac{108}{100} : 75 \times \frac{112}{100}$$

$$= 108 : 112 = 27 : 28$$

63. एक वस्तु को 4% तथा 12% के लाभ में बेचने पर विक्रय मूल्य में अन्तर ₹3 है, तो दोनों विक्रय मूल्यों का अनुपात है:

(a) 13:14 (b) 13:15
(c) 12:15 (d) 13:53

RRB NTPC 26.04.2016 Shift : 3

Ans : (a) माना वस्तु का क्र.मू. = ₹x

वस्तु को 4% लाभ पर बेचने पर वि.मू. $= \frac{104x}{100}$

तथा वस्तु को 12% लाभ पर बेचने पर वि.मू. $= \frac{112x}{100}$

प्रश्नानुसार,

$$\frac{112x}{100} - \frac{104x}{100} = 3$$

$$\therefore \quad 8x = 300, \quad x = \frac{300}{8}$$

विक्रय मूल्य का अनुपात $= \frac{104x}{100} : \frac{112x}{100}$

$$= \frac{104}{100} \times \frac{300}{8} : \frac{112}{100} \times \frac{300}{8}$$

$$= 104 : 112 = 13 : 14$$

Type-6 : दो वस्तुओं के क्रय/विक्रय पर आधारित प्रश्न

64. एक व्यक्ति ने वस्तु A और B को कुल ₹ 2312 में खरीदा। उसने A को 16% की हानि पर और B को 20% के लाभ पर बेचा। A और B का विक्रय मूल्य बराबर था। A और B के क्रय मूल्यों का अंतर ज्ञात कीजिए।

(a) ₹ 408 (b) ₹428
(c) ₹ 420 (d) ₹ 416

RRB NTPC (Stage-2) 16/06/2022 (Shift-II)

Ans. (a) : दिया है -
एक व्यक्ति ने वस्तु A और B को कुल ₹ 2312 मे खरीदा तथा A को 16% की हानि तथा B को 20% के लाभ पर बेचा।
प्रश्नानुसार-



प्रश्नानुसार,

$$\frac{x \times (100-16)}{100} = \frac{(2312-x) \times 120}{100}$$

$84x = 277440 - 120x$
$7x = 23120 - 10x$
$17x = 23120$

$$x = \frac{23120}{17} = ₹\ 1360$$

A का क्रय मूल्य x = ₹1360
B का क्रय मूल्य = 2312 – 1360 = ₹952
A तथा B के क्रय मूल्य में अन्तर = 1360 – 952
= ₹ 408

65. एक दुकानदार ने दो खिलौनों को प्रत्येक ₹990 में बेचा। पहले खिलौने पर उसे 10% का लाभ प्राप्त हुआ और दूसरे खिलौने पर उसे 10% की हानि हुई। लाभ या हानि का कुल प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

(a) 10% Loss/10% हानि (b) 10% Gain/10% लाभ
(c) 1% Loss/1% हानि (d) 1% Gain/1% लाभ

RRB NTPC 30.12.2020 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : खिलौने का विक्रय मूल्य = 990 + 990
= ₹ 1980
प्रश्नानुसार,

$$\text{क्रय मूल्य} = 990 \times \frac{100}{110} + 990 \times \frac{100}{90}$$

= 900 + 1100
= ₹ 2000
(∵ क्रय मूल्य > विक्रय मूल्य)

$$\therefore \text{ हानि \%} = \frac{2000-1980}{2000} \times 100$$

$$= \frac{20}{2000} \times 100$$

= 1%

66. टोनी ₹6,50,000 की कुल राशि में दो कारें A और B खरीदता है। वह कार A को 20% लाभ पर बेचता है और कार B को 25% हानि पर बेचता है और उसे दोनों कारों के लिए समान विक्रय मूल्य प्राप्त होता है। कार A और कार B का क्रय मूल्य क्रमश: कितना है ?

(a) ₹2,00,000; ₹4,50,000
(b) ₹4,50,000; ₹2,00,000
(c) ₹3,00,000; ₹3,50,000
(d) ₹2,50,000; ₹4,00,000

RRB NTPC 16.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : माना कार A तथा कार B का क्रय मूल्य क्रमशः ₹ x तथा ₹ (650000 – x) है।
∵ कार A पर उसे 20% का लाभ होता है।
अतः उसने कार A को 1.2x पर बेचा।
तथा कार B पर उसे 25% की हानि होती है।
अतः उसने कार B को 0.75 (650000 – x) पर बेचा।
∵ A और B का विक्रय मूल्य समान है –
1.2x = 0.75(650000 – x)
1.2 x = 487,500 – 0.75x

$1.95\,x = 487{,}500$

$x = \dfrac{487{,}500}{1.95}$

$x = 250{,}000$

कार A का क्रय मूल्य = ₹250,000

तथा कार B का क्रय मूल्य = ₹400000

67. एक व्यवसायी ₹8,25,000 प्रत्येक के भाव पर दो फ्लैट बेचता है एक फ्लैट पर, उसे 9% का लाभ होता है। जबकि दूसरे फ्लैट पर उसे 9% की हानि होती है। इस पूरे लेनदेन में उसे होने वाला लाभ या हानि ज्ञात कीजिए।

(a) 0.75% लाभ (b) 0.81% हानि

(c) 0.96% लाभ (d) 0.18% हानि

RRB NTPC 08.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : यदि दो वस्तु को समान विक्रय मूल्य पर बेचने पर एक पर X% की हानि तथा दूसरे पर X% का लाभ हो तो, पूरे लेन-देन में हानि प्रतिशत

$\text{हानि}\% = \dfrac{X^2}{100}$

तो दिये गये प्रश्न में पूरे लेन-देन में प्रतिशत हानि

$= \dfrac{(9)^2}{100} = \dfrac{81}{100} = 0.81\%$

68. एक डीलर को एक मेज को ₹400 में बेंचने पर 25% का लाभ होता है। वह एक अन्य मेज को 10% हानि पर बेचता है और कुल मिलाकर, उसे न तो लाभ होता है और न ही हानि होती है। दूसरी मेज का क्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

(a) 750 (b) 700

(c) 800 (d) 850

RRB NTPC 30.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : माना दूसरी मेज का क्रय मूल्य $(CP_2) = ₹\,x$

प्रश्नानुसार,

$400 - 400 \times \dfrac{100}{125} = x - x \times \dfrac{90}{100}$

$\therefore\ 400 + x \times \dfrac{90}{100} = 400 \times \dfrac{100}{125} + x$

$400 + \dfrac{9x}{10} = 320 + x$

$80 = \dfrac{x}{10} \Rightarrow\ \therefore\ x = ₹\,800$

69. सरिता ₹ 40,200 में दो पुराने सैमसंग (Samsung) और तीन मी (Mi) मोबाइल फोन खरीदती है। यदि वह सैमसंग (Samsung)फोन को 10% लाभ पर और मी (Mi) को 20% लाभ पर बेचती है। उसको कुल लाभ ₹ 5,640 प्राप्त होता है। (Mi) फोन का क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

(a) ₹5,400 (b) ₹1,200

(c) ₹4,400 (d) ₹5,000

RRB NTPC 17.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : माना सैमसंग फोन की कीमत = ₹ x

तथा Mi फोन की कीमत = ₹ y

प्रश्नानुसार,

कुल क्रय मूल्य = $2 \times x + 3 \times y = 40200$ .....(1)

कुल विक्रय मूल्य = $\dfrac{110}{100} \times 2x + \dfrac{120}{100} \times 3y$

$= \dfrac{11x}{5} + \dfrac{18y}{5}$

कुल लाभ = कुल विक्रय मूल्य – कुल क्रय मूल्य

$5640 = \dfrac{11x}{5} + \dfrac{18y}{5} - (2x + 3y)$

$5640 = \dfrac{x}{5} + \dfrac{3y}{5}$

$x + 3y = 5 \times 5640$

$x + 3y = 28200$ .....(2)

समी0 (2) में 2 से गुणा करके, समी0 (1) में से घटाने पर,

$2x + 3y = 40200$

$\underline{2x + 6y = 56400}$

$-3y = -16200$

$y = ₹\,5400$

अतः Mi फोन का क्रय मूल्य = ₹ 5400

70. रामकुमार ने ₹ 41,000 में दो एलईडी (LED) टीवी सेट खरीदे। उसमें से एक को 20% लाभ पर बेचने पर तथा दूसरे को 15% की हानि पर बेचने पर उसने पाया कि दोनों टीवी सेटों का विक्रय मूल्य समान है। उसका कुल लाभ अथवा हानि ज्ञात कीजिए।

(a) ₹ 400 लाभ (b) ₹ 200 हानि

(c) ₹ 200 लाभ (d) ₹ 400 हानि

RRB NTPC 04.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : माना एक LED टीवी का क्रय मूल्य ₹ x है

$\therefore$ दूसरे LED टीवी का क्रय मूल्य = $₹\,(41000 - x)$

प्रश्नानुसार,

$x \times \dfrac{120}{100} = (41000 - x) \times \dfrac{85}{100}$

$\dfrac{6x}{5} = (41000 - x) \times \dfrac{17}{20}$

$24x = 41000 \times 17 - 17x$

$41x = 41000 \times 17$

$x = ₹\,17000$

कुल विक्रय मूल्य $= 17000 \times \dfrac{120}{100} + 24000 \times \dfrac{85}{100}$

$= 20400 + 20400$

$= ₹\,40800$

हानि $= 41000 - 40800$

$= ₹\,200$

Type-7 : किसी विशेष दर पर खरीदी व बेची गई वस्तुओं पर आधारित प्रश्न

71. एक विक्रेता 60% लाभ पर 3 रूपए में 15 नींबू बेचता है। उसने एक रूपए में कितने नींबू खरीदे थे?

(a) 7 (b) 8
(c) 10 (d) 9

RRB NTPC (Stage-2) 16/06/2022 (Shift-III)

Ans. (b) : प्रश्नानुसार,

1 नींबू का विक्रय मूल्य $= \frac{3}{15} = \frac{1}{5}$

1 नींबू का क्रय मूल्य $= \frac{100}{160} \times \frac{1}{5} = ₹\ \frac{1}{8}$

अतः विक्रेता 1 रूपयें में 8 नींबू खरीदता है।

72. एक विक्रेता ने 200 क्विंटल गेहूं ₹1,200 प्रति क्विंटल की दर से खरीदे। उसने ₹10,000 उसके परिवहन और भंडारण पर खर्च किये। यदि वह ₹13 प्रति kg की दर से यह गेहूँ बेचता है, तो विक्रेता का लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

(a) 1% (b) 3%
(c) 2% (d) 4%

RRB NTPC 21.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d**) :** ∵ गेहूं का क्रय-मूल्य

$= 1200 \times 200 + 10000 = ₹\ 2,50,000$

∵ ₹ 13 प्रति किग्रा की दर से बेचने पर कुल मूल्य

$= 13 \times 200 \times 100 = ₹\ 260,000$

लाभ % $= \frac{260000 - 250000}{250000} \times 100$

$= \frac{10000}{250000} \times 100$

$= 4\%$

73. रहीम ने ₹45/kg की दर से 20 kg संतरे खरीदे और ₹54/kg की दर से बेचे। इस अवधि दौरान 1.5 kg संतरे खराब हो गए। यदि उसने खराब संतरे ₹10/kg की दर से बेचे। उसका कुल लाभ या हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

(a) 14% हानि (b) 14% लाभ
(c) $12\frac{2}{3}\%$ लाभ (d) $12\frac{2}{3}\%$ हानि

RRB NTPC 10.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : रहीम द्वारा ₹45/kg की दर से 20 kg संतरे खरीदने में लगी राशि $= 45 \times 20 = ₹900$

₹54/kg की दर से 18.5 kg संतरे बेचने पर

प्राप्त राशि $= 54 \times 18.5 = 999$

₹10/kg की दर से 1.5 kg खराब संतरे बेचने पर

प्राप्त राशि $= 1.5 \times 10 = 15$

कुल विक्रय मूल्य $= 999 + 15 = ₹1014$

लाभ = विक्रय मूल्य − क्रय मूल्य

$= 1014 - 900 = 114$

लाभ % $= \frac{114}{900} \times 100 = \frac{38}{3}\% = 12\frac{2}{3}\%$

74. एक विक्रेता ने ₹10 में 6 की दर से केले खरीदे और ₹6 में 4 की दर से बेच दिए। प्रतिशत में लाभ या हानि ज्ञात कीजिए।

(a) 20% (b) 10%
(c) 90% (d) 30%

RRB NTPC 19.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : क्रय मूल्य $\rightarrow$ 6 केले का मूल्य $= ₹10$

1 केले का मूल्य $= ₹\frac{10}{6}$

विक्रय मूल्य $\rightarrow$, 4 केले का मूल्य $= ₹6$

1 केले का मूल्य $= ₹\frac{6}{4}$

लाभ/हानि = विक्रय मूल्य − क्रय मूल्य

$= \frac{6}{4} - \frac{10}{6} = \frac{18-20}{12} = \frac{-2}{12}$

$= -\frac{1}{6}$ {∵ ऋणात्मक चिन्ह हानि का प्रतीक है}

∴ हानि % $= \frac{\frac{1}{6}}{\frac{10}{6}} \times 100$

$= \frac{1}{6} \times \frac{6}{10} \times 100$

$= 10\%$

75. एक आदमी ₹16 से 20 वस्तुए खरीदता है और उन्हें ₹1.50 प्रति वस्तु की दर से बेचता है। उसका प्रतिशत लाभ ज्ञात कीजिए।

(a) 87.5% (b) 86.5%
(c) 85.5% (d) 84.5%

RRB NTPC 09.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : प्रश्न से,

20 वस्तुओं का क्रय मूल्य $= ₹16$

∴ 1 वस्तु का क्रय मूल्य $= \frac{16}{20} = ₹0.8$

1 वस्तु का विक्रय मूल्य $= ₹1.5$

लाभ = विक्रय मूल्य − क्रय मूल्य

$= 1.5 - 0.8$

$= ₹0.70$

% लाभ $= \frac{0.7}{0.8} \times 100\%$

$= \frac{7}{8} \times 100\%$

$= 87.5\ \%$

76. शबीहा ने अपनी दुकान के लिए ₹8 प्रति कप की दर पर 240 कप खरीदे। परिवहन के दौरान, 24 कप क्षतिग्रस्त हो गए, और उसने शेष कपों को ₹12 प्रति कप की दर पर बेचा। उसका कुल प्रतिशत लाभ ज्ञात कीजिए।

(a) 45% (b) 30%
(c) 40% (d) 35%

RRB NTPC 07.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : ₹ 8 प्रति कप की दर से 240 कप का क्रय मूल्य
$= 240 \times 8$
$= ₹\ 1920$

∵ 24 कप क्षतिग्रस्त हो गए
तो शेष कप $= 240 - 24 = 216$
₹ 12 प्रति कप की दर से 216 कप का विक्रय मूल्य
$= 216 \times 12$
$= ₹\ 2592$

अतः प्रतिशत लाभ $= \frac{2592-1920}{1920} \times 100\%$
$= \frac{67200}{1920}$
$= 35\%$

77. एक आदमी ने ₹50 में 5 के भाव पर कुछ सेब खरीदे और फिर उसने उतने ही सेब ₹50 में 6 के भाव पर खरीदे। यदि वह खरीदे गए सभी सेबों को ₹100 में 11 के भाव पर बेचता है, तो उसे कितने प्रतिशत का लाभ या हानि हुई?

(a) $\frac{100}{121}\%$ हानि (b) $\frac{100}{121}\%$ लाभ
(c) $\frac{121}{100}\%$ लाभ (d) $\frac{121}{100}\%$ हानि

RRB NTPC 03.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : 50₹ में 5 के भाव से खरीदे गये प्रत्येक सेब का क्रय मूल्य $= ₹\frac{50}{5}$

50₹ में 6 के भाव से खरीदे गये प्रत्येक सेब का क्रय मूल्य $= ₹\frac{50}{6}$

दो सेब (एक ₹50 में 5 के भाव से + एक ₹50 में 6 के भाव से) का क्रय मूल्य =

$\frac{50}{5}+\frac{50}{6} \Rightarrow ₹\frac{55}{3}$

$\therefore$ 1 सेब का क्रय मूल्य $= \frac{55}{2\times 3}$
$= ₹\ (55/6)$

1 सेब का विक्रय मूल्य $= ₹\ (100/11)$

$\Rightarrow \therefore$ हानि $\% = \frac{\frac{605-600}{66}}{(55/6)} \times 100$

$\Rightarrow$ हानि $\% = \frac{100}{121}\%$

78. एक व्यक्ति ने ₹1,000 में 20 दर्जन आम खरीदे। उनमें से 40 आम सड़े गले निकले और बेंचे नहीं जा सकेंगे। उसे 30% का लाभ प्राप्त करने के लिए बचे हुए आमों को कितने रुपए प्रति दर्जन के मूल्य पर बेंचना होगा?

(a) ₹78 (b) ₹80
(c) ₹72 (d) ₹70

RRB NTPC 15.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : 20 दर्जन आम का क्रय मूल्य $= ₹\ 1000$
20 दर्जन $= 20 \times 12 = 240$ आम
40 आम सड़े निकले तो,
शेष बचे आम $= 240 - 40 = 200$

30 % लाभ पर 1 आम का विक्रय मूल्य $= \frac{1000}{200} \times \frac{130}{100} = \frac{13}{2}$

30 % लाभ पर 1 दर्जन आम का वि.मू. $= \frac{13}{2} \times 12 = ₹78$

79. 2 पेंसिल, 4 पेन और 8 रबड़ का मूल्य 12 रूपये है तथा 8 पेन, 10 पेंसिल और 4 रबड़ का मूल्य 36 रूपये है। 3 पेंसिल, 3 पेन और 3 रबड़ का मूल्य कितना होगा?

(a) ₹10 (b) ₹15
(c) ₹12 (d) ₹18

RRB NTPC 02.04.2016 Shift : 3

Ans : (c) माना प्रत्येक पेंसिल, पेन तथा रबड़ का मूल्य क्रमशः x, y तथा z रूपये है।
प्रश्न से-
$2x + 4y + 8z = 12$
$10x + 8y + 4z = 36$
$12x + 12y + 12z = 48$
$x + y + z = 4$
$\therefore 3x + 3y + 3z = 4 \times 3 = 12$ रूपये

80. ₹160 में 90 चॉकलेट बेचने पर एक चॉकलेट व्यापारी को 20% की हानि होती है। 20% का लाभ कमाने के लिए उसे ₹96 में कितनी चॉकलेट बेचनी चाहिए?

(a) 45 (b) 36
(c) 54 (d) 28

RRB NTPC 03.04.2016 Shift : 1

Ans : (b) ∵ 90 चॉकलेट का विक्रय मूल्य = ₹ 160

$\therefore$ 1 चॉकलेट का विक्रय मूल्य $= ₹\frac{160}{90} = ₹\ \frac{16}{9}$

1 चाकलेट का क्रय मूल्य $= \frac{16}{9} \times \frac{100}{(100-20)} = \frac{16}{9} \times \frac{100}{80}$
$= ₹\frac{20}{9}$

20% लाभ प्राप्त करने के लिए 1 चाकलेट का वि. मू.
$= \frac{20}{9} \times \frac{100+20}{100} = \frac{20}{9} \times \frac{120}{100}$

1 चाकलेट का वि. मू. $= ₹\frac{8}{3}$

अर्थात ₹1 में चाकलेटों की संख्या $= \frac{3}{8}$

$\therefore$ ₹ 96 में चाकलेटो की संख्या $= 96 \times \frac{3}{8} = 36$

81. विकास ₹4 के 5 केले खरीदता है ₹5 में 4 केले बेच देता है। उसका लाभ % ज्ञात कीजिए

(a) 55.56% (b) 53.25%
(c) 45.50% (d) 56.25%

RRB NTPC 16.04.2016 Shift : 3

Ans : (d) ∵ 5 केले का क्रय मू. = ₹4

∴ 1 केले का क्रय मू. $=\frac{4}{5}$

4 केले का विक्रय मू. = 5

1 केले का विक्रय मू. = $\frac{5}{4}$

लाभ = विक्रय मू. - क्रय मू.

$=\frac{5}{4}-\frac{4}{5}=\frac{25-16}{20}$

लाभ = $\frac{9}{20}$

अतः लाभ% $=\frac{9}{20}\times100\times\frac{5}{4}=\frac{225}{4}$ = 56.25%

82. एक आदमी ₹3 के 10 संतरे खरीदता है और ₹3 में 8 के हिसाब से बेचता है; लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

(a) 20% (b) 25%
(c) 27% (d) 30%

RRB NTPC 27.04.2016 Shift : 3

Ans : (b) 1 संतरे का क्रय मूल्य = ₹ $\frac{3}{10}$

1 संतरे का वि.मू. = ₹ $\frac{3}{8}$

लाभ% $=\left(\frac{\frac{3}{8}-\frac{3}{10}}{\frac{3}{10}}\times100\right)\% =\left(\frac{\frac{30-24}{80}}{\frac{3}{10}}\times100\right)\%$

$=\left(\frac{6}{80}\times\frac{10}{3}\times100\right)\%$ = 25%

Type-8 : विविध

83. ऋतिक एक मेज को 37.5% के लाभ पर बेचता है। यदि उसने इसे 12.5% कम पर खरीदा होता, और इसे ₹330 कम पर बेचा होता, तो उसे 10% का लाभ प्राप्त होता। मेज का क्रय मूल्य ₹1,000 से कितने प्रतिशत कम हैं?

(a) 21% (b) 20%
(c) 23% (d) 22%

RRB NTPC (Stage-2) 17/06/2022 (Shift-III)

Ans. (b) : माना मेज का क्रय मूल्य = ₹x

विक्रय मूल्य = $\frac{x\times137.5}{100}$ = ₹$\frac{11x}{8}$

प्रश्नानुसार,

12.5% कम मूल्य में खरीदने पर वस्तु का क्रय मूल्य = $\frac{x\times87.5}{100}$

= ₹$\frac{7x}{8}$

नया विक्रय मूल्य = ₹$\left(\frac{11x}{8}-330\right)$

पुनः प्रश्नानुसार,

विक्रय मूल्य −क्रय मूल्य = लाभ

$\left(\frac{11x}{8}-330\right)-\frac{7x}{8}=\frac{7x}{8}\times\frac{10}{100}$

$\frac{11x-2640}{8}=\frac{7x}{8}+\frac{7x}{80}$

$\frac{11x-2640}{8}=\frac{70x+7x}{80}$

110x–26400 = 77x

33x = 26400

x = ₹ 800

अभीष्ट कमी% $=\frac{1000-800}{1000}\times100=\frac{200}{10}=20\%$

84. एक दुकानदार ने कुछ वस्तुएं ₹77/- प्रत्येक की दर से बेची और 40% लाभ कमाया। यदि लाभ 6% हो, तो प्रत्येक वस्तु का विक्रय मूल्य क्या होगा?

(a) ₹59.75 (b) ₹60.40
(c) ₹62.50 (d) ₹58.30

RRB NTPC 04.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : एक वस्तु को ₹77 की दर से बेचा जाता है

माना क्र.मू. 100% पर लाभ 40% लेकर 140% पर बेचता है।

140% = ₹77

$1\%=\frac{77}{140}$

$100\%=\frac{77}{140}\times100$

क्र.मू. = ₹55

अब 6% लाभ लेने के लिए वस्तु को 106% में बेचना पड़ेगा।

100% = ₹55

$1\%=\frac{55}{100}$

$106\%=\frac{55}{100}\times106$ = ₹58.30

प्रत्येक वस्तु का विक्रय मूल्य ₹58.30 होगा।

85. रूपर्ट ने ₹4,600 में एक पुराना टीवी खरीदा, इसको ठीक करवाने के लिए उसने कुछ और पैसे खर्च किए, और उसके बाद इसे ₹5,406 में बेचा, इससे उसे 6% लाभ हुआ। रूपर्ट ने टीवी ठीक करवाने में कितना खर्च किया?

(a) ₹600 (b) ₹500
(c) ₹450 (d) ₹400

RRB NTPC 02.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : माना टीवी को ठीक करवाने में लगा खर्च = ₹x

टीवी का क्रय मूल्य = ₹4600 + x

टीवी का विक्रय मूल्य = ₹5406

लाभ % $=\frac{806-x}{4600+x}\times100$

$6=\frac{806-x}{4600+x}\times100$

27600 + 6x = 80600 − 100x

106x = 53000

x = ₹500

86. क्रय मूल्य पर कितने प्रतिशत लाभ, विक्रय मूल्य पर 20% लाभ के बराबर है?

(a) 28% (b) 30%
(c) 25% (d) 22%

RRB NTPC 31.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) :

$$\text{लाभ } \% = 20\% = \frac{20}{100} = \frac{1}{5}$$

विक्रय मूल्य = 5 Unit

लाभ = 1 Unit

क्रय मूल्य = 5 – 1 = 4 Unit

$$\text{लाभ } \% = \frac{1}{4} \times 100 = 25\%$$

87. यदि छूट और प्रतिशत लाभ दोनों ही 20% है, तो अंकित मूल्य, क्रय मूल्य से कितने प्रतिशत अधिक है?

(a) 50% (b) 40%
(c) 70% (d) 60%

RRB NTPC 24.07.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : छूट = 20%

लाभ % = 20%

माना अंकित मूल्य = ₹100

$$\text{विक्रय मूल्य} = \frac{100 \times 80}{100} = ₹80$$

$$\text{क्रय मूल्य} = \frac{\text{विक्रय मूल्य} \times 100}{100 + \text{लाभ}\%} = \frac{80 \times 100}{120} = ₹\ \frac{200}{3}$$

$$\text{क्रय मूल्य के सापेक्ष बढ़ा हुआ अंकित मूल्य} = 100 - \frac{200}{3}$$

$$= ₹\ \frac{100}{3}$$

$$\text{प्रतिशत वृद्धि} = \frac{\frac{100}{3}}{\frac{200}{3}} \times 100$$

$$\text{प्रतिशत वृद्धि} = \frac{100 \times 100 \times 3}{3 \times 200}\% = 50\%$$

88. 120 पेनों का क्रय मूल्य, x पेनों के विक्रय मूल्य के बराबर है। यदि लाभ 25% है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

(a) 91 (b) 95
(c) 96 (d) 90

RRB NTPC 16.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : 120 पेनों का क्रय मूल्य = x पेनो का विक्रय मूल्य

$$\frac{\text{क्रय मूल्य}}{\text{विक्रय मूल्य}} = \frac{x}{120}$$

$$\text{लाभ } \% = \frac{\text{विक्रय मूल्य - क्रय मूल्य}}{\text{क्रय मूल्य}} \times 100$$

$$25 = \frac{120 - x}{x} \times 100$$

$$x = 120 \times 4 - 4x$$

$$5x = 120 \times 4$$

$$x = \frac{120 \times 4}{5}$$

$$x = 96$$

89. प्रतिशत मुनाफे के संदर्भ में इनमें से कौन सा सौदा सबसे सर्वेश्रेष्ठ होगा?

(a) क्रय मूल्य = 60, मुनाफा = 32 रु.
(b) क्रय मूल्य= 80, मुनाफा = 44 रु.
(c) क्रय मूल्य= 50 , मुनाफा = 26 रु.
(d) क्रय मूल्य= 70, मुनाफा = 40 रु.

RRB NTPC 18.01.2017 Shift : 3

Ans : (d)

$$\text{(a) } P\% = \frac{32 \times 100}{60} = 53.33\%$$

$$\text{(b) } P\% = \frac{44 \times 100}{80} = 55\%$$

$$\text{(c) } P\% = \frac{26 \times 100}{50} = 52\%$$

$$\text{(d) } P\% = \frac{40 \times 100}{70} = \boxed{57.14\%}$$

अत: विकल्प (d) में किया गया सौदा सर्वश्रेष्ठ होगा।

90. जॉन चार पुराने ट्रैक्टर 2 लाख रुपये में खरीदता है। उसने इन चार ट्रैक्टरों के रख-रखाव और मरम्मत में कुल 3 लाख खर्च किए। यदि वह चार ट्रैक्टर से एक ट्रैक्टर पहले से ही 1 लाख रुपये में बेच देता है, तो 40 प्रतिशत कुल लाभ प्राप्त करने के लिए बाकी 3 ट्रैक्टरों का औसत विक्रय मूल्य क्या है?

(a) ₹ 1.5 लाख (b) ₹ 1.2 लाख
(c) ₹ 2 लाख (d) ₹ 2.3 लाख

RRB NTPC 19.04.2016 Shift : 3

Ans : (c)

चारों ट्रैक्टर पर कुल लागत मूल्य = 2 + 3

= ₹ 5 लाख

40 प्रतिशत लाभ प्राप्त करने के लिए ट्रैक्टर का विक्रय मूल्य

$$= \frac{5 \times 140}{100} = 7 \text{ लाख}$$

∵ एक ट्रैक्टर ₹1 लाख में बेचा जाता है।

$$\therefore \text{ बाकी 3 ट्रैक्टर का औसत विक्रय मूल्य } = \frac{7 - 1}{3} = 2 \text{ लाख}$$

08.

छूट (Discount)

1. यदि किसी वस्तु का विक्रय मूल्य, इस पर प्रदान की गई छूट के 3 गुने के बराबर है और यदि छूट का प्रतिशत, लाभ प्रतिशत के बराबर हो, तो प्रदान की गई छूट और क्रय मूल्य का अनुपात ज्ञात कीजिए।

(a) 7 : 12 (b) 7 : 6
(c) 5 : 12 (d) 7 : 11

RRB NTPC 02.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : माना वस्तु पर प्रदान की गई छूट = 100

विक्रय मूल्य = 300

अंकित मूल्य = 400

$$\text{छूट \%} = \frac{100}{400}\times 100$$

$$= 25\%$$

अतः लाभ % = 25%

$$\text{क्रय मूल्य} = 300\times\frac{100}{125}$$

$$= 240$$

छूट : क्रय मूल्य = 100 : 240

= 5 : 12

2. 10% की छूट घोषित करने के बाद 25% लाभ प्राप्त करने के लिए, दुकानदार को ₹360 क्रय मूल्य वाली वस्तु पर कितना मूल्य अंकित करना होगा?

(a) ₹460 (b) ₹486
(c) ₹500 (d) ₹450

RRB NTPC 07.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : माना वस्तु का अंकित मूल्य = ₹ x

वस्तु का क्रय मूल्य = ₹ 360

प्रश्नानुसार,

$$\text{क्र0मू0 (CP)} = \frac{\text{अंकित मूल्य}(100-\text{छूट\%})}{(100+\text{लाभ\%})}$$

$$360 = \frac{x\times(100-10)}{(100+25)}$$

$$x = \frac{360\times 125}{90}$$

x = ₹ 500

अतः वस्तु का अंकित मूल्य = ₹ 500

3. रामू ने एक टीवी सेट अंकित मूल्य पर 25% की छूट के बाद घटे हुए मूल्य पर 15% की अतिरिक्त छूट पर खरीदा। यदि अंकित मूल्य ₹12000 था तो उसने टीवी सेट किस मूल्य पर खरीदा?

(a) ₹7650 (b) ₹7560
(c) ₹7000 (d) ₹7600

RRB NTPC 11.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : अभीष्ट क्रय मूल्य = अंकित मूल्य पर दी गई छूट विक्रय मूल्य के बराबर होगी।

$$= ₹12000\times\frac{75}{100}\times\frac{85}{100} = ₹\ 7650$$

4. बिग मार्ट कार्ड से भुगतान करने पर 5% की छूट देता है। किसी वस्तु पर 10% का लाभ प्राप्त करने के लिए अंकित मूल्य, क्रय मूल्य से कितने प्रतिशत अधिक होना चाहिए?

(a) $15\frac{5}{19}\%$ (b) $14\frac{16}{19}\%$
(c) $16\frac{14}{19}\%$ (d) $15\frac{15}{19}\%$

RRB NTPC 01.02.2021 (Shift-II) Stage I

Ans. (d) : माना अंकित मूल्य x तथा क्र0 मू0 100 है

छूट = 5% अर्थात 95% दाम अंकित मूल्य पर रखता है तथा 10% लाभ भी लेता है

प्रश्नानुसार, $x\times\frac{95}{100}=110$

$$x = \frac{110\times 100}{95} = \frac{2200}{19} = 115\frac{15}{19}$$

चूकि क्र0मू0 100 है, इसलिए अंकित मूल्य $115\frac{15}{19}$ होगा।

अतः अंकित मूल्य, क्रय मूल्य से $15\frac{15}{19}\%$ अधिक रखेगा

5. एक पेंटिंग को यदि 5% की छूट के बाद ₹5,225 में बेचा गया, तो पेंटिंग का अंकित मूल्य ज्ञात कीजिए।

(a) ₹5,550 (b) ₹5,500
(c) ₹5,200 (d) ₹5,575

RRB NTPC 19.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : पेटिंग पर अंकित मूल्य = $5225\times\frac{100}{95}$

= 55 × 100

= ₹5500

6. 12 संतरों का क्रय मूल्य, 9 संतरों के विक्रय मूल्य के बराबर है और 10 संतरों पर प्रदान की गई छूट 5 संतरों पर प्राप्त लाभ के बराबर है। छूट का प्रतिशत (दशमलव के बाद 2 अंकों तक) ज्ञात कीजिए।

(a) 33.33 (b) 44.44
(c) 11.11 (d) 16.67

RRB NTPC 23.07.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : प्रश्नानुसार, 12CP = 9SP

$$\frac{CP}{SP}=\frac{9}{12}=\frac{3\times2}{4\times2}=\frac{6}{8}$$

10 छूट = 5 लाभ

$$\frac{\text{छूट}}{\text{लाभ}}=\frac{5}{10}=\frac{1}{2}$$

CP : SP = 6 : 8 और D : P = 1: 2

माना क्रय मूल्य = 6x

विक्रय मूल्य = 8x लाभ = 8x – 6x = 2x

तो छूट = x ..... $\left[\because \frac{D}{P}=\frac{1}{2}\text{ है}\right]$

अंकित मूल्य = 8x + x = 9x

छूट % $=\frac{x}{9x}\times100=11.11\%$

7. एक दुकानदार वस्तुओं पर उनके क्रय मूल्य से 20% अधिक मूल्य अंकित करता है। उसके बाद वह उन पर छूट देता है और 8% लाभ कमाता है। दुकानदार द्वारा प्रदान की गई छूट की दर ज्ञात कीजिए।

(a) 12% (b) 4%
(c) 10% (d) 6%

RRB NTPC 17.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : माना वस्तु का क्रय मूल्य (CP) = ₹100

अंकित मूल्य (MP) = ₹120

$$\frac{MP}{CP}=\frac{100+P}{100-D}$$

$$\frac{120}{100}=\frac{100+8}{100-D}$$

$$\frac{6}{5}=\frac{108}{100-D}$$

600 – 6D = 540

6 D = 60

D = 10%

8. एक टीवी सेट का वास्तविक मूल्य ₹9,000 है। इसके मूल्य में 20% की छूट दी जाती है और फिर इसे 10% बढ़ाया जाता है। इसका नया मूल्य ज्ञात कीजिए।

(a) ₹9,000 (b) ₹9,920
(c) ₹7,920 (d) ₹7,900

RRB NTPC 05.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : टीवी का वास्तविक मूल्य = ₹9000

20% छूट के बाद टीवी का मूल्य = $9000\times\frac{80}{100}$ = ₹7200

10% बढ़ाने के बाद टीवी का मूल्य = $\frac{7200\times110}{100}$ = ₹7920

अतः टीवी का नया मूल्य = ₹7920

9. राहुल ने 25% की छूट पर एक स्वेटर खरीदा और ₹200 की बचत की। छूट दिए जाने से पहले स्वेटर का मूल्य कितना था?

(a) ₹650 (b) ₹400
(c) ₹800 (d) ₹600

RRB NTPC 29.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : माना छूट दिए जाने से पहले स्वेटर का मूल्य = ₹ x

प्रश्नानुसार,

$$x\times\frac{25}{100}=200$$

x = ₹ 800

10. यदि किसी बिल की राशि में 10% कमी हो जाती है, तो ₹ 279 का भुगतान किया जाता है। मूल बिल कितना है?

(a) ₹ 280 (b) ₹ 300
(c) ₹ 310 (d) ₹ 330

RRB NTPC 20.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : माना मूल बिल = ₹x

मूल बिल में 10% की कमी करने पर वर्तमान बिल = 0.9x

प्रश्नानुसार,

$$0.9x=279$$

$$x=\frac{279}{0.9}$$

x = ₹310

11. एक कंपनी नकद खरीद पर 5% की छूट प्रदान करती है। यदि एक बाइक का अंकित मूल्य ₹75,200 है, तो दर्शन को कंपनी से नकद में बाइक खरीदने पर कितना भुगतान करना होगा?

(a) ₹ 74,000 (b) ₹ 70,450
(c) ₹ 72,540 (d) ₹ 71,440

RRB NTPC 11.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : दिया है, छूट = 5%

अंकित मूल्य = ₹75200

विक्रय मूल्य = $75200\times\frac{95}{100}$

= ₹71440

अतः दर्शन द्वारा भुगतान की गई राशि = ₹71440

12. एक दुकानदार एमआरपी (MRP) पर 20% की छूट देता है। जोगिंदर उस दुकान से कम हुए मूल्य पर 20 % की अतिरिक्त छूट लेकर एक सूटकेस खरीदता है। यदि एमआरपी (MRP) ₹1,200 है, तो जोगिंदर द्वारा सूटकेस के लिए भुगतान किया गया खरीद मूल्य ज्ञात करें।

(a) ₹ 864 (b) ₹ 768
(c) ₹ 800 (d) ₹ 600

RRB NTPC 12.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) जोगिंदर द्वारा सूटकेस के लिए भुगतान किया गया मूल्य

$$=1200\times\frac{(100-20)}{100}\times\frac{(100-20)}{100}$$

$$=1200\times\frac{80}{100}\times\frac{80}{100}$$

$$=12\times64$$

= ₹ 768

13. एक सेल्समैन एक लैपटॉप के अंकित मूल्य पर 25% की शुरुआती छूट देने के बाद, 20% की अतिरिक्त छूट प्रदान करता है। यदि लैपटॉप का अंतिम विक्रय मूल्य ₹18,000 है, तो उसका अंकित मूल्य कितना था?

(a) ₹35,000 (b) ₹40,000
(c) ₹30,000 (d) ₹28,000

RRB NTPC 15.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : माना अंकित मूल्य ₹ x हैं।
प्रश्नानुसार-

$$x \times \frac{75}{100} \times \frac{80}{100} = 18000$$

$$\boxed{x = ₹30,000}$$

14. एक दुकानदार अपनी वस्तुओं पर इस तरह मूल्य अंकित करता है कि 20% छूट देने के उपरांत भी उसको 8% का लाभ होता है। उन वस्तुओं का अंकित मूल्य ज्ञात कीजिए, जिसकी लागत उसे ₹500 पड़ती है।

(a) ₹765 (b) ₹875
(c) ₹575 (d) ₹675

RRB NTPC 30.12.2020 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : दिया है,

क्रय मूल्य = ₹ 500
छूट = 20%
लाभ = 8%

$$\frac{\text{अंकित मूल्य}}{\text{क्रय मूल्य}} = \frac{100 + \text{लाभ}\%}{100 - \text{छूट}\%}$$

$$\frac{\text{अंकित मूल्य}}{500} = \frac{100+8}{100-20}$$

$$\text{अंकित मूल्य} = \frac{108}{80} \times 500$$

अंकित मूल्य = ₹675

15. दो उपकरण जिनका क्रय मूल्य क्रमश: रु. 15,000 तथा 20,000है, उन पर क्रमश: 8% और 12% की छूट दी जाती है । कुल विक्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

(a) ₹ 30,200 (b) ₹ 28,600
(c) ₹ 31,400 (d) ₹ 31,800

RRB NTPC 26.04.2016 Shift : 1

Ans : (c) प्रथम उपकरण का क्र.मू. = ₹15, 000
छूट = 8%

$$\left[\text{वि0मू0} = \frac{\text{क्र0मू0} \times (100 - \text{छूट})}{100}\right]$$

$$\text{वि.मू.} = \frac{15000 \times (100-8)}{100} = \frac{15000 \times 92}{100} = 150 \times 92$$

प्रथम उपकरण का वि.मू. = ₹13, 800
दूसरे उपकरण का क्रय मू0 = ₹20, 000
छूट = 12%

$$\text{वि.मू.} = \frac{20000 \times (100-12)}{100} = 200 \times 88$$

दूसरे उपकरण का वि.मू. = ₹17600
कुल वि.मू. = 13,800+17,600 = ₹31,400

16. 25%, 20% और 10% के क्रमिक बट्टों के समतुल्य एक अकेला बट्टा है?

(a) 40% (b) 46% (c) 50% (d) 54%

RRB NTPC 03.04.2016 Shift : 3

Ans : (b)

$$\text{बट्टा} = 100 \times \frac{75}{100} \times \frac{80}{100} \times \frac{90}{100} = 54\%$$

समतुल्य बट्टा = 100–54 = 46%

17. अंकित मूल्य पर 20% की छूट देने के पश्चात किशोर 12% का लाभ कमाता है। अंकित मूल्य, क्रय मूल्य से कितने प्रतिशत अधिक है?

(a) 40% (b) 32%
(c) 25% (d) 8%

RRB NTPC 29.03.2016 Shift : 1

Ans : (a) माना अंकित मूल्य ₹100 है

$$\therefore \text{ विक्रय मूल्य} = 100 \times \frac{100-20}{100} = ₹80$$

$$\text{वस्तु का क्रय मूल्य} = 80 \times \frac{100}{100+12} = 80 \times \frac{100}{112}$$

$$= \frac{5 \times 100}{7} = ₹\frac{500}{7}$$

$$\text{अंकित मूल्य-क्रय मूल्य} = 100 - \frac{500}{7} = \frac{200}{7}$$

$$\text{अभीष्ट प्रतिशतता} = \frac{\frac{200}{7}}{\frac{500}{7}} \times 100 = \frac{200}{500} \times 100 = 40\%$$

18. एक वस्तु 10% की छूट पर ₹3,600 में बेची गयी। यदि छूट 15% हो तो वस्तु का विक्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

(a) ₹3,600 (b) ₹4,000
(c) ₹3,800 (d) ₹3,400

RRB NTPC 05.04.2016 Shift : 3

Ans :(d) माना वस्तु का विक्रय मूल्य = ₹x

$$10\% \text{ छूट के पश्चात् विक्रयमूल्य} = x \times \frac{90}{100}$$

$$3600 = x \times \frac{90}{100}$$

x = 4000 रु.

15% छूट के पश्चात् विक्रयमूल्य

$$= 4000 \times \frac{85}{100} = ₹3400$$

19. एक व्यापारी अपने सामान पर क्रय मूल्य से 20% ज्यादा अंकित करता है। यदि वह 5% की छूट देता है तो अंतिम प्राप्त लाभ का प्रतिशत कितना होगा?

(a) 12% (b) 14%
(c) 15% (d) 18%

RRB NTPC 03.04.2016 Shift : 1

Ans : (b) माना क्रय मूल्य = ₹100 है तब प्रश्नानुसार

$$\text{विक्रय मूल्य} = 100 \times \left(\frac{100+20}{100}\right) \times \left(\frac{100-5}{100}\right)$$

$= 100 \times \frac{120}{100} \times \frac{95}{100} = ₹114$

लाभ = S.P.- C.P

$= ₹114 - ₹100 = ₹14$

लाभ% = $\left(\frac{14}{100} \times 100\right)\% = 14\%$

Trick: (लाभ/हानि)% $= \pm x \pm y \pm \frac{xy}{100}$ + → वृद्धि

$= +20 - 5 + \frac{20 \times (-5)}{100}$ - → कमी

$= +20 - 5 - 1$

लाभ = 14%

20. छूट (प्रतिशत में) ज्ञात कीजिए, यदि ₹90 अंकित मूल्य की एक किताब ₹76 में बेची जाती है।

(a) 14.65% (b) 15.56%

(c) 13.45% (d) 14.75%

RRB NTPC 18.01.2017 Shift : 1

Ans : (b) छूट % $= \frac{90 - 76}{90} \times 100$

$= \frac{14}{90} \times 100 = \frac{140}{9} = 15.56\%$

21. मनीष ने एक मोबाइल फोन अंकित मूल्य पर 50% छूट के बाद खरीदा और उसे अपने क्रय मूल्य का 35% लाभ पर ₹8100 में बेच दिया। अंकित मूल्य क्या था?

(a) ₹8000 (b) ₹12000

(c) ₹100000 (d) ₹9000

RRB NTPC 19.04.2016 Shift : 1

Ans : (b) माना मोबाइल फोन का अंकित मूल्य = x रु.

क्रय मूल्य $= x \times \frac{50}{100} = \frac{x}{2}$ रु.

∴ विक्रय मूल्य $= \left(\frac{100 + 35}{100}\right) \times \frac{x}{2}$

$8100 = \frac{135}{100} \times \frac{x}{2}$

$x = \frac{8100 \times 100 \times 2}{135} = ₹12000$

22. शीला अपने ग्राहकों को अंकित मूल्य पर अधिकतम कितने % की छूट दे सकती है कि उसे अपना सामान बेचने पर ना तो लाभ हो और ना ही हानि हो, यदि उसने पहले से ही क्रय मूल्य 25% ज्यादा अंकित कर रखी हो?

(a) 25 (b) 20

(c) 30 (d) 40

RRB NTPC 19.04.2016 Shift : 2

Ans : (b) माना क्रय मूल्य = ₹100

∴ अंकित मूल्य = ₹125

∵ (न लाभ हो, न हानि हो) इस दशा में सामान बेचने के लिए अंकित मूल्य पर दी गयी छूट x% है।

प्रश्नानुसार,

$125 \times \frac{(100 - x)}{100} = 100$

$(100 - x) = \frac{100 \times 100}{125}$

$\Rightarrow 100 - x = 80$

$\Rightarrow x = 100 - 80$

$\Rightarrow x = 20\%$

23. अंकित कीमत पर 40% छूट देने पर भी एक जैकेट 20% लाभ पर ₹600 में विक्रय किया गया। यदि यह अंकित कीमत पर बेचा जाता है तो प्रतिशत लाभ क्या होगा।

(a) 50% (b) 75%

(c) 100% (d) 125%

RRB NTPC 18.04.2016 Shift : 2

Ans : (c) $MP \times \left(\frac{100 - \text{छूट}\%}{100}\right) = SP$

$MP \times \frac{60}{100} = 600$

$MP = \frac{600 \times 100}{60}$

MP = ₹1000

$CP = SP \times \frac{100}{100 + 20}$

$CP = 600 \times \frac{100}{120}$

CP = ₹500

लाभ% = 1000 – 500 = ₹500

लाभ% $= \frac{500}{500} \times 100 = 100\%$

24. राम नरेश एक बैग खरीदता है जिसका अंकित मूल्य 400 रूपये है, वह इसे दो क्रमागत छूट के बाद 160 रूपये में खरीदता है। यदि दूसरी छूट 20% है, तो पहली छूट ज्ञात कीजिए।

(a) 40% (b) 30%

(c) 50% (d) 80%

RRB NTPC 16.04.2016 Shift : 1

Ans : (c) माना पहली छूट = D_1%

प्रश्न से,

$400 \times \left(\frac{100 - D_1}{100}\right)\left(\frac{100 - D_2}{100}\right) = 160$

$\Rightarrow 400\left(\frac{100 - D_1}{100}\right) \times \left(\frac{100 - 20}{100}\right) = 160$

$\Rightarrow (100 - D_1) = \frac{160 \times 100 \times 100}{400 \times 80}$

$\Rightarrow (100 - D_1) = 50$

$D_1 = 100 - 50 = 50\%$

अत: पहली छूट = 50%

25. अपर्णा एक वस्तु पर उसके क्रय मूल्य से 50% अधिक मूल्य अंकित करती है। लगभग 10% लाभ पाने के लिए कितने प्रतिशत छूट दी जानी चाहिए?

(a) 27% (b) 25%
(c) 35% (d) 37%

RRB NTPC 12.04.2016 Shift : 3

Ans : (a) माना वस्तु का क्रय मूल्य = ₹100
∴ अंकित मूल्य = ₹150
तथा 10% लाभ पर विक्रय मूल्य = ₹110
∴ छूट %

$$\Rightarrow 150\times\frac{(100-D)}{100}=110$$

$$\Rightarrow (100-D)=\frac{110\times100}{150}$$

$$\Rightarrow 100-D=\frac{220}{3} \quad \Rightarrow D=100-\frac{220}{3}$$

$$\Rightarrow D=\frac{300-220}{3} \quad \Rightarrow D=\frac{80}{3}=26.66$$

$$\Rightarrow D\approx 27\%$$

26. एक व्यापारी ने एक वस्तु पर 50% अधिक मूल्य अंकित किया तथा बाद में उस पर 20% की छूट दी। छूट देने के बाद व्यापारी को कितने प्रतिशत लाभ मिला?

(a) 30% (b) 125%
(c) 25% (d) 20%

RRB NTPC 09.04.2016 Shift : 3

Ans : (d) माना वस्तु का क्रय मूल्य = ₹100
तब 50% अधिक करने पर अंकित मूल्य $= 100\times\frac{150}{100}=₹150$
20% छूट देने पर वि0 मू0 $=150\times\frac{80}{100}=₹120$
अभीष्ट लाभ प्रतिशत = 120-100 = 20%

27. छोटी तथा बड़ी कॉपियों पर अंकित मूल्य क्रमश: 10 रुपये तथा 15 रुपये है। एक छात्र 5 दर्जन छोटी कॉपी तथा 10 दर्जन बड़ी कॉपी 5% की कुल छूट पर खरीदता है। छूट की राशि ज्ञात कीजिए।

(a) ₹100 (b) ₹110
(c) ₹120 (d) ₹130

RRB NTPC 06.04.2016 Shift : 2

Ans : (c) छोटी कापी का कुल मूल्य = 5 × 12 × 10 = ₹600
बड़ी कापी का कुल मूल्य = 10 × 12 × 15 = ₹1800
∴ छूट की राशि $= (600+1800)\times\frac{5}{100}$

$$=2400\times\frac{5}{100}=₹120$$

28. 20 वस्तुओं का एक बॉक्स 20% की छूट के बाद ₹6400 में खरीदा गया। प्रत्येक वस्तु की कीमत बताइए?

(a) ₹300 (b) ₹350
(c) ₹400 (d) ₹450

RRB NTPC 27.04.2016 Shift : 2

Ans : (c)
एक वस्तु का मूल्य $=\frac{6400}{20}=₹320$
एक वस्तु का अंकित मूल्य $=\frac{320\times100}{80}=₹400$

29. पार्टी एक बेड 22% की छूट के बाद ₹16,725 में खरीदता है। बाद में वह यह पाता है कि यही स्टोर उस बेड को ऑनलाइन 15% छूट के बाद ₹15,685 में बेच रहा था। स्टोर से खरीदे गए बेड के अंकित मूल्य और ऑनलाइन बेड के अंकित मूल्य में क्या अन्तर है? (निकटतम ₹ में पूर्णांकित)

(a) ₹2989 (b) ₹2785
(c) ₹2897 (d) ₹2888

RRB NTPC 28.04.2016 Shift : 1

Ans : (a) स्टोर से खरीदे गये बेड का अंकित मूल्य

$$=16,725\times\frac{100}{100-22}=16,725\times\frac{100}{78}$$

= 21442.30 रु.
ऑनलाइन खरीद पर बेड का अंकित मूल्य

$$=15,685\times\frac{100}{100-15}=15,685\times\frac{100}{85}$$

= 18452.94 रु.
अभीष्ट अन्तर = 21442.30 – 18452.94
= 2989.36 = ₹2989

30. एक साड़ी 5% की छूट के बाद ₹ 5871 में बेची जाती है। उसका अंकित मूल्य ज्ञात कीजिए।

(a) 5577 (b) 6880
(c) 6180 (d) 5734

RRB NTPC 28.04.2016 Shift : 1

Ans : (c) साड़ी का अंकित मूल्य $=5871\times\frac{100}{100-5}$

$$=5871\times\frac{100}{95}=₹6180$$

31. एक दुकानदार ₹2000 अंकित मूल्य वाला एक स्टीरियो सिस्टम क्रमश: 10% और 15% की छूट के बाद खरीदता है। वह ₹70 पैक करवाने में खर्च करता है और ₹2000 में इसे बेच देता है। दुकानदार का प्रतिशत लाभ बताइये।

(a) कोई लाभ नहीं (b) 25%
(c) 30% (d) 35%

RRB NTPC 29.04.2016 Shift : 2

Ans : (b) स्टीरियो सिस्टम का क्रय मू0

$$=\frac{2000\times(100-10)}{100}\times\left(\frac{100-15}{100}\right)$$

$$=2000\times\frac{90}{100}\times\frac{85}{100}$$

$$=₹1530$$

कुल खर्च = 1530 + 70 = ₹1600
लाभ = 2000–1600 = 400

$$\text{लाभ }\% =\frac{\text{लाभ}\times100}{\text{क्रय मू0}}=\frac{400\times100}{1600}=25\%$$

09.

अनुपात एवं समानुपात (Ratio & Proportion)

Type-1 : अनुपात तथा समानुपात की मूल अवधारणा पर आधारित प्रश्न

1. एक गणित प्रश्नोत्तरी में कक्षा 10 के 64 विद्यार्थी भाग लेते हैं। यदि लड़कियों की संख्या, लड़कों की संख्या से 16 अधिक है, तो प्रश्नोत्तरी में भाग लेने वाले लड़कों की संख्या और विद्यार्थियों की कुल संख्या का अनुपात ज्ञात कीजिए।

(a) 4 : 9 (b) 3 : 5
(c) 3 : 8 (d) 5 : 8

RRB NTPC (Stage-2) 17/06/2022 (Shift-III)

Ans. (c) : माना लड़कों की संख्या = x
लड़कियों की संख्या = (x+16)
प्रश्नानुसार,

$\because$ x+x+16 = 64
2x = 48
x = 24

अतः लड़कों की संख्या = 24

लड़कों की संख्या का कुल विद्यार्थियों से अनुपात $= \frac{24}{64} = \frac{3}{8}$
या 3 : 8

2. ₹ 1,470 की राशि अनंत और मोहन के बीच 3:4 के अनुपात में बाँटी जाती है। मोहन को कितनी राशि प्राप्त हुई?

(a) ₹ 1,050 (b) ₹ 630
(c) ₹ 1,650 (d) ₹ 840

RRB NTPC (Stage-2) 13/06/2022 (Shift-II)

Ans. (d) : दी गई राशि =



मोहन का हिस्सा $= \frac{4}{7} \times 1470 =$ ₹ 840

3. x और y अनुक्रमानुपाती हैं, जब x= 37 है, तो y = 92.5 होता है। जब x=16 हो, तो y का मान क्या होगा?

(a) 32 (b) 40
(c) 48 (d) 24

RRB NTPC (Stage-2) 16/06/2022 (Shift-III)

Ans. (b) : प्रश्न से,

$k = \frac{x}{y} = \frac{37}{92.5} = \frac{1}{2.5}$

जब, $k = \frac{1}{2.5}$

$\frac{16}{y} = \frac{1}{2.5}$ $\{\because x = 16\}$

$y = 40$

4. यदि a : b = $\sqrt{7} : \sqrt{3}$ है, तो (3a + 2b) : (3a-2b) का मान इनमें से किसके बराबर होगा ?

(a) $\frac{2+\sqrt{21}}{\left(-2+\sqrt{21}\right)}$ (b) $\frac{2+\sqrt{21}}{\left(2-\sqrt{21}\right)}$

(c) $\frac{2+\sqrt{21}}{\left(-2-\sqrt{21}\right)}$ (d) $\frac{2-\sqrt{21}}{\left(2+\sqrt{21}\right)}$

RRB NTPC 16.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : दिया है :-

$a : b = \sqrt{7} : \sqrt{3} \Rightarrow \frac{a}{b} = \frac{\sqrt{7}}{\sqrt{3}}$

माना $a = \sqrt{7}$,$b = \sqrt{3}$

तब, (3a + 2b) : (3a – 2b)

$= \left(3\times\sqrt{7}+2\times\sqrt{3}\right) : \left(3\times\sqrt{7}-2\times\sqrt{3}\right)$

$= \left(3\sqrt{7}+2\sqrt{3}\right) : \left(3\sqrt{7}-2\sqrt{3}\right)$

$= \frac{3\sqrt{7}+2\sqrt{3}}{3\sqrt{7}-2\sqrt{3}}$

$\sqrt{7}$ से ऊपर नीचे गुणा करने पर,

$= \frac{21+2\sqrt{21}}{21-2\sqrt{21}} = \frac{\sqrt{21}\left(\sqrt{21}+2\right)}{\sqrt{21}\left(\sqrt{21}-2\right)}$

$= \frac{2+\sqrt{21}}{-2+\sqrt{21}}$

5. यदि x : y = 2 : 3 है, तो (5x+3y) : (5x-3y) का मान ज्ञात कीजिए।

(a) 19 : 3 (b) 19 : 2
(c) 9 : 1 (d) 19 : 1

RRB NTPC 16.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : $x : y = 2 : 3 \Rightarrow \frac{x}{y} = \frac{2}{3}$

माना x = 2, y = 3

तब, (5x + 3y) : (5x – 3y)

(5 × 2 + 3 × 3) : (5 × 2 – 3 × 3)

(10 + 9) : (10 – 9)

19 : 1

6. यदि $a:b=3:2$ है, तो $(7a+9b):(5a+7b)$ का मान ज्ञात कीजिए।

(a) 29 : 19 (b) 29 : 39
(c) 39 : 29 (d) 19 : 39

RRB NTPC 27.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : माना $a = 3x$ तथा $b = 2x$

तब, $$\frac{7a+9b}{5a+7b} = \frac{7\times3x+9\times2x}{5\times3x+7\times2x}$$
$$= \frac{21x+18x}{15x+14x}$$
$$= \frac{39x}{29x} = \frac{39}{29}$$

7. पाँच संख्याओं का अनुपात 1:2:3:4:5 है और उनका योग 30 है। दूसरी और पाँचवीं संख्या का योग इनमें से किसके बराबर है?

(a) 15 (b) 14
(c) 13 (d) 12

RRB NTPC 05.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : माना संख्याएँ x, 2x, 3x, 4x तथा 5x है।
प्रश्नानुसार,
$x+2x+3x+4x+5x=30$
$15x=30 \Rightarrow x = 2$
तो, (दूसरी+पाँचवी) का योग= $2x+5x=7x$
$=7\times2=14$

8. दो संख्याओं का अनुपात 3 : 2 है। यदि पहली और दूसरी संख्या से क्रमशः 8 और 6 घटाया जाता है, तो यह अनुपात 8 : 5 हो जाता है। संख्याएं ज्ञात कीजिए।

(a) 32, 24 (b) 24, 16
(c) 40, 30 (d) 3, 2

RRB NTPC 01.04.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : माना पहली व दूसरी संख्याएं क्रमशः 3x तथा 2x हैं।
प्रश्नानुसार,
$$\frac{3x-8}{2x-6} = \frac{8}{5}$$
$15x - 40 = 16x - 48$
$x = 8$
अतः पहली संख्या $= 3\times8 = 24$
तथा दूसरी संख्या $= 2 \times 8 = 16$

9. एक कॉलेज में, यदि लड़कों की संख्या का 15% लड़कियों की संख्या के एक तिहाई के बराबर है, तो कॉलेज में लड़कों की संख्या और लड़कियों की संख्या का अनुपात ज्ञात कीजिए।

(a) 20 : 9 (b) 20 : 7
(c) 9 : 20 (d) 7 : 20

RRB NTPC 13.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : यदि कॉलेज में लड़कों की संख्या = x
लड़कियों की संख्या = y
$$\frac{x\times15}{100} = \frac{1}{3}y$$
$$\frac{x}{y} = \frac{20}{9}$$
लड़कों की संख्या और लड़कियों की संख्या का अनुपात = 20 : 9

10. उमेश और कपिल ने क्रमशः ₹750 और ₹975 दान किए। उमेश व कपिल द्वारा दान की गयी राशियों का अनुपात ज्ञात कीजिए।

(a) 13 : 10 (b) 10 : 13
(c) 3 : 1 (d) 1 : 3

RRB NTPC 15.03.2021 (Shift-II) Stage I

Ans. (b) : उमेश द्वारा दान की गई राशि = ₹750
कपिल द्वारा दान की गई राशि = ₹975
उमेश एवं कपिल द्वारा दान की गई राशियों का अनुपात
$$= \frac{750}{975} = \frac{30}{39} = \frac{10}{13}$$
$= 10:13$

11. दो संख्याओं का अनुपात 3:2 है। यदि पहली संख्या से 8 घटाया जाता है और दूसरी संख्या से 6 घटाया जाता है, तो अनुपात 5:4 हो जाता है। संख्याएं ज्ञात कीजिए।

(a) 24, 16 (b) 3, 2
(c) 2, 3 (d) 16, 24

RRB NTPC 09.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : माना पहली व दूसरी सख्याएँ क्रमशः 3x तथा 2x है।
प्रश्नानुसार,
$$\frac{3x-8}{2x-6} = \frac{5}{4}$$
$12x - 32 = 10x - 30$
$12x - 10x = -30 + 32$
$2x = 2$
$x = 1$
अतः संख्याएँ, $3x = 3\times1 = 3$
$2x = 2\times1 = 2$

12. हमें 7 और 9 में से प्रत्येक में कितना जोड़ना चाहिए ताकि इस प्रकार बनी दो संख्याओं का अनुपात 13 : 14 हो।

(a) 19 (b) 17
(c) 18 (d) 16

RRB NTPC 08.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : माना जोड़ी जाने वाली संख्या x है।
प्रश्नानुसार,
$$\frac{7+x}{9+x} = \frac{13}{14}$$
$98+14x = 117+13x$
$x = 117-98$
$x = 19$

13. दो संख्याओं का अनुपात 9:11 है। यदि इनमें से प्रत्येक संख्या में से 4 घटाया जाता है, तो इनका अनुपात 7:9 हो जाता है। इन दो संख्याओं का योग ज्ञात कीजिए।

(a) 45 (b) 40
(c) 35 (d) 30

RRB NTPC 01.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : माना पहली संख्या = 9x
दूसरी संख्या = 11x
प्रश्नानुसार :-
$$\frac{9x-4}{11x-4} = \frac{7}{9}$$
$\Rightarrow 81x - 36 = 77x - 28$

$\Rightarrow 81x - 77x = -28 + 36$
$\Rightarrow 4x = 8$
$\Rightarrow x = 2$
$\therefore$ पहली संख्या $= 9 \times 2 = 18$
दूसरी संख्या $= 11 \times 2 = 22$
अतः दोनो संख्याओं का योग $= 18 + 22 = 40$

14. अनुपात 7 : 11 के प्रत्येक पद में क्या जोड़ा जाना चाहिए कि इसका मान 4 : 5 के बराबर हो जाए?

(a) 18 (b) 9
(c) 11 (d) 16

RRB NTPC 02.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : माना जोड़ी जाने वाली संख्या $= x$
प्रश्नानुसार,

$$\frac{7+x}{11+x} = \frac{4}{5}$$

$35 + 5x = 44 + 4x$
$x = 9$
अतः जोड़ी जाने वाली संख्या $= 9$

15. ₹742 को 5:9 के अनुपात में दो भागों में बांटने पर दोनों हिस्सों में कितनी कितनी राशि आएगी?

(a) ₹260, ₹482 (b) ₹265, ₹477
(c) ₹275, ₹467 (d) ₹290, ₹452

RRB NTPC 18.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : 742 ₹ को 5:9 के अनुपात में बाटने पर
माना राशियाँ क्रमशः $5x$ और $9x$ है।
प्रश्नानुसार,
$5x + 9x = 742$
$14x = 742$
$x = 53$
राशियाँ $5x = 5 \times 53$
$= 265$ ₹
$9x = 9 \times 53$
$=$ ₹477

16. एक छोटी कम्पनी में महिला और पुरुष कर्मियों की संख्या का अनुपात 2:3 है। यदि कम्पनी में पुरुष कर्मियों की संख्या 90 है तो कम्पनी के कर्मियों की कुल संख्या क्या होगा?

(a) 120 (b) 90
(c) 130 (d) 150

RRB NTPC 04.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : माना कम्पनी में महिला व पुरुष कर्मचारियों की संख्या क्रमशः $2x$ व $3x$ है।
प्रश्नानुसार, $3x = 90 \Rightarrow x = 30$
तो, कम्पनी में कर्मचारियों की कुल संख्या $= (3x + 2x) = 5x$
$= 5 \times 30 = 150$

17. दो संख्याओं का अंतर, उनके योग के 30% के बराबर है। बड़ी संख्या और छोटी संख्या का अनुपात ज्ञात कीजिए।

(a) 15 : 7 (b) 13 : 7
(c) 2 : 1 (d) 17 : 15

RRB NTPC 05.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : माना संख्या x और y है।
प्रश्नानुसार-

$$(x - y) = (x + y) \times \frac{30}{100}$$

$10(x-y)=3(x+y)$
$10x-10y=3x+3y$
$7x = 13y \Rightarrow x : y = 13 : 7$

18. 3 : 5 के प्रत्येक पद में ऐसी कौन सी संख्या जोड़ी जाए, जिससे अनुपात 5 : 6 हो जाए?

(a) 7 (b) 6 (c) 11 (d) 5

RRB NTPC 18.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : माना संख्या के प्रत्येक पद में x जोड़ा जाता है।

$$\frac{3+x}{5+x} = \frac{5}{6}$$

$18 + 6x = 25 + 5x$
$x = 25 - 18$
$\boxed{x = 7}$

19. एक फर्म में पुरुष और महिला का अनुपात 4 : 5 था। फर्म में पुरुषों की संख्या में 80 प्रतिशत तथा महिलाओं की संख्या में 60 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी करने का निश्चय किया तो अब फर्म के पुरुष और महिला सदस्यों का नया अनुपात क्या होगा ?

(a) 8 : 10 (b) 18 : 15
(c) 9 : 10 (d) 15 : 16

RRB NTPC 08.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : फर्म में पुरूष एवं महिला का अनुपात $= 4 : 5$
वृद्धि के बाद अभीष्ट अनुपात $= 4 \times \frac{180}{100} : 5 \times \frac{160}{100}$
$= 9 : 10$

20. दो दोस्तों को उनके बैंक खातों में ₹2,000 का बोनस मिला। उनके बैंक खातों में पहले ही क्रमशः ₹47,000 और ₹ 54,000 की धनराशि मौजूद थी। वर्तमान में उनके खातों में मौजूद धनराशियों का क्रमशः अनुपात ज्ञात कीजिए।

(a) 47 : 54 (b) 47 : 56
(c) 7 : 8 (d) 49 : 54

RRB NTPC 01.04.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : प्रश्नानुसार,
अभीष्ट अनुपात = (47000+2000):(54000+2000)
=49000:56000 = 7:8

21. यदि x का 10%, y के 15% के बराबर है, तो x : y का मान ज्ञात कीजिए।

(a) 2 : 3 (b) 2 : 1 (c) 3 : 2 (d) 1 : 2

RRB NTPC 05.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : $x \times \frac{10}{100} = y \times \frac{15}{100}$
$10x = 15y$

$$\frac{x}{y} = \frac{15}{10}$$

$$\frac{x}{y} = \frac{3}{2}$$

या $x : y = 3 : 2$

22. दो संख्याओं का योगफल 80 है और उनका अंतर 8 है। पहली संख्या और दूसरी संख्या का अनुपात ज्ञात कीजिए।

(a) 13 : 9 (b) 12 : 11
(c) 13 : 11 (d) 11 : 9

RRB NTPC 04.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : माना संख्याएँ a तथा b हैं।

प्रश्नानुसार, $a + b = 80$ ...(i)

$a - b = 8$ ...(ii)

समी. (i) व (ii) से,

$2a = 88$

$a = 44$

तथा,

$b = 36$

तो $a : b = 44 : 36 = 11 : 9$

23. यदि एक बोतल का $\frac{3}{5}$ भाग भरा हुआ है तो बोतल के भरे हुए भाग और उसके खाली भाग का अनुपात ज्ञात कीजिए।

(a) 3:5 (b) 5:3
(c) 3:2 (d) 2:3

RRB NTPC 23.07.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : बोतल का भरा हुआ भाग $= \frac{3}{5}$

बोतल का खाली भाग $= 1-\frac{3}{5}=\frac{2}{5}$

बोतल के भरे हुए भाग तथा खाली भाग का अनुपात

$$=\frac{\frac{3}{5}}{\frac{2}{5}}=\frac{3\times5}{2\times5}=\frac{3}{2}=3:2$$

24. अरुण और अहान के पास मौजूद धनराशियों का अनुपात 9 : 5 था। यदि अरुण अपने हिस्से से ₹12 अहान को दे देता है, तो उक्त अनुपात बदलकर 4 : 3 हो जाता है। अरुण के पास कितनी धनराशि थी?

(a) ₹144 (b) ₹126
(c) ₹108 (d) ₹90

RRB NTPC 07.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : माना अरूण और अहान के पास मौजूद धनराशि क्रमशः ₹ 9x तथा ₹ 5x है।

प्रश्नानुसार , $\frac{9x-12}{5x+12}=\frac{4}{3}$

$27x - 36 = 20x + 48$

$7x = 48 + 36$

$7x = 84$

$x = \frac{84}{7}$

$\boxed{x = 12}$

अतः अरूण के पास मौजूद धनराशि $= 9x$

$= 9 \times 12$

$= ₹\ 108$

25. दो राशियों का अनुपात 3 : 5 है। यदि प्रत्येक राशि में से 9 घटाया जाता है, तो अनुपात 5 : 9 हो जाता है। छोटी राशि ज्ञात कीजिए।

(a) 51 (b) 54
(c) 52 (d) 53

RRB NTPC 04.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : माना दो राशियाँ क्रमशः 3x और 5x हैं।

प्रश्नानुसार,

$$\frac{3x-9}{5x-9}=\frac{5}{9}$$

$27x - 81 = 25x - 45$

$2x = 81 - 45 = 36$

$x = 18$

छोटी राशि $= 3x = 3 \times 18 = 54$

26. जॉन और जोसेफ के पास क्रमशः ₹19,000 और ₹ 26,000 हैं। यदि जोसेफ, जॉन को ₹1,000 देता है, तो जॉन और जोसेफ के पास मौजूद राशियों का क्रमशः अनुपात ज्ञात कीजिए।

(a) 2 : 3 (b) 20 : 27
(c) 4 : 5 (d) 19 : 26

RRB NTPC 06.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : दिया है -

जॉन के पास = ₹ 19,000

जोसेफ के पास = ₹ 26,000

प्रश्नानुसार, जोसेफ जॉन को ₹ 1000 देता है,

तो, जॉन के पास = ₹ 20,000

जोसेफ के पास = ₹ 25,000

अतः अभीष्ट अनुपात $= \frac{20,000}{25,000} = 4:5$

27. 225 :144 का वर्गमूलानुपात ज्ञात कीजिए।

(a) 12 : 5 (b) 5 : 12
(c) 12 : 15 (d) 15 : 12

RRB NTPC 23.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : 225 : 144 का वर्गमूलानुपात

$$=\sqrt{\frac{225}{144}}=\frac{15}{12}=15:12$$

28. यदि (m + n) : (m – n) = 7 : 3 है, तो $(m^3 + n^3) : (m^3 – n^3)$ = ?

(a) 133 : 117 (b) 117 : 13
(c) 117 : 133 (d) 17 : 133

RRB NTPC 16.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : दिया हैः -

$$\frac{m+n}{m-n}=\frac{7}{3}$$

योगान्तरानुपात के नियम से–

$m = 5, n = 2$

तो $\frac{m^3+n^3}{m^3-n^3}=\frac{(5)^3+(2)^3}{(5)^3-(2)^3}=\frac{125+8}{125-8}$

$\frac{m^3+n^3}{m^3-n^3}=\frac{133}{117}$

अतः $(m^3 + n^3) : (m^3–n^3) = 133 : 117$

29. यदि पहली संख्या का 25% दूसरी संख्या के 50% का तीन गुना है, तो पहली संख्या और दूसरी संख्या का अनुपात कितना होगा?

(a) 3 : 1 (b) 6 : 1
(c) 2 : 3 (d) 1 : 6

RRB NTPC 15.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : माना पहली संख्या A तथा दूसरी संख्या B है–

प्रश्नानुसार, $\frac{A\times 25}{100}=\frac{B\times 50}{100}\times 3$

$\frac{A}{B}=\frac{6}{1}$

$A:B=6:1$

30. यदि (3x+2y) : (3x-2y) = 5 : 3 हो, तो x : y का मान ज्ञात कीजिए।

(a) $\frac{4}{3}$ (b) $\frac{32}{3}$ (c) $\frac{16}{3}$ (d) $\frac{8}{3}$

RRB NTPC 12.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : $\frac{3x+2y}{3x-2y}=\frac{5}{3}$

$9x+6y=15x-10y$

$16y=6x$

$\frac{x}{y}=\frac{16}{6}$ या $\frac{x}{y}=\frac{8}{3}$

31. दो भारों 27 kg और 108 g का अनुपात क्या होगा?

(a) 250 : 1 (b) 300 : 1
(c) 270 : 1 (d) 240 : 1

RRB NTPC 05.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) :

अभीष्ट अनुपात $=\frac{27\times 1000\,gm}{108\,gm}$

$=\frac{1000}{4}\Rightarrow 250:1$

32. यदि, $a^3+b^3 : a^3-b^3 = 185 : 158$ है तो a : b = ?

(a) 5 : 4 (b) 2 : 3
(c) 10 : 2 (d) 7 : 3

RRB NTPC 18.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : प्रश्न से,

$\frac{a^3+b^3}{a^3-b^3}=\frac{185}{158}$

$158\,a^3+158\,b^3=185\,a^3-185\,b^3$

$185\,a^3-158\,a^3=158\,b^3+185\,b^3$

$27\,a^3=343\,b^3$

$\frac{a^3}{b^3}=\frac{343}{27}$

$\frac{a}{b}=\sqrt[3]{\frac{343}{27}}$

$\frac{a}{b}=\frac{7}{3}$

अतः $\boxed{a:b=7:3}$

33. एक फर्म में, पुरुष और महिला अधिकारियों का अनुपात 4 : 7 है। यदि 50 पुरुष अधिकारियों और 100 महिला अधिकारियों को एक अन्य फर्म में भेज दिया जाता है, तो पुरुष एवं महिला अधिकारियों का अनुपात 7 : 12 हो जाता है। स्थानान्तरण से पहले फर्म में पुरुष अधिकारियों की संख्या ज्ञात कीजिए।

(a) 450 (b) 400
(c) 300 (d) 500

RRB NTPC 30.12.2020 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : माना फर्म में पुरूषों की संख्या 4x तथा महिलाओं की संख्या 7x है।

प्रश्नानुसार,

$\frac{4x-50}{7x-100}=\frac{7}{12}$

$48x-600=49x-700$

$x=100$

अतः स्थानान्तरण से पहले फर्म में पुरूष अधिकारियों की संख्या = $4x = 4\times 100 = 400$.

34. एक कक्षा में लड़को तथा लड़कियों का अनुपात 4:5 है। यदि 4 नए लड़के कक्षा में शामिल हो जाए तो लड़कों की संख्या में 20% की वृद्धि हो जाती है। कक्षा में लड़कियों की संख्या क्या होगी?

(a) 30 (b) 35
(c) 20 (d) 25

RRB NTPC 18.01.2017 Shift : 3

Ans : (d) माना लड़कों की संख्या = 4x

तथा लड़कियों की संख्या = 5x

प्रश्नानुसार,

$\Rightarrow 4x+4=4x\times\frac{120}{100}$

$\Rightarrow 4x+4=\frac{24x}{5}$

$20x+20=24x$

$20=4x$ $\boxed{x=5}$

लड़कियों की संख्या = $5x=5\times 5=25$

35. 25 लीटर के एक मिश्रण में, दूध और पानी का अनुपात 4 : 1 है। कितना लीटर दूध और मिलाया जाना चाहिए कि अनुपात 16 : 1 हो जाए।

(a) 21 (b) 25
(c) 60 (d) 36

RRB NTPC 19.04.2016 Shift : 2

Ans : (c) 25 लीटर मिश्रण में दूध की मात्रा

$=25\times\frac{4}{5}=20$ ली.

पानी की मात्रा = 25–20 = 5 लीटर

माना मिलाए गये दूध की मात्रा x लीटर है। प्रश्नानुसार,

$\frac{20+x}{5}=\frac{16}{1}$ $\Rightarrow 20+x=16\times 5$

$\Rightarrow x=80-20$ $\Rightarrow x=60$ लीटर

36. एक स्कूल के 504 छात्रों में लड़कियो और लड़को का अनुपात 11:13 है। यदि 12 और लड़कियों को प्रवेश दिया जाता है, तो नया अनुपात होगा:

(a) 31:51 (b) 91:81
(c) 81:91 (d) 51:31

RRB NTPC 18.04.2016 Shift : 2

Ans : (c) कुल छात्र = 504
अनुपात = 11:13

$$\text{लड़किया} = \frac{11}{24} \times 504$$
$$= 231$$

लड़के = 504 − 231= 273
12 और लड़कियाँ जोड़ने पर-
231 + 12 = 243
अभीष्ट अनुपात = 243 : 273 = 81: 91

37. यदि A : B=2:5 तथा B : C=3:4 है तो A : C कितना होगा?

(a) 1:2 (b) 3:10
(c) 2:3 (d) 5:4

RRB NTPC 28.03.2016 Shift : 2

Ans :(b) A : B = 2:5.....(i)
B : C = 3:4.....(ii)
समीकरण (i) में 3 से तथा (ii) में 5 से गुणा करने पर
A : B = 6:15
B : C = 15:20
अभीष्ट अनुपात A : B : C = 6:15:20
अत: A : C = 6:20
A : C = 3:10

38. यदि a : b = 3 : 5, c : b = 3 : 2, c : d = 5 : 6 है, तो a : d = ?

(a) 12 : 36 (b) 12 : 15
(c) 1 : 3 (d) 11 : 36

RRB NTPC 18.04.2016 Shift : 3

Ans : (c) a : b = 3 : 5, c : b = 3 : 2, c : d = 5 : 6
$\Rightarrow$ b : c = 2 : 3

$$\therefore a : d = \frac{a}{b} \times \frac{b}{c} \times \frac{c}{d}$$
$$= \frac{3}{5} \times \frac{2}{3} \times \frac{5}{6} \qquad = \frac{1}{3}$$

39. यदि a : b = 3 : 4 और b : c = 5 : 7 हो, तो a : c का मान ज्ञात कीजिए।

(a) 28 : 10 (b) 28 : 15
(c) 15 : 28 (d) 10 : 28

RRB NTPC 19.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : a : b = 3 : 4
b : c = 5 : 7
a : c = ?

a : b : c
3 : 4 : 4
5 : 5 : 7
15 : 20 : 28

अतः
a : c = 15 : 28

40. यदि a : b = 3 : 4 और d : b = 4 : 3 है, तो a और d का अनुपात ज्ञात कीजिए।

(a) 9 : 16 (b) 3 : 4
(c) 4 : 3 (d) 16 : 9

RRB NTPC 08.02.2021 (Shift-II) Stage I

Ans. (a) : a : b = (3 : 4) × 3
d : b = (4 : 3) × 4
a : b : d
9 : 12 : 16
अतः a : d = 9 : 16

41. 45:75, 3:5, 51:68 और 256:81 का मिश्र अनुपात क्या है?

(a) $\frac{64}{75}$ (b) $\frac{32}{45}$
(c) $\frac{128}{75}$ (d) $\frac{75}{32}$

RRB NTPC 01.02.2021 (Shift-II) Stage I

Ans. (a) : 45 : 75, 3 : 5, 51 : 68, 256 : 81

$$\text{मिश्रानुपात} = \frac{\text{प्रथम पदो का गुणनफल}}{\text{द्वितीय पदो का गुणनफल}}$$
$$= \frac{45 \times 3 \times 51 \times 256}{75 \times 5 \times 68 \times 81}$$
$$= \frac{64}{75}$$

42. 16 और 40 का तृतीयानुपाती (third proportional) क्या होगा ?

(a) 10 (b) 100
(c) 640 (d) 40

RRB NTPC 20.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : माना तृतीयानुपाती x है।
16 : 40 :: 40 : x
16 × x = 40 × 40
x = 10 × 10
x = 100

43. 4, 9, 12 का चतुर्थानुपाती ज्ञात कीजिए।

(a) 48 (b) 36
(c) 27 (d) 72

RRB NTPC 05.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) माना चतुर्थानुपाती x है।
4 : 9 : : 12 : x
4x = 9×12
x = 9×3 = 27
अतः चतुर्थानुपाती = 27

44. यदि A : B = 2 : 3, B : C = 2 : 3 और C : D = 3 : 4 है, तो A : D का मान ज्ञात कीजिए।

(a) 2 : 4 (b) 3 : 1
(c) 1 : 2 (d) 1 : 3

RRB NTPC 15.03.2021 (Shift-II) Stage I

Ans. (d) : प्रश्न से,

$A : B = 2 : 3 = \frac{A}{B} = \frac{2}{3}$

$B : C = 2 : 3 = \frac{B}{C} = \frac{2}{3}$

$C : D = 3 : 4 = \frac{C}{D} = \frac{3}{4}$

तथा

$\frac{A}{B} \times \frac{B}{C} \times \frac{C}{D} = \frac{2}{3} \times \frac{2}{3} \times \frac{3}{4}$

$= \frac{A}{D} = \frac{1}{3}$

या $A : D = 1 : 3$

45. यदि X : Y = 4 : 5, Y : Z = 5 : 7 और Z : W = 7 : 9 है, तो X : W इनमें से किससे बराबर होगा?

(a) 2 : 9 (b) 3 : 11
(c) 3 : 7 (d) 4 : 9

RRB NTPC 09.02.2021 (Shift-II) Stage I

Ans. (d) :

$X : Y = 4 : 5$

$Y : Z = 5 : 7$

$\underline{Z : W = 7 : 9}$

$X : W = 4 : 9$

46. यदि a : b = c : d = e : f = g : h = 1 : 3 है तो निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए:

(pa + qc + re + sg) : (pb + qd + rf + sh)

(a) 1:3 (b) 1:2
(c) 1:5 (d) 1:4

RRB NTPC 05.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : माना

$\frac{a}{b} = \frac{c}{d} = \frac{e}{f} = \frac{g}{h} = \frac{x}{3x}$

अब

$\frac{Px + qx + rx + sx}{P \times 3x + q \times 3x + r \times 3x + s \times 3x}$

$= \frac{x}{3x}\left[\frac{P + q + r + s}{p + q + r + s}\right]$

$= \frac{1}{3}$

47. यदि $\frac{a}{2} = \frac{b}{3} = \frac{c}{5}$ हो, तो $\frac{a+b+c}{c}$ का मान ज्ञात कीजिए।

(a) 2 (b) 10
(c) 12 (d) 5

RRB NTPC 10.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : $\frac{a}{2} = \frac{b}{3} = \frac{c}{5} = k$ (माना)

$a = 2k$

$b = 3k$

$c = 5k$

$\because \quad \frac{a+b+c}{c} = ?$

$\frac{2k + 3k + 5k}{5k} = ?$

$\boxed{2 = ?}$

48. कुछ फलों को A, B, C और D में 3 : 4 : 5 : 7 के अनुपात में वितरित किया गया। यदि A को 192 फल मिले, तो B और C दोनों को मिलाकर कितने फल मिले ?

(a) 576 (b) 756
(c) 567 (d) 675

RRB NTPC 23.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : दिया है-

$A : B : C : D = 3 : 4 : 5 : 7$

$\because$ A को 192 फल मिला है।

$\therefore$ 3 इकाई = 192

$\therefore$ 1 इकाई $= \frac{192}{3} = 64$

तथा B व C को मिलाकर मिले फलों की संख्या

$= 4 + 5 = 9$ इकाई $= 9 \times 64$

$= 576$ फल

49. क्या संख्याएं 30, 40, 45 और 60 समानुपात में हैं?

(a) हाँ, संख्याएं समानुपात में हैं।
(b) केवल 30 और 40 समानुपात में हैं।
(c) केवल 45 और 40 समानुपात में नहीं हैं।
(d) नहीं, संख्याएं समानुपात में नहीं है।

RRB NTPC 11.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : 30 और 40 का अनुपात $= \frac{30}{40} = 3 : 4$

45 और 60 का अनुपात $= \frac{45}{60} = 3 : 4$

$\because$ 30 : 40 = 45 : 60

अतः संख्याएँ समानुपात में हैं।

50. A, B का दोगुना है। B, D का आधा है। D,C का तीन गुना है। A, D का कितने गुना है?

(a) 0.5 (b) 4
(c) 3 (d) 1

RRB NTPC 18.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : प्रश्नानुसार,

$A : B = 2 : 1$

$B : D = 1 : 2$

$D : C = 3 : 1$

उपर्युक्त की सहायता से-

$A : B : D : C = 6 : 3 : 6 : 2$

$A : D = 6 : 6$

$= 1 : 1$

अतः A, D का एक गुना है।

51. 2, 4, 8 के पश्चात चौथी अनुपात संख्या को ज्ञात करें:-

(a) 15 (b) 14
(c) 16 (d) 18

RRB NTPC 17.01.2017 Shift-3

Ans : **(c)** माना चौथी आनुपातिक संख्या = x

$\therefore$ 2 : 4 :: 8 : x

$2 \times x = 4 \times 8$ (समानुपात के नियम से)

$x = \frac{4 \times 8}{2} \Rightarrow \boxed{x = 16}$

52. $\frac{26}{21} : \frac{24}{9} :: k : \frac{14}{13}$ **में k का मान ज्ञात कीजिए।**

(a) $\frac{1}{3}$ (b) 2

(c) $\frac{1}{2}$ (d) 3

RRB NTPC 18.01.2017 Shift : 1

Ans : **(c)** $\frac{26}{21} : \frac{24}{9} :: k : \frac{14}{13}$

$\Rightarrow \frac{26}{21} \times \frac{14}{13} = \frac{24}{9} \times K$

$\Rightarrow K = \frac{26 \times 14 \times 9}{21 \times 13 \times 24}$ $\Rightarrow K = \frac{1}{2}$

53. **तीन संख्याएँ 2.6, 1.3 तथा X एक निश्चित अनुपात में है। तब X का मान ज्ञात कीजिए।**

(a) 1.95 (b) 1.83

(c) 3.9 (d) 0.65

RRB NTPC 18.01.2017 Shift : 2

Ans : (d) 2.6 : 1.3 : : 1.3 : x

$\frac{2.6}{1.3} = \frac{1.3}{x}$

$x = \frac{1.3 \times 1.3}{2.6}$ $\boxed{x = 0.65}$

54. **9, 17, और 27 का चतुर्थानुपाती ज्ञात करें।**

(a) 57 (b) 48

(c) 51 (d) 53

RRB NTPC 06.04.2016 Shift : 1

Ans : **(c)** माना 9, 17 और 27 का चतुर्थानुपाती x है।

$\therefore 9 : 17 :: 27 : x$

$9 \times x = 17 \times 27 \Rightarrow x = \frac{17 \times 27}{9}$

$\Rightarrow x = 17 \times 3 = 51$

55. **यदि 14, x, 56 एक क्रमागत अनुपात में है तो x ज्ञात करें।**

(a) 28 (b) 21

(c) 8 (d) 42

RRB NTPC 30.04.2016 Shift : 1

Ans : (a)

$\because$ 14, x तथा 56 क्रमागत अनुपात में है।

$\therefore$ 14 : x :: x : 56

$x^2 = \sqrt{14 \times 56}$

$x^2 = \sqrt{7 \times 2 \times 2 \times 2 \times 2 \times 7}$

$x = 7 \times 2 \times 2 = 28$

56. **एक मिश्र धातु में सोने और चांदी के भार का अनुपात 17:3 है। यदि मिश्र धातु में चांदी का वजन 2.7 ग्राम है, तो मिश्र धातु में सोने का वजन ज्ञात करें?**

(a) 12.6 ग्राम (b) 15.3 ग्राम

(c) 18 ग्राम (d) 21.2 ग्राम

RRB NTPC 29.03.2016 Shift : 1

Ans :(b) मिश्र धातु में सोने व चाँदी का अनुपात = 17 : 3

चाँदी का वजन = 2.7 ग्राम

मिश्र धातु में सोने का वजन = $\frac{17}{3} \times 2.7 = 15.3$ ग्राम

57. **एक नर्सिंग होम में 27 नर्सों में से एक ने इस्तीफा दे दिया है। यदि रोगी के अनुपात में स्टाफ नर्स 1:6 हो, तो कितने अधिकतम मरीजों को भर्ती कराया जा सकता है?**

(a) 156 (b) 162

(c) 150 (d) 168

RRB NTPC 05.04.2016 Shift-1

Ans : (a) नर्सों की संख्या = 27

इस्तीफा के बाद नर्सों की संख्या = 27-1 = 26

$\because$ नर्स : रोगी = 1:6

अत: स्पष्ट है कि 1 नर्स = 6 रोगी (मरीज)

$\therefore$ 26 नर्स = 26×6 = 156 मरीज

58. **विज्ञान और कला के छात्रों का अनुपात 5:3 है। यदि उनकी कुल संख्या 1,528 है तो कला के छात्रों की संख्या का पता लगाए।**

(a) 830 (b) 664

(c) 498 (d) 573

RRB NTPC 05.04.2016 Shift-1

Ans : (d) छात्रों की कुल संख्या = 1528

विज्ञान और कला के छात्रों का अनुपात = 5:3

अत: कला के छात्रों की संख्या = $\frac{3}{8} \times 1528 = 3 \times 191 = 573$

59. **एक निश्चित संख्या में कुछ आदमी और उनके कुत्ते रेलगाड़ी से यात्रा कर रहें है। आदमी और कुत्तों का अनुपात 5:2 है। रेलगाड़ी में कुल 54 पैर है। कुत्तों की कुल संख्या ज्ञात करें।**

(a) 30 (b) 12

(c) 15 (d) 6

RRB NTPC 04.04.2016 Shift : 2

Ans : **(d)** माना आदमी व कुत्तों की सं. क्रमशः 5x व 2x है

प्रश्न से-

$5x \times 2 + 2x \times 4 = 54$

$10x + 8x = 54$

$18x = 54$

$x = 3$

अत: कुत्तो की सं. = $2x = 2 \times 3 = 6$

60. **दो धनात्मक संख्याओं के बीच अंतर 160 है और उन दोनों का अनुपात 5:3 है। दोनों संख्याओं का गुणनफल बताइए।**

(a) 96000 (b) 48000

(c) 144000 (d) 72000

RRB NTPC 04.04.2016 Shift : 3

Ans : (a) माना दोनों धनात्मक संख्याएं क्रमशः 5x व 3x है

$\therefore 5x - 3x = 160$

$2x = 160 \Rightarrow x = 80$

पहली सं. $= 5x = 5 \times 80 = 400$

दूसरी सं. $= 3x = 3 \times 80 = 240$

पहली सं. × दूसरी सं. $= 400 \times 240 = 96000$

61. दो संख्याओं का अनुपात 3 : 4 है। यदि दोनों संख्याओं में से 3 घटा दिया जाए तो अनुपात 2 : 3 हो जाता है। संख्याओं का योगफल ज्ञात कीजिए।

(a) 16 (b) 20

(c) 21 (d) 22

RRB NTPC 27.04.2016 Shift : 3

Ans : (c) माना संख्याएँ 3x व 4x है।

प्रश्नानुसार,

$$\frac{3x-3}{4x-3} = \frac{2}{3}$$

$\Rightarrow \quad 9x - 9 = 8x - 6$

$\Rightarrow \quad 9x - 8x = 9 - 6$

$x = 3$

$\therefore$ संख्याओं का योगफल $= 3x + 4x = 7x = 7 \times 3 = 21$

62. Q का वेतन P के वेतन का 4/5 भाग है, जो 85,000 रुपये प्रति माह है। R का वेतन Q का 3/4 भाग है। R का प्रति माह वेतन ज्ञात कीजिए।

(a) 68,000 रुपये (b) 61,000 रुपये

(c) 51,000 रुपये (d) 45,000 रुपये

RRB NTPC 05.04.2016 Shift : 2

Ans : (c) P का वेतन = 85000 रु.

Q का वेतन $= 85000 \times \frac{4}{5} = 68000$ रु.

R का वेतन = Q के वेतन का $\frac{3}{4} = 68000 \times \frac{3}{4}$

$= 51000$ रु. प्रति माह

Type-2 : आय और व्यय संबंधी प्रश्न

63. एक खम्भा 405 मीटर लंबा है। इसे केसरिया, सफेद और हरे रंग में एक के ऊपर एक क्रमशः 8 : 9 : 10 के अनुपात में रंग गया है खंभे के सफेद भाग की लंबाई (मीटर में) कितनी है ?

(a) 130 m (b) 120 m

(c) 140 m (d) 135 m

RRB NTPC (Stage-2) 16/06/2022 (Shift-I)

Ans. (d) : प्रश्न से,

खंभे के सफेद भाग की लम्बाई

$= \frac{\text{खंभे की कुल लम्बाई}}{\text{कुल आनुपातिक योग}} \times$ सफेद रंग का अनुपात

$= \frac{405}{8+9+10} \times 9$

$= \frac{405}{27} \times 9$

$= 135$ m

64. ₹x की धनराशि को A, B और C के बीच इस प्रकार विभाजित किया जाता है कि उनके हिस्सों का अनुपात 2:3:5 होता है। यदि B और C के हिस्सों के बीच धनात्मक अंतर ₹5,940 है, तो x का मान कितना होगा?

(a) ₹ 22,680 (b) ₹23,220

(c) ₹25,920 (d) ₹29,700

RRB NTPC (Stage-2) 17/06/2022 (Shift-I)

Ans. (d) : माना A, B और C का हिस्सा क्रमशः 2n, 3n और 5n है।

B और C के बीच आनुपातिक अन्तर $= 5n - 3n$

$= 2n$

प्रश्नानुसार,

$2n = 5940$

$n = \frac{5940}{2}$

$= 2970$

x का मान $= 2n + 3n + 5n$

$= 10n$

$= 10 \times 2970$

$= ₹29700$

65. किरण की बचत और व्यय का अनुपात 7 : 13 है और उसकी मासिक आय ₹1,80,000 है। बचत को म्यूचुअल फंड और इक्विटी के बीच 4 : 3 के अनुपात में विभाजित किया गया है। म्यूचुअल फंड के रूप में कितनी धनराशि की बचत की जाती है?

(a) ₹63,000 (b) ₹36,000

(c) ₹45,000 (d) ₹39,000

RRB NTPC (Stage-2) 17/06/2022 (Shift-II)

Ans. (b) : दिया है-

बचत : व्यय = 7:13

आय = बचत + व्यय

= 7+13

=20

म्युचुअल फंड : इक्विटी = 4:3

प्रश्नानुसार,

20 = 180000

1= 9000

4=9000×4

=36000

अतः म्यूचुअल फंड में धनराशि की बचत = ₹36000

66. A और B की आय का अनुपात 5:7 है, और उनकी बचत का अनुपात 2:3 है। यदि A और B क्रमशः ₹ 35,400 और ₹48,600 खर्च करते है, तो A और B की आय का अंतर (₹ में) ज्ञात करें।

(a) 18,000 (b) 17,600

(c) 18,600 (d) 20,000

RRB NTPC (Stage-2) 14/06/2022 (Shift-I)

Ans. (a) : दिया है :–

A और B की आय का अनुपात = 5 : 7

$\Rightarrow$ 5x, 7x (माना)

A और B की बचत का अनुपात = 2 : 3

= 2y, 3y (माना)

प्रश्नानुसार,

$5x - 2y = 35400$ ——— (i)

$7x - 3y = 48600$ ——— (ii)

समी. (i) × 3 – समी0 (ii) × 2 से :–

$15x - 6y = 106200$

$14x - 6y = 97200$

$\frac{- \quad + \quad -}{x \quad = \quad 9000}$

∴ B और A की आय का अन्तर = $7x - 5x$

$= 2x$

$= 2 \times 9000$

$= ₹18000$

67. यदि A, B से 80% अधिक है और B, C से 20% कम है, तो A:B:C का मान क्या होगा?

(a) 36 : 25 : 20 (b) 36 : 20 : 25

(c) 36 : 5 : 20 (d) 20 : 25 : 36

RRB NTPC 18.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : ∵ B, C से 20% कम है

माना, $C \rightarrow 100$

$B \rightarrow 80$

A, B से 80% अधिक है।

अतः $A \rightarrow 80 + \frac{80 \times 80}{100}$

$\rightarrow 144$

A : B : C = 144 : 80 : 100

4 से भाग करने पर

A : B : C = 36 : 20 : 25

68. एक व्यक्ति की आय और व्यय का अनुपात 9:5 है। यदि उस व्यक्ति की आय ₹ 27,000 हैं, तो उसकी बचत राशि ज्ञात कीजिए।

(a) ₹ 10,000 (b) ₹ 13,564

(c) ₹ 12,000 (d) ₹ 9,678

RRB NTPC 01.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : माना व्यक्ति की आय = 9x

व्यक्ति का व्यय = 5x

हम जानते है :

आय = व्यय + बचत

$9x = 5x +$ बचत

बचत = 4x

प्रश्नानुसार,

$9x = 27000$

$x = 3000$

बचत = $4x = 4 \times 3000 = ₹12000$

69. A के वेतन और B के वेतन का अनुपात 4 : 5 था। A के वेतन में 10 % की वृद्धि हुई और B के वेतन में 20 % की वृद्धि हुई। अब A के वेतन और B के वेतन का अनुपात क्या होगा?

(a) 15 : 14 (b) 14 : 11

(c) 11 : 14 (d) 11 : 15

RRB NTPC 08.02.2021 (Shift-II) Stage I

Ans. (d) : माना A का वेतन = 4x

तथा B का वेतन = 5x

प्रश्नानुसार,

A के वेतन में 10% की वृद्धि होने पर

$= 4x + 4x \times \frac{10}{100}$

$= \frac{22}{5}x$

तथा B के वेतन मे 20% की वृद्धि होने पर

$= 5x + 5x \times \frac{20}{100}$

$= 6x$

अतः अभीष्ट अनुपात $= \frac{\frac{22}{5}x}{6x} = 11/15$

$= 11 : 15$

70. दो व्यक्तियों की आय का अनुपात 7 : 5 है और उनके संगत व्ययों का अनुपात 9:7 है। यदि वे क्रमशः ₹1700 और ₹1100 की बचत करते हैं, तो प्रत्येक व्यक्ति की संगत आय ज्ञात कीजिए।

(a) ₹ 5,000, ₹ 5,000 (b) ₹ 4,500, ₹ 3,500

(c) ₹ 5,500, ₹ 4,500 (d) ₹ 3,500, ₹ 2,500

RRB NTPC 05.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : माना दो व्यक्तियों की आय क्रमशः 7x, और 5x है, तथा व्यय 9y, और 7y है।

∵ आय = व्यय + बचत

∴ प्रश्नानुसार, $7x - 9y = 1700$ .....(i)

$5x - 7y = 1100$ .....(ii)

समीकरण (i) व (ii) से,

$\begin{array}{r} 49x - 63y = 11900 \\ -\ 45x + 63y = -\ 9900 \\ \hline 4x = 2000 \end{array}$

$\Rightarrow x = 500$

तो प्रत्येक व्यक्ति की संगत आय $\Rightarrow 7x = 7 \times 500 = 3500$

$5x = 5 \times 500 = 2500$

71. एक स्कूल में गणित, भौतिकी और रसायन विज्ञान के लिए सीटें 7: 8: 9 के अनुपात में हैं। सीटों को क्रमशः 30%, 40% और 50% तक बढ़ाने का प्रस्ताव है। बढ़ी हुई सीटों का अनुपात क्या होगा?

(a) 91 : 112: 135 (b) 135 : 112 : 91

(c) 35 : 37 :91 (d) 112 : 91: 135

RRB NTPC 18.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : अनुपात = 7 : 8 : 9

वृद्धि = 30%, 40%, 50%

माना अनुपात → 70 : 80 : 90

गणित में सीटों की संख्या $= \frac{70 \times 130}{100} = 91$

भौतिकी में सीटों की संख्या $= \frac{80 \times 140}{100} = 112$

रसायन विज्ञान में सीटों की संख्या $= 90 \times \frac{150}{100} = 135$

बढ़ी हुई सीटों का अनुपात = 91 : 112 : 135

72. यदि A की आय, B की आय से 15% अधिक है और B की आय C की आय से 20% कम है, तो क्रमशः A, B और C की आय का अनुपात ज्ञात कीजिए।

(a) 23 : 20 : 25 (b) 25 : 23 : 20
(c) 20 : 23 : 25 (d) 23 : 25 : 20

RRB NTPC 02.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : प्रश्नानुसार,

$$A = B \times \frac{115}{100}$$

$$\frac{A}{B} = \frac{23}{20}$$

$$B = C \times \frac{80}{100}$$

$$\frac{B}{C} = \frac{20}{25}$$

अतः A : B : C = 23 : 20 : 25

73. यदि x का 15% = y का 25% = z का 50% है, तो x : y : z का मान क्या होगा ?

(a) 3:5:10 (b) 10:6:3
(c) 10:5:3 (d) 3:2:1

RRB NTPC 26.07.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : प्रश्नानुसार,

$$x \times \frac{15}{100} = y \times \frac{25}{100} = z \times \frac{50}{100}$$

$3x = 5y = 10z = k$ (माना)

$$3x = k$$

$$x = \frac{k}{3}$$

इसी प्रकार,

$$y = \frac{k}{5}$$

$$z = \frac{k}{10}$$

$$x : y : z = \frac{k}{3} : \frac{k}{5} : \frac{k}{10}$$

$$x : y : z = \frac{10k : 6k : 3k}{30}$$

$$\boxed{x : y : z = 10 : 6 : 3}$$

74. यदि $\frac{A}{4} = \frac{B}{5} = \frac{C}{6}$ है, तो A : B : C का मान ज्ञात कीजिए।

(a) 4 : 5 : 6 (b) 5 : 6 : 4
(c) 4 : 6 : 5 (d) 4 : 8 : 9

RRB NTPC 21.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : दिया है-

$$\frac{A}{4} = \frac{B}{5} = \frac{C}{6}$$

माना,

$$\frac{A}{4} = \frac{B}{5} = \frac{C}{6} = k$$

तब, A = 4k, B = 5k तथा C = 6k

∴ A : B : C = 4k : 5k : 6k = 4 : 5 : 6

75. यदि A का $\frac{1}{3}$ = B का $\frac{3}{4}$ = C का $\frac{1}{6}$ है, तो A : B : C ज्ञात कीजिए।

(a) 9 : 18 : 4 (b) 4 : 9 : 18
(c) 9 : 4 : 18 (d) 18 : 9 : 4

RRB NTPC 23.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : माना

$$A \text{ का } \frac{1}{3} = B \text{ का } \frac{3}{4} = C \text{ का } \frac{1}{6} = K$$

$$\frac{A}{3} = \frac{3B}{4} = \frac{C}{6} = K$$

तो A = 3K

$$B = \frac{4}{3}K$$

C = 6K

अतः $A : B : C = 3K : \frac{4}{3}K : 6K$

= 9K : 4K : 18K

A : B : C = 9 : 4 : 18

76. ₹169 को 2:5:6 के अनुपात में विभाजित करें। उपरोक्त अनुपात के अनुसार उनका रूपए में हिस्सा कितना होगा?

(a) 26, 66, 77 (b) 26, 65, 78
(c) 25, 67, 78 (d) 26, 70, 73

RRB NTPC 19.01.2017 Shift : 3

Ans : (b) $\frac{169 \times 2}{13} = 26$

$$\frac{169 \times 5}{13} = 65$$

$$\frac{169 \times 6}{13} = 78$$

विभाजित राशि = 26, 65, 78

77. यदि तीन धनात्मक संख्याओं का अनुपात 3:7:8 है और उनके वर्गों का योगफल 7808 है, तो उनमें से सबसे छोटी संख्या ज्ञात कीजिए।

(a) 24 (b) 27
(c) 30 (d) 36

RRB NTPC 01.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : माना संख्या 3x, 7x और 8x है।

प्रश्नानुसार,

$$(3x)^2 + (7x)^2 + (8x)^2 = 7808$$

$$9x^2 + 49x^2 + 64x^2 = 7808$$

$$122x^2 = 7808$$

$$x^2 = 64$$

$$x = 8$$

सबसे छोटी संख्या = 3x = 3 × 8 = 24

78. यदि तीन संख्याओं का अनुपात 4:3:8 है और उनमें से सबसे छोटी संख्या 42 है, तो सबसे बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए।

(a) 96 (b) 104
(c) 120 (d) 112

RRB NTPC 17.02.2021 (Shift-II) Stage I

Ans. (d) : संख्या का अनुपात = 4 : 3 : 8
माना तीनों संख्याएं क्रमशः = $4x$, $3x$ और $8x$ है।
छोटी संख्या = 42
$3x = 42$
$x = 14$
सबसे बड़ी संख्या = $8x$
$= 8 \times 14 = 112$

79. एक पति और पत्नी के वेतनों का औसत ₹65,000 है और उनके वेतनों का क्रमशः अनुपात 15:11 है पत्नी का वेतन ज्ञात कीजिए।
(a) ₹ 32,500 (b) ₹ 75,000
(c) ₹ 27,500 (d) ₹ 55,000
RRB NTPC 03.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : माना पति का वेतन = 15x
तथा पत्नी का वेतन = 11x
प्रश्नानुसार,
$$\frac{15x+11x}{2} = 65,000$$
$$26x = 65000 \times 2$$
$$x = \frac{65000 \times 2}{26}$$
$$x = 5,000$$
अतः पत्नी का वेतन = $11x = 11 \times 5000 = ₹55,000$

80. तीन संख्याओं का गुणनफल 10290 है और संख्याएं 3 : 5 : 2 के अनुपात में है। तीनों संख्याओं में सबसे बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए।
(a) 60 (b) 35
(c) 75 (d) 21
RRB NTPC 29.12.2020 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : माना तीन संख्याएँ क्रमशः 3x, 5x व 2x है।
प्रश्नानुसार,
$3x \times 5x \times 2x = 10290$
$30x^3 = 10290$
$$x^3 = \frac{10290}{30}$$
$x^3 = 343 \Rightarrow x = 7$
अतः सबसे बड़ी संख्या = $5x = 5 \times 7 = 35$

81. ₹156 को 1:2:4:5 के अनुपात में विभाजित कीजिए। निम्न में से किस क्रम से रुपये का अनुपात प्राप्त होगा?
(a) 13,26,53, 64 (b) 13,26,51, 66
(c) 13,26,52, 65 (d) 13,25,53, 65
RRB NTPC 22.04.2016 Shift : 2

Ans : (c) रुपये का अनुपात क्रमशः –
$$\Rightarrow \frac{1}{1+2+4+5} \times 156 = \frac{1}{12} \times 156 = 13$$
$$\Rightarrow \frac{2}{12} \times 156 = 26$$
$$\Rightarrow \frac{4}{12} \times 156 = 52$$
$$\Rightarrow \frac{5}{12} \times 156 = 65$$
अभीष्ट उत्तर $\Rightarrow$ 13, 26, 52, 65

82. यदि तीन संख्याएं 2:5:7 के अनुपात में है और उनका योगफल 280 का आधा है, तो तीनों में से सबसे छोटी संख्या का वर्ग कितना है?
(a) 400 (b) 900
(c) 2500 (d) 6400
RRB NTPC 03.04.2016 Shift : 3

Ans : (a) माना तीन संख्याएँ क्रमशः 2x, 5x व 7x है।
प्रश्नानुसार,
$$2x + 5x + 7x = \frac{280}{2}$$
$14x = 140$, $\boxed{x = 10}$
सबसे छोटी संख्या का वर्ग = $(2x)^2 = (2 \times 10)^2 = (20)^2 = 400$

83. यदि एक चतुर्भुज के कोणों का अनुपात 3 : 5 : 9 : 13 है, तो सबसे बड़ा कोण ज्ञात कीजिये?
(a) 165° (b) 180°
(c) 156° (d) 190°
RRB NTPC 29.03.2016 Shift : 1

Ans : (c) चतुर्भुज के कोणो का अनुपात = 3 : 5 : 9 : 13
माना चतुर्भुज के कोण क्रमशः 3x, 5x, 9x तथा 13x है।
$\because$ चतुर्भुज के चारो कोणो का योग = 360°
$\therefore$ $3x + 5x + 9x + 13x = 360°$
$30x = 360°$ या $x = 12°$
चतुर्भुज का सबसे बड़ा कोण = $13x = 13 \times 12 = 156°$

84. यदि एक त्रिभुज के कोणों का अनुपात 2:3:7 है, तो बड़े कोण का सबसे छोटे कोण से अनुपात ज्ञात कीजिए।
(a) 7:2 (b) 2:3
(c) 7:1 (d) 3:5
RRB NTPC 18.04.2016 Shift : 1

Ans : (a) माना त्रिभुज के कोण क्रमशः 2x, 3x तथा 7x हैं।
$\therefore 2x + 3x + 7x = 180°$
$12x = 180°$
$$\Rightarrow x = \frac{180°}{12} \qquad x = 15°$$
अतः सबसे बड़ा कोण = 7x
$= 7 \times 15° = 105°$
सबसे छोटा कोण = $2x = 2 \times 15° = 30°$
अनुपात = 105: 30 = 7:2

85. माँ ने अपने बच्चों अरविन्द, बिनु और चित्रा को अनुपात 2:3:4 में कुछ धनराशि बाँटी। यदि बिनु को 51 रु. प्राप्त हुए, तो चित्रा और अरविन्द द्वारा प्राप्त धनराशि क्रमशः कितनी थी?
(a) 34, 102 (b) 85, 34
© 68, 34 (d) 68, 136
RRB NTPC 28.04.2016 Shift : 3

Ans : © अरविन्द, बिनु और चित्रा की धनराशि क्रमशः 2x, 3x तथा 4x है।
$\therefore$ 3x (बिनु की धनराशि) = 51
$x = ₹17$
$\therefore$ चित्रा और अरविन्द द्वारा प्राप्त धनराशि क्रमशः = 4x तथा 2x
$= 4 \times 17$ तथा 2×17
= $\boxed{68 \text{ तथा } 34}$

86. दो संख्याओं का अनुपात 2 : 3 है। दोनो संख्याओं में 4 जोड़ने पर अनुपात 7:10 हो जाता है। तो दोनो संख्याओं के बीच अन्तर क्या होगा?

(a) 10 (b) 24
© 12 (d) 08

RRB NTPC 07.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. © : माना संख्याएँ क्रमशः 2x व 3x है।

प्रश्नानुसार, $\frac{2x+4}{3x+4}=\frac{7}{10}$

$20x + 40 = 21x + 28$

$x = 12$

अन्तर $= 3x - 2x$

$\Rightarrow x = 12$

87. रितेश, गौरव और जूगनू 2:5:7 के अनुपात में निवेश करते है। उनके निवेश की वापसी के बाद आय का अनुपात 5:3:2 है। यदि गौरव रितेश से 150 रुपये से अधिक कमाता है, तो कुल आय ज्ञात कीजिए।

(a) ₹1170 (b) ₹1050
© ₹1240 (d) ₹1370

RRB NTPC 22.04.2016 Shift : 1

Ans : (a) माना रितेश, गौरव और जुगनू का निवेश क्रमश: 2x, 5x तथा 7x है।

निवेश की वापसी के बाद आय का अनुपात

$$=\frac{2x\times5}{100}:\frac{5x\times3}{100}:\frac{7x\times2}{100}$$

$$=\frac{10x}{100}:\frac{15x}{100}:\frac{14x}{100}$$

प्रश्नानुसार-

$$\frac{15x}{100}-\frac{10x}{100}=150$$

$$\Rightarrow \frac{5x}{100}=150$$

$$\Rightarrow x = 3000$$

कुल आय $= \frac{10\times3000}{100}+\frac{15\times3000}{100}+\frac{14\times3000}{100}$

$= 300 + 450 + 420 = ₹1170$

Type-3 : सिक्को/गेदों आदि पर आधारित प्रश्न

88. राकेश के पास केवल ₹2 और ₹5 मूल्यवर्ग के सिक्के हैं। यदि उसके पास कुल 60 सिक्के हैं और उसके पास मौजूद कुल धनराशि ₹240 है, तो क्रमशः ₹2 और ₹5 के सिक्कों की संख्या ज्ञात कीजिए।

(a) 45 और 50 (b) 25 और 45
(c) 10 और 50 (d) 20 और 40

RRB NTPC 11.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : माना राकेश के पास ₹ 2 के सिक्कों की संख्या = x

तब राकेश के पास ₹ 5 के सिक्कों की संख्या = (60 – x)

प्रश्नानुसार,

$2x + 5 (60–x) = 240$

$2x + 300 – 5x = 240$

$– 3x = – 60$

$x = 20$

अतः राकेश के पास ₹ 2 तथा ₹ 5 के सिक्कों की संख्या क्रमशः 20 तथा 40 है।

89. किसी बक्से में एक रुपये, 50 पैसे और 25 पैसे के सिक्के हैं और उनका अनुपात 1:2:3 है। यदि 50 पैसे के सिक्कों की संख्या 80 है, तो बक्से में कितने रुपये हैं?

(a) 100 (b) 105
(c) 108 (d) 110

RRB NTPC 05.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : माना सिक्कों का अनुपात = x : 2x : 3x

प्रश्नानुसार, $2x = 80$

$x = 40$

∴ कुल सिक्कों की संख्या क्रमशः 40, 80, 120

तो ₹ में मूल्य $= 40\times1+\frac{40}{2}\times2+\frac{40\times3}{4}$

$= 40 + 40 + 30 = ₹ 110$

90. एक बॉक्स में ₹110 रखे हुए है। जिसको 1 : 2 : 3 के अनुपात में एक रुपयें, 50 पैसे और 25 पैसे के सिक्के शामिल है। 50 पैसे के सिक्कों की संख्या कितनी है?

(a) 80 (b) 77
(c) 78 (d) 79

RRB NTPC 08.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : माना 1 रुपये, 50 पैसे और 25 पैसे के सिक्कों का अनुपात क्रमशः x , 2x और 3x है।

प्रश्नानुसार,

$$x+\frac{2x}{2}+\frac{3x}{4}=110$$

$$4x+4x+3x=110\times4$$

$$11x=110\times4$$

$$x = 40$$

अतः 50 पैसे की सिक्कों की संख्या = 2x = 2×40 = 80

91. एक बैग में ₹10 ₹0, ₹20 तथा ₹50 के नोट 1:3:5 के अनुपात में रखे हैं। यदि बैग में रखी गई कुल राशि 1920 रूपए है। ₹20 के नोट की कुल संख्या कितनी है?

(a) 6 (b) 30
(c) 18 (d) 12

RRB NTPC 18.01.2017 Shift : 2

Ans : (c)

माना ₹10, ₹20, ₹50 के नोट की संख्या क्रमशः x, 3x व 5x है।

प्रश्नानुसार–

कुल मूल्य = 10 × x + 20 × 3x + 50 × 5x = 1920

$\Rightarrow 320x = 1920$

$\Rightarrow x = 6$

₹20 के नोट की कुल संख्या = 3x

$= 3 \times 6 = 18$

Type-4 : विविध

92. तीन मित्र A, B और C, ₹5,525 की राशि को आपस में इस प्रकार विभाजित करते हैं कि यदि A, B और C को प्राप्त होने वाली राशियों में से क्रमशः ₹ 50, ₹ 100 और ₹ 75 निकाल दिये जायें, तो उन्हें प्राप्त होने वाली राशियों के हिस्सों का अनुपात 11 : 18 : 24 होगा। आरम्भ में C को प्राप्त राशि कितनी थी?

(a) ₹ 1,900 (b) ₹ 1,150
(c) ₹ 2,325 (d) ₹ 2,475

RRB NTPC (Stage-2) 13/06/2022 (Shift-II)

Ans. (d) : प्रश्नानुसार–

₹ 5,525 – (50 + 100 + 75) = 5300



C का हिस्सा $= \frac{24}{53} \times 5300 = ₹2400$

आरंभ में C को प्राप्त राशि = 2400 + 75

= ₹ 2,475

93. किसी विद्यालय में लड़कों और लड़कियों की संख्या का अनुपात 5:7 था। सत्र के दौरान आठ और लड़को का दाखिला हो गया । उसके बाद लड़कियों और लड़को की संख्या का नया अनुपात 1:1 हो गया। तो आरम्भ में लड़कों और लड़कियों की संख्या के बीच कितना अंतर था।

(a) 12 (b) 08
(c) 02 (d) 10

RRB NTPC 07.01.2021 (Shift-I) Stage I[st]

Ans. (b) : माना प्रारम्भ में विद्यालय में लड़कों की संख्या = 5x

और विद्यालय में लड़कियों की संख्या = 7x

प्रश्नानुसार, 8 लड़कों का और दाखिला होने पर -

$$\frac{5x+8}{7x} = \frac{1}{1}$$

$$2x = 8$$

$$x = 4$$

अभीष्ट अन्तर = 7x – 5x

= 2x

= 2 × 4

= 8

94. यदि (a + b) : (b + c) : (c + a) = 6 : 7 : 8 है और a + b + c = 14 है, तो c का मान कितना होगा ?

(a) 8 (b) 10
(c) 6 (d) 12

RRB NTPC 10.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : (a + b) : (b + c) : (c + a) = 6 : 7 : 8

a+ b +c = 14

माना $(a+b) = 6x$ ... (1)

(b + c) = 7x ... (2)

(c + a) = 8x ... (3)

समी. (1), (2) व (3) को जोड़ने पर –

$$(a+b)+(b+c)+(c+a) = 6x+7x+8x$$

$$2(a+b+c) = 21x$$

$$a+b+c = \frac{21}{2}x$$

$$6x + c = \frac{21}{2}x \quad \text{(समी. (1) से)} \quad \ldots(4)$$

$$a + b + c = 14 \quad \text{(दिया है)}$$

$$\frac{21}{2}x = 14$$

$$\boxed{x = \frac{28}{21}}$$

समी. (4) में x का मान रखने पर

$$6 \times \frac{28}{21} + C = \frac{21}{2} \times \frac{28}{21}$$

$$C = \frac{21}{2} \times \frac{28}{21} - 6 \times \frac{28}{21}$$

$$C = \frac{28}{21}\left[\frac{21}{2} - 6\right]$$

$$C = \frac{28}{21} \times \frac{9}{2}$$

$$\boxed{C = 6}$$

95. यदि a, b, c और d वितत समानुपात (continued proportion) में हैं, तो $(ma^3 + nb^3 – rc^3) : (mb^3 + nc^3 – rd^3)$ का मान ज्ञात कीजिए ।

(a) d : a (b) b : c
(c) a : d (d) c : b

RRB NTPC 26.07.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : a, b, c और d वितत समानुपात में हैं।

माना,

$$\frac{a}{b} = \frac{b}{c} = \frac{c}{d} = k$$

तो, c = dk, b = ck, a = bk

b = (dk) k

$b = dk^2$

$\because a = bk$

$\Rightarrow a = \left(dk^2\right)k$

$$\frac{a}{d} = k^3 \ldots\ldots\ldots\ldots(i)$$

अब,

$$\frac{ma^3 + nb^3 - rc^3}{mb^3 + nc^3 - rd^3} = \frac{m\left(dk^3\right)^3 + n\left(dk^2\right)^3 - r\left(dk\right)^3}{m\left(dk^2\right)^3 + n\left(dk\right)^3 - rd^3}$$

$$= \frac{d^3k^3\left(mk^6 + nk^3 - r\right)}{d^3\left(mk^6 + nk^3 - r\right)}$$

$$\frac{ma^3 + nb^3 - rc^3}{mb^3 + nc^3 - rd^3} = k^3$$

$\because$ समीकरण (i) से-

अतः $\frac{ma^3 + nb^3 - rc^3}{mb^3 + nc^3 - rd^3} = \frac{a}{d}$

10.

साझेदारी (Partnership)

1. रमणी ने ₹8000 की पूंजी से अपना व्यापार शुरु किया। वनिता, 4 महीने के बाद ₹6000 की पूंजी के साथ इस व्यापार से जुड़ गई। यदि व्यापार में एक वर्ष के अंत पर उन्हें ₹3600 का लाभ हुआ, तो इसमें से वनिता का हिस्सा कितना होगा?

(a) ₹2400 (b) ₹1800
(c) ₹1200 (d) ₹1500

RRB NTPC 26.07.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : वर्ष के अंत में प्राप्त लाभ में रमणी और वनिता के अनुपात $= 8,000\times12 : 6,000\times(12-4)$
$= 8,000\times12 : 6,000\times8 = 2:1$
अतः ₹3600 के लाभ में वनिता का हिस्सा
$= 3600\times\frac{1}{3} = ₹1,200$

2. A और B क्रमशः ₹1,00,000 और ₹1,50,000 का निवेश करके एक कारोबार शुरु करते है। ₹24,000 के कुल लाभ में से प्रत्येक को मिलने वाला हिस्सा ज्ञात कीजिए।

(a) ₹9300 और ₹14,100 (b) ₹9400 और ₹14,000
(c) ₹9500 और ₹14,200 (d) ₹9600 और ₹14,400

RRB NTPC 19.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : कुल निवेश = A+ B = ₹1,00,000 + ₹150,000
= ₹250000
कुल लाभ = ₹24000
A को मिलने वाले हिस्सा $= \frac{100000}{250000}\times24000 = ₹\,9600$
B को मिलने वाले हिस्सा $= \frac{150000}{250000}\times24000 = ₹14400$
अतः विकल्प (d) सही है।

3. ₹48,000 की राशि को दो भाइयों अनिल और आदित्य में 11:13 के अनुपात में बांटा जाता है। आदित्य का हिस्सा ज्ञात कीजिए:

(a) ₹24,000 (b) ₹26,000
(c) ₹2,000 (d) ₹22,000

RRB NTPC 09.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : आदित्य का हिस्सा $= \frac{13}{24}\times48000$
$= ₹\,26000$

4. A और B के पास कुल ₹ 2,300 हैं। यदि A की राशि का $\frac{2}{5}$, B की राशि के $\frac{8}{26}$ के बराबर है, तो B के पास कितनी राशि (₹ में) हैं?

(a) 1,300 (b) 1,150
(c) 1,200 (d) 1,000

RRB NTPC 18.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : A राशि का $\frac{2}{5} = A\times\frac{2}{5}$
B की राशि के $\frac{8}{26} = B\times\frac{8}{26}$
अतः प्रश्नानुसार,
$\frac{2A}{5} = \frac{8B}{26}$
$\frac{A}{B} = \frac{10}{13} = \frac{10x}{13x}$
$\Rightarrow 23x \rightarrow ₹2300$
$x = ₹100$
B के पास राशि = 13x = 13 × 100 = ₹1300

5. एक निश्चित धनराशि को A, B और C के बीच विभाजित किया जाता है। A को कुल राशि में से एक तिहाई हिस्सा मिलता है। B को C से तीन गुना हिस्सा मिलता है और C को A से ₹1,200 कम मिलते हैं। A का हिस्सा (₹ में) ज्ञात कीजिए।

(a) 1,200 (b) 3,600
(c) 4,800 (d) 2,400

RRB NTPC 30.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : माना कुल धनराशि = ₹ x
A को प्राप्त राशि = ₹ $\frac{x}{3}$
C को प्राप्त राशि = ₹ $\left(\frac{x}{3}-1200\right)$
B को प्राप्त राशि $= 3\left(\frac{x}{3}-1200\right) = ₹\,(x-3600)$
$\therefore$ कुल राशि $= \frac{x}{3}+\frac{x}{3}-1200+x-3600 = x$
$\frac{5x}{3}-4800 = x$
$\frac{2x}{3} = 4800$
$x = 2400\times3$
$x = ₹\,7200$
$\therefore$ A को प्राप्त हिस्सा $= 7200\times\frac{1}{3} = ₹\,2400$

6. ₹21,150, A, B, और C के बीच बांटे जाते हैं। A का हिस्सा, B के हिस्से का $\frac{4}{5}$ है, और B का हिस्सा, C के हिस्से का $\frac{3}{4}$ है। अपनी संबंधित धनराशियां प्राप्त करने के बाद, C अपने हिस्से के कुछ धनराशि A को देती है, इस अंतरण के बाद A और C की धनराशि का

अनुपात 7:9 हो जाता है। C ने अपने मूल हिस्से की कितनी धनराशि A को दी?

(a) $\frac{1}{5}$ (b) $\frac{1}{12}$ (c) $\frac{1}{8}$ (d) $\frac{1}{10}$

RRB NTPC 26.07.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : प्रश्नानुसार,

$A = \frac{4}{5}B$

$\frac{A}{B} = \frac{4}{5}$ .....(i)

तथा $B = \frac{3}{4}C$

$\frac{B}{C} = \frac{3}{4}$ .....(ii)

A : B : C = 12 : 15 : 20

अब धनराशि 21150 में A का हिस्सा

$= 21150 \times \frac{12}{47} = ₹5400$

तथा C का हिस्सा $= 21150 \times \frac{20}{47} = 9000$

यदि C, A को x धनराशि दे दिया तो,

द्वितीय शर्तानुसार,

$\therefore \frac{5400 + x}{9000 - x} = \frac{7}{9}$

$9(5400 + x) = 7(9000 - x)$

$48600 + 9x = 63000 - 7x$

$16x = 63000 - 48600$

$x = \frac{14400}{16} = 900$

अतः C द्वारा A को अपने हिस्से की दी गयी धनराशि

$= \frac{900}{9000} = \frac{1}{10}$ भाग

7. A, B और C एक व्यापार में साझेदार हैं, जिसकी कुल पूंजी ₹ 33,000 है। उन्हें वर्ष के अंत में, ₹ 15,000 का लाभ हुआ जिसे उनकी पूंजी के अनुपात में विभाजित किया जाना है। लाभ में से हिस्से के तौर पर A को ₹4,500 प्राप्त हुए और B को ₹ 5,500 प्राप्त हुए। C की पूंजी (₹ में) ज्ञात कीजिए?

(a) ₹ 11,000 (b) ₹ 13,000
(c) ₹ 12,000 (d) ₹ 14,000

RRB NTPC 18.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : प्रश्नानुसार,

C का लाभ = कुल लाभ − (A + B) का लाभ
= 15000 – (4500 + 5500)
= 15000 – 10000 = ₹5000

(A : B : C) के लाभों का अनुपात = 4500 : 5500 : 5000

A : B : C = 9 : 11 : 10

C की पूँजी = कुल पूंजी $\times \frac{\text{C का भाग}}{(\text{A} + \text{B} + \text{C}) \text{ का भाग}}$

$= 33000 \times \frac{10}{(9+11+10)} = 33000 \times \frac{10}{30} = 11000$

अतः C की पूँजी ₹11000 है।

8. दो कर्मचारियों अनीता और सरिता को प्रति माह ₹ 6,600 की कुल राशि का भुगतान किया जाता है। यदि अनीता को सरिता की दी गई राशि का 120% भुगतान किया जाता है, तो सरिता को कितनी राशि मिलेगी?

(a) ₹3000 (b) ₹30000
(c) ₹5000 (d) ₹4500

RRB NTPC 17.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : माना सरिता को दी गयी धनराशि = ₹ x

तो प्रश्नानुसार अनीता को दी गयी धनराशि

$= x \times \frac{120}{100} = ₹ 1.2x$

तथा कुल धनराशि = x + 1.2x = 6600

2.2 x = 6600

$x = \frac{6600}{2.2} = 3000$

अतः सरिता को प्रति माह दी गयी धनराशि x = ₹ 3000

9. श्वेता और हरीश ने ₹ 28,000 की आय पर एक परियोजना पूरी की। इस परियोजना में श्वेता ने 20 दिन और हरीश ने 30 दिनों तक काम किया। यदि उनकी दैनिक मजदूरी 5 : 6 के अनुपात में है, तो श्वेता के हिस्से की आय कितनी होगी?

(a) ₹ 12,000 (b) ₹ 16,000
(c) ₹ 10,000 (d) ₹ 18,000

RRB NTPC 28.12.2020 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : श्वेता और हरीश के कार्य का अनुपात

$= 20 \times 5 : 30 \times 6 = 100 : 180 = 5 : 9$

आय में श्वेता का हिस्सा $= 28000 \times \frac{5}{14} = 2000 \times 5 = ₹ 10000$

10. एक निश्चित धनराशि को तीन मित्रों: राजीव, केवल और अमित के बीच 2 : 3 : 7 के अनुपात में विभाजित किया गया। यदि अमित का हिस्सा, केवल के हिस्से से ₹15 अधिक होता, तो विभाजित की गई धनराशि कितनी थी?

(a) ₹45 (b) ₹57
(c) ₹27 (d) ₹180

RRB NTPC 07.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : माना राजीव, केवल और अमित का हिस्सा क्रमशः 2x, 3x तथा 7x है।

प्रश्नानुसार,

$7x = 3x + 15$

$4x = 15$

$x = \frac{15}{4}$

विभाजित की गई धनराशि = 2x + 3x + 7x = 12x

$= 12 \times \frac{15}{4} = ₹45$

11. 5 : 2 : 8 के अनुपात में A, B और C के बीच एक राशि का बँटवारा किया जाना है। यदि A और C के हिस्सों में ₹7,740 का अंतर है, तो कुल राशि कितनी होगी?

(a) ₹28,976 (b) ₹35,875
(c) ₹38,700 (d) ₹30,983

RRB NTPC 31.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : माना A का हिस्सा = 5x
B का हिस्सा = 2x
C का हिस्सा = 8x
दिया है, A और C के हिस्से का अंतर = 7740
$\Rightarrow$ 8x–5x = 7740
3x = 7740
x = 2580
A का हिस्सा = 5×2580 = 12900
B का हिस्सा = 2×2580 = 5160
C का हिस्सा = 8×2580 = 20640
कुल हिस्सा = 38700

12. एक दुकानदार ने ₹250,000 की एक धनराशि को अपने तीन पुत्रों के बीच क्रमशः 30%, 45% और 25% के अनुपात में वितरित किया। प्रत्येक पुत्र को विरासत में कितनी धनराशि मिली?

(a) ₹75, 000, ₹1,14,500 और ₹60,500
(b) ₹75,000, ₹1,13,500 और ₹61,500
(c) ₹75,000, ₹1,12,000 और ₹63,000
(d) ₹75,000, ₹1,12,500 और ₹62,500

RRB NTPC 07.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : धनराशि का अनुपात–
30% : 45% : 25%
6 : 9 : 5
$\because (6+9+5) \rightarrow 250000$
20 यूनिट $\rightarrow$ 250000
1 यूनिट $\rightarrow$ 12500
$\therefore$ पहले पुत्र को मिली धनराशि = 6 × 12500 = ₹75000
दूसरे पुत्र को मिली धनराशि = 9 × 12500 = ₹112500
तीसरे पुत्र को मिली धनराशि = 5 × 12500 = ₹62500

13. यदि 330 पेंसिलों को राजेश, सुरेश और चंदन के बीच क्रमशः $\frac{1}{4}:\frac{2}{3}:\frac{1}{3}$ के अनुपात में वितरित किया गया है, तो चंदन को कितनी पेंसिलें मिलीं?

(a) 48 (b) 56
(c) 88 (d) 78

RRB NTPC 31.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) :
दिया गया अनुपात $= \frac{1}{4}:\frac{2}{3}:\frac{1}{3} \Rightarrow \frac{3:8:4}{12} = 3:8:4$
चंदन को प्राप्त पेंसिल $= 330 \times \frac{4}{(3+8+4)} = 330 \times \frac{4}{15} = 88$

14. सुखदेव और बलदेव के दादा ने ₹2,150 की राशि को उसके बीच 20:23 के अनुपात में विभाजित किया। उन दोनों में से प्रत्येक ने अपने-अपने हिस्सों में से ₹100 का दान किया। उनकी संबंधित राशियों का नया अनुपात ज्ञात कीजिए।

(a) 80:77 (b) 6:7
(c) 19:22 (d) 120:123

RRB NTPC 09.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : प्रश्नानुसार,
सुखदेव का हिस्सा $= \frac{2150 \times 20}{43} = 1000$
बलदेव का हिस्सा $= \frac{2150 \times 23}{43} = 1150$
₹ 100, दान करने के बाद अनुपात
$= (1000-100):(1150-100) = 900:1050 = 6:7$

15. N के पास K से p अधिक धन है। N और K दोनों की कुल धनराशि q है। K के पास कितना धन है?

(a) $\frac{q}{2}+p$ (b) $2(p+q)$
(c) $\frac{(p+q)}{2}$ (d) $\frac{(q-p)}{2}$

RRB NTPC 17.01.2017 Shift-2

Ans :(d) N = K + p …… (i)
N + K = q
समी. (i) से N का मान रखने पर
K + p + K = q
2K = q – p,
अत: $K = \frac{q-p}{2}$

16. XYZ कंपनी अपने लाभ या हानि को अपने साझेदारों X, Y और Z में क्रमशः 1/3, 1/2, 1/6 के अनुपात में बाँटती है। यदि Z को उसके हिस्से के रूप में ₹ 1,76,802 प्राप्त होता है तो Y द्वारा प्राप्त राशि ज्ञात कीजिए।

(a) ₹5,30,406 (b) ₹88,401
(c) ₹3,53,604 (d) ₹2,65,203

RRB NTPC 28.04.2016 Shift : 1

Ans : (a) X, Y तथा Z के हिस्से का अनुपात $= \frac{1}{3}:\frac{1}{2}:\frac{1}{6}$
$= 2:3:1$
$\because$ Z का हिस्सा = ₹1,76,802
$\therefore$ Y द्वारा प्राप्त राशि $= \frac{3}{1} \times 176802 = ₹5,30,406$

17. 1600 को तीन भागों में इस प्रकार विभाजित कीजिए कि पहले भाग के सातवें दूसरे भाग के पांचवे और तीसरे भाग के चौथाई भाग बराबर हो–

(a) 900, 500, 300 (b) 700, 500, 400
(c) 700, 600, 300 (d) 800, 500, 400

RRB NTPC 03.04.2016 Shift : 3

Ans : (b) माना पहला भाग, दूसरा भाग तथा तीसरा भाग क्रमशः x, y व z है।
प्रश्नानुसार,
$\frac{x}{7} = \frac{y}{5} = \frac{z}{4} = k$ (माना)
x = 7k
y = 5k, z = 4k
पहला भाग $x = 1600 \times \frac{7k}{16k} = 1600 \times \frac{7}{16} = 700$
दूसरा भाग $y = 1600 \times \frac{5k}{16k} = 1600 \times \frac{5}{16} = 500$
तीसरा भाग $z = 1600 \times \frac{4k}{16k} = 1600 \times \frac{4}{16} = 400$

18. 3740 को तीन भागों में इस तरह से विभाजित कीजिए कि पहले का आधा भाग, दूसरे का एक तिहाई भाग और तीसरे का छठा भाग आपस में बराबर हो–

(a) 700, 1000, 2040 (b) 340, 1360, 2040
(c) 680, 1020, 2040 (d) 500, 1200, 2040

RRB NTPC 02.04.2016 Shift : 2

Ans : (c) माना संख्या x, y तथा z है।
तब,

$$\frac{x}{2}=\frac{y}{3}=\frac{z}{6}\Rightarrow x:y:z=2:3:6$$

अत: $2a + 3a + 6a = 3740$
$11a = 3740$
$a = 340$
प्रथम संख्या $= 2a = 2 \times 340 = 680$
द्वितीय संख्या $= 3a = 3 \times 340 = 1020$
तृतीय संख्या $= 6a = 6 \times 340 = 2040$

19. A, B और C साझेदारी करते हैं। A का निवेश B के निवेश का 3 गुना है, और B का निवेश C के निवेश का $\frac{2}{3}$ गुना है। वर्ष के अंत में कुल लाभ ₹6,600 था। लाभ में B का हिस्सा ज्ञात कीजिए।

(a) ₹1,600 (b) ₹1,200
(c) ₹1,800 (d) ₹2,400

RRB NTPC 10.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : A का निवेश = B का निवेश का 3 गुना

$$A = B \times 3$$

$$\frac{A}{B}=\frac{3}{1} \quad ...(1)$$

B का निवेश = C का निवेश का $\frac{2}{3}$ गुना

$$B = C\times\frac{2}{3}$$

$$\frac{B}{C}=\frac{2}{3} \quad ... (2)$$

समी0 (1) व (2) से –

$$A : B : C = 6 : 2 : 3$$

माना A, B और C द्वारा निवेश की गयी राशियाँ 6x, 2x और 3x है।
प्रश्नानुसार,

$$\text{B का हिस्सा} = \frac{2x}{(6x+2x+3x)}\times 6600$$

$$= \frac{2x}{11x}\times 6600 = ₹1200$$

20. तीन व्यक्तियों ने एक व्यवसाय में $\frac{1}{2}:\frac{1}{3}:\frac{1}{4}$ के अनुपात में धन निवेश किया। वर्ष के अंत में कुल लाभ ₹ 15600 था। लाभ का सबसे बड़ा हिस्सा क्या होगा?

(a) ₹ 7200 (b) ₹ 7000
(c) ₹ 7500 (d) ₹ 8000

RRB NTPC 28.12.2020 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) :

$$\frac{1}{2}:\frac{1}{3}:\frac{1}{4}$$

12 से गुणा करने पर
6 : 4 : 3
प्रश्नानुसार,
13 यूनिट = 15600
1 यूनिट = 1200
लाभ का सबसे बड़ा हिस्सा = 6
1 यूनिट = 1200
6 यूनिट = 7200

21. महेश और हरीश एक व्यवसाय में क्रमशः ₹ 20,000 और ₹ 30,000 का निवेश करते हैं। यदि 3 महीने बाद हरीश अपने निवेश में से ₹ 5,000 निकाल लेता है, तो उनके बीच प्राप्त लाभ किस अनुपात में विभाजित होगा?

(a) 16 : 21 (b) 16 : 22
(c) 16 : 20 (d) 16 : 23

RRB NTPC 21.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : प्रश्नानुसार,
महेश और हरीश के लाभों का अनुपात
$= 20000\times12 : 30000\times3+25000\times9$
$= 240 : 90+225 = 240 : 315 = 16 : 21$

22. A और B ने क्रमशः ₹20,000/- और ₹16,000/- का निवेश करके एक साझेदारी की 3 माह के बाद C, ₹15,000/- का निवेश करके उस साझेदारी में शामिल हो जाता है। ₹4,350/- के छमाही लाभ में B का हिस्सा (₹ में) कितना होगा?

(a) ₹1,760 (b) ₹20,00
(c) ₹1,600 (d) ₹1,850

RRB NTPC 04.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : A : B : C
A तथा B छः महीने तक निवेश किये जबकि C तीन महीने बाद निवेश करता है।
∵ पूँजी × समय = लाभांश
अतः
A B C
₹20000×6 माह : ₹16000×6 माह : ₹15000×3 माह
20×6 : 16×6 : 15×3
120 : 96 : 45
40 : 32 : 15
कुल इकाई = 40 + 32 + 15 = 87 इकाई लाभांश
87 इकाई - 4350
1 इकाई - $\frac{4350}{87}$
32 इकाई $=\frac{4350}{87}\times32 = 50\times32 = ₹1600$

23. दो साझेदारों A और B ने एक साथ मिलकर क्रमशः ₹6,000 और ₹8,000 की पूंजी का निवेश कर एक व्यापार शुरु किया। यदि उनको ₹ 5,600 का लाभ हुआ, तो A का हिस्सा (₹ में) कितना होगा?

(a) 2,800 (b) 2,100
(c) 3,200 (d) 2,400

RRB NTPC 18.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : प्रश्नानुसार,
A और B के पूंजियों का अनुपात = 6000 : 8000
A : B = 6 : 8
A : B = 3 : 4

A का हिस्सा = कुल लाभ $\times \frac{\text{A का भाग}}{(\text{A}+\text{B}) \text{ का भाग}}$

$= 5600 \times \frac{3}{(3+4)} = 5600 \times \frac{3}{7} = 2400$

अतः A का हिस्सा = ₹2400

24. सीता, गीता, और रीता ने एक व्यापार में क्रमशः ₹20,000, ₹50,000 और ₹40,000 का निवेश किया। उनको एक वर्ष में प्राप्त कुल लाभ ₹12,100 था, जिसे उन्होंने अपने निवेशों के अनुपात में बांट लिया। रीता को प्राप्त हुआ लाभांश ज्ञात कीजिए।

(a) ₹4,300 (b) ₹4,100
(c) ₹4,400 (d) ₹4,200

RRB NTPC 26.07.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : सीता, गीता, और रीता का लाभांश में अनुपात
= समान समय के लिए निवेश की गयी उनकी धनराशियों का अनुपात
= 20,000 : 50,000 : 40,000
= 2 : 5 : 4
अतः वर्ष के अंत में ₹12,100 का लाभ प्राप्त हो तो रीता का लाभांश

$= 12,100 \times \frac{4}{11} = ₹4,400$

25. सुमन साक्षी तथा मयंक एक साझेदारी करते है। सुमन साक्षी से 5 गुना और साक्षी, मयंक के निवेश का 3/5 भाग निवेश करती है। वर्ष के अंत में कुल लाभ 23000 रुपये अर्जित हुआ। साक्षी का भाग ज्ञात कीजिये।

(a) ₹5000 (b) ₹3000
(c) ₹4000 (d) ₹4500

RRB NTPC 18.04.2016 Shift : 2

Ans : (b) माना साक्षी का निवेश = ₹x
तब सुमन का निवेश = ₹5x

मयंक $\times \frac{3}{5} = x \Rightarrow$ मयंक $= \frac{5x}{3}$

साक्षी, सुमन और मयंक के लाभों का अनुपात = $x : 5x : \frac{5x}{3}$
= 3 : 15 : 5

∴ साक्षी के लाभ का हिस्सा = $\frac{3}{23} \times 23000 = ₹\ 3000$

26. राजा ने ₹4400 की पूंजी के साथ सब्जी का व्यवसाय शुरू किया। कुछ महीनों के बाद, रंगा ₹2400 की पूंजी के साथ इस व्यवसाय में जुड़ गया। ₹1200 के कुल वार्षिक लाभ में से, राजा का हिस्सा ₹800 है। रंगा एक साझेदार के तौर पर इस व्यवसाय में कब शामिल हुआ?

(a) वर्ष समाप्त होने के 2 माह पहले
(b) राजा द्वारा व्यवसाय शुरू करने के 2 माह बाद
(c) राजा द्वारा व्यवसाय शुरू करने के 1 माह बाद
(d) वर्ष समाप्त होने के 1 माह पहले

RRB NTPC 23.07.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : माना रंगा x माह बाद व्यवसाय में शामिल हुआ।

	राजा	**रंगा**
निवेश–	4400	2400
समय	12	(12 – x)
लाभ	800	400

सूत्र से. लाभ = पूंजी × समय

$\frac{800}{400} = \frac{4400}{2400} \times \frac{12}{12-x}$

$2 = \frac{22}{12-x} \Rightarrow 24 - 2x = 22$

$2x = 2$

$\boxed{x = 1}$

27. सूरज और विमल ने एक व्यवसाय शुरू किया। उन्होंने एक वर्ष में ₹8,400 लाभ के रूप में कमाया। वर्ष के अंत में, सूरज को उसके लाभ के हिस्से के रूप में ₹4,500 की प्राप्ति हुई। सूरज और विमल द्वारा व्यवसाय में निवेश की गयी राशि का अनुपात ज्ञात कीजिए।

(a) 13 : 15 (b) 28 : 13
(c) 15 : 13 (d) 15 : 28

RRB NTPC 10.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : कुल एक साल से लाभ = ₹8400
सूरज के लाभ का हिस्सा = ₹4500
∴ विमल के लाभ का हिस्सा = 8400 – 4500 = ₹3900
अतः अभीष्ट अनुपात = 4500 : 3900 = 15 : 13

28. मोहन ने कपड़ा व्यवसाय में ₹100,000 निवेश किये। कुछ महीनों के बाद सोहन ₹40,000 लगाकर उसका साझेदार बन जाता है। वर्ष के अन्त में दोनों में कुल लाभ 3 : 1 के अनुपात में बाँटा जाता है। सोहन ने कितने महीनों बाद व्यवसाय में साझेदारी शुरू की थी?

(a) 3 (b) 2 (c) 4 (d) 5

RRB NTPC 16.04.2016 Shift : 1

Ans : (b) माना सोहन ने x महीनो बाद व्यवसाय में साझेदारी की
∴ प्रश्न से,

$\frac{100000 \times 12}{40000 \times (12-x)} = \frac{3}{1}$

$\Rightarrow 1200000 = 120000 \times (12–x)$
$\Rightarrow 10 = 12 – x$
$\Rightarrow x = 12–10 = 2$

29. रामदास ने एक कॉस्मेटिक व्यवसाय में ₹90000 का निवेश किया कुछ महीने बाद श्यामदास ₹30000 लगाकर व्यापार में साझेदार हो गया। वर्ष के अंत में कुल लाभ 4:1 के अनुपात में उन दोनों में विभाजित किया गया था। श्यामदास व्यापार में कितने महीनो बाद शामिल हुआ था–

(a) 4 (b) 3 (c) 1 (d) 6

RRB NTPC 19.04.2016 Shift : 1

Ans : (b) माना x महीने बाद श्यामदास व्यापार में शामिल हो गया।
व्यापार में दोनों के हिस्से का अनुपात = 90000 × 12 : 30000 × (12–x) = 36 : (12–x)

$\therefore \frac{36}{12-x} = \frac{4}{1}$ या 12 – x= 9 या x = 3

11.

कार्य एवं समय (Work & Time)

Type-1 : कार्य एवं समय संबंधित सामान्य प्रश्न

1. पारस एक काम का 40%, 8 दिनों में पूरा कर सकता है, जबकि दीप्ति और पारस मिलकर उस काम का 10% एक दिन में पूरा कर सकते हैं। काम को पूरा करने के लिए अकेले दीप्ति द्वारा लिया गया समय ज्ञात कीजिये।

(a) 23 दिन (b) 21 दिन
(c) 22 दिन (d) 20 दिन

RRB NTPC (Stage-2) 13/06/2022 (Shift-II)

Ans. (d) : पारस एक काम का 40% $\left(\frac{2}{5}\text{भाग}\right)$, 8 दिन में करता है, तो पारस को पूरा काम करने में लगा समय = $\frac{5}{2}\times 8$ =20 दिन

(दीप्ति + पारस) काम का 10% $\left(\frac{10}{100}=\frac{1}{10}\text{भाग}\right)$, 1 दिन में करते हैं।

तो–पूरा काम करेंगे = 10 दिन में

दीप्ति का 1 दिन का कार्य = $\frac{1}{10}-\frac{1}{20}=\frac{2-1}{20}=\frac{1}{20}$ भाग

अतः अकेले पूरा कार्य करने में दीप्ति द्वारा लिया गया समय=20 दिन

2. रमा 1 घंटे में 36 बक्से पैक करती है। उसकी बहन को इतने ही बक्से पैक करने में 3 घंटे का समय लगता है। उन दोनों को एक साथ मिलकर इन 36 बक्सों को पैक करने में कितना समय लगेगा?

(a) 40 मिनट (b) 38 मिनट
(c) 45 मिनट (d) 42 मिनट

RRB NTPC 14.03.2021 (Shift-I) Stage I

Ans. (c) : ∵ रमा 60 मिनट में 36 बक्से पैक करती है।

∴ 1 मिनट $=\frac{36}{60}=\frac{3}{5}$

तथा उसकी बहन 180 मिनट में 36 बक्से पैक करती है।

∴ 1 मिनट $=\frac{36}{180}=\frac{1}{5}$

∴ 1 मिनट में दोनों द्वारा पैक किया जायेगा $=\frac{3}{5}+\frac{1}{5}$

$=\frac{4}{5}$

∴ दोनों द्वारा 36 बक्से पैक करने में लगा समय $=\frac{36}{4/5}$

$=\frac{36\times 5}{4}=45$ मिनट

3. रंगा और राजू एक साथ मिलकर किसी कार्य को 6 दिन में पूरा कर सकते हैं। यदि रंगा अकेले इस कार्य को 18 दिनों में पूरा कर सकता है, तो राजू को इस कार्य को पूरा करने में कितने दिन लगेंगे?

(a) 9 (b) 7
(c) 8 (d) 6

RRB NTPC 09.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : माना राजू उसी कार्य को x दिनों में पूरा करता है।

रंगा और राजू का एक दिन का कार्य = $\frac{1}{6}$ भाग

रंगा का एक दिन का कार्य = $\frac{1}{18}$ भाग

प्रश्नानुसार,

$$\frac{1}{x}+\frac{1}{18}=\frac{1}{6}\Rightarrow\frac{1}{x}=\frac{1}{6}-\frac{1}{18}$$

$$\frac{1}{x}=\frac{3-1}{18}$$

$$\frac{1}{x}=\frac{1}{9}$$

अतः राजू को इस कार्य को पूरा करने में 9 दिन लगेंगे।

4. A और B मिलकर एक कार्य को 6 दिनों में पूरा कर सकते हैं और A अकेले उसी कार्य को 9 दिनों में पूरा कर सकता है। B अकेले उसी कार्य को पूरा करने में कितने दिन लेगा?

(a) 16 (b) 20
(c) 12 (d) 18

RRB NTPC 23.07.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : A का 1 दिन का कार्य $=\frac{1}{9}$ भाग

(A+B) का 1 दिन का कार्य $=\frac{1}{6}$ भाग

∴ B का 1 दिन का कार्य $=\frac{1}{6}-\frac{1}{9}$

$=\frac{3-2}{18}$

$=\frac{1}{18}$ भाग

अतः B अकेले उसी कार्य को 18 दिन में पूरा कर लेगा।

5. A किसी कार्य को 40 दिन में पूरा कर सकता है। यदि A और B एक साथ मिलकर उसी कार्य को 30 दिन में पूरा कर सकते है, तो B अकेले उसी कार्य को कितने दिन में पूरा कर सकता है?

(a) 150 दिन (b) 100 दिन
(c) 125 दिन (d) 120 दिन

RRB NTPC 19.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : B का एक दिन का कार्य $= \frac{1}{A+B} - \frac{1}{A} = \frac{1}{30} - \frac{1}{40}$

$= \frac{4-3}{120} = \frac{1}{120}$

अतः, B उस कार्य को 120 दिन में पूरा करेगा।

6. A अकेला एक कार्य को 30 दिन में पूरा कर सकता है। वह 6 दिन उस कार्य को करता है, और फिर B उसे 24 दिन में पूरा करता है। A और B मिलकर उस कार्य को कितने दिनों में पूरा करते हैं?

(a) 25 (b) 10
(c) 20 (d) 15

RRB NTPC 29.01.2021 (Shift-II) Stage I

Ans. (d) : A के 1 दिन का कार्य $= \frac{1}{30}$ भाग

A के 6 दिन का कार्य $= \frac{6}{30} = \frac{1}{5}$ भाग

$\because$ शेष भाग $= 1 - \frac{1}{5} = \frac{4}{5}$ भाग

$\therefore$ $\frac{4}{5}$ भाग B करता है $= 24$ दिन

B को पूरा कार्य करने में लगा समय $= 30$ दिन

$\therefore$ (A + B) दोनों द्वारा कार्य समाप्त करने में लगा समय

$= \frac{1}{\left(\frac{1}{30} + \frac{1}{30}\right)} = 15$ दिन

7. यदि A, B और C अकेले एक काम को क्रमशः 15 दिन, 20 दिन और 25 दिन में पूरा कर सकते है, तो वे एक साथ कार्य करके उसी कार्य को कितने दिनों में पूरा कर लेगें?

(a) $\frac{150}{47}$ (b) $\frac{225}{47}$
(c) $\frac{300}{47}$ (d) $\frac{75}{47}$

RRB NTPC 21.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : प्रश्नानुसार,

A का 1दिन का कार्य $= \frac{1}{15}$

B का 1 दिन का कार्य $= \frac{1}{20}$

C का 1 दिन का कार्य $= \frac{1}{25}$

(A+B+C) का 1 दिन का कार्य $= \left(\frac{1}{15} + \frac{1}{20} + \frac{1}{25}\right)$

$= \frac{20+15+12}{300}$

$= \frac{47}{300}$

अतः तीनों मिलकर इस कार्य को $\frac{300}{47}$ दिन में समाप्त कर लेंगे।

8. एक आदमी और एक लड़का, एक साथ कार्य करते हुए किसी कार्य को 24 दिन में समाप्त कर सकते है। यदि अंतिम 6 दिन में, आदमी अकेले कार्य करता है, तो कार्य 26 दिन में समाप्त हो सकता है। लड़का अकेले कार्य करते हुए इस कार्य को कितने दिन में पूर्ण कर सकता है।

(a) 72 (b) 54
(c) 48 (d) 36

RRB NTPC 01.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : माना लड़का कार्य को x दिन और आदमी कार्य को y दिन में करता है।

प्रश्नानुसार,

$\frac{1}{x} + \frac{1}{y} = \frac{1}{24}$ -----(1)

$\frac{20}{x} + \frac{26}{y} = 1$-----(2)

समी. (1) × 26 –समी. (2) से

$\frac{26}{x} + \frac{26}{y} = \frac{26}{24}$ [समी. 1 × 26]

$\frac{20}{x} + \frac{26}{y} = 1$

$\frac{6}{x} = \frac{2}{24}$

$x = 72$ दिन

9. X, 4 मिनट में 60 पृष्ठों की प्रतिलिपि कर सकता है, X तथा Y दोनों मिलकर 30 मिनट में 750 पृष्ठों की प्रतिलिपि कर सकते है। Y कितने मिनट में 100 पृष्ठों की प्रतिलिपि कर सकता है?

(a) 8 (b) 16
(c) 10 (d) 5

RRB NTPC 19.04.2016 Shift : 3

Ans : (c) X का 1 मिनट का कार्य $= \frac{60}{4} = 15$ पृष्ठ

X व Y का 1 मिनट का कार्य $= \frac{750}{30} = 25$ पृष्ठ

$\therefore$ Y का 1 मिनट का कार्य $= 25 - 15 = 10$ पृष्ठ

$\therefore$ Y द्वारा 100 पृष्ठ के प्रतिलिपि करने में लिया गया

समय $= \frac{100}{10} = 10$ मिनट

10. X एक काम का 25%, 20 दिन में पूरा करता है। Y,X के साथ शामिल हो जाता है और वे मिलकर बचे हुए काम को 15 दिनों में करते हैं। तो Y उसी काम को अकेला कितने दिनों में कर सकता है?

(a) 30 दिन (b) $25\frac{1}{2}$ दिन
(c) $26\frac{2}{3}$ दिन (d) $26\frac{1}{3}$ दिन

RRB NTPC 27.04.2016 Shift : 2

Ans : (c) X एक काम का $25\% = \frac{1}{4}$ भाग पूरा करता है = 20 दिन में

∴ X सम्पूर्ण काम पूरा करेगा = 80 दिन में

शेष काम $= 1 - \frac{1}{4} = \frac{3}{4}$

दोनों मिलकर $\frac{3}{4}$ काम पूरा करते हैं = 15 दिनों में

∴ दोनों मिलकर सम्पूर्ण काम पूरा करेंगे $= 15 \times \frac{4}{3} = 20$ दिन में

∴ Y का 1 दिन का काम $= \frac{1}{20} - \frac{1}{80} = \frac{4-1}{80} = \frac{3}{80}$

Y उस कार्य को $= \frac{80}{3} = 26\frac{2}{3}$ दिन में पूरा करेगा।

11. यदि राम एक कार्य को 20 दिन में कर सकता है और कृष्णा उसी कार्य को 30 दिन में कर सकता है, तो दोनों मिलकर उसी कार्य को कितने दिन में पूरा करेंगे?

(a) 10 दिन (b) 8 दिन

(c) 15 दिन (d) 12 दिन

RRB NTPC 21.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : राम किसी कार्य को 20 दिन में करता है।

राम द्वारा एक दिन में किया गया कार्य = $\frac{1}{20}$

कृष्णा द्वारा एक दिन में किया गया कार्य = $\frac{1}{30}$

प्रश्नानुसार,

राम और कृष्णा द्वारा एक दिन में किया गया कार्य

$= \frac{1}{20} + \frac{1}{30} = \frac{5}{60} = \frac{1}{12}$

अतः राम और कृष्णा द्वारा कुल कार्य को करने में लगा समय 12 दिन होगा।

12 A और B एक साथ मिलकर किसी कार्य को 35 दिन में पूरा कर सकते हैं। A अकेले उसी कार्य को 60 दिन में पूरा कर सकता है। B को अकेले उसी कार्य को पूरा करने में कितने दिन का समय लगेगा?

(a) 96 दिन (b) 72 दिन

(c) 42 दिन (d) 84 दिन

RRB NTPC 05.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : प्रश्नानुसार,

A और B द्वारा एक दिन में किया गया कार्य = $\frac{1}{35}$

∵ B द्वारा एक दिन में किया गया कार्य = A और B द्वारा एक दिन में किया गया कार्य − A द्वारा एक दिन में किया गया कार्य

$= \frac{1}{35} - \frac{1}{60} = \frac{12-7}{420} = \frac{5}{420} = \frac{1}{84}$

∴ B द्वारा अकेले कुल कार्य को करने में लगा समय = 84 दिन

13. अनमोल एक काम को 25 दिनों में पूरा कर सकता है। गरिमा के साथ मिलकर वह उसी काम को 15 दिनों में पूरा कर सकता है, जबकि अनमोल और असीमा एक साथ काम करते हुए उसी काम को 20 दिनों में पूरा कर सकते हैं। गरिमा और असीमा एक साथ काम करते हुए उसी काम को कितने दिनों में पूरा कर सकती हैं?

(a) $\frac{250}{9}$ (b) 29

(c) $\frac{300}{11}$ (d) 30

RRB NTPC (Stage-2) 17/06/2022 (Shift-III)

Ans. (c) : अनमोल का 1 दिन का काम $= \frac{1}{25}$ भाग

(अनमोल + गरिमा) का दिन का काम $= \frac{1}{15}$ भाग

गरिमा का 1 दिन का काम $= \frac{1}{15} - \frac{1}{25} = \frac{5-3}{75} = \frac{2}{75}$ भाग

(अनमोल + असीमा) का 1 दिन का काम $= \frac{1}{20}$ भाग

असीमा का 1 दिन का काम $= \frac{1}{20} - \frac{1}{25} = \frac{5-4}{100} = \frac{1}{100}$ भाग

गरिमा और असीमा का 1 दिन का काम = $= \frac{2}{75} + \frac{1}{100}$

$= \frac{8+3}{300} = \frac{11}{300}$ भाग

अतः गरिमा और असीमा मिलकर काम को $\frac{300}{11}$ दिन में पूरा कर लेंगी।

14. यदि A किसी कार्य को 8 दिन में पूर्ण करता है, B उसी कार्य को 10 दिन में पूर्ण करता है, और C उसी कार्य को 20 दिन में पूर्ण कर सकता है, तो A. B और C एक साथ मिलकर उसी कार्य को कितने दिन में पूर्ण कर सकते है ?

(a) $3\frac{7}{11}$ (b) 3

(c) 4 (d) $2\frac{7}{11}$

RRB NTPC (Stage-2) 16/06/2022 (Shift-I)

Ans. (a) : $\frac{1}{(A+B+C)} = \frac{1}{A} + \frac{1}{B} + \frac{1}{C}$

$= \frac{1}{8} + \frac{1}{10} + \frac{1}{20} = \frac{5+4+2}{40}$

$\frac{1}{(A+B+C)} = \frac{11}{40}$

$(A+B+C) = \frac{40}{11}$

अतः A, B और C द्वारा पूरा कार्य करने में लिया गया समय $= 3\frac{7}{11}$ दिन

15. A और B एक साथ मिलकर एक कार्य को 30 दिन में पूरा कर सकते हैं। C के साथ मिलकर, वे उसी कार्य को 24 दिन में पूरा कर सकते हैं। C अकेले उसी कार्य को कितने दिन में पूरा कर सकता हैं ?

(a) 96 (b) 150
(c) 90 (d) 120

RRB NTPC (Stage-2) 16/06/2022 (Shift-II)

Ans. (d) : (A + B) के 1 दिन का कार्य $=\frac{1}{30}$ भाग

(A + B + C) का 1 दिन का कार्य $=\frac{1}{24}$ भाग

∴ C के 1 दिन का कार्य

$$\frac{1}{C}=\frac{1}{24}-\frac{1}{30}$$

$$=\frac{5-4}{120}$$

$$\frac{1}{C}=\frac{1}{120}$$

$\Rightarrow$ C = 120 दिन

अतः, 'C' अकेले उसी कार्य को 120 दिन में करेगा।

16. A और B एक साथ मिलकर किसी कार्य को 10 दिन में पूर्ण कर सकते हैं। यदि A अकेले उसी कार्य को 15 दिन में पूर्ण कर सकता है और C अकेले उसी कार्य को 20 दिन में पूर्ण कर सकता है, तो B और C एक साथ मिलकर उस कार्य को कितने दिन में पूर्ण कर सकते हैं?

(a) 12 (b) 11
(c) $12\frac{1}{5}$ (d) $11\frac{3}{4}$

RRB NTPC (Stage-2) 15/06/2022 (Shift-III)

Ans. (a) : (A + B) का 1 दिन का कार्य $=\frac{1}{10}$ भाग

A का 1 दिन का कार्य $=\frac{1}{15}$ भाग

∴ B का 1 दिन का कार्य $=\frac{1}{10}-\frac{1}{15}$

$$=\frac{3-2}{30}$$

$$=\frac{1}{30}\text{ भाग}$$

∵ C का 1 दिन का कार्य $=\frac{1}{20}$ भाग

∴ (B + C) का 1 दिन का कार्य $=\frac{1}{30}+\frac{1}{20}$

$$=\frac{2+3}{60}$$

$$=\frac{5}{60}$$

$$=\frac{1}{12}\text{ भाग}$$

अतः B और C मिलकर कार्य को 12 दिन में पूरा कर सकते हैं।

17. A और B एक साथ मिलकर किसी काम को 10 दिनों में पूरा कर सकते हैं। B और C एक साथ मिलकर इसी काम को 15 दिनों में पूरा कर सकते हैं। A और C एक साथ मिलकर इसी काम को 18 दिनों में पूरा कर सकते हैं। A, B और C एक साथ मिलकर इसी काम को कितने दिनों में पूरा करेंगे?

(a) 7 दिन (b) 8 दिन
(c) 9 दिन (d) 10 दिन

RRB NTPC 16.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : प्रश्नानुसार

$$A+B=\frac{1}{10}\text{ .....(i)}$$

$$B+C=\frac{1}{15}\text{ .....(ii)}$$

$$C+A=\frac{1}{18}\text{ .....(iii)}$$

समी0 (i), (ii) व (iii) को जोड़ने पर

$$2[A+B+C]=\frac{1}{10}+\frac{1}{15}+\frac{1}{18}=\frac{9+6+5}{90}=\frac{20}{90}$$

अतः A, B व C द्वारा मिलकर 1 दिन में किया गया कार्य

$$=\frac{20}{90\times 2}$$

अतः पूरा कार्य करने में लगा समय $=\frac{90\times 2}{20}=9$ दिन

18. A अकेले किसी कार्य को 32 दिन में पूरा कर सकती है, जबकि B के साथ मिलकर, वह उसी कार्य को 24 दिन में काम पूरा कर सकती है। यदि C अकेले उसी कार्य को 64 दिन में पूरा कर सकती है, तो B और C एक साथ मिलकर उसी कार्य को कितने दिन में पूरा कर सकती है ?

(a) $38\frac{4}{5}$ दिन (b) $38\frac{3}{5}$ दिन
(c) $38\frac{4}{5}$ दिन (d) $38\frac{2}{5}$ दिन

RRB NTPC 10.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : A द्वारा 1 दिन में किया गया काम $=\frac{1}{32}$ भाग

A और B द्वारा एक साथ मिलकर 1 दिन में किया गया काम $=\frac{1}{24}$ भाग

B द्वारा एक दिन में किया गया काम $=\frac{1}{24}-\frac{1}{32}=\frac{4-3}{96}=\frac{1}{96}$

C द्वारा 1 दिन में किया गया काम $=\frac{1}{64}$ भाग

B और C द्वारा एक साथ मिलकर 1 दिन में किया गया काम

$$=\frac{1}{96}+\frac{1}{64}=\frac{2+3}{192}=\frac{5}{192}\text{ भाग}$$

B और C द्वारा एक साथ मिलकर पूरा काम करने में लिया गया समय $=\frac{192}{5}=38\frac{2}{5}$ दिन

19. A और B किसी परियोजना को 10 दिन में पूर्ण कर सकते हैं, B और C इसे 20 दिन में पूर्ण कर सकते हैं, तथा C और A इसे 30 दिन में पूर्ण कर सकते है। यदि A, B और C एक साथ मिलकर कार्य करते हैं, तो परियोजना को कितने दिन में पूर्ण कर लेंगे?

(a) $\frac{120}{11}$ दिन (b) $\frac{110}{7}$ दिन

(c) $\frac{120}{7}$ दिन (d) $\frac{130}{11}$ दिन

RRB NTPC 13.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : कुल कार्य = 10, 20 और 30 का ल.स. = 60



(A + B + C) की क्षमता = 2 (A + B + C) = 11

$$A + B + C = \frac{11}{2}$$

अतः, A, B, C द्वारा लिया गया समय = $\frac{60}{11/2} = \frac{120}{11}$ दिन

20. P और Q मिलकर एक खेत की फसल को 9 दिन में काट सकते हैं, Q और R मिलकर इसे 12 दिन में और P और R मिलकर इसे 18 दिन में काट सकते हैं। यदि वे तीनों एक साथ मिलकर कार्य करते हैं, तो उन्हें खेत की फसल को काटने में कितने दिन का समय लगेगा।

(a) 39 दिन (b) 4 दिन

(c) 8 दिन (d) 19.5 दिन

RRB NTPC 02.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) :



2(P+Q+R) की एक दिन की फसल कटाई = (16+12+8)
= 36 यूनिट

(P+Q+R) की एक दिन की फसल कटाई = $\frac{36}{2} = 18$ यूनिट

∴ 144 यूनिट फसल काटने में (P+Q+R) द्वारा लिया गया

समय = $\frac{144}{18} = 8$ दिन

21. A, B और C किसी कार्य को क्रमशः 10 दिन, 15 दिन और 20 दिन में पूरा कर सकते है। यदि वे एक साथ मिलकर कार्य करते है, तो कार्य कितने दिन में पूरा हो जाएगा?

(a) $4\frac{7}{13}$ दिन (b) $4\frac{6}{13}$ दिन

(c) $4\frac{9}{13}$ दिन (d) $4\frac{8}{13}$ दिन

RRB NTPC 19.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : A, B और C किसी कार्य को क्रमशः 10 दिन, 15 दिन और 20 दिन में पूरा कर सकते हैं।

∴ A का एक दिन का कार्य = $\frac{1}{10}$

B का एक दिन का कार्य = $\frac{1}{15}$

C का एक दिन का कार्य = $\frac{1}{20}$

∵ A, B, C का एक दिन का कार्य = $\frac{1}{10}+\frac{1}{15}+\frac{1}{20}$

$$= \frac{6+4+3}{60} = \frac{13}{60}$$

∴ A, B, C कार्य को समाप्त करेंगे = $\frac{60}{13} = 4\frac{8}{13}$ दिन में

22. रामू और सोमू मिलकर एक कार्य को 10 दिन में पूरा कर सकते हैं। सोमू और धामू मिलकर उसी कार्य को 12 दिन में पूरा कर सकते हैं। धामू और रामू मिलकर उसी कार्य को 15 दिन में पूरा कर सकते हैं। यदि रामू, सोमू और धामू मिलकर काम करते हैं, तो वे कार्य को कितने दिन में पूरा कर लेंगे ?

(a) 8 (b) 6

(c) 9 (d) 7

RRB NTPC 05.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : (रामू + सोमू) का एक दिन का कार्य = $\frac{1}{10}$

(सोमू + धामू) का एक दिन का कार्य = $\frac{1}{12}$

(धामू + रामू) का एक दिन का कार्य = $\frac{1}{15}$

2 (रामू + सोमू + धामू) का एक दिन का कार्य

$$= \left(\frac{1}{10}+\frac{1}{12}+\frac{1}{15}\right)$$

$$= \frac{6+5+4}{60} = \frac{15}{60} = \frac{1}{4}$$

(रामू + सोमू + धामू) का एक दिन का कार्य

$$= \frac{1}{4\times 2} = \frac{1}{8}$$

∵ $\frac{1}{8}$ भाग कार्य (रामू + सोमू + धामू) करते हैं 1 दिन में,

अतः सम्पूर्ण कार्य को (रामू + सोमू + धामू) द्वारा करने में लगा समय = 8 दिन

23. A और B एक साथ मिलकर किसी कार्य को 24 दिन में पूरा कर सकते हैं। उन्होंने 18 दिनों तक यह कार्य किया और फिर शेष कार्य को C ने 10 दिन में पूरा किया। A, B और C एक साथ मिलकर इस कार्य को कितने दिन में पूरा कर सकते हैं?

(a) 34 दिन (b) 24 दिन

(c) 32 दिन (d) 15 दिन

RRB NTPC 06.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) A + B का एक दिन का कार्य $= \frac{1}{24}$ भाग

A + B का 18 दिन का कार्य $= \frac{18}{24} = \frac{3}{4}$ भाग

शेष कार्य $= 1 - \frac{3}{4}$ भाग $= \frac{1}{4}$ भाग

C को $\frac{1}{4}$ भाग कार्य करने में लगा समय = 10 दिन

∴ पूरा कार्य करने में लगा समय = 40 दिन

C का एक दिन का कार्य $= \frac{1}{40}$ भाग

A+B+C का एक दिन का कार्य $= \frac{1}{24} + \frac{1}{40} = \frac{5+3}{120}$

$= \frac{8}{120}$ भाग $= \frac{1}{15}$ भाग

$\frac{1}{15}$ भाग कार्य करने में (A+B+C) द्वारा लिया गया समय= 1 दिन

∴ पूरा कार्य करने में लगा समम = 1×15 = 15 दिन

24. A और B एक कार्य को 9 दिनों में समाप्त कर सकते हैं, B और C इसे 12 दिनों में समाप्त कर सकते हैं तथा A और C इसे 18 दिनों में समाप्त कर सकते हैं। A, B और C एक साथ मिलकर इस कार्य को कितने दिनों में समाप्त कर सकते हैं ?

(a) 9 (b) 8

(c) 7 (d) 6

RRB NTPC 20.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : (A + B) का एक दिन का कार्य $= \frac{1}{9}$ भाग

(B + C) का एक दिन का कार्य $= \frac{1}{12}$ भाग

(A + C) का एक दिन का कार्य $= \frac{1}{18}$ भाग

2 (A + B + C) का एक दिन का कार्य $= \frac{1}{9} + \frac{1}{12} + \frac{1}{18}$

$2(A + B + C) = \frac{4+3+2}{36}$

$2(A + B + C) = \frac{9}{36}$

$(A + B + C) = \frac{9}{72} = \frac{1}{8}$ भाग

अतः A, B तथा C साथ मिलकर कार्य को 8 दिन में समाप्त कर सकते हैं।

25. अली किसी कार्य को 8 दिन में पूरा कर सकता है। बलविंदर उसी कार्य को 10 दिन में पूरा कर सकता है। उसी कार्य को 4 दिन में पूरा करने के लिए, उन्होंने चंदर को उनके साथ कार्य करने के लिए कहा और उन्होंने समय पर कार्य पूरा कर लिया। चंदर अकेले कितने दिन में कार्य समाप्त कर सकता है?

(a) 20 दिन (b) 40 दिन

(c) 14 दिन (d) 12 दिन

RRB NTPC 07.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : अली का एक दिन का कार्य $= \frac{1}{8}$ इकाई

बलविंदर का एक दिन का कार्य $= \frac{1}{10}$ इकाई

माना चंदर का एक दिन का कार्य $= \frac{1}{x}$ इकाई

प्रश्नानुसार,

$$\frac{1}{8} + \frac{1}{10} + \frac{1}{x} = \frac{1}{4}$$

$$\frac{1}{x} = \frac{1}{4} - \frac{1}{8} - \frac{1}{10}$$

$$\frac{1}{x} = \frac{10-5-4}{40}$$

$$\boxed{\frac{1}{x} = \frac{1}{40}}$$

अतः चंदर अकेले 40 दिन में कार्य समाप्त कर सकता है।

26. A और B एक साथ मिलकर एक कार्य को 21 दिन में पूरा कर सकते हैं। C की मदद से, वे इस कार्य को 14 दिन में पूरा कर सकते हैं। C को अकेले इस कार्य को पूरा करने में कितना समय लगेगा?

(a) 7 दिन (b) 42 दिन

(c) 35 दिन (d) $\frac{35}{2}$ दिन

RRB NTPC 03.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : (A + B) का एक दिन का काम $= \frac{1}{21}$

(A + B + C) का एक दिन का काम $= \frac{1}{14}$

∴ C का एक दिन का काम $= \frac{1}{14} - \frac{1}{21} = \frac{3-2}{42} = \frac{1}{42}$

अतः C अकेले काम को 42 दिन में पूरा करेगा।

27. अमीषा किसी कार्य को स्वयं 14 दिनों में पूरा कर सकती है, जबकि भाव्या इसी कार्य को अकेले पूरा करने में 35 दिन लेती है। इसी कार्य को वे, चित्रा के साथ मिलकर 6 दिनों में पूरा कर सकती है। चित्रा को अकेले इसी कार्य को पूरा करने में कितने दिनों की आवश्यकता होगी?

(a) 43 (b) 14

(c) 28 (d) 15

RRB NTPC 31.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) :



∵ अमीषा, भाव्या और चित्रा की एक दिन की कार्य क्षमता = 35

चित्रा की एक दिन की कार्य क्षमता = 35-(15+6)=14

चित्रा द्वारा कार्य को पूरा करने में लगा समय $= \frac{210}{14} = 15$ दिन

28. A और B एक काम को 10 दिनों में, B और C 15 दिनों में तथा A और C 20 दिनों में समाप्त कर सकते हैं। B अकेला कितने दिनों में यह काम समाप्त कर सकता है?

(a) $\frac{20}{7}$ (b) $\frac{24}{7}$

(c) $\frac{120}{7}$ (d) $\frac{60}{7}$

RRB NTPC 12.04.2016 Shift : 1

Ans : (c) (A+B+C) द्वारा एक दिन में किया गया कार्य–

$$=\frac{1}{2}\left(\frac{1}{10}+\frac{1}{15}+\frac{1}{20}\right)=\frac{1}{2}\times\left(\frac{6+4+3}{60}\right)=\frac{13}{120}$$

∴ B के एक दिन का कार्य = (A+ B+ C) के एक दिन का कार्य – (A + C) के एक दिन का कार्य

$$=\frac{13}{120}-\frac{1}{20}=\frac{13-6}{120}=\frac{7}{120}$$

अत: B अकेला $\frac{120}{7}$ दिनों में काम को समाप्त करेगा।

Type-2 : व्यक्तियों के समूह के कार्य में शामिल होने पर आधारित प्रश्न

29. 12 आदमी एक दीवार को 24.5 दिन में बना सकते है। 49 दिन में ऐसी पांच दीवारें बनाने के लिए कितने आदमियों की आवश्यकता होगी?

(a) 40 (b) 30

(c) 50 (d) 28

RRB NTPC (Stage-2) 15/06/2022 (Shift-III)

Ans. (b) : दिया है,

$M_1 = 12$, $M_2 = ?$

$D_1 = 24.5$, $D_2 = 49$

$W_1 = 1$ दीवार $W_2 = 5$ दीवार

तब,

$$\frac{M_1D_1}{W_1}=\frac{M_2D_2}{W_2}$$

$$\frac{12\times24.5}{1}=\frac{M_2\times49}{5}$$

$M_2 = 30$ आदमी

30. 20 व्यक्ति किसी कार्य को 12.5 दिन में पूरा कर सकते हैं। 8 दिन बाद, 8 व्यक्तियों ने कार्य छोड़ दिया। शेष कार्य कितने दिन में पूरा होगा?

(a) 8 (b) 9 (c) 6 (d) 7.5

RRB NTPC (Stage-2) 17/06/2022 (Shift-II)

Ans. (d) : माना शेष कार्य K दिनों में समाप्त हुआ।

प्रश्नानुसार,

$20\times12.5= 20\times8+(20-8)\times K$

$\Rightarrow 250=160+12\times K$

$\Rightarrow \frac{90}{12}=K$

$\therefore$ $\boxed{K= 7.5 \text{ दिन}}$

31. बारह पुरुष एक कार्य को 16 दिनों में पूरा कर सकते है। बत्तीस महिलाएं उसी कार्य को 12 दिन में पूरा कर सकती है। आठ पुरुषों और आठ महिलाओं ने एक साथ मिलकर 12 दिनों तक कार्य किया, जिसके बाद महिलाओं ने कार्य छोड़ दिया और 8 अन्य पुरुष इस कार्य में शामिल हो गए। इन पुरुषों को शेष कार्य को पूरा करने में कितने दिन का समय लगेगा?

(a) 9 दिन (b) 2 दिन

(c) 3 दिन (d) 10 दिन

RRB NTPC 09.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : प्रश्नानुसार,

MD = WD $[M-\text{पुरुष},\ W-\text{महिला/औरत}]$

$12M\times16 = 32W\times12$

$M = 2W$

$\because\ 32W\times12 = 12(8M+8W)+(8M+8M)\times$ दिन

$32W\times12 = 12(16W+8W)+32W\times$ दिन

$32\times12 = 12\times24+32\times$ दिन

$48 = 36+4\times$ दिन

दिन $=\frac{12}{4}=3$

अतः, शेष कार्य को 3 दिन में पूरा करेंगे।

32. 30 व्यक्ति एक काम को 20 दिनों में कर सकते है। 6 दिन बाद कितने व्यक्तियों को यह काम छोड़ देना चाहिए ताकि पूरा काम 26 दिनों में हो?

(a) 9 (b) 12

(c) 8 (d) 7

RRB NTPC 19.04.2016 Shift : 1

Ans : (a) माना छोड़े गये व्यक्तियों की संख्या x है।

प्रश्नानुसार,

$30\times20 = 6\times30+(26-6)\times(30-x)$

$600 = 180+20(30-x)$

$600-180 = 20(30-x)$

$(30-x)=\frac{420}{20}$

$(30-x) = 21$

$x = 9$

काम छोड़ने वाले व्यक्तियों की संख्या = 9

33. पुरुषों के एक समूह ने 10 दिन में एक कार्य पूरा करने का निर्णय लिया, लेकिन उनमें से पांच अनुपस्थित रहे। यदि समूह के शेष सदस्यों ने कार्य को 12 दिन में पूरा कर लिया हो, तो पुरुषों की मूल संख्या ज्ञात कीजिए।

(a) 30 पुरुष (b) 25 पुरुष

(c) 24 पुरुष (d) 40 पुरुष

RRB NTPC 25.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : माना पुरूषों की संख्या = x

सूत्रः $M_1d_1 = M_2d_2$

$x\times10 = (x-5)\times12$

$5x = 6x-30$

$\boxed{x = 30}$

अतः, पुरुषों की मूल संख्या 30 होगी।

34. 10 पुरुष किसी कार्य को 18 दिनों में पूरा कर सकते हैं। 6 दिन बाद, 5 और पुरुष उनके साथ कार्य में शामिल हो जाते हैं। शेष कार्य को पूरा करने में कितने दिन का समय लगेगा?

(a) 8 (b) 10
(c) 12 (d) 6

RRB NTPC 03.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : प्रश्नानुसार,

$M_1D_1 = M_2D_2$ से (जहां M→ पुरूष, D→दिन

$10\times18 = 10\times6+(10+5)\times D_2$

$180 = 60 + 15D_2$

$15D_2 = 180-60 = 120$

$D_2 = 8$ दिन

35. 15 पुरुष या 25 महिलाएं एक खेत की फसल को 22 दिनों में काट सकते हैं। 9 पुरुषों और 18 महिलाओं को इसे काटने में कितने दिन लगेंगे ?

(a) $16\frac{2}{3}$ (b) $17\frac{2}{3}$
(c) $15\frac{2}{3}$ (d) $18\frac{2}{3}$

RRB NTPC 25.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) :

$15M = 25F$

$\frac{M}{F} = \frac{5}{3}$

$3M = 5F$

$15M \times 22 = (9M + 18F) \times d_2$

$25F \times 22 = 33F \times d_2$

$\frac{50}{3} = d_2$

$d_2 = 16\frac{2}{3}$

36. सोलह आदमी एक कार्य को 24 दिनों में पूरा कर सकते हैं। चौबीस महिलाएं उसी कार्य 32 दिनों में पूरा कर सकती है। सोलह पुरुषों और सोलह महिलाओं ने मिलकर बारह दिनों तक कार्य किया जिसके बाद महिलाओं ने कार्य छोड़ दिया। 2 दिनों में शेष कार्य को पूरा करने के लिए कितने और पुरुषों को कार्य पर लगाया जाना चाहिए?

(a) 32 (b) 24
(c) 64 (d) 48

RRB NTPC 09.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) :

M ⟶ 16×24
W ⟶ 24×32
24×32=768

$16M \times 24 = 24\ W \times 32$

$\frac{M}{W} = \frac{2}{1}$

$(16\ M + 16\ W) \times 12 + (16\ M + XM) \times 2 = 768$

$48 \times 12 + (32 + 2X) \times 2 = 768$

$576 + (64 + 4X) = 768$

$4X = 768 - 640$

$4X = 128$

$X = 32$

37. एक निश्चित संख्या में कुछ पुरुष किसी कार्य को 50 दिनों में पूरा कर सकते हैं। यदि 5 पुरुष अधिक होते, तो इस कार्य को पूरा होने में 10 दिन कम लगते। पुरुषों की कुल संख्या ज्ञात कीजिए।

(a) 30 (b) 10
(c) 40 (d) 20

RRB NTPC 24.07.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) :

पुरूष	समय(दिन)
x ↓	50 दिन ↑
x+5 ↓	40 दिन ↑

$\frac{x}{x+5} = \frac{40}{50} \Rightarrow 5x = 4(x+5)$

$\Rightarrow 5x = 4x + 20$

$\Rightarrow \boxed{x = 20 \text{ पुरुष}}$

38. 2 पुरुष और 3 लड़के एक कार्य को 18 दिनों में पूरा कर सकते हैं, जबकि 3 पुरुष और 2 लड़के उसी कार्य को 15 दिनों में पूरा कर सकते हैं। 4 पुरुष और 2 लड़के उस कार्य को कितने दिनों में पूरा कर लेंगे?

(a) $11\frac{16}{19}$ दिन (b) $1\frac{1}{19}$ दिन
(c) $11\frac{6}{19}$ दिन (d) $1\frac{16}{19}$ दिन

RRB NTPC 02.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : प्रश्नानुसार,

$(2M +3B)\times18 = (3M+2B)\times15$

{∵ जहाँ M = पुरुष, B = लड़के}

$36M + 54B = 45M + 30B$

$24B = 9M$

$B = \frac{3}{8}M$

माना 4 पुरुष और 2 लड़के उस कार्य को x दिनों में पूरा कर लेगें।

अब, $(4M + 2B)x = (3M + 2B)\times15$

$(4M + \frac{6}{8}M)x = (3M + \frac{6}{8}M)\times15$

$38x = 30\times15$

$x = \frac{225}{19}$

$= 11\frac{16}{19}$ दिन

39. 8 लड़के और 12 लड़कियाँ एक साथ मिलकर एक प्रोजेक्ट का कार्य 5 दिन में पूरा कर सकते हैं। यदि एक लड़के को अकेले इस प्रोजेक्ट के कार्य को पूरा करने में 50 दिन लगते हैं, तो एक लड़की को अकेले इस प्रोजेक्ट के कार्य को पूरा करने में कितने दिन लगेंगे ?

(a) 300 (b) 150
(c) 200 (d) 275

RRB NTPC 15.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : सूत्र, $\boxed{M_1 \times D_1 = M_2 \times D_2}$ से-

[D = दिन, M = व्यक्ति]

प्रश्नानुसार -

(8B+12G)×5=50B

8B+12G=10B

12G=2B

$\boxed{1B = 6G}$

माना 1 लड़की x दिन में कार्य पूरा करेगी।

प्रश्नानुसार-

1B×50=1G×x

6G×50= x×G (∵1B=6G)

x=50×6

$\boxed{x = 300 \text{दिन}}$

40. 15 व्यक्ति किसी कार्य को 30 दिनों में पूरा कर सकते है। 20 आदमी उस कार्य को कितने दिनों में पूरा करेंगे?

(a) 26 (b) 22.5

(c) 24 (d) 28.5

RRB NTPC 01.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : $M_1 = 15$ $M_2 = 20$

$D_1 = 30$ $D_2 = ?$

$M_1 \times D_1 = M_2 \times D_2$

$15 \times 30 = 20 \times D_2$

$D_2 = 22.5$

अतः 20 आदमियों को उस कार्य को पूरा करने में 22.5 दिन लगेंगे।

41. किसी कम्पनी के 15 पुरुष कर्मी या 20 महिला कर्मी किसी कार्य को 26 दिनों में पूरा कर सकते हैं। उसी कार्य को 30 पुरुष कर्मी एवं 12 महिला कर्मी साथ मिलकर कितने दिनों में पूरा कर लेंगे?

(a) 8 दिन (b) 10 दिन

(c) 12 दिन (d) 14 दिन

RRB NTPC 04.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : 15 M = 20 W

M : W = 4 : 3

माना 30 पुरुष और 12 महिला x दिन में कार्य पूरा करेगें-

प्रशनुसार –

$(30\ M + 12\ W) \times x = 15\ M \times 26$

$(30 \times 4 + 12 \times 3) \times x = 15 \times 4 \times 26$

$(120 + 36) \times x = 60 \times 26$

$x = \frac{60 \times 26}{156} = 10$

42. एक पुरूष और एक महिला एक कार्य को क्रमशः 8 और 12 दिन में पूरा कर लेते है। इसी कार्य को 2 दिन में पूरा करने के लिए 2 पुरूषों के साथ कितनी महिलाओं की आवश्यकता होगी?

(a) 3 (b) 2 (c) 4 (d) 5

RRB NTPC 03.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : ∵ M → पुरुष

W → महिला

$M \times 8 = 12\ W \Rightarrow 2\ M = 3\ W$ ...(i)

माना दो पुरुषों के साथ x महिलाओं की आवश्यकता होगी।

प्रश्नानुसार,

$1W \times 12 = (3W + xW) \times 2$ $\{\because 2M = 3W\}$

$\Rightarrow 12W = 6W + 2xW$

$\Rightarrow 6 + 2x = 12$

$\Rightarrow 2x = 6$

$\Rightarrow x = 3$

43. 8 आदमी, 9 घंटे प्रतिदिन कार्य करके किसी कार्य को 20 दिन में पूरा कर सकते हैं। 7 आदमी, 10 घंटे प्रतिदिन कार्य करके उसी कार्य को कितने दिन में पूरा करेंगे?

(a) $\frac{103}{55}$ दिन (b) $\frac{21}{2}$ दिन

(c) 21 दिन (d) $\frac{144}{7}$ दिन

RRB NTPC 17.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : सूत्र–

$M_1D_1H_1 = M_2D_2H_2$

$8 \times 9 \times 20 = 7 \times 10 \times x$

$x = \frac{144}{7}$ दिन

44. 25 महिलाएं एक कार्य को 60 दिन में पूरा कर सकती हैं। कार्य शुरू होने के कितने दिन बाद, 5 और महिलाओं को उनके साथ जुड़ना चाहिए, ताकि यह कार्य 55 दिन में पूरा हो जाए?

(a) 20 (b) 30 (c) 25 (d) 27

RRB NTPC 27.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : माना कार्य शुरू होने के x दिन बाद शामिल होना चाहिए।

$M_1D_1 = M_1D_2 + M_2D_3$

$25 \times 60 = 25 \times x + (25 + 5) \times (55 - x)$

$1500 = 25x + 1650 - 30x$

$5x = 1650 - 1500$

$5x = 150$

$x = 30$

45. 3 लड़के और 5 लड़कियां, किसी कार्य को 6 दिन में पूरा कर सकते हैं, जबकि 2 लड़के और 7 लड़कियां उसी कार्य को 8 दिन में पूरा कर सकते हैं। 8 लड़कियों को उस कार्य को पूरा करने में कितने दिन का समय लगेगा ?

(a) 33 (b) 30

(c) 36 (d) 35

RRB NTPC 16.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) माना एक लड़के उस कार्य x दिन में और

एक लड़की उस कार्य को y दिन में पूरा कर सकती है।

प्रश्नानुसार,

$\frac{3}{x} + \frac{5}{y} = \frac{1}{6}$.....(i)

$\frac{2}{x} + \frac{7}{y} = \frac{1}{8}$.....(ii)

समी. (i) × 2 तथा समी. (ii) × 3 करके घटाने पर,

$\frac{6}{x} + \frac{10}{y} = \frac{1}{3}$

$$\frac{6}{x}+\frac{21}{y}=\frac{3}{8}$$

$$\frac{10}{y}-\frac{21}{y}=\frac{1}{3}-\frac{3}{8}$$

$$-\frac{11}{y}=\frac{8-9}{24}$$

$$-\frac{11}{y}=-\frac{1}{24}$$

$y = 264$

$\because$ 8 लड़की द्वारा कार्य पूरा करने में लगा समय $= \frac{264}{8} = 33$ दिन

46. 5 पुरुष किसी दीवार को 12 दिन में बना लेते हैं, तो मूल दीवार से 50% अधिक दीवार 10 दिन में बनाने के लिए कितने पुरुषों की आवश्यकता होगी?

(a) 8 (b) 9
(c) 7 (d) 4

RRB NTPC 07.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) :

$$\frac{M_1\times D_1}{W_1}=\frac{M_2\times D_2}{W_2} \text{ से,}$$

प्रश्नानुसार,

$$\frac{5\times 12}{1}=\frac{M_2\times 10}{\frac{3}{2}}$$

$$\frac{5\times 12\times 3}{2\times 10}=M_2$$

$M_2 = 9$ पुरुष

47. 10 पुरुष तथा 5 महिलाएँ एक कार्य को 60 दिनों में पूरा करते हैं। यदि एक पुरुष दो महिलाओं का कार्य कर सकता है, तो 5 पुरुष तथा 20 महिलाएँ उस कार्य के आधे भाग को पूरा करने में कितना समय लेंगे?

(a) 25 (b) 36
(c) 27 (d) 50

RRB NTPC 18.01.2017 Shift : 1

Ans : (a) $\because \frac{M_1D_1}{W_1}=\frac{M_2D_2}{W_2}$ से,

प्रश्नानुसार,

$$\frac{(10M+5W)60}{1}=\frac{(5M+20W)\times D_2}{\frac{1}{2}} \text{.....(i)}$$

$\because$ 1M = 2W (दिया है)

समी. (1) में 1 M = 2W रखने पर,

$$\frac{(10\times 2W+5W)\times 60}{1}=\frac{(5\times 2W+20W)2\times D_2}{1}$$

$25W\times 60 = 30W \times 2 \times D_2$

$D_2 = 25$ दिन

48. 12 व्यक्ति X दिनों में एक काम पूरा कर सकते हैं, अब 8 अतिरिक्त व्यक्ति और कार्यरत है। पूरा काम 60 दिनों में पूरा हो गया। X का मान ज्ञात करें।

(a) 80 (b) 100
(c) 55 (d) 45

RRB NTPC 18.04.2016 Shift : 3

Ans : (b) दिया है–

$M_1 = 12$ व्यक्ति, $D_1 = x$ दिन

$M_2 = 12 + 8 = 20$ व्यक्ति, $D_2 = 60$ दिन

$M_1D_1 = M_2D_2$ से–

$12 \times x = 20 \times 60$

$$x=\frac{20\times 60}{12}$$

$x = 100$ दिन

49. एक परियोजना में 54 सदस्यों की टीम एक काम को 35 घंटे में कर सकती है। 18 सदस्य उसी काम को कितने घंटो में कर सकते है?

(a) 90 (b) 120 (c) 105 (d) 110

RRB NTPC 12.04.2016 Shift : 2

Ans : (c) $M_1 = 54$ सदस्य

$H_1 = 35$ घंटा

$M_2 = 18$ सदस्य

$H_2 = ?$

$$H_2=\frac{M_1\times H_1}{M_2}=\frac{54\times 35}{18}=105 \text{ घंटा}$$

50. एक सफाई कंपनी 42 सफाई कर्मचारियों द्वारा एक इमारत की सफाई 25 दिनों में करने का काम लेती है। 10 दिन बाद, 12 सफाई कर्मचारी नौकरी छोड़कर चले गए। यदि सफाई का काम 10 दिनों में समाप्त किया जाता है तो और कितने सफाई कर्मचारियों को नौकरी पर रखे जाने की आवश्यकता है?

(a) 30 (b) 32 (c) 33 (d) 21

RRB NTPC 28.04.2016 Shift : 1

Ans : (c) माना अतिरिक्त कर्मचारियों की सं. = x

प्रश्नानुसार, $M_1 \times D_1 = M_2 \times D_2$

$(25 - 10) \times 42 = (30 + x) \times 10$

$15 \times 42 = 10 \times (30 + x)$

$$30 + x = \frac{630}{10} \Rightarrow 63$$

$x = 63 - 30$

$\boxed{x = 33}$

Type-3 : शेष कार्य/कार्य को बीच में छोड़कर जाने तथा सम्मिलित होने पर आधारित प्रश्न

51. A, किसी कार्य के 12% भाग को निर्धारित समय के 15% समय में पूरा कर सकता है। A और B निर्धारित समय की पूरी अवधि तक कार्य करते हैं और कार्य समय पर पूरा हो जाता है। B कार्य का कितना भाग पूरा करता है ?

(a) 25% (b) 20%
(c) 10% (d) 15%

RRB NTPC (Stage-2) 12/06/2022 (Shift-I)

Ans. (b) : माना दोनों द्वारा लगने वाला कुल समय = 100 घण्टा
100 घण्टे का 15% = 15 घण्टा
A का 15 घण्टे का कार्य = 12%
A का 100 घण्टे का कार्य $= \frac{12}{15} \times 100 = 80\%$
शेष कार्य = 100 – 80 = 20%
अतः B द्वारा 20% कार्य किया जाएगा।

43. आज से 2 वर्ष बाद एक आदमी की आयु अपने बेटे की आयु से चार गुनी हो जाएगी तथा उसके 4 वर्ष बाद आदमी की आयु उसके बेटे की आयु की तिगुनी हो जाएगी। कितने वर्ष बाद पिता की आयु उसके बेटे की दोगुनी होगी?

(a) 15 साल (b) 16 साल
(c) 17 साल (d) 18 साल

RRB NTPC 10.04.2016 Shift : 3

Ans : (d) माना आदमी की आयु = x वर्ष
तथा बेटे की आयु = y वर्ष
प्रश्न से,
$(x + 2) = (y + 2) \times 4$
$x + 2 = 4y + 8$
$x = 4y + 6$ .....(i)
पुन:
$(x+6) = (y + 6) \times 3$
$x + 6 = 3y + 18$
$x = 3y + 12$ .....(ii)
समी (i) व (ii) से,
$4y + 6 = 3y + 12$
$y = 6$ वर्ष
y का मान समी. (i) में रखने पर
$x = 4 \times 6 + 6$
$x = 30$ वर्ष
अब माना A वर्ष बाद पिता की आयु उसके बेटे से दोगुनी होगी।
$\therefore (30 + A) = (6 + A) \times 2$
$30 + A = 12 + 2A$
$A = 18$ साल

44. Z की वर्तमान आयु A की आयु से आधी है। 5 वर्ष बाद A और Z की आयु का अनुपात 11:6 हो जायेगा। 3 वर्ष के बाद Z की आयु कितनी होगी?

(a) 25 (b) 30
(c) 28 (d) 22

RRB NTPC 31.03.2016 Shift : 1

Ans : (c) यदि Z और A की वर्तमान आयु x एवं 2x वर्ष है।
प्रश्नानुसार, $\frac{2x+5}{x+5} = \frac{11}{6}$
$12x + 30 = 11x + 55$
$x = 25$
3वर्ष बाद Z की आयु = x + 3 = 28 वर्ष

45. यदि 2/3 बच्चे 1-12 वर्ष के आयु समूह में हो, 1/2 बच्चें 1-8 वर्ष के आयु समूह में हो, तो 9-12 वर्ष के आयु समूह के बच्चो का भाग ज्ञात कीजिए?

(a) 1/3 (b) 1/4
(c) 1/6 (d) 1/2

RRB NTPC 28.03.2016 Shift : 1

Ans : (c) 9-12 वर्ष के आयु के बच्चों का भाग
=(1-12) वर्ष के बच्चों का भाग –(1-8) वर्ष के बच्चों का भाग
$= \frac{2}{3} - \frac{1}{2} = \frac{4-3}{6} = \frac{1}{6}$

46. 4 वर्षो के अन्तराल से जन्में 4 बच्चों की आयु का योगफल 48 है, तो सबसे छोटे बच्चे की आयु ज्ञात कीजिए।

(a) 4 वर्ष (b) 5 वर्ष
(c) 6 वर्ष (d) 7 वर्ष

RRB NTPC 05.04.2016 Shift : 3

Ans : (c) चारों बच्चे x_1, x_2, x_3 तथा x_4 है।
माना सबसे छोटे बच्चे की आयु $(x_1) = x$ वर्ष
उससे बड़े बच्चे की आयु $(x_2) = (x + 4)$ वर्ष
उससे भी बड़े बच्चे की आयु $x_3 = (x + 8)$ वर्ष
सबसे बड़े बच्चे की आयु $(x_4) = (x + 12)$ वर्ष
$\therefore x + x + 4 + x + 8 + x + 12 = 48$ वर्ष
$4x + 24 = 48$ वर्ष
$4x = 24 \Rightarrow x = 6$ वर्ष
$\therefore$ सबसे छोटे बच्चे की आयु = 6 वर्ष

17.

औसत (Average)

Type-1
क्रमागत संख्याओं के औसत पर आधारित प्रश्न

1. सात क्रमागत संख्याओं के एक अनुक्रम पर विचार कीजिए। यदि पहली पांच संख्याओं का औसत 'z' है, तो अंतिम तीन संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

(a) $z+3$ (b) $z+5$
(c) $z+1$ (d) $z+7$

RRB NTPC (Stage-2) 16/06/2022 (Shift-II)

Ans. (a) : सात क्रमागत संख्यायें- 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7
प्रश्नानुसार-

प्रथम 5 संख्याओं का औसत $(z)=\frac{1+2+3+4+5}{5}$

$z=\frac{15}{5}$

$\Rightarrow z=3$

अतः अंतिम तीन संख्याओं का औसत $=\frac{5+6+7}{3}$

$=\frac{18}{3}=6$ या $z+3$

2. 3 क्रमागत प्राकृत संख्याओं का औसत (जो आरोही क्रम में हैं) K है। यदि संख्याओं के पहले समूह के तुरंत बाद की दो और क्रमागत संख्याओं को इसमें शामिल कर लिया जाए, तो प्राप्त होने वाला नया औसत ज्ञात कीजिए।

(a) $\frac{2K+1}{2}$ (b) K+1
(c) K+2 (d) 2K–1

RRB NTPC 24.07.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : माना
पहली प्राकृत संख्या $=x$
दूसरी प्राकृत संख्या $=x+1$
तीसरी प्राकृत संख्या $=x+2$

औसत $=\frac{x+(x+1)+(x+2)}{3}=\frac{3x+3}{3}=\frac{3(x+1)}{3}=x+1$

प्रथम 3 क्रमागत प्राकृत संख्याओं का औसत

$\boxed{x+1=K}---(1)$

5 क्रमागत संख्याओं का औसत

$\frac{x+(x+1)+(x+2)+(x+3)+(x+4)}{5}=\frac{5x+10}{5}=\frac{5(x+2)}{5}$

$\Rightarrow x+2 \Rightarrow x+1+1$

$\Rightarrow$ समीकरण (1) से $x+1=K$ रखने पर

$\Rightarrow \boxed{K+1}$

3. 7 के प्रथम 20 गुणाकों का औसत ज्ञात करो–

(a) 66.5 (b) 67.5
(c) 73.5 (d) 74.5

RRB NTPC 03.04.2016 Shift : 3

Ans : (c) K के प्रथम n गुणाकों का योगफल

$=\frac{K\left[n(n+1)\right]}{2}$

7 के प्रथम 20 गुणकों का योगफल $=\frac{7\times\left[20(20+1)\right]}{2}$

$=\frac{7\times20\times21}{2}$

$=1470$

$\boxed{\text{औसत}=\frac{\text{योगफल}}{n}}$

औसत $=\frac{1470}{20}$

औसत $=73.5$

4. 8 के प्रथम 20 गुणकों का औसत ज्ञात कीजिए।

(a) 78 (b) 80
(c) 84 (d) 82

RRB NTPC 02.04.2016 Shift : 1

Ans : (c) 8, 16, 24 160

पदों का योग $=\frac{n}{2}(a+\ell)$

$=\frac{20}{2}(8+160)=10\times168=1680$

$\therefore$ औसत $=\frac{1680}{20}=84$

5. 9 के प्रथम 30 गुणांकों का औसत क्या है?

(a) 142 (b) 138.5
(c) 139.5 (d) 143.5

RRB NTPC 16.04.2016 Shift : 1

Ans : (c)

K के प्रथम N गुणांकों का योगफल $=\frac{K\left[N(N+1)\right]}{2}$

$\therefore$ 9 के प्रथम 30 गुणांकों का योगफल $=\frac{9\left[30(30+1)\right]}{2}$

$=\frac{9\times30\times31}{2}$

$=4185$

औसत $=\frac{4185}{30}=139.5$

6. 5 क्रमागत संख्याओं का औसत 50 है। सबसे बड़ी संख्या और सबसे छोटी संख्या के गुणनफल तथा चतुर्थ और दूसरी संख्या के गुणनफल का अंतर है।

(a) 3 (b) –3
(c) 0 (d) 10

RRB NTPC 27.04.2016 Shift : 1

Ans : (b) माना 5 क्रमागत संख्याएँ x, x + 1, x + 2, x + 3 तथा x + 4 हैं।

$$\therefore \quad \frac{x+(x+1)+(x+2)+(x+3)+(x+4)}{5}=50$$

$5x + 10 = 250$
$5x = 240$
$x = 48$

∴ प्रश्न से,

$x(x + 4) – (x + 1)(x + 3)$
$= x^2 + 4x – (x^2 + 4x + 3)$
$= –3$

7. पाँच क्रमागत संख्याओं का औसत 10 है तो बीच वाली संख्या कौन सी होगी?

(a) 10 (b) 11
(c) 8 (d) 9

RRB NTPC 29.04.2016 Shift : 3

Ans. (a) : माना पाँच क्रमागत संख्याएँ x, x + 1, x + 2, x + 3 और x + 4 है।

कुल योग–

$x + (x + 1) + (x + 2) + (x + 3) + (x + 4) = 10 \times 5$
$5x + 10 = 50$
$5x = 40$
$x = 8$

∴ बीच की संख्या = (x + 2) = 8 + 2 = 10

8. 5 क्रमागत संख्याओं का औसत 100 है, पहली संख्या ज्ञात कीजिए।

(a) 98 (b) 99
(c) 100 (d) 101

RRB NTPC 30.04.2016 Shift : 1

Ans : (a) माना पाँच क्रमागत संख्याएँ-

$x, x+1, x+2, x+3, x+4$

$$\therefore \quad \frac{x+x+1+x+2+x+3+x+4}{5}=100$$

$5x + 10 = 500$
$5x = 490$
$x = 98$

अत : पहली संख्या 98 है।

9. 5 क्रमागत संख्याओं का औसत 100 है, तो सबसे बड़ी तथा सबसे छोटी संख्याओं के वर्गों का अन्तर होगा:

(a) 800 (b) 990
(c) 900 (d) 1000

RRB NTPC 30.04.2016 Shift : 2

Ans : (a) माना पाँच क्रमागत संख्याएँ क्रमश: x, x +1, x + 2, x + 3 तथा x + 4 है।

प्रश्नानुसार,

$$\frac{x+x+1+x+2+x+3+x+4}{5}=100$$

$$\frac{5x+10}{5}=100$$

$5x + 10 = 500$
$5x = 490$
$\boxed{x = 98}$

सबसे बड़ी संख्या = x + 4 = 98 + 4 = 102
सबसे छोटी संख्या = x = 98
अत: सबसे बड़ी तथा सबसे छोटी संख्याओं के

वर्गों का अंतर $= (102)^2 – (98)^2 = (102 + 98)(102 – 98)$
$= 200 \times 4$
$= 800$

Type-2
परीक्षा, छात्र तथा प्राप्तांक पर आधारित प्रश्न

10. किसी 30 अंकों की गणितीय परीक्षा में 40 छात्रों वाली कक्षा A द्वारा प्राप्तांकों का माध्य 23 है। इसी परीक्षा में 45 छात्रों वाली कक्षा B द्वारा प्राप्तांकों का माध्य 22 है। दोनों कक्षाओं के प्राप्तांकों के माध्य और कक्षा A के प्राप्तांकों के माध्य का अनुपात ज्ञात कीजिए।

(a) 380 : 391 (b) 390 : 382
(c) 382 : 391 (d) 391 : 382

RRB NTPC 10.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : दोनों कक्षाओं के प्राप्तांकों के माध्य और कक्षा A के प्राप्तांकों के माध्य का

$$\text{अनुपात} = \frac{40\times23+45\times22}{40+45}:23$$

$$= \frac{5(8\times23+9\times22)}{85}:23$$

$$= \frac{(184+198)}{17}:23$$

$= 382 : 23 \times 17$
$= 382 : 391$

11. एक कक्षा की परीक्षा में, पांच छात्रों के प्राप्तांकों का औसत 39.20 है और उनमें से तीन के प्राप्तांकों का औसत 41है। शेष दो छात्रों के प्राप्तोंकों का औसत ज्ञात कीजिए।

(a) 37.5 (b) 36.5
(c) 39.5 (d) 38.5

RRB NTPC 01.02.2021 (Shift-II) Stage I

Ans. (b) : पांच छात्रो का औसत प्राप्तांक 39.2 तथा तीन के प्राप्तांक का औसत 41 है।

योग = औसत × संख्या

5 छात्रों के प्राप्तांको का योग = 39.2×5 = 196

तीनो छात्रों के प्राप्तांको का योग = 41 × 3 = 123

शेष दो का औसत $= \frac{196-123}{2} = 36.5$

12. 100 छात्रों वाली एक कक्षा में एक विशेष विषय में प्राप्त अंकों का माध्य 25 है और 50 छात्रों वाली एक दूसरी कक्षा में उसी विषय में प्राप्त अंकों का माध्य 70 है। दोनों कक्षाओं के छात्रों द्वारा प्राप्त किए गए कुल अंकों का माध्य ज्ञात कीजिए।

(a) 25 (b) 60
(c) 30 (d) 40

RRB NTPC 03.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : पहली कक्षा वाले छात्रों द्वारा प्राप्त कुल अंक
$= 100\times25 = 2500$
तथा 50 छात्रों वाली दूसरी कक्षा के छात्रों द्वारा प्राप्त कुल अंक $= 50\times70 = 3500$
अतः संयुक्त रूप से दोनों कक्षा के छात्रों द्वारा प्राप्त अंकों का औसत

$$= \frac{\text{कुल अंकों का योग}}{\text{कुल छात्रों की संख्या}}$$

$$= \frac{2500+3500}{100+50} = \frac{6000}{150} = 40$$

13. 25 छात्रों के समूह के प्राप्तांकों का औसत 36 था। एक छात्र ने समूह छोड़ दिया, जिसके परिणामस्वरूप शेष छात्रों के प्राप्तांकों का औसत बढ़कर 37.5 हो गया। इसके तुरंत बाद, एक अन्य छात्र उस समूह में शामिल हो गया, जिसके परिणामस्वरूप प्राप्तांकों का औसत घटकर 37.2 हो गया। छोड़ने वाले छात्र और शामिल होने वाले छात्र के प्राप्तांकों का औसत ज्ञात कीजिए।

(a) 37.5 (b) 22.5
(c) 30 (d) 15

RRB NTPC 03.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : 25 छात्रों द्वारा प्राप्त कुल अंक $= 25\times36$
$= 900$
24 छात्रों द्वारा प्राप्त कुल अंक $= 24\times37.5$
$= 900$
अतः समूह छोड़ने वाले छात्र द्वारा प्राप्त अंक $= 900-900$
$= 0$ अंक
(24 छात्र + 1 नया शामिल छात्र) द्वारा प्राप्त कुल अंक
$= 25\times37.2$
$= 930$
नये शामिल छात्र द्वारा प्राप्त अंक $= 930-900$
$= 30$ अंक
अतः छोड़ने वाले छात्र और शामिल होने वाले छात्र के प्राप्तांको का

$$\text{औसत} = \frac{0+30}{2}$$

$= 15$ अंक

14. 40 छात्रों द्वारा प्राप्त अंकों का माध्य 68 है। बाद में यह पाया गया कि अंक 25 को गलती से 45 पढ़ा गया है। सही माध्य ज्ञात कीजिए।

(a) 68.5 (b) 28
(c) 15 (d) 67.5

RRB NTPC 10.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : गलती से बढ़े अंक $= 45-25 = 20$

$$\text{बढ़ा औसत} = \frac{20}{40} = 0.5$$

सही माध्य $= 68-0.5 = 67.5$

15. एक कक्षा में 35 छात्रों द्वारा प्राप्त किये गये अंको का औसत 63 है। यदि दो और छात्र जिनका औसत 85.5 है, इनमें जोड़ दिया जाये तो कक्षा का नया औसत कितना होगा?

(a) 64.20 (b) 67.90
(c) 63.62 (d) 65.35

RRB NTPC 04.04.2016 Shift : 2

Ans : (a) 35 छात्रों के अंको का कुल योग=35×63=2205
प्रश्न से-

$$\text{कक्षा का नया औसत} = \frac{2205+2\times85.5}{35+2}$$

$$= \frac{2205+171}{37} = \frac{2376}{37} = 64.21 \cong 64.20$$

16. जेम्स द्वारा गणित, विज्ञान और इतिहास में प्राप्त किये गये अंकों का औसत 89 है। यदि उसके भाषा के अंक भी जोड़ दिये जाते है तो औसत घट कर 88.25 हो जाता है। भाषा में उसके द्वारा प्राप्त अंक ज्ञात करें।

(a) 90 (b) 82
(c) 86 (d) 83

RRB NTPC 28.03.2016 Shift : 3

Ans : (c) भाषा में उसके द्वारा प्राप्त अंक
$= 4\times88.25 - 3\times89$
$= 353 - 267 = 86$

Type-3
औसत आयु तथा औसत भार पर आधारित प्रश्न

17. किसी कक्षा के 14 छात्रों का औसत वजन 20 kg है। यदि एक छात्र कक्षा छोड़ देता है, तो कक्षा का औसत वजन 2 kg कम हो जाता है। कक्षा छोड़ने वाले छात्र का वजन (kg में) ज्ञात कीजिए।

(a) 43 (b) 49
(c) 45 (d) 46

RRB NTPC (Stage-2) 12/06/2022 (Shift-I)

Ans. (d) : कक्षा के 14 छात्रों का कुल वजन
$= 14\times20 = 280$ kg
माना कक्षा छोड़ने वाले छात्र का वजन x kg है।
प्रश्नानुसार,

$$\Rightarrow \frac{280-x}{13} = 18$$

$\Rightarrow 280-x = 234$
$x = 280-234$
$x = 46$
अतः कक्षा छोड़ने वाले छात्र का वजन = 46 kg

18. P, Q तथा R का औसत भार 58 किग्रा. है। यदि P और Q का औसत भार 54 किग्रा तथा Q और R का औसत भार 48 किग्रा है, तो Q का भार ज्ञात कीजिए।

(a) 26 kg (b) 32 kg
(c) 30 kg (d) 28 kg

RRB NTPC 04.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : दिया है,
P, Q तथा R का औसत भार = 58 kg
P, Q तथा R का कुल भार = 58×3=174 kg
P + Q + R = 174 kg ...(i)
P तथा Q का औसत भार = 54 kg
P तथा Q का कुल भार = 54×2 = 108kg
P + Q = 108 kg ...(ii)
Q तथा R का औसत भार = 48 kg
Q तथा R का कुल भार = 48 × 2 = 96kg
Q + R = 96 kg ...(iii)
समीकरण (ii) तथा (iii) से-
P + 2Q + R = 204kg ...(iv)
समीकरण (iv) से (i) को घटाने पर-
अतः $\boxed{Q = 30\,Kg}$

19. 10 सेबों के नमूने में एक सेब के औसत भार की गणना 104 g के रुप में की गई थी। बाद में, यह पाया गया कि कांटे ने प्रत्येक सेब का भार 20 g कम दिखाया था। उस नमूने में एक सेब का सही औसत भार क्या होगा?
(a) 84 g (b) 124 g
(c) 200 g (d) 1240 g

RRB NTPC 20.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : प्रश्न से,
10 सेब का कुल औसत भार = 10× 104g = 1040g
10 सेब के कुल औसत भार में कमी = 10 × 20 = 200g
कुल सही औसत भार $= \frac{1040+200}{10} = \frac{1240}{10} = 124g$

20. A, B, C, और D का औसत भार 56 किग्रा है। यदि A, B और C का औसत भार 52 किग्रा है तथा C और D का औसत भार 48किग्रा है तो C का भार ज्ञात कीजिए।
(a) 28 kg (b) 36 kg
(c) 34 kg (d) 30 kg

RRB NTPC 08.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) :
A + B + C + D का कुल भार = 56 × 4 = 224 .....(i)
A + B + C का कुल भार = 52 × 3 = 156 .....(ii)
C + D का कुल भार = 48 × 2 = 96 .....(iii)
समी. (ii) और (iii) को जोड़ने पर तथा समी. (i) को घटाने पर
C का भार = (156 + 96) – 224
= 252 – 224
= 28 किग्रा.

21. एक कक्षा में 42 लड़कों का औसत वजन 41 किलो है। 39 किलो के वजन वाला एक लड़का कक्षा में शामिल होता है। पहले से उपस्थित एक लड़के का वजन 43 किलो के स्थान पर 34 किलो गिना गया था। नया औसत क्या है ?
(a) 39.81 (b) 40.74
(c) 41.16 (d) 40.92

RRB NTPC 26.04.2016 Shift : 1

Ans : (c) 42 लड़कों का कुल वजन = 42 × 41 = 1722
39 किलो का लड़का शामिल होने पर
नया वजन = 1722 + 39 = 1761
प्रश्नानुसार,
नया औसत = $\frac{1761+43-34}{43} = \frac{1770}{43} = 41.16$

22. एक कक्षा में 30 छात्रों का औसत वजन 15 किलो है। यदि कक्षा अध्यापक का भी वजन इसमें शामिल कर लिया जाये तो औसत वजन 1 किलो बढ़ जाता है। कक्षा अध्यापक का वजन (किलो में) कितना है?
(a) 46 (b) 45
(c) 16 (d) 92

RRB NTPC 30.04.2016 Shift : 1

Ans : (a) कक्षा में 30 छात्रो का कुल वजन = 30×15 = 450
कक्षा अध्यापक का भी वजन शामिल करने पर कुल वजन
= 31×16
= 496
अत: कक्षा अध्यापक का वजन = 496 – 450 = 46 kg

23. इस वर्ष तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, 8 सदस्यों वाले एक परिवार की औसत आयु 39 वर्ष है। यह मानते हुए कि छह वर्ष बाद परिवार एक नवजात बच्चे को गोद लेता है, अब से 10 वर्ष बाद परिवार की औसत आयु क्या होगी?
(a) 46 वर्ष, 8 माह (b) 49 वर्ष, 6 माह
(c) 49 वर्ष (d) 44 वर्ष

RRB NTPC 16.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : परिवार की कुल वर्तमान आयु = 39×8 = 312 वर्ष
अब से 6 वर्ष बाद बच्चे को गोद लिया है
बच्चे की आयु = 4 वर्ष
अब से 10 वर्ष बाद
पूरे परिवार की कुल आयु = 312+ 4 + 8 ×10
= 396 वर्ष
पूरे परिवार की औसत आयु = $\frac{396}{9}$ = 44 वर्ष

24. एक संयुक्त परिवार के 9 बच्चों की आयु का माध्य 14 वर्ष है। उनके दादा और दादी की आयु क्रमशः 71 वर्ष और 67 वर्ष है। बच्चों और दादा-दादी की आयु का माध्य ज्ञात कीजिए।
(a) 25 वर्ष (b) 51 वर्ष
(c) 24 वर्ष (d) 16 वर्ष

RRB NTPC 09.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : 9 बच्चे के आयु का कुल योग = 9 × 14 =126 वर्ष
बच्चे और दादा-दादी के आयु का कुल योग
=126 + 71 + 67 = 264
सभी के आयु का माध्य = $\frac{264}{11}$ = 24 वर्ष

25. वर्तमान में कक्षा दस के 20 छात्रों की औसत आयु 15.5 वर्ष है। कक्षा अध्यापक की वर्तमान आयु 47 वर्ष है। 5 वर्ष के बाद छात्रों और कक्षा अध्यापक की औसत आयु कितनी होगी?

(a) 22.5 वर्ष (b) 22 वर्ष
(c) 21.8 वर्ष (d) 21.5 वर्ष

RRB NTPC 08.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) :
छात्र और अध्यापक की कुल औसत आयु = $20 \times 15.5 + 47$
$= 310 + 47 = 357$ वर्ष
5वर्ष बाद सभी की आयु = $357 + 20 \times 5 + 5$
$= 462$ वर्ष
∴ अभीष्ट औसत आयु = $\frac{462}{21} = 22$ वर्ष

26. 11 सदस्यों की एक क्रिकेट टीम के कप्तान की आयु 35 वर्ष है तथा विकेट कीपर की आयु कप्तान की आयु से 5 वर्ष अधिक है। यदि इन दोनों की आयु को हटा दिया जाए तो बचे हुए खिलाड़ियों की औसत आयु पूरी टीम की औसत आयु से 3 वर्ष कम हो जाती है। पूरी टीम की औसत आयु कितनी है?

(a) 26 वर्ष (b) 24 वर्ष
(c) 28 वर्ष (d) 25 वर्ष

RRB NTPC 04.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : माना पूरे टीम की औसत आयु x वर्ष है।
प्रश्नानुसार,
$\frac{11x - 35 - 40}{9} = x - 3$
$11x - 75 = 9x - 27$
$2x = 75 - 27$
$2x = 48$
$\boxed{x = 24\text{वर्ष}}$

27. तीन मित्रों की आयु का माध्य 22 है। यदि चार मित्रों की आयु का माध्य 24 हो, तो चौथे मित्र की आयु ज्ञात कीजिए।

(a) 31 (b) 30
(c) 22 (d) 24

RRB NTPC 27.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : तीन मित्रों की आयु का माध्य = 22
तीन मित्रों की कुल आयु = $22 \times 3 = 66$
चार मित्रों की आयु का माध्य = 24
चार मित्रों की कुल आयु = $24 \times 4 = 96$
चौथे मित्र की आयु = चार मित्रों की कुल आयु − तीन मित्रों की कुल आयु
$= 96 - 66$
$= 30$

28. 40 छात्रों की आयु का औसत 30 वर्ष है, 25 छात्रों की आयु का औसत 36 वर्ष है। बाकी छात्रों की आयु का औसत ज्ञात कीजिए।

(a) 20 (b) 15
(c) 25 (d) 18

RRB NTPC 05.04.2016 Shift : 2

Ans : (a) बाकी छात्रों की औसत आयु $= \frac{40 \times 30 - 25 \times 36}{40 - 25}$
$= \frac{1200 - 900}{15}$
$= \frac{300}{15} = 20$ वर्ष

29. यदि कक्षा I में 40 छात्रों की आयु का औसत 10 वर्ष है और कक्षा II में 30 छात्रों की आयु का औसत 12 वर्ष है। सभी छात्रों की औसत आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

(a) 11 (b) 10.54
(c) 10.58 (d) 10.85

RRB NTPC 29.04.2016 Shift : 2

Ans : (d) 40 छात्रों की कुल आयु = $10 \times 40 = 400$ वर्ष
30 छात्रों की कुल आयु = $12 \times 30 = 360$ वर्ष
सभी छात्रों की औसत आयु $= \frac{400 + 360}{70}$
$= \frac{760}{70} = 10.85$वर्ष

Type-4 : किसी एक परिणाम के मान ज्ञात करने पर आधारित प्रश्न

30. 6 संख्याओं का औसत 16 है। यदि उनमें से एक संख्या को गणना से निकाल दिया जाता है, तो शेष संख्याओं का औसत 17 प्राप्त होता है। निकाली गई संख्या ज्ञात कीजिए।

(a) 13 (b) 12
(c) 10 (d) 11

RRB NTPC (Stage-2) 14/06/2022 (Shift-I)

Ans. (d) : प्रश्नानुसार,
6 संख्याओं का कुल योग = $16 \times 6 = 96$
5 संख्याओं का कुल योग = $17 \times 5 = 85$
अतः निकाली गयी संख्या = $96 - 85$
$= 11$

31. कोई परिवार वर्ष के पहले 5 महीनों में किराने के सामान पर ₹4,600, ₹5,600, ₹4,800, ₹3,800, और ₹6,000, खर्च करता है। किराने के सामान पर परिवार के 6 महीने के औसत खर्च को ₹4,500, करने के लिए परिवार को छठे महीने में कितना खर्च करना चाहिए?

(a) ₹3,500 (b) ₹3,650
(c) ₹4,500 (d) ₹2,200

RRB NTPC (Stage-2) 12/06/2022 (Shift-I)

Ans. (d) : परिवार के 6 महीने का कुल खर्च
$= 6 \times 4500 =$ ₹ 27000
परिवार के वर्ष के पहले 5 महीनों का कुल खर्च
$4600 + 5600 + 4800 + 3800 + 6000 =$ ₹ 24800
∴ छठे महीने का कुल खर्च = $27000 - 24800 =$ ₹ 2200

32. 21 प्रेक्षणों का माध्य 42 है। यदि दिए गए 21 प्रेक्षणों में से पहले 11 प्रेक्षणों का माध्य 50 है तथा अंतिम 11 प्रेक्षणों का माध्य 35 है तो 11वें प्रेक्षण का मान क्या होगा?

(a) 50 (b) 53
(c) 35 (d) 40

RRB NTPC 09.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : प्रश्नानुसार,

कुल प्रेक्षणों का योग $= 21 \times 42 = 882$

प्रथम 11 प्रेक्षणों का योग $= 11 \times 50 = 550$

अन्तिम 11 प्रेक्षणों का योग $= 11 \times 35 = 385$

11वाँ प्रेक्षण $= (550 + 385) - 882$

$= 935 - 882$

$= 53$

33. यदि तीन संख्याओं के एक समूह का औसत 29 है और उनमें से दो संख्याओं का औसत 13 है। तीसरी संख्या ज्ञात कीजिए।

(a) 61 (b) 28
(c) 34 (d) 30

RRB NTPC 05.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : तीन संख्याओं के एक समूह का औसत = 29

तीनों संख्याओं के समूह का योग $= 3 \times 29 = 87$

उनमें से दो संख्याओं का औसत = 13

दोनों संख्याओं का कुल योग $= 2 \times 13 = 26$

तीसरी संख्या = तीन संख्याओं का कुल योग–दो संख्याओं का कुल योग

तीसरी संख्या $= 87 - 26 = 61$

34. 11 संख्याओं का माध्य 44 है। यदि पहली 6 संख्याओं का माध्य 39 है, और अंतिम 6 संख्याओं का माध्य 48 है, तो छठी संख्या ज्ञात कीजिए।

(a) 34 (b) 36
(c) 38 (d) 32

RRB NTPC 04.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : माध्य $= \frac{\text{पदों का योग}}{\text{पदों की संख्या}}$

11 संख्याओं का योग $= 11 \times 44 = 484$

अंतिम 6 संख्याओं का योग $= 6 \times 48 = 288$

प्रथम 6 संख्याओं का योग $= 6 \times 39 = 234$

तो छठी संख्या

= (प्रथम 6 सं. का योग+अंतिम 6 सं. का योग)–11 सं. का योग

$= 288 + 234 - 484 = 38$

35. 11 परिणामों का औसत 50 है। पहले 6 परिणामों का औसत 49 है और अंतिम 6 परिणामों का औसत 52 है। तो छठे परिणाम का मान कितना होगा?

(a) 48 (b) 51
(c) 56 (d) 49

RRB NTPC 02.04.2016 Shift : 3

Ans : (c) छठा परिणाम= पहले 6 परिणामों का कुल योग + अंतिम 6 परिणामों का कुल योग − 11 परिणामों का कुल योग

$= 6 \times 49 + 6 \times 52 - 11 \times 50$

$= 294 + 312 - 550$

$= 606 - 550 = 56$

36. तीन संख्याऐं दी गयी हैं जिसमें दूसरी संख्या पहली की तीन गुनी है तथा तीसरी की 2 गुनी है। यदि तीनों संख्याओं का औसत 66 है। तो पहली संख्या ज्ञात कीजिए।

(a) 36 (b) 54
(c) 108 (d) 72

RRB NTPC 12.04.2016 Shift : 3

Ans : (a) माना दूसरी संख्या = x

$\therefore$ पहली संख्या $= \frac{x}{3}$

तीसरी संख्या $= \frac{x}{2}$

$\therefore$ प्रश्न से,

$$\frac{\frac{x}{3} + x + \frac{x}{2}}{3} = 66$$

$$\Rightarrow \frac{2x + 6x + 3x}{6 \times 3} = 66$$

$$\Rightarrow \frac{11x}{18} = 66$$

$$\Rightarrow x = 6 \times 18 = 108$$

$\therefore$ पहली संख्या $= \left(\frac{x}{3}\right) = \frac{108}{3} = 36$

37. 45 परिणामों का औसत 23 है। उनमें पहले 22 का औसत 18 और अंतिम 22 का औसत 21 है। 23वें परिणाम का मान क्या है?

(a) 172 (b) 190
(c) 177 (d) 187

RRB NTPC 18.04.2016 Shift : 3

Ans : (c) 45 परिणामों का कुल मान $= 45 \times 23$

$= 1035$

पहले 22 परिणामों का औसत $= 22 \times 18 = 396$

अंतिम 22 परिणामों का औसत $= 22 \times 21 = 462$

23वें परिणाम का मान = 1035 – (396+462)

$= 1035 - 858 = 177$

38. 35 परीक्षणो के परिणामों का औसत 21 है। पहले 17 परिणामों का औसत 19 तथा अंतिम 17 का औसत 22 है। 18 वें परीक्षण के परिणाम का मान क्या है?

(a) 42 (b) 36
(c) 38 (d) 34

RRB NTPC 12.04.2016 Shift : 2

Ans : (c) 35 परीक्षणों का औसत = 21

35 परीक्षणों का योग $= 35 \times 21 = 735$

17 परीक्षणो का औसत = 19

17 परीक्षणों का कुल योग $= 17 \times 19 = 323$

अंतिम 17 परीक्षणों का औसत = 22

इनका कुल योग $= 17 \times 22 = 374$

18वें परीक्षण का मान = 735 − 374 − 323 = 38

Type-5 : तालिका पर आधारित औसत वाले प्रश्न

39. निम्नलिखित तालिका एक कारखाने में कार्यरत 5 श्रमिकों के वजन (किग्रा में) को दर्शाती है;

Weight (in Kg)	65	55	70	50	60

श्रमिकों का औसत वजन कितना है?

(a) 55 (b) 70
(c) 65 (d) 60

RRB NTPC 13.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : प्रश्नानुसार,

श्रमिकों का औसत वजन $= \frac{65+55+70+50+60}{5}$

$= \frac{300}{5} = 60$

40. नीचे दी गई तालिका की एक हवाई जहाज के द्वारा यात्रियों की संख्या (Number of passengers) और उनका संगत वजन (kg में) दर्शाया गया है, यात्रियों की कुल संख्या 40 है। तालिका के आधार पर नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दे।

No.of passengers	4	15	6	5	3	7
Weight in kg	90	60	75	78	72	45

सभी 40 यात्रियों का औसत वजन कितना है?

(a) 65.77 kg (b) 80.57 kg
(c) 75.77 kg (d) 72.57 kg

RRB NTPC 08.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : प्रश्नानुसार, औसत वजन

$= \frac{90\times4+60\times15+75\times6+78\times5+72\times3+45\times7}{40}$

$= \frac{360+900+450+390+216+315}{40}$

$= \frac{2631}{40}$

$= 65.77$ kg

Type-6 : विविध

41. चार सप्ताह की अवधि के दौरान आवश्यक वस्तुओं पर एक परिवार का साप्ताहिक व्यय ₹1475 था। पहले तीनों सप्ताहों के दौरान परिवार में ऐसी वस्तुओं पर क्रमशः ₹1200, ₹1500 और ₹1875 व्यय किए। साप्ताहिक औसत को बनाए रखने के लिए अंतिम सप्ताह में परिवार ने इन वस्तुओं पर कितना व्यय किया?

(a) ₹1275 (b) ₹1375
(c) ₹1325 (d) ₹1225

RRB NTPC (Stage-2) 15/06/2022 (Shift-III)

Ans. (c) : माना अन्तिम सप्ताह में व्यय राशि = ₹x

औसत $= \frac{\text{सप्ताहों का खर्च का योग}}{\text{सप्ताह की संख्या}}$

$1475 = \frac{1200+1500+1875+x}{4}$

$5900 - 4575 = x$

$x = ₹1325$

42. 7 प्रेक्षणों के एक समूह का औसत 10 है और 3 प्रेक्षणों के अन्य समूह का औसत 5 है, इन दोनों समूहों के संयुक्त समूह का माध्य ज्ञात कीजिए।

(a) 10 (b) 7.5
(c) 15 (d) 8.5

RRB NTPC 27.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) :

माध्य $= \frac{\text{प्रेक्षणों का योग}}{\text{प्रेक्षणों की संख्या}}$

पहले प्रेक्षण का योग $= 7 \times 10 = 70$

दूसरे प्रेक्षण का योग $= 3 \times 5 = 15$

संयुक्त समूह या माध्य $= \frac{\left(\text{पहले प्रेक्षण } + \text{दूसरे प्रेक्षण}\right) \text{ का योग}}{\left(\text{पहले प्रेक्षण } + \text{दूसरे प्रेक्षण}\right) \text{की संख्या}}$

$= \frac{70+15}{3+7} = \frac{85}{10}$

$= 8.5$

43. किसी परीक्षा में एक कक्षा के छात्रों द्वारा प्राप्त अंक नीचे दिए गए हैं:

कितने छात्रों के अंक कक्षा के औसत अंक की सीमा +2/–2 के अंदर रहे हैं?

23, 2, 15, 38, 21, 19, 24, 26

(a) 3 (b) 2
(c) 4 (d) 1

RRB NTPC 21.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : सभी छात्रों का कुल औसत

$= \frac{23+2+15+38+21+19+24+26}{8} = 21$

प्रश्नानुसार,

औसत अंक कि सीमा +2/–2 के अन्दर कुल संख्या '3' है जो इस प्रकार है, 23, 21, 19

44. यदि a_1, a_2, a_3 और a_4 का औसत 19.5 है $a_1 = 21$ और a_1, a_2 और a_3 का औसत a_2, a_3 और a_4 के औसत के बराबर है, तो a_4 का मान क्या होगा?

(a) 18 (b) 20
(c) 21 (d) 25

RRB NTPC 17.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : प्रश्नानुसार,

a_1, a_2 व a_3 का औसत = a_2, a_3 व a_4 का औसत

$\frac{a_1+a_2+a_3}{3} = \frac{a_2+a_3+a_4}{3}$

$\Rightarrow 3a_1 + 3a_2 + 3a_3 = 3a_2 + 3a_3 + 3a_4$

$\therefore a_1 = a_4$

तथा $a_1 = 21$ ..... (दिया है)

$a_4 = 21$ होगा।

45. 20 प्रेक्षणों का माध्य 50 है। बाद में यह पाया गया कि दो प्रक्षणों 13 और 24 को त्रुटि वश 31 और 42 लिख दिया गया था। सही माध्य ज्ञात कीजिए।

(a) 47.25 (b) 48.20
(c) 50 (d) 51.85

RRB NTPC 05.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : 20 प्रेक्षणों का माध्य = 50

20 प्रेक्षणों का कुल योग = $20\times50 = 1000$

सही दो प्रेक्षणों का योग = 13+24 = 37

त्रुटिवश लिखे गये दो प्रेक्षणों का योग = 31+42 = 73

$$\text{सही माध्य} = \frac{1000+(37-73)}{20}$$

$$= \frac{1000-36}{20} = \frac{964}{20}$$

$$= 48.20$$

46. एक फुटबॉल टूर्नामेट में, रियल मैड्रिड ने 33 गोल किये और 22 गोल इसके विरूद्ध किये गये। रियल मैड्रिड प्रत्येक खिलाड़ी के लिए किये गये गोलो की औसत संख्या की गणना कीजिए?

(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 0

RRB NTPC 30.04.2016 Shift : 2

Ans : (c) रियल मैड्रिड प्रत्येक खिलाड़ी के लिए किये गये गोलो की औसत संख्या $= \frac{\text{रियल मैड्रिड में गोलो की संख्या}}{\text{फुटबॉल के खिलाड़ियों की संख्या}} = \frac{33}{11} = 3$

47. x और y का माध्य 400 है, तथा x और y का अनुपात 3 और 7 है। y – x का मान ज्ञात कीजिए।

(a) 230 (b) 800
(c) 320 (d) 130

RRB NTPC 07.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : प्रश्नानुसार ,

$$\frac{x+y}{2} = 400$$

$$x + y = 800$$

$$x = \frac{3\times800}{10}$$

$$= 240$$

$$y = \frac{7\times800}{10}$$

$$= 560$$

अतः $y - x = 560 - 240$

$$= 320$$

48. m + 3, m + 5, m + 6, m + 9 और m + 12 के माध्य का मान क्या होगा?

(a) m + 7 (b) m + 9
(c) m + 3 (d) m + 6

RRB NTPC 20.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : माध्य $= \frac{\text{कुल योग}}{\text{कुल संख्या}}$

$$\text{माध्य} = \frac{(m+3)+(m+5)+(m+6)+(m+9)+(m+12)}{5}$$

$$\text{माध्य} = \frac{(5m+35)}{5}$$

$$\text{माध्य} = \frac{5(m+7)}{5}$$

$$\text{माध्य} = (m+7)$$

49. 7 संख्याओ का योगफल 1050 है। पहली तीन संख्याओं का औसत 120 है, चौथी संख्या 126 है, तो अंतिम तीन संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए:

(a) 200 (b) 165
(c) 188 (d) 173

RRB NTPC 05.04.2016 Shift : 2

Ans : (c) पहली तीन संख्याओं का योगफल $=120\times3 = 360$

चौथी संख्या = 126

अंतिम तीन संख्याओं का योग $= 1050 - (360+126)$

$= 1050 - 486$

$= 564$

अन्तिम तीन संख्याओं का औसत $= \frac{564}{3} = 188$

50. 1, 9, 7, 3, 5, 5, 6, 4, 2, 8 का औसत ज्ञात कीजिए।

(a) 3 (b) 4
(c) 5 (d) 6

RRB NTPC 05.04.2016 Shift : 3

Ans : (c) औसत $= \frac{1+9+7+3+5+5+6+4+2+8}{10}$

$$= \frac{50}{10} = 5$$

51. एक व्यक्ति का खर्च फरवरी तथा मार्च के महीनों में 50000 रुपये बढ़ गया है। यदि जनवरी में उसका खर्च 50000 रुपये था तो उसका जनवरी से मार्च तक का औसत खर्च (रुपये में) ज्ञात कीजिए।

(a) 100000 (b) 150000
(c) 75000 (d) 50000

RRB NTPC 27.04.2016 Shift : 3

Ans : (a) जनवरी माह में खर्च = ₹ 50000

∵ फरवरी और मार्च महीनों में खर्च में ₹ 50000 की वृद्धि होती है।

∴ फरवरी माह का खर्च = 50000 + 50000

= ₹ 100000

मार्च माह का खर्च = 100000 + 50000

= ₹ 150000

अत: जनवरी से मार्च तक का औसत खर्च

$$= \frac{50000+100000+150000}{3}$$

$$= \frac{300000}{3} = ₹\ 100000$$

18.

चाल, समय और दूरी (Speed, Time & Distance)

Type-1 : चाल ज्ञात करने पर आधारित प्रश्न

1. 60 km की दूरी तय करने में, अर्जुन, रोहित से 2 घंटे अधिक लेता है। यदि अर्जुन अपनी चाल को दोगुना कर ले, तो वह रोहित से 1 घंटा कम समय लेगा। अर्जुन की आरंभिक चाल ज्ञात कीजिए।

(a) 15 km/h (b) 25 km/h
(c) 5 km/h (d) 10 km/h

RRB NTPC (Stage-2) 17/06/2022 (Shift-III)

Ans. (d) : माना अर्जुन और रोहित की चाल क्रमश; x km/h और y km/h है।

$$\text{समय} = \frac{\text{दूरी}}{\text{चाल}}$$

$$\frac{60}{x} - \frac{60}{y} = 2 \text{ ——(1)}$$

जब अर्जुन कि चाल दोगुना हो जाती है।

$$\frac{60}{y} - \frac{60}{2x} = 1 \text{ _____(2)}$$

समी.(1) और समी.(2) से,

$$\frac{60}{2x} = 3$$

$$x = 10\text{km/h}$$

अतः अर्जुन की आरम्भिक चाल 10 km/h है।

2. एक बस और एक कार की चालों का अनुपात 7:11 है। यदि कार 396 किमी. की दूरी 6 घंटे में तय करती है, तो बस की चाल किमी/घंटा में ज्ञात कीजिए।

(a) 42 (b) 45.5
(c) 38.5 (d) 35

RRB NTPC (Stage-2) 15/06/2022 (Shift-I)

Ans. (a) : प्रश्न से,

$$\frac{\text{बस की चाल}}{\text{कार की चाल}} = \frac{7}{11}$$

$$\Rightarrow \frac{\text{बस की चाल}}{396/6} = \frac{7}{11}$$

$$\Rightarrow \frac{\text{बस की चाल}}{66} = \frac{7}{11}$$

$\therefore$ बस की चाल $= 6 \times 7 = 42$ km/h

3. एक रेलगाड़ी 57.6km की दूरी 48 मिनट में तय करती है। इसकी चाल m/s में ज्ञात करें।

(a) 24 (b) 18
(c) 21 (d) 20

RRB NTPC (Stage-2) 12/06/2022 (Shift-I)

Ans. (d) : चाल = दूरी/समय

$$\text{चाल} = \frac{57.6 \text{ किमी.}}{48 \text{ मिनट}}$$

$$= \frac{57600}{48 \times 60} = 20 \text{ मी./से.}$$

4. एक छात्र साइकिल द्वारा 8 km/h की चाल से $\frac{3}{2}$ घंटे में स्कूल पहुँचता है। स्कूल से वापसी के दौरान वह आधे घंटे आराम करता है और 1 km छोटे रास्ते से जाता है। उसकी साइकिल की चाल में कितनी वृद्धि की जानी चाहिए, ताकि वह उसी समय पर घर पहुँच सके?

(a) 37% (b) 37.5%
(c) 30.5% (d) 35%

RRB NTPC 10.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : छात्र की प्रारम्भिक चाल = 8 km/h

$$\text{समय} = \frac{3}{2} \text{ घंटे}$$

दूरी = चाल × समय

$$= 8 \times \frac{3}{2} = 12\text{km}$$

माना चाल में x km/h की वृद्धि हुई है।

प्रश्नानुसार,

$$12 - 1 = (x + 8) \times \left(\frac{3}{2} - \frac{1}{2}\right)$$

$$11 = (x + 8) \times \frac{2}{2}$$

$$x = 3 \text{ km/h}$$

$$\text{चाल में वृद्धि प्रतिशत} = \frac{3}{8} \times 100 = 37.5\%$$

5. सचिन और अनिल चंडीगढ़ से 50 किमी दूर स्थित कालका की ओर एक ही समय में चलना शुरू करते हैं। सचिन की चाल, अनिल की चाल से 6 किमी/घंटा कम है। अनिल कालका पहुँचता है और तुरन्त चंडीगढ़ के लिए वापस चलना शुरू करता है। मार्ग में कालका से 20 किमी की दूरी पर वह सचिन से मिलता है। सचिन की चाल ज्ञात कीजिए।

(a) 4.5 किमी/घंटा (b) 5.1 किमी/घंटा
(c) 4.9 किमी/घंटा (d) 5.0 किमी/घंटा

RRB NTPC 05.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : माना सचिन की चाल =V km/h
अतः अनिल की चाल = V + 6 km/h
तथा अनिल द्वारा तय की गयी दूरी = 70 km
एवं सचिन द्वारा तय की गयी दूरी =30 km

$$\text{समय} = \frac{\text{दूरी}}{\text{चाल}} \Rightarrow \frac{D_1}{V_1} = \frac{D_2}{V_2}$$

$$\Rightarrow \frac{30}{V} = \frac{70}{V+6}$$
$$\Rightarrow 3V + 18 = 7V$$
$$\Rightarrow 4V = 18$$
$$\Rightarrow V = \frac{18}{4} = \frac{9}{2}$$
$$\Rightarrow \boxed{V = 4.5 \text{ km/h}}$$

6. रामू एक निश्चित स्थान पर 30 घंटों में पहुंच सकता है। यदि वह अपनी चाल में उसके $\frac{1}{15}$ वें हिस्से की कमी करता है, तो वह उतने ही समय में 10 km कम दूरी तय करता है। उसकी चाल ज्ञात कीजिए।

(a) 4 किमी/घंटा (b) 5 किमी/घंटा
(c) $5\frac{1}{2}$ किमी/घंटा (d) 6 किमी/घंटा

RRB NTPC 05.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : माना दूरी = x km
रामू की चाल = y km/h

$$\text{चाल} = \frac{\text{दूरी}}{\text{समय}} \text{ से,}$$

प्रथम स्थिति में,

$$y = \frac{x}{30} \text{.....(i)}$$

द्वितीय स्थिति में,

$$\left(y - \frac{y}{15}\right) = \frac{x-10}{30}$$
$$\frac{14y}{15} = \frac{(x-10)}{30}$$
$$420y = 15x - 150 \text{ .....(ii)}$$

समी. (i) से $y = \frac{x}{30}$ समी. (ii) में रखने पर,

$$420 \times \frac{x}{30} = 15x - 150$$
$$\frac{42x}{3} = 15x - 150$$
$$14x - 15x = -150$$

दूरी (x) = 150 km
अब समी. (i) से,

$$\text{चाल } (y) = \frac{150}{30}$$

चाल (y) = 5 km/h.

7. A और B एक साथ बिंदु X से ड्राइविंग शुरु करते है। और बिंदु Y की ओर जाते हैं। X और Y के बीच की दूरी 60 km है। A की चाल, B से 4km/h कम है। Y पर पहुंचने के बाद, B, Y से वापस लौटता है और Y से 12 km की दूरी पर स्थित एक बिंदु पर A से मिलता हैं। A की चाल ज्ञात कीजिए।

(a) 16 किमी./घंटा (b) 12 किमी./घंटा
(c) 8 किमी./घंटा (d) 20 किमी./घंटा

RRB NTPC 27.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : माना A की चाल = x km/h
तो B की चाल = (x + 4) km/h
B द्वारा तय की गयी कुल दूरी = 60 + 12
= 72 km
A द्वारा तय की गयी कुल दूरी = 60 – 12
= 48 km
प्रश्नानुसार,

$$\frac{72}{x+4} = \frac{48}{x}$$
$$72x = 48x + 192$$
$$24x = 192$$
$$x = 8 \text{ km/h}$$

अतः A की चाल = 8 km/h

8. दो लड़के ऋषि और वामसी लखनऊ से कानपुर तक की 95 किमी. की यात्रा एक ही समय में आरंभ करते है। यात्रा के दौरान, ऋषि की चाल, वामसी से 5 किमी/घण्टा कम हैं वामसी कानपुर पहुंचता है और तुरंत वापस चलना शुरू करता है। वापसी की यात्रा के दौरान, वह कानपुर से 25 किमी. की दूरी पर ऋषि से मिलता है। ऋषि की चाल ज्ञात कीजिए।

(a) 8 किमी./घण्टा (b) 5 किमी./घण्टा
(c) 7 किमी./घण्टा (d) 6 किमी./घण्टा

RRB NTPC 08.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : वामसी द्वारा लखनऊ से कानपुर पहुंचने तथा वापस आकर ऋषि से मिलने तक चली गयी दूरी = 95 + 25 = 120 km.
तथा ऋषि द्वारा चली गयी दूरी = 95 – 25 = 70 km.
यदि ये दूरियां तय करने में ऋषि व वामसी को t समय लगा हो।
तथा माना वामसी की चाल = v km/hour
तथा ऋषि की चाल = v – 5 km/hour
तो शर्तानुसार,

$$\frac{120}{v} = \frac{70}{v-5}$$
$$120 (v - 5) = 70v$$
$$120 v - 600 = 70v$$
$$120 v - 70 v = 600$$
$$50 v = 600$$
$$v = \frac{600}{50} = 12 \text{km/hour}$$

अतः ऋषि की चाल = v – 5 = 12 – 5 = 7km/hour

9. एक सेल्समैन को $\frac{3}{4}$h में 6 किमी. की दूरी तय करनी होती है। यदि वह कुल समय के $\frac{2}{3}$ में $\frac{1}{2}$ दूरी तय करता है, तो शेष समय में शेष दूरी को तय करने के लिए उसकी चाल (किमी./घंटा में) कितनी होनी चाहिए।

(a) 8 (b) 15
(c) 12 (d) 6

RRB NTPC 17.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : सेल्समैन द्वारा कुल समय के $\frac{2}{3}$ समय में तय की गयी दूरी $= \text{कुल दूरी} \times \frac{1}{2} = 6 \times \frac{1}{2} = 3\text{km}$

बची दूरी = 6 – 3 = 3 km.

तथा बचा समय $= \frac{3}{4}\text{h} \times \left(1 - \frac{2}{3}\right) = \frac{1}{4}\text{h}$

अतः बची दूरी को तय करने के लिए सेल्समैन की चाल =

$\frac{\text{दूरी}}{\text{समय}} = \frac{3}{1/4} = 12\text{km/h}$

10. दो कारें एक ही घर से 10 मिनट के अन्तराल पर 20 किमी/घंटा की चाल से यात्रा प्रारम्भ करती है। कितने गति के साथ एक महिला घर की ओर विपरीत दिशा में आती है यदि 8 मिनट के अन्तराल में उसे कारें मिलें।

(a) 5 (b) 6
(c) 7 (d) 4

RRB NTPC 17.01.2017 Shift-1

Ans : (a) माना महिला की गति x किमी/घंटा तथा घर से महिला की दूरी l किमी है और t समय पर महिला को पहली कार मिलती है तब–

$x \times t + 20t = l$ …….. (i)

और $\left(t + \frac{8}{60}\right)x + \left(t + \frac{8-10}{60}\right) \times 20 = l$

$xt + \frac{8x}{60} + 20t - \frac{20 \times 2}{60} = xt + 20t$

$\frac{8x}{60} = \frac{40}{60}$

$\boxed{x = 5 \text{ किमी/घंटा}}$

11. एक घर से दो साइकिल 15 मिनट के अन्तराल से 24 किमी/घं की गति से चली। घर की विपरीत दिशा से आ रही एक महिला को और कितनी अधिक चाल (किमी/घंटा) से चलना पड़ेगा ताकि 10 मिनट के अंतराल पर साइकिल मिल जाएँ?

(a) 13 (b) 11
(c) 12 (d) 14

RRB NTPC 11.04.2016 Shift : 1

Ans : (c) साइकिल द्वारा 15 मिनट में तय की गई दूरी

$= 24 \times \frac{15}{60} = 6$ किमी.

अत: महिला की चाल $= \frac{6}{\frac{10}{60}} = \frac{6 \times 60}{10} = 36$ किमी./घंटा

∴ अभीष्ट चाल = 36–24 = 12 किमी./घंटा

12. रूपा अपने कार्यालय से जिस गति से वापस जाती है उससे आधी गति से कार्यालय आती है। पूरी यात्रा के दौरान औसत गति 24 कि.मी./घंटा है तो जब रूपा अपने कार्यालय जा रही थी तब उसकी गति क्या थी?

(a) 18 कि.मी./घंटा (b) 72 कि.मी./घंटा
(c) 9 कि.मी./घंटा (d) 24 कि.मी./घंटा

RRB NTPC 22.04.2016 Shift : 3

Ans : (a) माना रूपा की वास्तविक गति = S km/h

औसत गति $= \frac{\text{कुल दूरी}}{\text{कुल समय}} = \frac{2V_1V_2}{V_1 + V_2}$

$\therefore 24 = \frac{2 \times S \times \frac{S}{2}}{S + \frac{S}{2}}$

$\Rightarrow 12 = \frac{S^2}{3S}$

∴ S = 36 km/h

अत: कार्यालय आते वक्त गति $= \frac{36}{2} = 18\text{km/h}$

13. एक घर से दो वाहन 20 मिनट के अंतराल से 25 किमी/घंटा की गति से चले। घर की विपरीत दिशा से आ रही एक महिला को और कितनी अधिक गति (किमी./घंटा) से चलना पड़ेगा ताकि 18 मिनट के अंतराल पर वाहन मिल जाए?

(a) 2 (b) $2\frac{5}{9}$
(c) $2\frac{7}{9}$ (d) $2\frac{8}{9}$

RRB NTPC 26.04.2016 Shift : 2

Ans : (c) वाहन द्वारा 20 मिनट में तय की गई

दूरी = चाल × समय

$= 25 \times \frac{20}{60}$ किमी.

$= 25 \times \frac{1}{3} = \frac{25}{3}$ किमी.

माना कि महिला कि गति = x किमी./घंटा

∴ प्रश्न से,

$\frac{\frac{25}{3}}{25 + x} = \frac{18}{60}$

$\Rightarrow \quad \frac{25}{3(25 + x)} = \frac{18}{60}$

$\Rightarrow \quad \frac{25}{75+3x}=\frac{18}{60}$

$\Rightarrow \quad \frac{25}{75+3x}=\frac{3}{10}$

$\Rightarrow \quad 250-225=9x$

$\Rightarrow \quad 25=9x$

$\Rightarrow \quad x=\frac{25}{9}$

अत: महिला की गति $= 2\frac{7}{9}$ किमी/घंटा

Type-2 : समय ज्ञात करने पर आधारित प्रश्न

14. जब एक कार की चाल 30% बढ़ा दी जाती है, तो उसके द्वारा सामान्य गति से तय की जाने वाली दूरी को तय करने में 24 मिनट कम लगते हैं। समान दूरी को अपनी सामान्य चाल से तय करने में कार को कितना समय लगेगा?

(a) 1 घंटा 40 मिनट (b) 1 घंटा 55 मिनट
(c) 1 घंटा 50 मिनट (d) 1 घंटा 44 मिनट

RRB NTPC (Stage-2) 16/06/2022 (Shift-I)

Ans. (d) : माना कार की चाल 100 km/h तथा समय t है।

प्रश्नानुसार, दूरी = चाल × समय

$= 100 \times t$

$100 \times t = 100 \times \frac{130}{100} \times (t-24)$

$100t = 130 \times (t-24)$

$100t = 130t - 3120$

$130t - 100t = 3120$

$30t = 3120$

$t = \frac{3120}{30}$

= 104 मिनट या 1 घण्टा 44 मिनट

15. A और B, एक ही समय पर एक दूसरे से 240km की दूरी पर स्थित दो अलग-अलग स्थानों से एक-दूसरे की ओर चलना शुरू करते है। A और B की चालों का अनुपात 5 : 7 है, और B की चाल 84 km/h है। A और B कितने मिनट बाद एक दूसरे से मिलेगें?

(a) 90 मिनट (b) 100 मिनट
(c) 80 मिनट (d) 120 मिनट

RRB NTPC (Stage-2) 14/06/2022 (Shift-I)

Ans. (b) : दिया है:–

A और B के बीच की दूरी = 240 km.

A और B की चाल का अनुपात = 5 : 7

A की चाल = 5x, B की चाल = 7x

प्रश्नानुसार,– $7x = 84$ km/h

$\Rightarrow x = 12$ km/h

अतः A और B को आपस में मिलनें में लगा समय $= \frac{240}{144}$h

$= \frac{240}{144} \times 60$ मिनट = 100 मिनट

16. A और B की चालों का अनुपात 4 : 5 है, इसलिए गंतव्य स्थान तक पहुंचनें में A को B की तुलना में 20 मिनट अधिक समय लगता है। यदि A अपनी चाल से दोगुनी चाल से चलता है, तो वह उस दूरी को ..... में तय करेगा।

(a) 80 min (b) 40 min
(c) 50 min (d) 100 min

RRB NTPC (Stage-2) 16/06/2022 (Shift-II)

Ans. (c) : माना A तथा B की चालों का अनुपात = 4x : 5x

चाल $\propto \frac{1}{\text{समय}}$

तब समय का अनुपात = 5x : 4x

प्रश्नानुसार, $5x - 4x = 20$

$x = 20$

A द्वारा लिया गया समय = 5x

$= 5 \times 20 = 100$ मिनट

B द्वारा लिया गया समय = 4x

$= 4 \times 20 = 80$ मिनट

जब A अपनी चाल दुगुनी करेगा तो लगने वाला समय आधा हो जायेगा। अतः A को अब दूरी तय करने में 50 मिनट लगेगा।

17. अक्षिता, 50 km/h की चाल से 300 km की दूरी तय करती है, फिर 30 km/h की चाल से 360 km की दूरी तय करती है, और उसके बाद 60 km/h की चाल से 420 km की अन्य दूरी तय करती है। यदि पूरी यात्रा के लिए उसकी औसत चाल K km/h है, तो उसे K km/h की चाल से 216 km की दूरी करने में कितना समय (घंटे में) लगेगा?

(a) 5 hours (b) 7 hours
(c) 6 hours (d) 4 hours

RRB NTPC (Stage-2) 16/06/2022 (Shift-II)

Ans. (a) : अक्षिता द्वारा चली गयी दूरियों में लिया गया समय क्रमशः t_1, t_2 व t_3 है।

$t_1 = \frac{300}{50} = 6$ h

$t_2 = \frac{360}{30} = 12$ h

$t_3 = \frac{420}{60} = 7$ h

तब-औसत चाल $= \frac{\text{कुल चली गयी दूरी}}{\text{कुल समय}}$

$= \frac{300+360+420}{6+12+7}$

$= \frac{1080}{25}$

= 43.2 km/h

प्रश्नानुसार, 216 किमी. की दूरी तय करने में लगा समय

$= \frac{216}{43.2}$

= 5 घण्टा

18. स्टॉपेज को छोड़कर, एक बस की चाल 45 kmph है और स्टॉपेज सहित, उसकी चाल 27 kmph है। बस प्रति-घंटे कितने मिनट के लिए रुकती है?

(a) 24 मिनट (b) 36 मिनट
(c) 20 मिनट (d) 40 मिनट

RRB NTPC (Stage-2) 16/06/2022 (Shift-III)

Ans. (a) : प्रश्नानुसार,

$$\text{अभीष्ट समय} = \frac{\text{चालों में अन्तर}}{\text{बिना रुके बस की चाल}}$$

$$= \frac{45-27}{45}$$

$$= \frac{18}{45} = \frac{2}{5} \text{ घण्टे या } 24 \text{ मिनट}$$

19. A ने दोपहर 1: 00 बजे 40 km/h की चाल से यात्रा आरंभ की। B ने दोपहर 1 : 40 बजे उसी स्थान से 50 km/h की चाल से उसी दिशा में चलना आरंभ किया। B को A तक पहुंचने में कितने मिनट लगेंगे?

(a) 150 मिनट (b) 120 मिनट
(c) 140 मिनट (d) 160 मिनट

RRB NTPC 31.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : दिया है-

A की चाल = 40 km/h

B की चाल = 50 km/h

A द्वारा 40 मिनट अर्थात् $\frac{40}{60}$ घंटे में चली गयी दूरी

दूरी = समय×चाल

$$= \frac{40}{60} \times 40 = \frac{160}{6} \text{km}$$

अब B $\frac{160}{6}$km की दूरी को तय कर के A तक पहुँचता है

$$\text{समय} = \frac{\text{दूरी}}{\text{चालों का अंतर}} = \frac{\frac{160}{6}}{10} = \frac{160}{60} = \frac{16}{6}$$

2 घण्टे 40 मिनट = 160 मिनट

20. अनुपम और विनीत एक साथ खड़े होकर 2 km लंबे वृत्ताकार रेसिंग ट्रैक पर विपरीत दिशा में दौड़ना शुरू करते हैं। वे क्रमशः 9 km/h और 11 km/h की चाल से दौड़े। वे कितने समय बाद ट्रैक पर मिलेंगे?

(a) 12 मिनट (b) 20 मिनट
(c) 10 मिनट (d) 6 मिनट

RRB NTPC 15.03.2021 (Shift-II) Stage I

Ans. (d) : माना दोनों t समय बाद मिलते हैं।

प्रश्नानुसार,

$9t + 11t = 2$

$\Rightarrow 20t = 2$

$\Rightarrow t = \frac{2}{20} = \frac{1}{10}$ घंटा

$\Rightarrow t = \frac{1\times 60}{10} = 6$ मिनट

21. एक बस 20 min में 5 km की दूरी तय करती है। यदि इसकी चाल 3 km/hr कम हो जाती है, तो उसी दूरी को तय करने के लिए बस द्वारा लिया गया समय ज्ञात करें।

(a) 30 min (b) 15 min
(c) 25 min (d) 20 min

RRB NTPC 11.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : $\because$ चाल = $\frac{\text{दूरी}}{\text{समय}}$

$$\text{बस की चाल} = \frac{5}{\frac{20}{60}} = 15\text{km/h}$$

$\because$ 3 km/h चाल को कम करने पर -

नयी चाल = 15 – 3 = 12km/h

$$\text{अभीष्ट समय} = \frac{5}{12} \times 60$$

= 25 मिनट

22. देवेश हर दिन अपने घर से सुबह 7 बजे निकलता है और सुबह 8:30 बजे ऑफिस पहुंचता है। एक दिन, वह अपने घर से सुबह 7बजे निकला, लेकिन उसने दूरी का पांचवा हिस्सा अपने सामान्य गति के $\frac{5}{6}$ पर पूरा किया और बाकी दूरी को अपनी सामान्य गति का $\frac{6}{5}$ पर पूरा किया। उस दिन देवेश लगभग कितने बजे ऑफिस पहुंचा ?

(a) सुबह 8:40 बजे (b) सुबह 8:36 बजे
(c) सुबह 8:21 बजे (d) सुबह 8:25 बजे

RRB NTPC 07.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : माना देवेश की सामान्य चाल = x km/hr

देवेश को घर से ऑफिस पहुंचने में लगा कुल समय

= 8:30 – 7:00 = 1:30 घण्टा

दूरी = चाल × समय

$$= x \times \frac{3}{2} \text{km/hr}$$

प्रश्नानुसार,

$\left(\frac{3x}{2} \times \frac{1}{5}\right)$km दूरी तय करने के लिए चाल = $\frac{5x}{6}$km/hr

शेष दूरी = $\frac{3x}{2} - \frac{3x}{10} = \frac{12x}{10}$ या $\frac{6x}{5}$km

$\frac{6x}{5}$km की दूरी तय करने के लिए चाल = $\frac{6x}{5}$km/hr

माना उस दिन देवेश को ऑफिस पहुँचने में लगा समय = t घण्टा

$$\frac{\frac{3x}{10}}{\frac{5x}{6}} + \frac{\frac{6x}{5}}{\frac{6x}{5}} = t$$

$$\frac{18}{50} + 1 = t$$

$t = \frac{34}{25}$ घण्टा या 1.36 घण्टा

1.36 घण्टा = 1 घण्टा .36 × 60 मिनट

= 1 घण्टा 21 मिनट (लगभग)

अतः उस दिन देवेश लगभग (7 + 1 घण्टा 21 मिनट) = सुबह 8 : 21 बजे ऑफिस पहुँचा।

23. रेलगाड़ी A, 5 a.m. पर स्टेशन X से निकलती है और 9 a.m. पर स्टेशन Y पर पहुँचती है। एक अन्य ट्रेन B 6:30 a.m. पर स्टेशन Y से निकलती है और 10 a.m. पर स्टेशन X पहुँचती है, दोनों ट्रेनें किस समय आपस में मिलती हैं?

(a) 7:40 a.m. (b) 7 a.m.

(c) 8 a.m. (d) 7:30 a.m.

Ans. (a)



रेलगाड़ी A को स्टेशन X से स्टेशन Y तक पहुँचने में लगा समय

= 9 – 5 = 4घंटे

रेलगाड़ी B को स्टेशन Y से स्टेशन X तक पहुँचने में लगा समय

$= 10 - 6.30 = \frac{7}{2}$ घंटे

माना स्टेशन के बीच की दूरी = d km है।

अत: ट्रेन A की चाल $= \frac{d}{4}$ किमी./घंटे

तथा ट्रेन B की चाल $= \frac{d}{7/2} = \frac{2d}{7}$ किमी./घंटे

ट्रेन A द्वारा 3/2 घंटे में चली दूरी $= \frac{d}{4} \times \frac{3}{2} = \frac{3d}{8}$ किमी.

पुन: अब दोनों स्टेशनों के मध्य दूरी $= d - \frac{3d}{8} = \frac{5d}{8}$ किमी.

दोनों ट्रेनों की विपरीत दिशा में गति करने पर सापेक्षिक चाल

$= \frac{d}{4} + \frac{2d}{7} = \frac{7d + 8d}{28}$

$= \frac{15d}{28}$ किमी./घंटे

सापेक्ष समय = $\frac{\text{दूरी}}{\text{सापेक्ष चाल}} = \frac{5d \times 28}{8 \times 15d}$

$= \frac{28}{24}$ घंटें अथवा 1घंटा 10मिनट

अत: दोनों ट्रेनों के मिलने का समय = 6:30 + 1:10 = 7:40 am

24. मिसेज विजया को अपने शुरूआती स्थान से एक निश्चित गन्तव्य स्थान तक पैदल चलने तथा पुन: दौड़कर वापस अपने प्रारंभिक स्थल पर लौटने में 9 घंटे तथा 50 मिनट लगते है। उसे दोनों ओर मूल स्थान से गन्तव्य स्थान तथा पुन: गन्तव्य स्थान से मूल स्थान पर पैदल चलने में 12 घंटे तथा 20 मिनट का समय लगता है। दोनों ओर दौड़कर वह यही दूरी कितने समय में पूरी करेगी?

(a) 7 घंटे 45 मिनट (b) 7 घंटे 20 मिनट

(c) 7घंटे 15 मिनट (d) 7 घंटे, 20 मिनट

RRB NTPC 19.01.2017 Shift : 3

Ans : (d) पैदल + दौड़कर = 9 घंटा 50 मिनट

2 पैदल = 12 घंटा 20 मिनट

पैदल = 6 घंटा 10 मिनट

दौड़कर = 9 घंटा 50 मिनट – 6 घंटा 10 मिनट

दौड़कर = 3 घंटा 40 मिनट

तो दोनों तरफ की दूरी दौड़कर तय करने में लगा समय

= 2 × (3 घंटा 40 मिनट)

= 6 घंटा 80 मिनट

कुल समय = 7 घंटा 20 मिनट

25. मुम्बई से पूना तक की ट्रिप में 60km/hr की रफ्तार से चलने पर 4 घंटे 30 मिनट का समय लगता है। 15 m/s की गति से चलने पर हमे कितना समय लगेगा?

(a) $3\frac{3}{4}$ घंटे (b) 5घंटे

(c) $4\frac{2}{3}$ घंटे (d) 4घंटे

RRB NTPC 18.01.2017 Shift : 2

Ans : (b) माना दूरी = x km

60 km/h की चाल से 270 मिनट में तय की गयी दूरी

$\Rightarrow 60 \text{ (चाल)} = \frac{x \text{ (दूरी)}}{\frac{270}{60}(\text{समय})} \Rightarrow 60 = \frac{60x}{270}$

$\boxed{x = 270\text{km}}$

$15\text{m/s} = 15 \times \frac{18}{5} = 54\text{km/h}$

54 km/h की चाल से 270 km की दूरी तय करने में लगा समय

$\frac{270}{54} = 5$ घंटे

26. भानु को एक स्थान से दूसरे स्थान पर पैदल जाने तथा दौड़कर वापिस प्रारम्भिक स्थान पर आने में कुल 6 घंटे 50 मिनट लगता है। वह दोनों तरफ पैदल 8 घंटे 30 मिनट में तय करता है। उसके द्वारा दोनों तरफ दौड़कर चलने में लगा समय है–

(a) 5 hours 35 min (b) 5 hours 15 min

(c) 5 hours 10 min (d) 5 hours 45 min

RRB NTPC 17.01.2017 Shift-3

Ans : (c) माना एक तरफ दौड़कर दूरी तय करने में लगा समय = x

तथा पैदल दूरी तय करने में लगा समय = y

प्रश्न से –

$x + y = 6\frac{5}{6}h = \frac{41}{6}$.....(i)

$2y = 8\frac{1}{2} \Rightarrow y = \frac{17}{4}$

समी. (i) से–

$$x+\frac{17}{4}=\frac{41}{6}\Rightarrow x=\frac{41}{6}-\frac{17}{4}$$

$$x=\frac{82-51}{12}=\frac{31}{12}$$

∴ दोनों तरफ दौड़कर दूरी तय करने में लगा समय

$=2\times\frac{31}{12}=\frac{31}{6}=5$घंटा 10 मिनट

27. दो बिंदुओ A तथा B के बीच की दूरी 50 कि.मी./घंटा की गति से $5\frac{1}{2}$ घंटो में तय की गई। यदि गति 5 कि. मी./घंटा और बढ़ा दी जाए, तो कितना समय बचाया जा सकता है?

(a) 5 मिनट (b) 15 मिनट
(c) 50 मिनट (d) 30 मिनट

RRB NTPC 03.04.2016 Shift : 1

Ans : (d) $S_1=50\text{km/h},\quad t_1=5\frac{1}{2}=\frac{11}{2}$ घण्टे

$S_2=(50+5)=55\text{km/h},\ t_2=?$

सूत्र - $S_1t_1=S_2t_2$ से (दूरी = चाल × समय)

$$50\times\frac{11}{2}=55\times t_2$$

$$t_2=\frac{275}{55}=5 \text{ घण्टे}$$

बचाया गया समय $=\left(\frac{11}{2}-5\right)=\frac{1}{2}$ घण्टे

$= 30$ मिनट

28. एक बस 80 किलोमीटर प्रति घंटे की चाल से चलती है और 10 मिनट देरी से अपने गंतव्य स्थान पर पहुँचती है। यदि यह 90 किलोमीटर प्रति घंटे की चाल से चली होती, तो यह सिर्फ 8 मिनट की देरी से पहुँचती। बस के द्वारा अपनी यात्रा पूरा करने के लिए सही समय है:

(a) 8 मिनट (b) 10 मिनट
(c) 12 मिनट (d) 15 मिनट

RRB NTPC 22.04.2016 Shift : 1

Ans : (a) दिया है-

$V_1 = 80$ Km/h. $V_2 = 90$ Km/h

$t_1 = 10$ मिनट. $t_2 = 8$ मिनट

बस द्वारा प्रारम्भिक स्थान से गंतव्य स्थान के बीच की तय की गयी दूरी

$$=\frac{V_1.V_2}{V_1\sim V_2}\frac{(t_1\sim t_2)}{60}$$

$$=\frac{80\times90}{80\sim90}\times\left(\frac{10-8}{60}\right)$$

$$=\frac{80\times90}{10}\times\frac{2}{60}=24 \text{ Km.}$$

बस द्वारा यात्रा पूरी करने में लिया गया समय

$$=\frac{24}{80}\times60-10=18-10=8 \text{ मिनट}$$

29. एक आदमी प्रात: 6:30am पर चलना प्रारंभ करता है और 30कि.मी. की दूरी तय करना चाहता है। उसकी प्रारंभिक चाल 6 कि.मी. प्रति घंटा है और 3/5 दूरी तय करने के बाद वह अपनी चाल में 2 कि.मी. प्रति घंटा की कमी कर देता है। वह अपनी यात्रा किस समय समाप्त करेगा?

(a) 11.00am (b) 12.30pm
(c) 11.30pm (d) 12.00pm

RRB NTPC 27.04.2016 Shift : 2

Ans : (b) कुल दूरी = 30 km.

6 km/h की चाल से चली गई दूरी = कुल दूरी का $\frac{3}{5}$

$$=30\times\frac{3}{5}$$

$= 6 \times 3 = 18$ km

चाल में 2 km/h की कमी करने पर, (6 – 2) = 4 km/h अत: अंतिम 12 km की दूरी 4 km/h की चाल से चलेगा।

अत: सम्पूर्ण 30 km की दूरी तय करने में लगा समय

$$=\frac{18}{6}+\frac{12}{4}=3+3=6 \text{ घण्टे}$$

अत: यात्रा को समाप्त करने का समय = 6 : 30 + 6 घण्टे
= 12:30 pm

Type-3 : दूरी ज्ञात करने पर आधारित प्रश्न

30. एक छात्र अपने घर से 2.5 km/h की चाल से चलता है, और विद्यालय के समय से 6 मिनट बाद अपने विद्यालय पहुंचता है। अगले दिन वह अपनी चाल में 1 km/h की वृद्धि करता हैं, और विद्यालय के समय से 6 मिनट पहले अपने विद्यालय पहुंचता है। उसके घर से विद्यालय कितनी दूर है?

(a) 2.25 km (b) 2.5 km
(c) 1.75 km (d) 2 km

RRB NTPC (Stage-2) 17/06/2022 (Shift-II)

Ans. (c) : माना छात्र के घर से विद्यालय की दूरी = d km

प्रश्नानुसार,

$$\frac{d}{2.5}-\frac{6}{60}=\frac{d}{(2.5+1)}+\frac{6}{60}$$

$$\Rightarrow\frac{d}{2.5}-\frac{d}{3.5}=\frac{1}{10}+\frac{1}{10}$$

$$\Rightarrow\frac{d}{2.5\times3.5}=\frac{1}{5}$$

$\Rightarrow d = 0.5\times3.5$

$\therefore \boxed{d = 1.75\text{km}}$

31. रवि, शहर A से शहर B तक और शहर B से शहर A तक की यात्रा 4 घंटे मे तय करता है। यदि कुल यात्रा के दौरान औसत चाल 68.3 km/h है, तो शहर A और B के बीच की दूरी कितनी है?

(a) 197.06 km (b) 273.2 km
(c) 152.7 km (d) 136.6 km

RRB NTPC (Stage-2) 17/06/2022 (Shift-I)

Ans. (d) : प्रश्न से,



$$\text{औसत चाल} = \frac{\text{कुल चली गयी दूरी}}{\text{कुल लगा समय}}$$

$$68.3 = \frac{2d}{4}$$

$$d = \frac{68.3 \times 4}{2}$$

$$= 136.6 \text{ km}$$

32. जूली 18 सेकेंड में 140 मी की दूरी तय कर सकती है। इस दी गई चाल में जूली 1 घंटे में कितनी दूरी तय कर सकती है?

(a) 25.2 किमी (b) 31.5 किमी
(c) 28 किमी (d) 29.4 किमी

RRB NTPC (Stage-2) 13/06/2022 (Shift-II)

Ans. (c) : चाल $= \frac{\text{दूरी}}{\text{समय}}$

समय = 18 सेकेंड

दूरी = 140 मीटर

तब चाल $= \frac{140}{18}$ मी/से

$= \frac{140}{18} \times \frac{18}{5}$ किमी/से

= 28 किमी./घंटा

प्रश्नानुसार–

1 घण्टे में चली गयी दूरी = चाल × समय

दूरी = 28 × 1

= 28 किमी.

33. अविक 8 मीटर प्रति सेकेंड की चाल से दौड़ता है। यदि वह उसी चाल से दौड़ना जारी रखता है, तो अविक 24 मिनट में कितने किलोमीटर की दूरी तय करेगा?

(a) 11.44 (b) 11.56
(c) 11.60 (d) 11.52

RRB NTPC (Stage-2) 17/06/2022 (Shift-III)

Ans. (d) : प्रश्न से,

दूरी = चाल × समय

= 8×24×60 मी.

$= \frac{8 \times 24 \times 60}{1000}$ किमी.

= 11.52 किमी.

34. रवि को हैदराबाद से दिल्ली जाना है। हैदराबाद और दिल्ली के बीच की दूरी 1,200 kms है। वह 25% दूरी पैदल, 30% दूरी बस से, 15% दूरी रेलगाड़ी से और शेष दूरी हवाई जहाज से तय करने का निर्णय करता है। रवि द्वारा हवाई जहाज से तय की गई दूरी कितनी है?

(a) 580 km (b) 360 km
(c) 300 km (d) 425 km

RRB NTPC (Stage-2) 12/06/2022 (Shift-I)

Ans. (b) : प्रश्नानुसार,

पैदल + बस + रेलगाड़ी + हवाई जहाज

↓ ↓ ↓ ↓

25% + 30% + 15% + 30% = 100

∵ 100% → 1200 kms.

∴ हवाई जहाज द्वारा तय की गयी दूरी

$= \frac{1200}{100} \times 30 = 360\text{km}.$

35. सुहास, किसी यात्रा के $\frac{5}{12}$ भाग को रेलगाड़ी द्वारा तय करता है, और फिर यात्रा के $\frac{1}{3}$ भाग को बस द्वारा तय करता है। इसके बाद वह शेष 36 किमी. की दूरी साइकिल से तय करता है। सुहास कुल कितनी यात्रा करता है?

(a) 132 किमी. (b) 144 किमी.
(c) 150 किमी. (d) 168 किमी.

RRB NTPC (Stage-2) 15/06/2022 (Shift-III)

Ans. (b) : सुहास द्वारा रेलगाड़ी से तय की गयी दूरी $= \frac{5}{12}$ भाग

तथा बस द्वारा तय की गयी दूरी $= \frac{1}{3}$ भाग

अब शेष दूरी $= 1 - \left(\frac{5}{12} + \frac{1}{3}\right)$

$= \frac{3}{12}$ भाग

प्रश्नानुसार,

$\frac{3}{12}\text{unit} \longrightarrow 36\text{km}$

$1\text{unit} \longrightarrow \frac{36 \times 1}{\frac{3}{12}} = \frac{36 \times 12}{3}$

$= 12 \times 12$

$= 144 \text{ km}$

36. वैशाली 50 किमी/घं. की चाल से कार द्वारा एक निश्चित दूरी तय करती है और 10 किमी/घं. की चाल से साइकिल द्वारा उसी मार्ग से अपने मूल स्थान पर लौट आती है। यदि पूरी यात्रा में उसके द्वारा लिया गया समय 2 घंटे 24 मिनट था, तो उसने कुल कितनी दूरी तय की?

(a) 40 km (b) 50 km
(c) 48 km (d) 60 km

RRB NTPC (Stage-2) 13/06/2022 (Shift-II)

Ans. (a) : माना वैशाली द्वारा तय की गयी एक तरफ की दूरी d km है।

प्रश्नानुसार– $\text{समय} = \frac{\text{दूरी}}{\text{चाल}}$

$$\frac{d}{50} + \frac{d}{10} = 2 + \frac{24}{60}$$

$$\Rightarrow \frac{d}{50}+\frac{d}{10}=\frac{12}{5}$$

$$\Rightarrow \frac{d+5d}{50}=\frac{12}{5}$$

$$\Rightarrow \frac{6d}{50}=\frac{12}{5}$$

$$d = 20 \text{ km}$$

अतः कुल दूरी = कार द्वारा तय की गयी दूरी + साइकिल द्वारा वापस आने में तय की गयी दूरी

$= 20 + 20$

$= 40$ km

37. दो महिलाएं क्रमशः 6 km/h और 8 km/h चाल से एक स्थान से चलना शुरू करती है। पहली महिला एक निश्चित दूरी तय करने में दूसरी महिला से 40 मिनट अधिक समय लेती है। दूरी ज्ञात कीजिए।

(a) 14 Km (b) 16 Km

(c) 12 km (d) 10 km

RRB NTPC 09.02.2021 (Shift-II) Stage I

Ans. (b) : $V_1t_1 = V_2t_2$ (जब दूरी निश्चित हो)

$$6\times\left(t+\frac{40}{60}\right)=8\times t$$

$$3\left(t+\frac{2}{3}\right)=4t$$

$3t + 2 = 4t$

$t = 2h$

$\therefore$ दूरी $= V_2t_2 = 8 \times 2$

$= 16$ km

38. एक आदमी 4 h में 360 km की यात्रा करता है, जिसमें सें कुछ दूरी वह हवाई जहाज से और कुछ दूरी रेलगाड़ी से तय करता है। यदि वह पूरी यात्रा हवाई जहाज से करता, तो वह रेलगाड़ी से की गई यात्रा में लगे समय का $\frac{4}{5}$ समय बचा लेता और अपने गंतव्य पर 2 h पहलें पहुंच जाता । हवाई जहाज द्वारा की गई यात्रा मे तय दूरी ज्ञात कीजिए।

(a) 260 km (b) 290 km

(c) 270 km (d) 280 km

RRB NTPC 28.01.2021 (Shift-I) Stage I

Ans. (c) : ट्रेन में कुल लगा समय का 4/5 = 2 घंटा

ट्रेन में कुल लगा समय $= \frac{5}{4}\times 2 = \frac{5}{2}$ घंटा

हवाई जहाज द्वारा यात्रा में लगा समय

$$= 4-\frac{5}{2}=\frac{8-5}{2}=\frac{3}{2} \text{ घंटा}$$

यदि 360 किमी की यात्रा हवाई मार्ग से की जाती है, तो लिया गया समय = 2 घंटा

हवाई जहाज की चाल = 360/2 km/h

$\therefore$ हवाई जहाज द्वारा तय दूरी $= \frac{360}{2}\times\frac{3}{2}=90\times 3$

$= 270$ km

अतः हवाई जहाज द्वारा ली गई यात्रा में तय दूरी 270 km है।

39. दो कारें क्रमशः 45 km/h और 50 km/h की चाल से घूमते हुए एक निश्चित दूरी तय करती हैं। यदि एक कार को यह दूरी तय करने में दूसरी कार से 32 मिनट अधिक समय लगता है, तो तय की गई दूरी ज्ञात कीजिए।

(a) 240 km (b) $\frac{240}{19}$km

(c) $\frac{8}{3}$km (d) $\frac{152}{3}$km

RRB NTPC 01.04.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : माना तय दूरी = d km

प्रश्नानुसार,

$$\frac{d}{45}-\frac{d}{50}=\frac{32}{60}$$

या $\frac{d}{9}-\frac{d}{10}=\frac{32}{12}$

$$\frac{10d-9d}{90}=\frac{32}{12}$$

$$\frac{d}{90}=\frac{32}{12}$$

$$d=\frac{90\times 32}{12}=240\,\text{km}$$

40. एक आदमी 25 किमी./घंटा चाल से गांव से डाकघर गया और 4 किमी./घंटा की चाल से वापस लौटा। यदि इस पूरी यात्रा में 5 घंटे 48 मिनट का समय लगा, तो गांव से डाकघर की दूरी ज्ञात कीजिए।

(a) 20 m (b) 20 km

(c) 40 m (d) 40 km

RRB NTPC 10.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : माना गांव से डाकघर की दूरी = x km

प्रश्नानुसार,

$$\frac{x}{25}+\frac{x}{4}=5 \text{ घण्टा } 48 \text{ मिनट}$$

$$\frac{4x+25x}{100}=5\frac{4}{5}$$

$$\frac{29x}{100}=\frac{29}{5}$$

$x = 20$ km

41. एक व्यक्ति ने 9 घंटे में 61 किमी. की दूरी तय की। उसने कुछ दूरी 4 किमी/घंटा की चाल से पैदल तय की और कुछ दूरी 9 किमी/घंटा की चाल से साइकिल से तय की। उसने कितनी दूरी पैदल तय की है?

(a) 12 km (b) 16 km

(c) 18 km (d) 14 km

RRB NTPC 05.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : माना उसने x km दूरी पैदल तय की।

प्रश्नानुसार, $9 = \frac{x}{4} + \frac{61-x}{9}$

$9 = \frac{9x + 4(61-x)}{36}$

$9 \times 36 = 9x + 244 - 4x$

$324 = 5x + 244$

$5x = 80 \Rightarrow x = 16$ km

42. विनोद 30 km/h की चाल से कार चलाने पर 5 min की देरी से ऑफिस पहुँचता है। यदि उसकी चाल 40 km/h हो तो वह 3 min जल्दी ऑफिस पहुँच जाता है। वह दूरी ज्ञात कीजिए, जो वह अपने घर और ऑफिस के बीच तय करता है।

(a) 20 km (b) 15 km

(c) 18 km (d) 16 km

RRB NTPC 04.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : दूरी समान होने की स्थिति में

दूरी = चाल × समय से,

$30\left(t + \frac{5}{60}\right) = 40\left(t - \frac{3}{60}\right)$

$3t + \frac{15}{60} = 4t - \frac{12}{60}$

$\frac{15}{60} + \frac{12}{60} = 4t - 3t$

$t = \frac{27}{60}$

दूरी $= 30\left(t + \frac{5}{60}\right)$ (t का मान रखने पर)

$= 30\left(\frac{27}{60} + \frac{5}{60}\right)$

$= 30 \times \frac{32}{60} = 16$ km

43. दो आदमी, एक साथ एक निश्चित गंतव्य की ओर चलना शुरू करते हैं, उनमें से पहला आदमी 3 km/h की चाल से और दूसरा आदमी 3.75 km/h की चाल से चलता है। दूसरा आदमी, पहले आदमी से आधे घंटे पहले पहुंच जाता है। गंतव्य स्थान की दूरी ज्ञात कीजिए।

(a) 7.0 km (b) 6.7 m

(c) 0.7 km (d) 7.5 km

RRB NTPC 09.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : माना गंतव्य स्थान की दूरी d km है।

प्रश्नानुसार,

$\Rightarrow \quad \frac{d}{3} - \frac{d}{3.75} = \frac{1}{2}$

$\Rightarrow \quad \frac{.75d}{3 \times 3.75} = \frac{1}{2}$

$\Rightarrow \quad d = \frac{15}{2}$

d = 7.5 km

44. एक ट्रेन स्टेशन A से स्टेशन B की ओर 50 km/hr की चाल से निकलती है। आधे घंटे के बाद, एक अन्य ट्रेन स्टेशन B से स्टेशन A की ओर 150 km/hr की चाल से निकलती है। दोनों स्टेशनों के बीच की दूरी 725 km है। जिस स्थान पर दोनों ट्रेनें मिलती हैं, उस स्थान की स्टेशन A से दूरी कितनी होगी?

(a) 168 किमी (b) 250 किमी

(c) 200 किमी (d) 150 किमी

RRB NTPC 28.12.2020 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : माना पहले ट्रेन की लम्बाई T_1 तथा दूसरी ट्रेन की लम्बाई T_2 है।



माना स्टेशन A से दोनों ट्रेनों से मिलने की दूरी = x km

T_1 ट्रेन द्वारा 30 मिनट में तय दूरी = 25 km

शेष दूरी = 725 – 25 = 700 km

सापेक्ष चाल = 50 + 150

= 200 km/hr

मिलने का समय $= \frac{700}{200}$

= 3.5 घण्टा

3.5 घण्टे में ट्रेन T_1 द्वारा तय दूरी = 175 km

अतः स्टेशन A से अभीष्ट दूरी = 175 + 25 = 200 km

45. राम एक टॉय ट्रेन पर एक निश्चित दूरी तय करता है। यदि ट्रेन की चाल 8किमी/घण्टा अधिक होती, तो इसे यात्रा में 20 मिनट कम समय लगता। यदि चाल 4 किमी/घण्टा कम होती, तो इसे यात्रा में 40 मिनट अधिक समय लगता। तय की गई दूरी ज्ञात कीजिए।

(a) $\frac{16}{3}$ किमी (b) $\frac{17}{3}$ किमी

(c) $\frac{20}{3}$ किमी (d) $\frac{19}{3}$ किमी

RRB NTPC 08.04.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : $D = \frac{S_1 \times S_2}{S_2 - S_1} \times t_{diff.}$

$\begin{cases} D = \text{तय की गयी दूरी} \\ S_1 = \text{प्रथम चाल} \\ S_2 = \text{द्वितीय चाल} \\ t_{diff} = \text{समयान्तराल} \end{cases}$

प्रथम शर्त से -

माना मूल चाल S है,तब-

$D = \frac{S \times (S+8)}{S+8-S} \times \frac{20}{60} \quad \ldots(i)$

द्वितीय शर्त से -

$D = \frac{S \times (S-4)}{S-(S-4)} \times \frac{40}{60} \quad \ldots(ii)$

$\Rightarrow$ समी. (i) तथा (ii) से -

$$\frac{S\times(S+8)}{8}\times\frac{20}{60}=\frac{S(S-4)}{4}\times\frac{40}{60}$$

$\Rightarrow$ $(S+8)=(S-4)\times 4$

$\Rightarrow$ $S+8=4S-16$

$\boxed{S=8}$

तय की गई दूरी $(D)=\frac{8(8+8)}{8}\times\frac{20}{60}$ (समी. (i) से)

$\boxed{D=\frac{16}{3}\text{Km}}$

46. विष्णु 10 किमी/घण्टा, 30 किमी/घंटा और 8 किमी/घण्टा की चाल पर समान दूरी तय करता है तथा पूरी यात्रा पर कुल 15.5 मिनट लेता है तो उसके द्वारा की गयी यात्रा की कुल दूरी (किमी में) प्राप्त कीजिए।

(a) 1 (b) 3
(c) 4 (d) 2

RRB NTPC 17.01.2017 Shift-1

Ans : (b) माना विष्णु ने कुल x किमी दूरी की यात्रा तय की है।
प्रश्नानुसार,

$$\frac{\left(\frac{x}{3}\right)}{10}+\frac{\left(\frac{x}{3}\right)}{30}+\frac{\left(\frac{x}{3}\right)}{8}=\frac{15.5}{60}$$

$$\frac{x}{3}\left(\frac{1}{10}+\frac{1}{30}+\frac{1}{8}\right)=\frac{15.5}{60}$$

$$\frac{x}{3}\left(\frac{24+8+30}{240}\right)=\frac{15.5}{60}$$

$$\frac{x}{3}\left(\frac{62}{240}\right)=\frac{15.5}{60}$$

$$x=\frac{15.5\times 240\times 3}{60\times 62}$$

$$x=\frac{186}{62}$$

$\boxed{x=3}$ किमी

47. यदि ललिता अपने घर से कार द्वारा 45 किमी प्रति घंटे की गति से अपने स्कूल के लिए निकले तो वह 60 किमी/घंटा की गति से कार चलाने की अपेक्षा 5 मिनट ज्यादा का समय लेती है। घर से स्कूल की दूरी कितनी है?

(a) 18km (b) 15km
(c) 14km (d) 10km

RRB NTPC 18.01.2017 Shift : 2

Ans : (b) माना घर से स्कूल की दूरी = x km
तब, 45 km/h की चाल से x (km) की दूरी तय करने में लगा समय $=\frac{x}{45}$

60 km/h की चाल से x (km) की दूरी तय करने में लगा समय $=\frac{x}{60}$

प्रश्नानुसार

$$\Rightarrow\frac{x}{45}-\frac{x}{60}=\frac{5}{60}$$

$$\Rightarrow\frac{4x-3x}{180}=\frac{1}{12}$$

$$\Rightarrow x=\frac{180}{12}=15$$

$\boxed{x=15\text{km}}$

घर से स्कूल की दूरी = 15 km

48. राम कुल यात्रा का 4/9वाँ भाग बस द्वारा, 5/18वाँ भाग रेल द्वारा और शेष भाग 10 कि.मी. पैदल चलकर पूरी करता है तो कुल दूरी ज्ञात कीजिए।

(a) 42 कि.मी. (b) 90 कि.मी.
(c) 36 कि.मी. (d) 18 कि.मी.

RRB NTPC 19.04.2016 Shift : 2

Ans : (c) माना कुल दूरी x किमी. है।

बस द्वारा की गयी यात्रा $=\frac{4x}{9}$

रेल द्वारा की गयी यात्रा $=\frac{5x}{18}$

प्रश्नानुसार–

$$x-\left(\frac{4x}{9}+\frac{5x}{18}\right)=10$$

$$\Rightarrow x-\frac{13x}{18}=10$$

$$\Rightarrow\frac{5x}{18}=10$$

$$\Rightarrow 5x=10\times 18$$

$$\Rightarrow x=\frac{10\times 18}{5}$$

$\Rightarrow\boxed{x=36}$ किमी.

49. एक धावक 3 घंटे और 45 मिनट में 60 किलोमीटर की दूरी तय करता है। उसे औसतन चाल (किलोमीटर) में कितनी वृद्धि करनी चाहिए, 45 मिनट पहले इस दूरी को तय करने के लिए?

(a) 16 किमी/घंटा (b) 20 किमी/घंटा
(c) 6 किमी/घंटा (d) 4 किमी/घंटा

RRB NTPC 18.04.2016 Shift : 3

Ans : (d) दिया है–
दूरी = 60 किलोमीटर, समय = 3 घंटा 45 मिनट

$$=3\frac{45}{60}\text{ घंटा}$$

$$=\frac{15}{4}\text{ घंटा}$$

$\therefore$ चाल $=\frac{\text{दूरी}}{\text{समय}}$

$= \frac{60}{(15/4)} = 60 \times \frac{4}{15} = 16$ km/h.

माना औसत चाल में x km/h की वृद्धि करनी चाहिए।

पुन: समय = 3 घंटा {45 मिनट पहले दूरी तय करनी है।}

चाल = (16+x) km/h.

प्रश्नानुसार,

$$(16+x) = \frac{60}{3}$$

$\Rightarrow 16+x = 20$

$\Rightarrow x = 20-16$

$\Rightarrow x = 4$ km/h

50. मोहन, अपनी कार से 12 घंटे में एक समान चाल से एक निश्चित दूरी तय करता है। जब चाल में 5 किमी./घंटा वृद्धि की जाती है, तो उसी दूरी को 9 घंटे में तय किया जा सकता है। कुल दूरी क्या है?

(a) 108 किमी (b) 90 किमी

(c) 190 किमी (d) 180 किमी

RRB NTPC 18.04.2016 Shift : 3

Ans : (d) माना कुल दूरी d है तथा चाल 'V' है।

प्रथम शर्त के अनुसार–

$$V = \frac{d}{12} \text{.....(i)}$$

द्वितीय शर्त के अनुसार–

$$(V+5) = \frac{d}{9} \text{.....(ii)}$$

समी. (i) और (ii) से–

$$\frac{d}{12} + 5 = \frac{d}{9}$$

$$\frac{d+60}{12} = \frac{d}{9}$$

$\Rightarrow 3d + 180 = 4d$

$\Rightarrow d = 180$ km.

51. चन्दन क्रमश: 3 कि.मी./घंटा 4 कि.मी./घंटा तथा 8 कि.मी./घंटा की गति से बराबर दूरी तय करता है तथा कुल 42.5 मिनट का समय लेता है। कुल दूरी कि.मी. में ज्ञात कीजिए।

(a) 4 (b) 2

(c) 1 (d) 3

RRB NTPC 11.04.2016 Shift : 2

Ans : (d) समय (t) = 42.5 मिनट $= \frac{42.5}{60}$ घंटा

माना दूरी = d, $d = d_1+d_2+d_3$

तथा $d_1 = d_2 = d_3 = x$

औसत गति = V

$V_1 = 3$ km/hr. $V_2 = 4$ km/ hr., $V_3 = 8$ km/hr.

औसत गति = (V) $= \frac{d_1+d_2+d_3}{\frac{d_1}{v_1}+\frac{d_2}{v_2}+\frac{d_3}{v_3}}$

$$V = \frac{x+x+x}{\frac{x}{3}+\frac{x}{4}+\frac{x}{8}}$$

$$V = \frac{3x}{\frac{8x+6x+3x}{24}}$$

$$V = \frac{3x}{\frac{17x}{24}}$$

$$V = \frac{3\times 24}{17} \text{km/hr.}$$

तब

दूरी = चाल × समय

$$d = \frac{42.5}{60} \times \frac{3\times 24}{17}$$

$$d = \frac{425}{600} \times \frac{3\times 24}{17}$$

d = 3 km

52. मोनाल कुमार क्रमश: 3 किमी./ घंटा 5 किमी./घंटा तथा 8 किमी./घंटा की चाल से बराबर दूरी तय करता है तथा कुल 395 मिनट का समय लेता है। कुल दूरी किलोमीटर में ज्ञात कीजिए।

(a) 40 (b) 20

(c) 10 (d) 30

RRB NTPC 22.04.2016 Shift : 2

Ans : (d) माना कुल दूरी 3d किमी. है।

प्रश्नानुसार,

$$\frac{d}{3}+\frac{d}{5}+\frac{d}{8} = \frac{395}{60}$$

$$\frac{40d+24d+15d}{120} = \frac{395}{60}$$

$$\frac{79d}{120} = \frac{395}{60}$$

$d = 10$

अत: कुल दूरी = 3d

$= 3 \times 10 = 30$ किमी.

53. एक चोर एक पुलिसवाले से 400 मीटर आगे है। चोर भागना और पुलिसवाला पीछा करना एक साथ शुरू करते है। मान लिया जाए कि चोर की चाल 10 किलोमीटर/घंटा और पुलिसवाले की चाल 15 किलोमीटर/घंटा है, तो गणना करके (मीटर में) बताइए कि पुलिसवाले के पकड़ में आने से पहले चोर ने कितनी दूरी तय की?

(a) 750 मी. (b) 800 मी.

(c) 850 मी. (d) 900 मी.

RRB NTPC 29.04.2016 Shift : 2

Ans : (b) माना पुलिसवाले के पकड़ में आने से पहले चोर ने x मी. दूरी तय की।



प्रश्नानुसार,

$$\frac{x+400}{15\times\frac{5}{18}}=\frac{x}{10\times\frac{5}{18}}$$

$$\Rightarrow \quad \frac{6x+2400}{25}=\frac{9x}{25}$$

$$\Rightarrow \quad 3x=2400$$

$$\Rightarrow \quad x=800\text{m}$$

Type-4 : औसत चाल आधारित प्रश्न

54. कोई कार 45 किमी/घण्टा की चाल से एक निश्चित दूरी तय करती है, और उसी मार्ग का अनुसरण करते हुए 36 किमी/घण्टा की चाल से आरंभ बिंदु पर वापस आती है। पूरी यात्रा के लिए औसत चाल (किमी./घ.) में ज्ञात कीजिए।

(a) 42 (b) 38
(c) 40 (d) 35

RRB NTPC (Stage-2) 15/06/2022 (Shift-II)

Ans. (c) : प्रश्नानुसार,

कार की औसत चाल $=\frac{2\times45\times36}{45+36}=\frac{2\times45\times36}{81}=40\text{km/h}$

55. एक बस क्रमशः 20 kmph, 40 kmph, 60 kmph और 120 kmph की चाल से 12 km की चार क्रमागत दूरियों को तय करती है। इस दूरी पर इसकी औसत चाल (kmph में) ज्ञात कीजिए।

(a) 40 (b) 50
(c) $\frac{200}{9}$ (d) $\frac{100}{9}$

RRB NTPC (Stage-2) 16/06/2022 (Shift-I)

Ans. (a) : औसत चाल $=\frac{\text{कुल चली गयी दूरी}}{\text{कुल लगा समय}}$

$$=\frac{12+12+12+12}{\frac{12}{20}+\frac{12}{40}+\frac{12}{60}+\frac{12}{120}} \Rightarrow \frac{48}{0.6+0.3+0.2+0.1}$$

$$=\frac{48}{1.2}=40\text{ km/h}$$

56. रोहन को A से B तक की दूरी तय करनी थी। वह 75%, 60 किमी./घंटा की चाल से तय करता है और शेष दूरी 40 किमी./घंटा की चाल से तय करता है। पूरी यात्रा के दौरान उसकी औसत चाल कितनी थी?

(a) 55 km/h (b) $53\frac{1}{3}\text{km/h}$
(c) 50 km/h (d) $54\frac{2}{3}\text{km/h}$

RRB NTPC 17.02.2021 (Shift-II) Stage I

Ans. (b) : माना कुल दूरी x किमी. है

60 km/h की चाल से तय दूरी $=\frac{75}{100}\times x=\frac{3}{4}x$

40 km/h की चाल से तय दूरी $=\frac{1}{4}x$

औसत चाल $=\frac{\text{कुल दूरी}}{\text{कुल समय}}=\frac{x}{\frac{3}{4}x\times\frac{1}{60}+\frac{1}{4}x\times\frac{1}{40}}$

$$=\frac{x}{\frac{3x}{160}}$$

$$=\frac{160}{3}=53\frac{1}{3}\text{ km/h}$$

57. एक आदमी 6km/h की चाल से 30 km की दूरी तय करता है और शेष 40 km की यात्रा 5 घंटे में पूरी करता है। पूरी यात्रा के दौरान उसकी औसत चाल ज्ञात कीजिए।

(a) 7 किमी./घण्टा (b) 8 किमी./घण्टा
(c) $6\frac{4}{11}$ किमी./घण्टा (d) 5 किमी./घण्टा

RRB NTPC 23.07.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : 6km/h की चाल से 30 km की दूरी तय करने में लगा समय $=\frac{30}{6}=5$ घण्टा

औसत चाल $=\frac{\text{कुल दूरी}}{\text{कुल समय}}$

$$=\frac{30+40}{5+5}$$

$$=\frac{70}{10}$$

$$=7\text{ km/hr.}$$

58. एक आदमी अपनी साइकिल पर 12km/h की औसत चाल से 10km की दूरी तय करता है और इसके बाद 10km/h की औसत चाल से 12km की अतिरिक्त दूरी तय करता है। पूरी यात्रा के लिए उसकी औसत चाल लगभग कितनी है?

(a) 8 km/h (b) 8.19 km/h
(c) 10.8 km/h (d) 8.10 km/ h

RRB NTPC 07.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : 12km/h की चाल से 10 km दूरी तय करनें मे लगा समय $=\frac{10}{12}$ h

10km/h की चाल से 12km दूरी तय करने में लगा

समय $=\frac{12}{10}$ h

औसत चाल $=\frac{\text{कुल दूरी}}{\text{कुल समय}}$

$$= \frac{10+12}{\frac{10}{12}+\frac{12}{10}}$$

$$= \frac{22}{\frac{100+144}{120}}$$

$$= \frac{22}{244/120}$$

$$= \frac{22}{244} \times 120$$

$= 10 \cdot 8196$

$= 10 \cdot 8$ km/h (लगभग)

59. सुहास 104 km/h की औसत चाल से यात्रा करते हुए बिंदु A और बिंदु B के बीच की दूरी को 7 घंटे में तय कर सकता है। उसने शुरूआती चार घंटों के दौरान 118 km/h की औसत चाल से यात्रा की। यदि वह यात्रा के शुरू होने के समय से कुल 8 घंटे में अपने गंतव्य पर पहुंचना चाहता है, तो शेष यात्रा के दौरान उसकी औसत चाल कितनी होनी चाहिए ?

(a) 72 किमी/घंटा (b) 60 किमी/घंटा

(c) 70 किमी/घंटा (d) 64 किमी/घंटा

RRB NTPC 05.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d)



सुहास के द्वारा A से B के बीच 7 घंटे में तय की जा सकने वाली कुल दूरी $= 104 \times 7 = 728$ km

शुरूआती 4 घंटों में चली गयी दूरी $= 118 \times 4 = 472$ km

शेष दूरी $= 728 - 472 = 256$ km

अंतिम 4 घंटें में औसत चाल $= \frac{256}{4} = 64$ km/h

60. एक हवाई जहाज किसी समबाहु त्रिभुज की भुजाओं के संगत दिशाओं में क्रमशः 300 km/h, 200 km/h और 240 km/h की चाल से उड़ान भरता है। पूरे त्रिभुज के परितः उड़ान के दौरान जहाज की औसत चाल ज्ञात कीजिए।

(a) 240 km/h (b) 150 km/h

(c) 140 km/h (d) 40 km/h

RRB NTPC 11.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : माना समबाहु त्रिभुज के भुजा की लम्बाई $= x$ किमी.

$\therefore$ 300 km/h की चाल से x km दूरी तय करने में लगा समय

$$(t_1) = \frac{x}{300} \text{ घंटे}$$

इसी प्रकार,

$$t_2 = \frac{x}{200}$$

$$t_3 = \frac{x}{240}$$

अतः $t_1 + t_2 + t_3 = \frac{x}{300} + \frac{x}{200} + \frac{x}{240}$

$$= \frac{4x+6x+5x}{1200} = \frac{15x}{1200}$$

$$\text{औसत चाल} = \frac{\text{कुल दूरी}}{\text{कुल समय}} = \frac{3x}{t_1+t_2+t_3}$$

$$= \frac{3x}{x\left(\frac{15}{1200}\right)} = \frac{3600}{15} = 240 \text{ km/h.}$$

61. यदि एक आदमी 50 km/h की चाल से A से B तक जाता है और अपनी सामान्य चाल से 40% अधिक चाल से वापस आता है, दोनों यात्राओं के दौरान उसकी औसत चाल (दशमलव के बाद 2 अंकों तक) ज्ञात कीजिए।

(a) 62.35 km/h (b) 58.33 km/h

(c) 55.34 km/h (d) 47.28 km/h

RRB NTPC 16.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : प्रश्नानुसार,



B से वापस आने में चाल $= 50 + 50 \times \frac{40}{100} = 70$ km/h

$$t_{A \to B} = \frac{x}{50} \text{h}$$

$$t_{B \to A} = \frac{x}{70} \text{h}$$

कुल समय $= \frac{x}{50} + \frac{x}{70} = \frac{70+5x}{350} = \frac{12x}{350} = \frac{6x}{175}$

औसत चाल $= \frac{2x}{6x/175}$

$= \frac{2x}{1} \times \frac{175}{6x} = 58.33$ km/h

62. एक कार $2\frac{1}{2}$ घंटे के लिए 62 कि.मी./घंटा और $1\frac{1}{4}$ घंटे के लिए 68 कि.मी./घंटा की चाल से यात्रा करती है। तय की गई कुल दूरी में इसकी औसत चाल क्या होगी?

(a) 65 (b) 64

(c) 63 (d) 61

RRB NTPC 28.04.2016 Shift : 1

Ans : (b) कार द्वारा तय की गई कुल दूरी $= 62 \times \frac{5}{2} + 68 \times \frac{5}{4}$

($\because$ दूरी = चाल $\times$ समय)

$= 31 \times 5 + 17 \times 5$

$= 155 + 85 \Rightarrow 240$ किमी.

कार की औसत चाल $= \frac{\text{कुल दूरी}}{\text{कुल समय}}$

$$= \frac{240}{5/2+5/4} \Rightarrow \frac{240 \times 4}{10+5}$$

$$= \frac{240 \times 4}{15} \Rightarrow 16 \times 4 = 64 \text{ किमी./घं.}$$

63. A से B तक एक कार की चाल 60 किमी/घंटा तथा वापसी की चाल 40 किमी/घंटा है। कार की औसत चाल (किमी/घंटा में) ज्ञात कीजिए।

(a) 50 (b) 45
(c) 48 (d) 52

RRB NTPC 12.04.2016 Shift : 1

Ans : (c)



कार की औसत चाल $= \frac{2V_1V_2}{V_1+V_2}$

$= \frac{2\times60\times40}{60+40}$

$= \frac{4800}{100}$

= 48 किमी/घंटा

64. P पहले एक घंटे में 50 किमी./घंटा की गति से चलता है और अगले दो घंटो में 70 कि.मी./घंटा की गति से चलता है। P की औसत गति कितनी है?

(a) 60 कि. मी./घंटा (b) 63.33 कि.मी./घंटा
(c) 59.33 कि.मी./घंटा (d) 62 कि.मी./घंटा

RRB NTPC 02.04.2016 Shift : 1

Ans : (b) पहले घण्टे में P द्वारा तय की गई दूरी = 50 किमी0
दूसरे घण्टे में P द्वारा तय की गई दूरी = 70 किमी0
तीसरे घण्टे में P द्वारा तय की गई दूरी = 70 किमी0

$\therefore$ औसत गति $= \frac{\text{कुल दूरी}}{\text{कुल समय}}$

$= \frac{50+70+70}{1+1+1} = \frac{190}{3} = 63.33$ किमी0/घंटा

65. एक साइकिल चालक 8 किलोमीटर की दूरी 15 किलोमीटर प्रति घंटे से तथा 4 किलोमीटर की दूरी 20किमी/घंटे की चाल से चलाता है तो उसकी औसत चाल कितनी होगी?

(a) 16.8 (b) 16.36
(c) 15.71 (d) 17.50

RRB NTPC 28.03.2016 Shift : 2

Ans : (b) यदि कोई व्यक्ति A किमी. दूरी x किमी/घंटा तथा B किमी. की दूरी y किमी. प्रति घंटा चलता है तो

औसत गति $= \frac{A+B}{\frac{A}{x}+\frac{B}{y}} = \frac{8+4}{\frac{8}{15}+\frac{4}{20}} = \frac{12}{\frac{8}{15}+\frac{1}{5}}$

$= \frac{12}{\frac{8+3}{15}} = \frac{12\times15}{11} = 16.36\,\text{km/hr}$

66. एक व्यक्ति अपनी यात्रा के पहले 176 किलोमीटर की दूरी 16 किलोमीटर/घंटे की चाल से और अगले 64 किलोमीटर की दूरी 32 किलोमीटर/घंटे की चाल से तय करता है। यात्रा के पहले 240 किलोमीटर की दूरी के लिए लगभग औसत चाल क्या होगी?

(a) 13 किमी./घंटा (b) 27 किमी./घंटा
(c) 18.5 किमी./घंटा (d) 21 किमी./घंटा

RRB NTPC 19.04.2016 Shift : 3

Ans : (c)

176 किमी. की दूरी जाने में लगा समय $= \frac{176}{16} = 11$ घंटे

64 किमी. की दूरी जाने में लगा समय $= \frac{64}{32} = 2$ घंटे

औसत चाल $= \frac{\text{कुल दूरी}}{\text{कुल समय}} = \frac{176+64}{11+2} = \frac{240}{13}$

= 18.5 किमी./घंटा (लगभग)

67. कार P एक निश्चित दूरी को 66 किमी/घंटे की चाल से 11 घंटों में तय करती है। कार Q इतने ही समय में कार P की अपेक्षा 242 किमी अधिक दूरी तय करती है। कार Q की औसत चाल ज्ञात कीजिए।

(a) 718 किमी/घंटा (b) 77 किमी/घंटा
(c) 88 किमी/घंटा (d) 83 किमी/घंटा

RRB NTPC 19.01.2017 Shift : 2

Ans : (c) P द्वारा तय की गयी दूरी = 66 × 11 = 726 km

Q की औसत चाल $= \frac{\text{कुल दूरी}}{\text{कुल समय}}$

Q की औसत चाल $= \frac{726+242}{11} = \frac{968}{11} = 88$

Q की औसत चाल = 88 km/h

Type-5
चाल, समय और दूरी के अनुपात पर आधारित प्रश्न

68. एक साइकिल चालक द्वारा एक निश्चित दूरी (d) एक निश्चित चाल से तय की जाती है। यदि एक जॉगर उससे दोगुने समय (t) में उससे आधी दूरी तय करता है, तो साइकिल चालक की चाल और जॉगर की चाल का अनुपात ज्ञात कीजिए।

(a) 3 : 1 (b) 2 : 1
(c) 4 : 1 (d) 1 : 2

RRB NTPC 21.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : माना, साइकिल चालक की चाल v_1 तथा जॉगर की चाल v_2 है।
प्रश्नानुसार,

$v_1 = \frac{d}{t}$

$v_2 = \frac{d/2}{2t} = \frac{d}{4t}$

$\frac{v_1}{v_2} = \frac{d/t}{d/4t}$

$$\frac{v_1}{v_2}=\frac{4t\times d}{d\times t}$$

$$\frac{v_1}{v_2}=\frac{4}{1}$$

$$v_1 : v_2 = 4:1$$

69. कार I निश्चित समय में निश्चित दूरी तय करती है। कार II इससे आधी दूरी को दोगुने समय में तय करता है। उनकी सापेक्ष गतियों का अनुपात ज्ञात करो–

(a) 1 : 2 (b) 1 : 4
(c) 2 : 1 (d) 4 : 1

RRB NTPC 17.01.2017 Shift-2

Ans : (d) माना दूरी d व समय t है।
प्रश्नानुसार,

कार I के लिये चाल $(S_1)=\frac{d}{t}$

कार II के लिए चाल $(S_2)=\frac{d/2}{2t}=\frac{d}{4t}$

$\therefore S_1 : S_2 = \frac{d}{t}:\frac{d}{4t}$

$=1:\frac{1}{4}=4:1$

70. दो बसें, दो स्टेशन मुम्बई और पुणे, जिसके बीच की दूरी 300 कि.मी. है से एक ही समय पर एक दूसरी की विपरीत दिशा में चलती है और एक स्टेशन से 220 कि.मी. की दूरी पर एक दूसरे को पार करती है। उनकी चाल का अनुपात क्या है?

(a) 13:9 (b) 10:3
(c) 11:4 (d) 14:5

RRB NTPC 12.04.2016 Shift : 2

Ans : (c) कुल दूरी = 300 km
एक स्टेशन से दूरी = 220 km (किमी.)
दूसरे स्टेशन से दूरी = 300 – 220 = 80 km
चाल का अनुपात = 220 : 80 = 11 : 4

Type-6 : विविध

71. 5 km/h की चाल से चलने वाला एक छात्र 1.5 घंटे में घर से स्कूल पहुंचता है। समय को 20 % कम करने और स्कूल से घर तक की समान दूरी को तय करने के लिए उसे अपनी चाल में कितने प्रतिशत की वृद्धि करनी चाहिए?

(a) 20 % (b) 25 %
(c) 16 % (d) 15 %

RRB NTPC 08.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : माना चाल में v वृद्धि करनी चाहिए।

$v_1t_1 = v_2t_2$ से

$5\times1.5=(5+v)\times1.2$ $\left(\because 1.5\times\frac{80}{100}=1.2h\right)$

$25 = 20 + 4v$

$v=\frac{5}{4}$ km/h की वृद्धि

चाल मे अभीष्ट वृद्धि $\% = \frac{\frac{5}{4}}{5}\times100$

$=\frac{5}{20}\times100$

$=25\%$

72. परवेज प्रतिदिन 6 pm पर अपने कार्यालय से निकलता है और 7:30 pm पर घर पहुंच जाता है। एक दिन वह 6 pm पर अपने कार्यालय से निकला, लेकिन उसने अपनी सामान्य चाल की 4/5 चाल से एक चौथाई दूरी तय की। यदि परवेज समय पर घर पहुंचने में सफल हुआ, तो उसने यात्रा के शेष भाग को अपनी सामान्य चाल के कितने गुना पर तय किया?

(a) $\frac{16}{15}$ (b) $\frac{10}{9}$
(c) $\frac{12}{11}$ (d) $\frac{6}{5}$

RRB NTPC 31.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : माना कार्यालय सें घर की दूरी d km तथा सामान्य चाल v km/h है।

प्रथम शर्त के अनुसार, $\frac{d}{v}=1\frac{1}{2}$ घंटा

$\frac{d}{v}=3/2$ घंटा

पुनः माना परवेज यात्रा के शेष भाग को सामान्य चाल के x गुना पर तय करता है।

$$\frac{(d/4)}{(4v/5)}+\frac{(3d/4)}{x.v}=3/2 \quad \text{_____(ii)}$$

समी. (i) और समी. (ii) से-

$$\frac{(d/4)}{(4v/5)}+\frac{(3d/4)}{x.v}=\frac{d}{v}$$

$$\Rightarrow \frac{5}{16}+\frac{3}{4x}=1$$

$$\Rightarrow \frac{3}{4x}=1-\frac{5}{16} \text{ or } \frac{3}{4x}=\frac{11}{16}$$

$$\frac{3}{x}=\frac{11}{4}$$

$$\frac{1}{x}=\frac{11}{12}$$

$$x=\frac{12}{11}$$

अतः परवेज यात्रा के शेष भाग को अपनी सामान्य चाल के $\frac{12}{11}$ गुना पर तय किया।

19.

रेलगाड़ी (Train)

Type-1 : रेलगाड़ी सम्बंधी साधारण प्रश्न

1. एक रेलगाड़ी 90 km/h की चाल से चल रही है। वह 15 min में कितने मीटर की दूरी तय करेगी?

(a) 23500 (b) 24500
(c) 21500 (d) 22500

RRB NTPC 25.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : रेलगाड़ी की चाल = 90 km/h

$= 90 \times \frac{5}{18}$ m/sec

$= 25$ m/sec

समय $= 15 \text{ min} = 15 \times 60 = 900$ sec

दूरी $= 25 \times 900$

$= 22500$ m

2. एक रेलगाड़ी 45 km/h की चाल से चल रही हैं इस रेलगाड़ी द्वारा 64 सेकंड में तय की जाने वाली दूरी की गणना कीजिए।

(a) 0.8 km (b) 4 km
(c) 2.94 km (d) 8 km

RRB NTPC 08.02.2021 (Shift-II) Stage I

Ans. (a) : रेलगाड़ी की चाल =45 km/hr

इस दूरी को तय करने मे लगा समय= $\frac{64}{3600}\text{hr} = \frac{4}{225}\text{hr}$

दूरी = चाल × समय

$=45 \times \frac{4}{225}$

$= \frac{3 \times 4}{15} = 0.8\text{km}$

3. एक रेलगाड़ी 35 किमी की दूरी 60 मिनट में तय करती है। उसे 105 किमी की दूरी तय करने में कितना समय लगेगा?

(a) 180 मिनट (b) 120 मिनट
(c) 140 मिनट (d) 90 मिनट

RRB NTPC 13.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) :

∵ रेलगाड़ी 35 किमी. की दूरी तय करती है = 60 मिनट

∴ रेलगाड़ी 1 किमी. की दूरी तय करेगी $= \frac{60}{35}$

∴ 105 किमी. की दूरी तय करने में रेलगाड़ी द्वारा लिया गया समय $= \frac{60}{35} \times 105$

$= 180$ मिनट

4. एक रेलगाड़ी 180 km/h की चाल से चलती है, तो इसकी चाल को m/s में व्यक्त कीजिए।

(a) 50 m/s (b) 40 m/s
(c) 30 m/s (d) 5 m/s

RRB NTPC 26.07.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : 180 किमी/घण्टा की चाल $= 180 \times \frac{5}{18}$ मी./से.

= 50 मी./से.

5. दो रेलगाड़ियों की चालों का अनुपात 7 : 5 है। यदि दूसरी रेलगाड़ी 4 h में 400 km की दूरी तय करती है, तो पहली रेलगाड़ी की चाल ज्ञात कीजिए।

(a) 142 km/h (b) 145 km/h
(c) 148 km/h (d) 140 km/h

RRB NTPC 16.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : दूसरी रेलगाड़ी की चाल = $\frac{400}{4} = 100$ km/h

∵ दोनो रेलगाड़ियो के चाल का अनुपात = 7:5

अतः 5 unit = 100

∴ 1 unit = $\frac{100}{5} = 20$

∴ पहली रेलगाड़ी की चाल = 7 unit = 7×20 =140 km/h

6. एक रेलगाड़ी 75 km/h की एक समान चाल से चल रही है। 20 मिनट में वह कितनी दूरी तय कर लेगी?

(a) 20 km (b) 40 km
(c) 4 km (d) 25 km

RRB NTPC 11.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : दिया है,

चाल = 75 किमी/घंटा

समय = 20 मिनट

$= \frac{20}{60}\text{hr}$

दूरी = चाल × समय

$= 75 \times \frac{20}{60}$

∴ दूरी = 25 किमी.

7. एक रेलगाड़ी 75 km/h की एक समान चाल से चल रही है। इस रेलगाड़ी द्वारा 250 km की दूरी तय करने में लगने वाला समय ज्ञात कीजिए।

(a) 2 घंटे (b) 3 घंटे 5 मिनट
(c) 3 घंटे (d) 3 घंटे 20 मिनट

RRB NTPC 09.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : दिया है- चाल = 75 किमी./घंटा, दूरी = 250 किमी.

$\because$ चाल $= \frac{\text{दूरी}}{\text{समय}}$

$75 = \frac{250}{T}$

$T = \frac{250}{75}$

$T = \frac{10}{3}$ घंटा

अतः समय = 3 घण्टे 20 मिनट

8. एक ट्रेन एकसमान चाल से 400 km की दूरी तय करती है। यदि चाल 10 km/h अधिक होती तो वह उसी यात्रा के लिए 2 घंटा कम समय लेती। ट्रेन की चाल ज्ञात कीजिए।

(a) 45 km/h (b) 40 km/h
(c) 55 km/h (d) 50 km/h

RRB NTPC 08.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : माना ट्रेन की चाल x km/h हैं।

प्रश्नानुसार,

$\frac{400}{x} - \frac{400}{x+10} = 2$

$\frac{x+10-x}{x(x+10)} = \frac{1}{200}$

$x^2 + 10x = 2000$

$x^2 + 10x - 2000 = 0$

$x^2 + 50x - 40x - 2000 = 0$

$x(x + 50) - 40(x + 50) = 0$

$(x + 50)(x - 40) = 0$

$x - 40 = 0$

$x = 40$

अतः ट्रेन की चाल = 40 km/h

9. दो ट्रेनों की गतियों का अनुपात 4:5 है। यदि दूसरी ट्रेन 8 घंटे में 800 km की दूरी तय करें तो पहली ट्रेन की गति क्या है?

(a) 95 किमी./घंटा (b) 85 किमी./घंटा
(c) 75 किमी./घंटा (d) 80 किमी./घंटा

RRB NTPC 18.01.2017 Shift : 3

Ans : (d) माना पहली व दूसरी ट्रेन की चाल क्रमश 4x, 5x है।

चाल $= \frac{\text{दूरी}}{\text{समय}}$ से–

$5x = \frac{800}{8}$

$5x = 100$

$x = 20$

अत: पहली ट्रेन की गति $= 4x = 4 \times 20 = 80$ किमी./घंटा

10. एक बुलेट ट्रेन 240 किमी. प्रति घंटा की गति से 5 घंटे में एक निश्चित दूरी तय करती हैं समान दूरी 2 घण्टे में तय करने के लिए इसकी गति (किमी./घंटा) क्या होनी चाहिए?

(a) 420 (b) 540
(c) 480 (d) 600

RRB NTPC 30.04.2016 Shift : 1

Ans : (d) दूरी = चाल × समय

$= 240 \times 5 = 1200$ किमी.

चाल $= \frac{\text{दूरी}}{\text{समय}} = \frac{1200}{2} = 600$ किमी. /घण्टा

Type-2
जब रेलगाड़ी किसी व्यक्ति या खम्भे को पार करे

11. एक रेलगाड़ी 72km/h की चाल से एक खंभे को 12 सेकेंड में पार करती है। रेलगाड़ी की लंबाई (m में) कितनी है?

(a) 180 m (b) 225 m
(c) 200 m (d) 240 m

RRB NTPC (Stage-2) 16/06/2022 (Shift-III)

Ans. (d) : दिया है, रेलगाड़ी की चाल = 72 km / h

समय = 12 से.

रेलगाड़ी की लम्बाई $= 72 \times \frac{5}{18} \times 12$

$= 240$ m

12. 95 km/h की चाल से चल रही एक रेलगाड़ी एक खंभे को 18 सेकंड में पार करती है। रेलगाड़ी की लंबाई (मीटर में) कितनी है?

(a) 475 मीटर (b) 480 मीटर
(c) 465 मीटर (d) 455 मीटर

RRB NTPC (Stage-2) 15/06/2022 (Shift-III)

Ans. (a) : दिया है, रेलगाड़ी की चाल = 95 km/h

समय = 18 सेकेण्ड

लम्बाई (मी.) = ?

तब- चाल $(s) = \frac{\text{दूरी(d)}}{\text{समय(t)}}$

$95 \times \frac{5}{18} = \frac{\text{दूरी(d)}}{18}$

दूरी (d) $= 95 \times 5$

$= 475$m

$\because$ तय की गयी दूरी = ट्रेन की लम्बाई

अतः ट्रेन कि लम्बाई = 475m.

13. 60 km/h की चाल से चलने वाली एक रेलगाड़ी एक खंभे को 33 s में पार करती है। रेलगाड़ी की लंबाई ज्ञात कीजिए।

(a) 550 m (b) 490 m
(c) 400 m (d) 495 m

RRB NTPC 24.07.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : रेलगाड़ी की चाल = 60 km/h

$= \frac{60 \times 1000}{60 \times 60} = \frac{50}{3}$ m / s

1 सेकेण्ड में रेलगाड़ी द्वारा तय दूरी $= \frac{50}{3}$

33 सेकेण्ड में रेलगाड़ी द्वारा तय दूरी है $= \frac{50}{3} \times 33 = 550$ m.

रेलगाड़ी की लंबाई = 550 m

14. 300 m लंबी ट्रेन एक बिजली के खभें को 5 s में पार करती है। ट्रेन की चाल ज्ञात कीजिए।

(a) 200 km/h (b) 220 km/h
(c) 216 km/h (d) 218 km/h

RRB NTPC 28.01.2021 (Shift-I) Stage I

Ans. (c) : ट्रेन की लम्बाई (d) = 300 m = 0.3 km

समय $(T) = 5 \text{ sec} = \frac{5}{60\times60}$ hours

$\therefore$ चाल $= \frac{\text{दूरी}}{\text{समय}} = \frac{(0.3)}{\left(\frac{5}{60\times60}\right)} = \frac{3\times60\times60}{10\times5}$

$= 3 \times 12 \times 6$

$= 216$ km/h

15. 90 km/h की चाल से चल रही एक 180 m लंबी रेलगाड़ी को एक पोस्ट को पार करने में कितना समय लगेगा?

(a) 5.5 s (b) 7.8 s
(c) 7 s (d) 7.2 s

RRB NTPC 12.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : रेलगाड़ी को पोस्ट पार करने में लगा समय

$= \frac{180}{90\times\frac{5}{18}}$

$= \frac{180}{25} = 7.2$ सेंकण्ड

16. 60 km/h की चाल से चलने वाली एक ट्रेन एक पोल को 1.5 min में पार करती है। ट्रेन की लम्बाई (m में) ज्ञात कीजिए।

(a) 1500 (b) 600
(c) 1200 (d) 800

RRB NTPC 29.12.2020 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : माना ट्रेन की लम्बाई ℓ km. है।

प्रश्नानुसार,

$\frac{\ell}{60} = \frac{1.5}{60}$

$\ell = 1.5$ km

$\boxed{\ell = 1500 \text{ m.}}$

17. एक 150 मीटर लम्बी रेलगाड़ी 54 कि.मी/घंटे की रफ्तार से चल रही है। रेलगाड़ी द्वारा एक खंभे को पार करने में लगने वाला समय ज्ञात करें।

(a) 8 सेकंड (b) 10 सेकंड
(c) 12 सेकंड (d) 15 सेकंड

RRB NTPC 31.03.2016 Shift : 3

Ans : (b) रेलगाड़ी की चाल=54km/h= $54\times\frac{5}{18} = 15$ m/sec.

रेलगाड़ी द्वारा खम्भे को पार करने में लगा समय $= \frac{\text{रेलगाड़ी की लम्बाई}}{\text{रेलगाड़ी की चाल}} = \frac{150}{15} = 10$ sec.

18. एक रेलगाड़ी 80 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलती है। यदि रेलगाड़ी की लम्बाई 400 मीटर है, तो वह एक बिजली के खम्भे को पार करने में कितना समय लेगी?

(a) 10 सेकेण्ड (b) 6 सेकेण्ड
(c) 18 सेकेण्ड (d) 15 सेकेण्ड

RRB NTPC 28.03.2016 Shift : 2

Ans : (c) रेलगाड़ी की गति = 80 किमी./घंटा

$= 80\times\frac{5}{18} = \frac{400}{18}$ मी./से.

रेलगाड़ी की लम्बाई = 400 मी.

खम्भे को पार करने में लगा समय $= \frac{400}{\frac{400}{18}} = \frac{400}{400}\times\frac{18}{1} = 18$ से.

19. एक ट्रेन 120 km/hr की गति से चलते हुए एक खंभे को 9 सेकेण्ड में पार करती है। ट्रेन की लम्बाई क्या है?

(a) 240 m (b) 300 m
(c) 360 m (d) 600 m

RRB NTPC 18.01.2017 Shift : 3

Ans : (b) चाल = 120 km/h $= 120\times\frac{5}{18}$ m/s

ट्रेन की लम्बाई $= 120\times\frac{5}{18}\times9$ (दूरी = चाल × समय)

$= 60 \times 5 = 300$ m.

ट्रेन की लम्बाई = 300 m.

Type-3 : जब रेलगाड़ी किसी अन्य गतिशील व्यक्ति को पार करे

20. एक रेलगाड़ी उन दो व्यक्तियों को क्रमशः 10 सेकेण्ड और 8 सेकेण्ड में पार करती है, जो क्रमशः 4m/s और 10 m/s की चाल से उसकी विपरीत दिशा में चल रहे हैं। रेलगाड़ी की चाल ज्ञात कीजिए।

(a) 10 m/s (b) 20 m/s
(c) 15 m/s (d) 40 m/s

RRB NTPC 03.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : दोनों व्यक्तियों को पार करने में रेलगाड़ी समान दूरी तय करेगी जो कि रेलगाड़ी की लम्बाई के बराबर होगी। प्रश्नानुसार, माना रेलगाड़ी की चाल = x m/sec

तब, $(x + 4) \times 10 = (x + 10) \times 8$

$5x + 20 = 4x + 40$

$x = 20$ m/sec

21. एक रेलगाड़ी, उसकी समान दिशा में 5 km/hr और 7 km/hr की चाल से चल रहे दो लड़कों को क्रमशः 6 सेकंड और 9 सेकंड में पूरी तरह पार कर जाती है। रेलगाड़ी की लंबाई ज्ञात कीजिए।

(a) 10 m (b) 5 m
(c) 30 m (d) 20 m

RRB NTPC 23.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : माना रेलगाड़ी की चाल = x मी./से. है।
तब, दोनों लड़कों के सापेक्ष रेलगाड़ी की चाल
क्रमशः $\left(x-5\times\frac{5}{18}\right)$ एवं $\left(x-7\times\frac{5}{18}\right)$ मी./से. होगी।
∵ लड़कों को पार करने में रेलगाड़ी द्वारा तय की गई दूरी
= रेलगाड़ी की लम्बाई

अतः $\left(x-5\times\frac{5}{18}\right)\times 6=\left(x-7\times\frac{5}{18}\right)\times 9$

$\left(x-\frac{25}{18}\right)\times 2=\left(x-\frac{35}{18}\right)\times 3$

$\left(2x-\frac{25}{9}\right)=\left(3x-\frac{35}{6}\right)$

$3x-2x=\frac{35}{6}-\frac{25}{9}$

$x=\frac{105-50}{18}$

$x=\frac{55}{18}$ मी./से.

अब रेलगाड़ी की लम्बाई

$=\left(\frac{55}{18}-\frac{25}{18}\right)\times 6$

$=\frac{30}{18}\times 6=10$ मीटर

22. कोहरे में एक सामान ढोने वाली गाड़ी एक व्यक्ति को पार करती है, जो गाड़ी की दिशा में 3 km/h की चाल से चल रहा है। यह उस गाड़ी को 4 min तक देख सकता है और वह इसे 100 m की दूरी तक ही देख सकता है। गाड़ी की चाल ज्ञात कीजिए।

(a) 5 km/h (b) 4.5 km/h
(c) 6 km/h (d) 5.5 km/h

RRB NTPC 25.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : माना रेलगाड़ी की चाल x km/h है।
रेलगाड़ी द्वारा तय की गई दूरी = चाल×समय

$(x-3)\times\frac{4}{60}=\frac{100}{1000}$

$\frac{(x-3)}{15}=\frac{100}{1000}$

$x-3=1.5$

$\boxed{x=4.5\text{km/h}}$

Type-4
जब रेलगाड़ी प्लेटफॉर्म या पुल को पार करे

23. एक 150 m लंबी रेलगाड़ी, एक 102 m चौड़ी नहर को 7 सेकंड में पार कर जाती है। रेलगाड़ी की चाल ज्ञात कीजिए।

(a) 42 m/s (b) 72 m/s
(c) 36 m/s (d) 21 m/s

RRB NTPC 02.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : ∵ चाल$=\frac{\text{दूरी}}{\text{समय}}$

रेलगाड़ी की चाल $=\frac{150+102}{7}$

$=\frac{252}{7}$

$=36\,\text{m/s}$

24. एक रेलगाड़ी 50 m लंबे स्टेशन प्लेटफॉर्म को 15 s में पार करती है और 20 m लंबे दूसरे स्टेशन प्लेटफॉर्म को 10 s में पार करती हैं। रेलगाड़ी की लंबाई ज्ञात कीजिए।

(a) 40 m (b) 50 m
(c) 60 m (d) 35 m

RRB NTPC 24.07.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : माना रेलगाड़ी की लम्बाई = x मीटर

दूरी	समय
50 + x मीटर	15 सेकण्ड
20 + x मीटर	10 सेकण्ड

चाल समान होने पर दूरियों का अनुपात समयों के अनुपात का अनुक्रमानुपाती होता है।

$\frac{50+x}{20+x}=\frac{15}{10}\Rightarrow 2(50+x)=3(20+x)$

$\Rightarrow 100+2x=60+3x$

$\Rightarrow 100-60=3x-2x$

$\Rightarrow \boxed{x=40\text{मीटर}}$

25. 110 मी. लंबी एक रेलगाड़ी 90 किमी./घंटा की चाल से चल रही है। इसे 180 मी. लंबे एक पुल को पार करने में कितना समय लगेगा?

(a) 10.6 सेकंड (b) 11.6 सेकंड
(c) 7.6 सेकंड (d) 9.6 सेकंड

RRB NTPC 03.02.2021 (Shift-II) Stage I

Ans. (b)

रेलगाड़ी की चाल $=90$ किमी./घंटा $=90\times\frac{5}{18}=25$ m/sec

कुल दूरी = रेलगाड़ी की लम्बाई + पुल की लम्बाई
= 110 + 180
= 290 मी.

अभीष्ट समय $=\frac{\text{दूरी}}{\text{चाल}}=\frac{290}{25}=11.6$ सेकण्ड

26. 800 मी. लंबी एक ट्रेन 120 km/h की चाल से चल रही है। इसे 1200 मी. लंबे पुल को पार करने में कितना समय लगेगा?

(a) 3 min (b) 1 min
(c) 2 min (d) 4 min

RRB NTPC 19.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : समय = दूरी/चाल
दूरी = (800 + 1200) मी. = 2 किमी.

अभीष्ट समय $=\frac{2}{120}\text{h}=\frac{2}{120}\times 60$ मिनट

= 1 मिनट

27. दिल्ली स्टेशन का रेलवे प्लेटफार्म 238 m लंबा है। 162 m लंबी और 120 km/h की चाल से चल रही एक एक्सप्रेस रेलगाड़ी इसे कितने सेकेण्ड में पार कर लेगी?

(a) 10 सेकेण्ड में (b) 14 सेकेण्ड में
(c) 16 सेकेण्ड में (d) 12 सेकेण्ड में

RRB NTPC 04.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : रेलगाड़ी की लम्बाई = 162 मी., प्लेटफार्म = 238 मी.
चाल = 120 किमी./घंटा

$= 120 \times \frac{5}{18} = \frac{100}{3}$ मी./से.

$\text{चाल} = \frac{\text{दूरी}}{\text{समय}} = \frac{\text{रेलगाड़ी की लम्बाई + प्लेटफार्म की लम्बाई}}{\text{समय}}$

$\frac{\text{रेलगाड़ीकील.+प्लेटफार्म की लम्बाई}}{\text{समय}}$

$\frac{100}{3} = \frac{162+238}{\text{समय}}$

$\text{समय} = \frac{400}{\frac{100}{3}} = \frac{1200}{100} = 12$ सेकेण्ड

28. 80 km/h की चाल से चल रही एक 450 m लंबी रेलगाड़ी को एक 150 m लंबे प्लेटफॉर्म को पार करने में कितना समय लगेगा?

(a) 27 s (b) 28 s
(c) 25 s (d) 24 s

RRB NTPC 30.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : ∵ ट्रेन की चाल $= \frac{\text{ट्रेन की लम्बाई + प्लेटफार्म की लम्बाई}}{\text{प्लेटफार्म पार करने में लगा समय}}$

$80\text{km/h} = \frac{450\text{m}+150\text{m}}{\text{t}}$

$80 \times \frac{5}{18} = \frac{600}{\text{t}}$

$\text{t} = \frac{600 \times 18}{400} = 27$ सेकेण्ड

29. एक रेलगाड़ी 600 m और 200 m लंबे दो पुलों को क्रमशः 80s और 40s में पार करती है। रेलगाड़ी की लम्बाई ज्ञात कीजिए

(a) 200 m (b) 250 m
(c) 220 m (d) 180 m

RRB NTPC 29.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : माना रेलगाड़ी की लम्बाई = x मीटर
प्रश्नानुसार,

$\frac{x+600}{80} = \frac{x+200}{40}$ (∵ चाल एक समान ही है)

x + 600 = 2x + 400
x = 200 मीटर

30. 69 km/h की चाल से चलते हुए एक ट्रेन एक बिजली के खंभे को 8 सेकंड में और एक प्लेटफ़ार्म को 32 सेकंड में पार करती है। प्लेटफॉर्म की लंबाई कितनी है?

(a) 460 m (b) 540 m
(c) 500 m (d) 480 m

RRB NTPC 23.07.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) :
ट्रेन की चाल = 69 km/h = $\frac{69 \times 5}{18}$ m/s

$= \frac{115}{6}$ m/s

खम्भे को पार करने में ट्रेन द्वारा तय की गयी दूरी (ट्रेन की लम्बाई)

$= \frac{115 \times 8}{6} = \frac{460}{3}$ m.

माना प्लेटफार्म की लम्बाई L है।
प्रश्नानुसार,

$\frac{460}{3} + L = \frac{115}{6} \times 32$

$L = \frac{115}{6} \times 32 - \frac{460}{3}$

$L = \frac{1840 - 460}{3}$

$L = \frac{1380}{3}$

L = 460 m

31. 84 km/h की चाल से चल रही एक रेलगाड़ी एक खंभे को 9 सेकंड में और एक प्लेटफॉर्म को 30 सेकंड में पार करती है। प्लेटफॉर्म की लंबाई ज्ञात कीजिए।

(a) 480 m (b) 500 m
(c) 540 m (d) 490 m

RRB NTPC 06.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : रेलगाड़ी की चाल = 84km/h = $84 \times \frac{5}{18}$ m/s

$= 14 \times \frac{5}{3}$ m/s

रेलगाड़ी की लम्बाई = $14 \times \frac{5}{3} \times 9 = 210$ m

माना प्लेटफार्म की लम्बाई = x m
∴ प्रश्नानुसार,

$(210 + x) = \frac{70}{3} \times 30$

(210 + x) = 700
x = 490 m

32. एक रेलगाड़ी जिसकी लंबाई 500 मीटर है, एक 1000 मीटर लंबी सुरंग को 1 मिनट में पार करती है। रेलगाड़ी की गति क्या है?

(a) 75 कि.मी/घंटा (b) 90 कि.मी/घंटा
(c) 87 कि.मी./घंटा (d) 96 कि.मी./घंटा

RRB NTPC 03.04.2016 Shift : 2

Ans : (b) माना रेलगाड़ी की गति= x किमी./घं.
प्रश्न से-
दूरी = (500+1000) मी. = 1.5 किमी.
समय = 1 मिनट = 60 सेकण्ड

तब, $\frac{1.5 \text{ km}}{x} = \frac{1}{60}\text{h}$

x = 90 किमी./घंटा

Type-5 : जब रेलगाड़ी प्लेटफॉर्म तथा व्यक्ति या खम्भे आदि को पार करे

33. एक रेलगाड़ी प्लेटफॉर्म पर मौजूद एक व्यक्ति को 10s में पार करती है और 260 m लंबे प्लेटफॉर्म को 20s में पार करती है। रेलगाड़ी की लंबाई ज्ञात कीजिए।

(a) 280 m (b) 260 m
(c) 220 m (d) 240 m

RRB NTPC 29.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : माना रेलगाड़ी की लम्बाई = x m.
प्रश्नानुसार,

$$\frac{260+x}{20}=\frac{x}{10}$$

$$2x = x + 260$$

$$x = 260\ m$$

34. एक 250 मीटर लंबी रेलगाड़ी एक विद्युतीय खंभे को 8 सेकंड में पार करती है। यदि वह एक प्लेटफार्म को पार करने में 20 सेकंड लेती है, तो प्लेटफॉर्म की लंबाई कितनी है?

(a) 375 मीटर (b) 625 मीटर
(c) 500 मीटर (d) 675 मीटर

RRB NTPC 29.03.2016 Shift : 2

Ans : (a)
माना प्लेटफार्म की लं. = x मी. तथा ट्रेन की चाल = y मी/से.
प्रश्न से–

$$\frac{250}{8}=y.....(i)$$

पुन: प्रश्न से–

$$\frac{250+x}{20}=y.....(ii)$$

समी. (i) तथा (ii) से–

$$\frac{250}{8}=\frac{250+x}{20}$$

$$5000 = 2000 + 8x$$

$$8x = 3000 \Rightarrow x = 375\ मी.$$

अत: प्लेटफॉर्म की लम्बाई = 375 मी.

Type-6 : दो रेलगाड़ियों की दिशा समान होने पर आधारित प्रश्न

35. X और Y से दो ट्रेंने क्रमशः 32 किमी./घंटा और 26 किमी./घंटा की चाल से एक ही दिशा में चल रही हैं। यदि Y से X की दूरी 42 किमी. है और यदि वे Y से किसी बिंदु Z पर मिलते हैं, तो Y से Z तक की दूरी कितनी होगी?

(a) 148 km (b) 165 km
(c) 182 km (d) 236 km

RRB NTPC 17.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) :



यदि Y से Z तक की दूरी d किमी. है तो
Z तक पहुँचने में दोनों ट्रेनें समान समय लेगी।
अतः

$$\frac{42+d}{32}=\frac{d}{26}$$

$$1092 + 26d = 32d$$

$$1092 = 6d$$

$$d=\frac{1092}{6}=182\,km$$

अतः Y से Z तक की दूरी d = 182 km

Type-7 : जब दो रेलगाड़िया दो स्थानों से विपरीत दिशा में चलें

36. दो रेलगाड़ियाँ, एक ही समय पर दो स्टेशनों से चलना शुरू करती हैं, और क्रमशः 30 km/h और 35 km/h की चाल से एक-दूसरे की ओर बढ़ती हैं। जब वे मिलती है तो पाया जाता है कि एक रेलगाड़ी ने दूसरी रेलगाड़ी से 30 km अधिक दूरी तय की है। दोनो स्टेशनों के बीच दूरी ज्ञात कीजिए।

(a) 400 km (b) 380 km
(c) 390 km (d) 410 km

RRB NTPC (Stage-2) 16/06/2022 (Shift-III)

Ans. (c) : ∵समय नियत (Constant) है।
चाल = 30 : 35 = 6:7
दूरी = 6:7
1→30km
13→ 390km
दोनों स्टेशनों के बीच की दूरी =390km

37. 200 किलोमीटर की दूरी पर स्थित दो अलग-अलग स्टेशनों से एक ही समय पर एक-दूसरे की ओर चलने वाली दो रेलगाड़ियां उनमें से किसी एक स्टेशन से 110 किलोमीटर दूर एक दूसरे से मिलती हैं। उनकी चालों का अनुपात ज्ञात कीजिए।

(a) 11 : 9 (b) 10 : 9
(c) 12 : 8 (d) 13 : 7

RRB NTPC 10.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : कुल दूरी = 200 km



अलग-अलग स्टेशनों से एक ही समय पर एक दूसरे की ओर चलने वाली रेलगाड़ियाँ उनमें से किसी एक स्टेशन से 110 km दूर एक दूसरे से मिलती है।
अतः शेष दूरी = 200 – 110 = 90 km
समय समान होने पर चालों का अनुपात दूरियों के अनुपात के बराबर होता है।

$$\frac{S_1}{S_2}=\frac{D_1}{D_2}=\frac{110}{90}=11:9$$

38. एक दूसरे की ओर चलने वाली दो रेलगाड़ियाँ एक ही समय पर 250 किमी. की दूरी पर स्थित दो स्टेशनों से चलना शुरू करती है। रेलगाड़ियाँ किसी एक स्टेशन से 130 किमी. दूर किसी स्थान पर एक दूसरे से मिलती है उनकी चालों का अनुपात ज्ञात कीजिए।

(a) 15 : 14 (b) 9 : 8
(c) 13 : 12 (d) 12 : 11

RRB NTPC 13.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) :



यदि ट्रेन A 130 किमी चलेगा तो ट्रेन B 120 किमी. चलेगी।

$$\frac{S_1}{S_2}=\frac{d_1}{d_2}=\frac{130}{120}$$

(यदि एक ही समय पर दोनों ट्रेनें चलती है तो)

$S_1 : S_2 = 13 : 12$

39. 131 m और 89 m लंबी दो रेलगाड़ियां सम्मुख दिशाओं में चल रही हैं, जिनमें से एक की चाल 42 km/h और दूसरी की चाल 30 km/h है। एक दूसरे से मिलने के बाद कितने समय में वे एक-दूसरे को पूरी तरह से पार कर लेंगी ?

(a) 10 s (b) 11 s
(c) 20 s (d) 18 s

RRB NTPC 02.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : दिया है-

पहली रेलगाड़ी की चाल $= 42 \text{ km/h} = 42\times\frac{5}{18}=\frac{35}{3}\text{m/s}$

दूसरी रेलगाड़ी की चाल $= 30 \text{ km/h} = 30\times\frac{5}{18}=\frac{25}{3}\text{m/s}$

सापेक्ष चाल $= \frac{35}{3}+\frac{25}{3}=\frac{60}{3}=20\text{m/s}$

दूरी $= 131 + 89 = 220$ m

अभीष्ट समय $= \frac{220}{20}=11\text{ s}$

40. दो ट्रेनें, जो क्रमशः 136 मी. और 185 मी. लंबी हैं, एक दूसरे की ओर आ रही हैं, जिनमें से एक की गति 70 km/h और दूसरी की गति 65 km/h है। एक स्थान पर मिलने के बाद, दोनों ट्रेनें कितने समय में एक दूसरे को पूरी तरह पार कर लेंगी?

(a) 8.56 s (b) 4.78 s
(c) 9.67 s (d) 7.43 s

RRB NTPC 01.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : ट्रेन की कुल गति $= (70+65)\text{km/h} = 135$ km/h

$=135\times\frac{5}{18}\text{m/s}$

ट्रेन की लम्बाई $= 136+185 = 321$ मीटर

माना दोनों ट्रेनों को आपस में पार करने में लगा समय $= t$

$$135\times\frac{5}{18}=\frac{321}{t}$$

$t = 8.56$

41. दो रेलगाड़ियाँ सम्मुख दिशा में चल रही है, रेलगाड़ी A की चाल 80 किमी/घण्टा और रेलगाड़ी B की चाल 70 किमी/घण्टा है, दोनों एक दूसरे को पार करने में 30 सेकण्ड का समय लेती हैं। यदि रेलगाड़ी A की लम्बाई 300 m हो तो रेलगाड़ी B की लम्बाई ज्ञात करें।

(a) 950 m (b) 750 m
(c) 850 m (d) 855 m

RRB NTPC 04.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : सापेक्षिक चाल $= (80 + 70)$ km/h $= 150$ km/h.

$$150\times\frac{5}{18}=\frac{125}{3}\text{m/sec}$$

माना रेलगाड़ी B की लम्बाई $= x$ m.

$\because$ समय = दूरी / चाल

$$30=\frac{x+300}{125/3}$$

$10 \times 125 = x + 300$

$1250 = x + 300$

$x = 1250 - 300$

$x = 950$ m.

42. दो रेलगाड़ियां एक ही समय पर दो स्टेशनों से चलना शुरू करते हैं और क्रमशः 20km/h और 25 km/h की चाल से एक दूसरे की ओर बढ़ती है। जब वे मिलती हैं, तो पाया गया कि एक रेलगाड़ी से दूसरे रेलगाड़ी की तुलना में 80 km अधिक दूरी तय की है। दोनों स्टेशनों के बीच की दूरी ज्ञात कीजिए।

(a) 700 km (b) 710 km
(c) 730 km (d) 720 km

RRB NTPC 25.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : माना रेलगाड़ी द्वारा समय t लगता है।

प्रश्नानुसार,

$25t - 20t = 80$

$5t = 80$

$t = 16$

कुल दूरी $= 25t + 20t = 45t$

अतः कुल दूरी $= 45 \times 16 = 720$ km

Type-8
रेलगाड़ियों की औसत चाल पर आधारित प्रश्न

43. एक एक्सप्रेस ट्रेन 100 km/h की औसत चाल से यात्रा करती है, और प्रत्येक 75 km के बाद 3 min के लिए ठहरती है। 600 km की यात्रा करने के लिए इस एक्सप्रेस ट्रेन को कितना समय लगेगा?

(a) 370 मिनट (b) 381 मिनट
(c) 384मिनट (d) 308 मिनट

RRB NTPC 17.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : $\frac{600}{75}=8$ बार

तब ट्रेन ठहरेगी $= (8–1) = 7$ बार

कुल समय = दूरी/चाल

$= 600/100 = 6$ घण्टा

$=(6\times60+7\times3)\text{min}$

$=360+21=381\text{min}$

44. यदि एक रेलगाड़ी 42km/h की औसत चाल से चलती है, तो वह एक निश्चित दूरी को 45 min में तय करती है। इस यात्रा में लगने वाले समय को घटाकर 35 min करने के लिए रेलगाड़ी को किस चाल से चलाया जाना चाहिए?

(a) 52.5 km/h (b) 49 km/h
(c) 52 km/h (d) 54 km/h

RRB NTPC 21.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : रेलगाड़ी की औसत चाल = 42km/h

$$\text{समय} = \frac{45}{60} = \frac{3}{4} \text{ h}$$

दूरी = चाल × समय

$$= 42 \times \frac{3}{4} = \frac{21 \times 3}{2}$$

35 मिनट में समान दूरी को तय करने में,

$$\text{रेलगाड़ी की चाल} = \frac{63 \times 60}{2 \times 35}$$

$$= 9 \times 6$$

$$= 54 \text{ km/h}$$

45. एक रेलगाड़ी 240 किमी./घंटा की स्थिर गति से एक किलोमीटर चलती है और अगला एक किलोमीटर 80 किमी/घंटा की गति से चलती है। रेलगाड़ी की औसत गति कितनी है?

(a) 160 किमी/घंटा (b) 180 किमी/घंटा
(c) 120 किमी/घंटा (d) 200 किमी/घंटा

RRB NTPC 03.04.2016 Shift : 3

Ans : (c) रेलगाड़ी की औसत गति $= \frac{2ab}{a+b}$

$$= \frac{2 \times 240 \times 80}{240 + 80} = \frac{2 \times 240 \times 80}{320}$$

= 120 कि.मी./घंटा

46. एक रेलगाड़ी पहले 40 किमी. की दूरी 80 किमी./घंटा की चाल से और बाकी 30 कि.मी. की दूरी 60 कि.मी./घंटा की चाल से तय करती है। तो इसकी औसत चाल ज्ञात कीजिए।

(a) 62 कि.मी./घंटा (b) 64 कि.मी./घंटा
(c) 65 कि.मी./घंटा (d) 70 कि.मी./घंटा

RRB NTPC 27.04.2016 Shift : 2

Ans : (d)

$$\text{औसत चाल} = \frac{40+30}{\frac{40}{80}+\frac{30}{60}} \quad \left[\because \text{औ. चाल} = \frac{\text{कुल दूरी}}{\text{कुल समय}}\right]$$

$$= \frac{70}{\frac{1}{2}+\frac{1}{2}} = \frac{70}{1}$$

औसत चाल = 70 किमी/घंटा

Type-9 : विविध

47. एक रेलगाड़ी एक समान चाल से एक निश्चित दूरी तय करती है। यदि रेलगाड़ी की चाल 12 किमी/घंटा अधिक होती, तो उसे निर्धारित समय से 8 घंटे कम समय लगता। यदि रेलगाड़ी की चाल 12 किमी/प्रतिघंटा कम होती, तो रेलगाड़ी को निर्धारित समय से 12 घंटे अधिक समय लगता। यात्रा की लंबाई (किमी. में) ज्ञात कीजिए।

(a) 1480 (b) 2860
(c) 2880 (d) 1440

RRB NTPC (Stage-2) 15/06/2022 (Shift-III)

Ans. (c) : माना रेलगाड़ी कि वास्तविक चाल = v किमी/घण्टा
तथा निर्धारित समय = t

$\because$ दूरी = चाल × समय

= v × t

प्रथम शर्तानुसार,

(v + 12) (t – 8) = vt

12t – 8v = 96---------(i)

द्वितीय शर्तानुसार

(v – 12) (t + 12) = vt

v-t = 12------(ii)

समी. (ii) में 8 से गुणा करके समी (i) में जोड़ने पर

12t – 8v = 96

8v – 8t = 96

4t = 192

$t = \frac{192}{4} = 48$ घण्टा

t का मान समीकरण (ii) में रखने पर

v – 48 = 12

v = 12 + 48 = 60 किमी/घण्टा

दूरी = 60 × 48 = 2880 किमी.

48. रेलगाड़ी में यात्रा कर रहा एक व्यक्ति ध्यान देता है कि वह 1 min में 21 टेलीफोन के खंभों की गिनती कर सकता हैं यदि खंभे एक दूसरे से 50 m की दूरी पर स्थित हैं, तो रेलगाड़ी की चाल ज्ञात कीजिए।

(a) 60 km/h (b) 21 km/h
(c) 50 km/h (d) 65 km/h

RRB NTPC 07.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : 21 टेलीफोन के खंभो के बीच की दूरी = 20 × 50

= 1000m

खंम्भो को पार करने मे लगा समय = 1min

= 60sec

$\therefore$ रेलगाड़ी की चाल $= \frac{1000}{60}\frac{\text{m}}{\text{s}}$

$$= \frac{1000}{60} \times \frac{18}{5} \text{ km/h}$$

= 60 km/h

49. स्टॉपेज स्टेशन को छोड़कर, ट्रेन की चाल 60 किमी./घंटा है और स्टॉपेज स्टेशन सहित ट्रेन की चाल 45 किमी./घंटा है। ट्रेन प्रति घंटे कितने मिनट के लिए रुकती है।

(a) 15 मि. (b) 30 मि.
(c) 10 मि. (d) 20 मि.

RRB NTPC 18.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : स्टॉपेज स्टेशन को छोड़कर ट्रेन की चाल = 60 किमी/घण्टा
स्टॉपेज सहित ट्रेन की चाल = 45 किमी/घण्टा
प्रश्नानुसार,

ट्रेन प्रति घंटे रुकती है $= \frac{60-45}{60}\times 60$

$= \frac{15}{60}\times 60$

= 15 मिनट

50. एक रेलगाड़ी 5 घंटे में 240 km/h की चाल से एक निश्चित दूरी तय करती है। यदि किसी हवाई जहाज को 45 मिनट में समान दूरी तय करनी हो, तो उसे किस चाल से यात्रा करनी चाहिए?

(a) 1250 km/h (b) 1600 km/h
(c) 1440 km/h (d) 1200 km/h

RRB NTPC 16.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : माना हवाई जहाज की चाल x km/h है।
प्रश्नानुसार,

$5 \times 240 = x \times 45 \times \frac{1}{60}$

$x = \frac{5\times 240\times 60}{45}$

x = 1600 km/h

51. यदि 10 क्रमागत घंटों के दौरान एक रेलगाड़ी की चालें $a_1, a_2, a_3, a_4, a_5, a_6, a_7, a_8, a_9$ और a_{10} है, तो रेलगाड़ी की औसत चाल क्या होगी?

(a) $a_1, a_2, a_3, a_4, a_5, a_6, a_7, a_8, a_9$ और a_{10} का गुणोत्तर माध्य
(b) $a_1, a_2, a_3, a_4, a_5, a_6, a_7, a_8, a_9$ और a_{10} का हरात्मक माध्य
(c) $a_1, a_2, a_3, a_4, a_5, a_6, a_7, a_8, a_9$ और a_{10} का समांतर माध्य
(d) $a_1, a_2, a_3, a_4, a_5, a_6, a_7, a_8, a_9$ और a_{10} की माध्यिका

RRB NTPC 13.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : रेलगाड़ी की औसत चाल $= \frac{\text{कुल दूरी}}{\text{कुल समय}}$

$= \frac{a_1+a_2+a_3+a_3+a_4+a_5+a_6+a_7+a_8+a_9+a_{10}}{10}$

अतः स्पष्ट है कि रेलगाड़ी की औसत चाल
$= a_1, a_2, a_3, a_4 \ldots\ldots\ldots\ldots a_{10}$ का समान्तर माध्य के बराबर है।

52. 70 km/h की चाल से चल रही एक रेलगाड़ी, उसकी विपरीत दिशा में चल रहे एक मोटर सवार को 2 सेकेण्ड में पार करती है। यदि मोटर सवार रेलगाड़ी की समान दिशा में चल रहा है, तो रेलगाड़ी उसे 5 सेकेण्ड में पार करती है। मोटर सवार की चाल ज्ञात कीजिए।

(a) 30 km/h (b) 20 km/h
(c) 40 km/h (d) 60 km/h

RRB NTPC 03.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : माना मोटर सवार की चाल = x km/h

$\because$ समय $= \frac{\text{दूरी}}{\text{चाल}}$

प्रश्नानुसार, 2 से. $= \frac{l}{(70+x)}$ _____(i)

तथा 5 से. $= \frac{l}{(70-x)}$ _____(ii)

समीकरण (i) व (ii) से,

$2(70+x) = 5(70-x)$
$140 + 2x = 350 - 5x$
$7x = 350 - 140$
$7x = 210 \Rightarrow x = 30$ km/h

53. तीन ट्रेनों की चालों का अनुपात 2:3:5 है। इन रेलगाड़ियों द्वारा समान दूरी तय करने में लगने वाले समय का अनुपात ज्ञात कीजिए।

(a) $\frac{1}{2}:\frac{1}{3}:\frac{1}{5}$ (b) 6 : 12 : 18
(c) 2 : 3 : 4 (d) 2 : 3 : 5

RRB NTPC 02.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : जब दूरी समान हो तो समयों का अनुपात चालों के अनुपात के व्युत्क्रमानुपाती होता है।
चालों का अनुपात–
2:3:5
समयों का अनुपात–
$\frac{1}{2}:\frac{1}{3}:\frac{1}{5}$

54. एक रेलगाड़ी 40 km/h की चाल से चलना शुरू करती है। इसकी चाल में हर 1 घंटे में 20 km/h की वृद्धि होती है। इस रेलगाड़ी को 470km की दूरी तय करने में कितना समय लगेगा।

(a) 4 h 30 min (b) 5 h 30 min
(c) 6 h (d) 6 h 30 min

RRB NTPC 01.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : ज्ञात है,
रेलगाड़ी की चाल = 40 km/h
प्रश्नानुसार,
दूसरे घण्टे में रेलगाड़ी की चाल = 60 km/h
तीसरे घण्टे में रेलगाड़ी की चाल = 80 km/h
चौथे घण्टे में रेलगाड़ी की चाल = 100 km/h
पांचवे घण्टे में रेलगाड़ी की चाल = 120 km/h
छठवें घण्टे में रेलगाड़ी की चाल = 140 km/h
5 घण्टे में तय की गई दूरी = 40+60+80+100+120 = 400km
शेष बची दूरी = 470 – 400 = 70 km
अतः 140 km/h की चाल से 70 km दूरी तय करने में लगा समय

$70\times\frac{60}{140} = 30$ min

अतः समय = 5 h 30 min

20.

नाव एवं धारा (Boat & Stream)

Type-1 : धारा/नाव/व्यक्ति आदि की गति ज्ञात करने पर आधारित प्रश्न

87. 15 m लंबे और 11m चौड़े एक कमरे में, 75 cm चौड़ी कालीन बिछाने की लागत ज्ञात कीजिए, यदि कालीन का मूल्य ₹13 प्रति मीटर हो (श्रम लागत को शामिल न करें)।

(a) ₹2,960 (b) ₹2,660
(c) ₹2,860 (d) ₹2,760

RRB NTPC 07.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : कमरे का क्षेत्रफल $= 15 \times 11$
$= 165\ m^2$
कालीन की चौड़ाई = 75 cm
$= \frac{75}{100}$
$= \frac{3}{4}$m
कालीन का क्षेत्रफल = कमरे का क्षेत्रफल
लम्बाई $\times \frac{3}{4} = 165$
लम्बाई $= \frac{165}{3} \times 4$
= 220m
अतः ₹ 13 प्रति मीटर की दर से 220m लम्बी कालीन बिछाने की लागत = 220 × 13
= ₹ 2860

88. ऐसे आयत का परिमाप ज्ञात कीजिए, जिसकी लंबाई, चौड़ाई से 5 m अधिक हो और परिमाप का मान उसके क्षेत्रफल के मान के एक-तिहाई के बराबर हो।

(a) 60 मीटर (b) 50 मीटर
(c) 40 मीटर (d) 45 मीटर

RRB NTPC 26.07.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : माना आयत की चौड़ाई = x m
तथा लम्बाई = (x + 5) m
आयत का परिमाप = 2 (लम्बाई + चौड़ाई)
= 2 (x + x +5)
= 2 (2x + 5)
= 4x +10
प्रश्नानुसार,
आयत का परिमाप $= \frac{1}{3} \times$ आयत का क्षेत्रफल
अतः $4x + 10 = \frac{1}{3} \times$ (लम्बाई × चौड़ाई)
$(4x + 10) \times 3 = x \times (x + 5)$
$12x + 30 = x^2 + 5x$
$x^2 - 7x - 30 = 0$
$x^2 - 10x + 3x - 30 = 0$
$x(x - 10) + 3(x - 10) = 0$
$(x - 10)(x + 3) = 0$
$x - 10 = 0$
$\boxed{x = 10}$
आयत की चौड़ाई = 10
तथा लम्बाई = 10+5= 15
आयत का परिमाप = 2 (10+15)
= 50 m

89. यदि किसी आयत की लंबाई p है और इसकी चौड़ाई, इसकी लंबाई के एक तिहाई के बराबर है, तो आयत का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

(a) p^2 (b) $\frac{p^2}{3}$
(c) $\frac{p^2}{4}$ (d) $\frac{p^2}{5}$

RRB NTPC 08.04.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : आयत की लम्बाई = p
माना आयत की चौड़ाई = $\frac{p}{3}$
आयत का क्षे. = l × b
$= p \times \frac{p}{3} = \frac{p^2}{3}$

90. एक आयत का क्षेत्रफल 396 सेमी^{2} है, और इसकी लंबाई और चौड़ाई का अनुपात 11 : 9 है। इसका परिमाप ज्ञात कीजिए?

(a) 80 सेमी (b) 50 सेमी
(c) 60 सेमी (d) 70 सेमी

RRB NTPC 08.04.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : माना आयत की लम्बाई और चौड़ाई क्रमशः 11x और 9x है।

आयत का क्षे. = ल.×चौ.

$396 = 11x \times 9x$

$396 = 99 \times x^2$

$4 = x^2$

$x = 2$

लम्बाई = $11x = 11 \times 2 = 22$

चौड़ाई = $9x = 9 \times 2 = 18$

आयत का परिमाप = 2(ल. + चौ.)

$= 2(22+18)$

$= 2 \times 40$

= 80 सेमी.

91. एक आयत की लम्बाई 15 सेमी. और उसका क्षेत्रफल 150 सेमी^{2} है। यदि इसकी लम्बाई में वृद्धि करने पर इसका क्षेत्रफल बढ़कर इसके मूल क्षेत्रफल का $1\frac{1}{3}$ गुना हो जाता है, तो नए बने आयत का परिमाप ज्ञात कीजिए।

(a) 60 cm (b) 70 cm
(c) 80 cm (d) 50 cm

RRB NTPC 05.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : आयत का क्षेत्रफल = लम्बाई × चौड़ाई

$150 = 15 \times$ चौड़ाई

चौड़ाई = 10 cm

माना लम्बाई में x सेमी की वृद्धि करने पर

पुनः $(15 + x) \times 10 = 150 \times \frac{4}{3}$

$(15+x) \times 10 = 200$

$15 + x = 20$

$x = 5$

तो नये बने आयत का परिमाप = 2 (20+10) = 60 cm

92. एक आयत की लम्बाई उसकी चौड़ाई से 3 मी. अधिक है और परिमाप का आंकिक मान उसके क्षेत्रफल के बराबर है। इसके विकर्ण के मान का पूर्णांक भाग ज्ञात करें ?

(a) 7 (b) 9
(c) 8 (d) 6

RRB NTPC 13.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) :



माना चौड़ाई x है।

लम्बाई = x + 3 मी.

प्रश्नानुसार,

आयत का परिमाप = आयत का क्षेत्रफल

$2(x+x+3) = x(x+3)$

$2(2x+3) = x^2+3x$

$4x+6 = x^2+3x$

$\Rightarrow \quad x^2-x-6 = 0$

$\Rightarrow \quad x^2-3x+2x-6 = 0$

$x(x-3)+2(x-3) = 0$

$(x-3)(x+2) = 0$

$x = 3, -2$

$\therefore$ लम्बाई = 3+ 3

= 6 मी.

चौड़ाई = 3 मी.

विकर्ण = $\sqrt{\text{ल.}^2 + \text{चौ.}^2}$

$= \sqrt{36+9}$

$= \sqrt{45} = 6.7 = 6$ (पूर्णांक भाग)

93. यदि एक आयत का क्षेत्रफल 60 वर्ग इकाई और परिमाप 34 इकाई है तो उसका विकर्ण ज्ञात करें।

(a) 12 इकाई (b) 17 इकाई
(c) 13 इकाई (d) 14 इकाई

RRB NTPC 13.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : प्रश्नानुसार,



दिया है,

आयत का परिमाप = $2(\ell + b) = 34$

$l + b = 17$

आयत का क्षेत्रफल = $lb = 60$

विकर्ण AC = $\sqrt{\ell^2 + b^2}$

$= \sqrt{(\ell+b)^2 - 2\ell b}$

$= \sqrt{(17)^2 - 2 \times 60}$

$= \sqrt{289-120}$

$= \sqrt{169}$

= 13 इकाई

94. एक आयताकार भूखंड की चौड़ाई उसकी लंबाई के एक तिहाई के बराबर है। यदि भूखंड का परिमाप 240 m है तो भूखंड की लंबाई ज्ञात कीजिए।

(a) 95 m (b) 70 m
(c) 90 m (d) 60 m

RRB NTPC 11.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : माना आयताकार भूखंड की लम्बाई = ℓ मीटर
तथा चौड़ाई = b मीटर

प्रश्नानुसार,

$$b = \frac{\ell}{3}$$

आयताकार भूखण्ड का परिमाप $= 2(\ell + b)$

$$240 = 2\left(\ell + \frac{\ell}{3}\right)$$

$$240 = 2\left(\frac{4\ell}{3}\right)$$

$$\ell = \frac{240 \times 3}{2 \times 4}$$

$$\boxed{\ell = 90\,m}$$

अतः भूखण्ड की लम्बाई = 90 m

95. यदि 110 m^2 क्षेत्रफल वाले एक आयताकार सोलर पैनल की लंबाई उसकी चौड़ाई से 10% अधिक है, इसकी चौड़ाई ज्ञात कीजिए।

(a) $20\sqrt{3}$ m (b) 10 m
(c) $10\sqrt{3}$ m (d) 110 m

RRB NTPC 18.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : माना चौड़ाई (b) = x मी.

प्रश्नानुसार,

$$\text{लम्बाई } (l) = = \frac{110x}{100}$$

$$= \frac{11}{10}x$$

आयताकार सोलर पैनल का क्षेत्रफल = lb

$$l\text{b} = 110$$

$$\frac{11}{10}x^2 = 110$$

$$x^2 = 100$$

$$x = 10$$

अतः चौड़ाई = 10 मी.

96. एक आयत की लंबाई, एक वृत्त की त्रिज्या के 3/5 के बराबर है। वृत्त की त्रिज्या उस वर्ग की भुजा के बराबर है, जिसका क्षेत्रफल 4900 m^2 है। यदि आयत की चौड़ाई 20 m है, तो इसका क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

(a) 840 m^2 (b) 880 m^2
(c) 480 m^2 (d) 860 m^2

RRB NTPC 08.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : माना वर्ग की भुजा a m तथा वृत की त्रिज्या r m है।

प्रश्नानुसार,

वर्ग का क्षेत्रफल $(a^2) = 4900\ m^2$

$a = 70$ m

∴ वृत्त की त्रिज्या (r) = 70 m

आयत की लम्बाई = वृत की त्रिज्या $\times \frac{3}{5}$

$= 70 \times \frac{3}{5}$ $(\because r = a)$

= 42 m

आयत का क्षेत्रफल = लम्बाई × चौड़ाई

= 42 × 20

= 840 m^2

97. एक आयत की लम्बाई इसकी चौड़ाई से दोगुनी है और आयत का परिमाप 48 cm है। आयत का क्षेत्रफल क्या होगा?

(a) 288 cm^2 (b) 512 cm^2
(c) 128 cm^2 (d) 144 cm^2

RRB NTPC 28.12.2020 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : माना आयत की चौड़ाई = x cm

∴ लम्बाई = $2x$ cm

आयत का परिमाप = 2 (लम्बाई + चौड़ाई)

48 = 2 (x + 2x)

48 = 2 × 3x

चौड़ाई (x) = 8 cm

लम्बाई (2x) = 16 cm

आयत का क्षेत्रफल = लम्बाई × चौड़ाई

= 16 × 8 = 128 cm^2

98. एक आयत के परिमाप और लंबाई का अनुपात 5 : 1 है। यदि आयत का क्षेत्रफल 216 सेमी.^{2} है, तो आयत की लंबाई (सेमी में) ज्ञात करें।

(a) 12 cm (b) 18 cm
(c) 14 cm (d) 16 cm

RRB NTPC 13.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) :

माना आयत की ल. x सेमी. तथा परिमाप 5x सेमी. है।

$2\times$ चौड़ाई = परिमाप $- 2\ell$

$= 5x - 2x$

चौड़ाई $= \frac{3x}{2}$

क्षेत्रफल = लं.×चौ. = 216 सेमी.^{2}

$x \times \frac{3x}{2} = 216$

$3x^2 = 216 \times 2$

$x^2 = 72 \times 2$

$x = 12$ cm

अतः आयत की लम्बाई (x) = 12 cm

99. 5 मी. लम्बे और 2 मी. चौड़े आयत के अन्दर का एक भाग 2 मी. भुजा के वर्ग से छायांकित है। छायांकित वर्ग का आयत के अछायांकित भाग के क्षेत्रफल से अनुपात क्या है?

(a) 3 : 2 (b) 2 : 3
(c) 5 : 2 (d) 2 : 5

RRB NTPC 17.01.2017 Shift-2

Ans : (b) आयत का क्षेत्रफल = $5 \times 2 = 10m^2$
छायांकित वर्ग का क्षेत्रफल = $2 \times 2 = 4m^2$
अछायांकित आयत का क्षेत्रफल = $10 - 4 = 6m^2$
अभीष्ट अनुपात = वर्ग का क्षेत्रफल :अछायांकित आयत का क्षेत्रफल
अभीष्ट अनुपात = 4 : 6 = 2 : 3

100. यदि आयत के विकर्ण की लंबाई और इसका अर्द्ध परिमाप क्रमश: 11 सेमी. और 13 सेमी. है, तो इसका क्षेत्रफल क्या है

(a) 12 वर्ग सेमी. (b) 48 वर्ग सेमी.
(c) 36 वर्ग सेमी. (d) 24 वर्ग सेमी.

RRB NTPC 05.04.2016 Shift-1

Ans : (d)



दिया है-
आयत का अर्द्ध परिमाप $(l + b) = 13$ सेमी. ..... (i)
आयत का विकर्ण $\left(\sqrt{l^2 + b^2}\right) = 11$ सेमी.
$\Rightarrow l^2 + b^2 = 121$ सेमी. l = लम्बाई, b = चौड़ाई
$\Rightarrow (l + b)^2 - 2lb = 121$ (समी. (i) से)
$\Rightarrow (13)^2 - 2lb = 121$
$\Rightarrow 2lb = 169 - 121 = 48$
$\Rightarrow l.b = 48/2$
$\Rightarrow l.b = 24$ वर्ग सेमी.
आयत का क्षे.= 24 वर्ग सेमी.

101. एक आयत का परिमाप 28 सेमी. है। यदि इसकी एक भुजा 4 सेमी. हो, तो दूसरी भुजा की लंबाई ज्ञात करें–

(a) 24 सेमी. (b) 7 सेमी.
(c) 10 सेमी. (d) 8 सेमी.

RRB NTPC 04.04.2016 Shift : 1

Ans : (c) माना दूसरी भुजा की लम्बाई = x सेमी.
∵ आयत का परिमाप = 28
$2 \times (x + 4) = 28$
$x + 4 = 14 \Rightarrow x = 10$ सेमी.

102. एक आयत का क्षेत्रफल 42 वर्ग सेमी. है और इसकी लंबाई 7 सेमी. है। इसकी परिधि का पता लगाएं।

(a) 14 सेमी. (b) 21 सेमी.
(c) 26 सेमी. (d) 24 सेमी.

RRB NTPC 03.04.2016 Shift : 2

Ans : (c) आयत का क्षे. $\Rightarrow$ ल. ×चौ. = 42 वर्ग सेमी.
$7 \times$ चौ. = 42
चौ. = 6 सेमी.
आयत की परिधि (परिमाप) = 2 (ल. + चौ.)
= 2 (7 + 6) = 2 × 13 = 26 सेमी.

103. एक आयत की लंबाई उसकी चौड़ाई की 6 गुना है। यदि आयत का परिमाप 56 सेमी. है, तो आयत का क्षेत्रफल कितना है?

(a) 48 वर्ग सेमी. (b) 96 वर्ग सेमी.
(c) 144 वर्ग सेमी. (d) 64 वर्ग सेमी.

RRB NTPC 03.04.2016 Shift : 3

Ans : (b) माना आयत की चौड़ाई = x सेमी.
तब आयत की लम्बाई = 6x सेमी.
∵ आयत का परिमाप = 2 (ल.+चौ.)
$56 = 2 (x + 6x) \Rightarrow 28 = 7x \Rightarrow \boxed{x = 4}$ सेमी.
अत:, आयत का क्षे. = ल. × चौ. = $6x \times x$
$= 6x^2 = 6 (4)^2 = 6 \times 16 = 96$ वर्ग सेमी.

104. यदि एक आयत का परिमाप 34 सेमी. और विकर्ण 13 सेमी. हैं तो उसका क्षेत्रफल कितना होगा?

(a) 987 वर्ग सेमी. (b) 240 वर्ग सेमी.
(c) 120 वर्ग सेमी. (d) 60 वर्ग सेमी.

RRB NTPC 31.03.2016 Shift : 1

Ans : (d) यदि आयत की लम्बाई l सेमी. तथा चौड़ाई b सेमी. हो तो
आयत का विकर्ण = 13 सेमी.
$\sqrt{\ell^2 + b^2} = 13$
$l^2 + b^2 = 169$ ..... (1)
∵ आयत का परिमाप = 34 सेमी.
$2(l+b) = 34$
$l + b = 17$..... (2)
∵ $(l+b)^2 = l^2 + b^2 + 2lb$
$(17)^2 = 169 + 2lb$
$289–169=2lb$
$2lb=120$
$lb = 60$
∴ आयत का क्षेत्रफल = 60वर्ग सेमी.

105. एक आयताकार मैदान की लंबाई 125 मीटर और चौड़ाई 75 मीटर है तथा मैदान के बीच में 3 मीटर चौड़ी पैदल पट्टी है, पैदल पट्टी के बिना मैदान का क्षेत्रफल क्या है?

(a) 9375 वर्ग मी. (b) 9000 वर्ग मी.
(c) 9750 वर्ग मी. (d) 8625 वर्ग मी.

RRB NTPC 31.03.2016 Shift : 2

Ans : (b)



पैदल पट्टी के बिना मैदान का क्षेत्रफल
= 125 × 75 – 125 × 3 = 125 × (75–3)
= 125 × 72
= 9000 वर्ग मी.

106. यदि एक आयत का क्षेत्रफल 168 वर्ग सेंटीमीटर है तथा चौड़ाई 7 सेमी. है, तो उसके विकर्ण की लम्बाई ज्ञात कीजिए ।

(a) 24 सेमी. (b) 15 सेमी.
(c) 17 सेमी. (d) 25 सेमी.

RRB NTPC 30.03.2016 Shift : 1

Ans : (d) ∵ आयत का क्षेत्रफल = 168 वर्ग सेमी.

लम्बाई × चौड़ाई = 168 सेमी.

$$\text{लम्बाई} = \frac{168}{7} = 24 \text{ सेमी.}$$

∴ विकर्ण की लम्बाई $= \sqrt{\text{ल.}^2 + \text{चौ.}^2}$

$$= \sqrt{(24)^2 + (7)^2}$$

$$= \sqrt{576 + 49} = \sqrt{625} = 25 \text{ सेमी.}$$

107. एक आयत का परिमाप 28 सेमी. है। यदि लंबाई चौड़ाई की 5/2 गुना है तो आयत की लंबाई और चौड़ाई ज्ञात करें।

(a) 90 और 5 (b) 10 और 4
(c) 6 और 7 (d) 11 और 3

RRB NTPC 29.03.2016 Shift : 1

Ans : (b) दिया है- आयत की ल. $= \frac{5}{2} \times$ चौ.

आयत का परिमाप = 28

$2(\text{ल.} + \text{चौ.}) = 28$

$(\frac{5}{2}\text{चौ.} + \text{चौ.}) = \frac{28}{2} = 14$

$\frac{7}{2}\text{चौ.} = 14 \implies$ चौ. = 4 सेमी.

$\therefore \text{ल.} = \frac{5}{2} \times 4 = 10$ सेमी.

अतः आयत की ल. व चौ. क्रमशः 10 सेमी. व 4 सेमी. है।

108. एक आयातकार बोर्ड की लम्बाई उसकी चौड़ाई से 4 गुनी है। यदि बोर्ड का क्षेत्रफल 256 वर्ग मीटर है, तो उसकी लम्बाई ज्ञात कीजिए।

(a) 8 मी. (b) 16 मी.
(c) 24 मी. (d) 32 मी.

RRB NTPC 18.01.2017 Shift : 1

Ans : (d) माना चौड़ाई = b

ल. = 4b मी.

क्षे. = 256 मी.

$\therefore 4b \times b = 256$

$b^2 = 64$, b = 8 मी.

∴ ल. = 4b = 4 × 8 = 32मी.

109. 2.5 मीटर चौड़ाई का एक फुटपाथ एक आयताकार बगीचे जिसकी लंबाई 10 मीटर और चौड़ाई 8 मीटर है के चारो ओर बगीचे का क्षेत्रफल जिसमें फुटपाथ भी शामिल है, ज्ञात करें।

(a) 130.25 वर्ग मीटर (b) 131.25 वर्ग मीटर
(c) 195.00 वर्ग मीटर (d) 162.50 वर्ग मीटर

RRB NTPC 06.04.2016 Shift : 1

Ans : (c) प्रश्न से



फुटपाथ सहित बगीचे का क्षे. =15×13 = 195 वर्ग मीटर

110. एक आयत की भुजा 12 सेमी. तथा इसका विकर्ण 13 सेमी है, तो इसका क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

(a) 60 वर्ग सेमी. (b) 55 वर्ग सेमी.
(c) 50 वर्ग सेमी. (d) 45 वर्ग सेमी.

RRB NTPC 06.04.2016 Shift : 2

Ans : (a) प्रश्न से



त्रिभुज ABC में $AC^2 = AB^2 + BC^2$

$(13)^2 = (12)^2 + BC^2$

$BC^2 = 169 - 144$

$BC = \sqrt{25}$

BC = 5 सेमी.

आयत का क्षे. = AB × BC = 12 × 5= 60 वर्ग सेमी.

111. एक आयत के विकर्ण की लम्बाई ज्ञात कीजिए, जिसकी लम्बाई 6 सेमी. तथा चौड़ाई 6 सेमी. है :

(a) $6\sqrt{2}$ (b) $\pm 6\sqrt{2}$
(c) 0 (d) $\sqrt{2}$

RRB NTPC 26.04.2016 Shift : 3

Ans : (a) आयत का विकर्ण $= \sqrt{(\text{लम्बाई})^2 + (\text{चौडाई})^2}$

$$= \sqrt{(6)^2 + (6)^2} = \sqrt{36 + 36} = \sqrt{6 \times 6 \times 2} = 6\sqrt{2} \text{ सेमी.}$$

112. एक आयत का क्षेत्रफल 448 वर्ग मीटर है। यदि इसकी लंबाई इसकी चौड़ाई से 12% अधिक हो तो इसकी चौड़ाई ज्ञात कीजिए।

(a) 14m (b) 16m
(c) 18m (d) 20m

RRB NTPC 27.04.2016 Shift : 2

Ans : (d)

माना आयत कि चौड़ाई = x मी.

$$\text{लम्बाई} = \frac{x \times 112}{100} = \frac{112x}{100} \text{ मी.}$$

आयत का क्षे. = लम्बाई × चौड़ाई

$$448 = \frac{x \times 112x}{100} \implies x^2 = \frac{448 \times 100}{112}$$

$$x^2 = 400 \implies x = 20$$

अत:, चौड़ाई = 20 मीटर

113. 400 मीटर रस्सी द्वारा घेरे गये एक आयताकार मैदान का अधिकतम क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

(a) 5000 मी.^{2} (b) 6250 मी.^{2}
(c) 4000 मी.^{2} (d) 10000 मी.^{2}

RRB NTPC 27.04.2016 Shift : 3

Ans : (d) हम जानते है कि एक आयत का क्षेत्रफल अधिकतम तब होगा, जब आयत की लम्बाई उसकी चौड़ाई के बराबर हो

$\therefore$ अधिकतम क्षेत्रफल के लिए

2(ल. + ल.) = 400 मी. ($\because$ ल. = चौ.)

लम्बाई $= \frac{400}{4} = 100$ मी.

क्षेत्रफल = लम्बाई × लम्बाई

$= 100 \times 100 = 10{,}000$ मी^{2}

114. 40 मी. रस्सी से घिरे आयताकार मैदान का अधिकतम क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए?

(a) 160 मी^{2} (b) 180 मी^{2}

(c) 200 मी^{2} (d) 100 मी^{2}

RRB NTPC 30.04.2016 Shift : 2

Ans : (d) माना लम्बाई = a

चौड़ाई = b

प्रश्नानुसार,

2 (a + b) = 40

a + b = 20

जब a = b हो तब आयत (मैदान) का क्षेत्रफल अधिकतम होगा

$\therefore$ a = b = 10

अत: मैदान का अधिकतम क्षे. = ab = 10 ×10 = 100 मी.^{2}

Type-6 : घन पर आधारित प्रश्न

115. किसी घन के प्रत्येक किनारे की लंबाई 2.6 cm है। घन का पूर्ण पृष्ठीय (cm^2 में) क्षेत्रफल कितना है ?

(a) 40.76 (b) 40.56

(c) 39.96 (d) 40.36

RRB NTPC (Stage-2) 12/06/2022 (Shift-I)

Ans. (b) : प्रश्न से,

घन का पूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल = $6a^2$

$= 6\times(2.6)^2$

$= 6\times6.76 = 40.56$ cm^2

116. ₹ 2/cm^2 की दर पर, किसी घन की सभी बाहरी सतहों को रंगने की लागत ₹ 588 है। घन का आयतन (cm^3 में) ज्ञात कीजिए।

(a) 343 (b) 512

(c) 216 (d) 274.625

RRB NTPC (Stage-2) 15/06/2022 (Shift-III)

Ans. (a) : प्रश्न से,

घन के पृष्ठीय का क्षेत्र. $= 6a^2 = \frac{588}{2}$

$6a^2 = 294$

$a^2 = \frac{294}{6}$

$a^2 = 49$

$a = 7$

घन का आयतन = a^3

$= (7)^3$

$= 343$ cm^3

117. किसी घन का आभ्यन्तर विकर्ण $8\sqrt{3}$ cm है। इस घन का आयतन कितना होगा ?

(a) 1536 cm^3 (b) $512\sqrt{3}$ cm^3

(c) 512 cm^3 (d) $1536\sqrt{3}$ cm^3

RRB NTPC 07.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : घन का विकर्ण = $a\sqrt{3}$

$8\sqrt{3} = a\sqrt{3}$

$a = 8$cm

अतः, घन का आयतन = a^3

$= 8^3$

$= 512$ cm^3

118. 2 m भुजा वाले घन का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल कितना होगा ?

(a) 30 m^2 (b) 25 m^2

(c) 20 m^2 (d) 24 m^2

RRB NTPC 02.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : घन की भुजा (a) = 2m

घन का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल = $6a^2$

$= 6\times(2)^2$

$= 24$ m^2

119. यदि एक घन का विकर्ण $10\sqrt{3}$ cm लंबा है, तो इसका आयतन कितना है?

(a) 1000 cm^3 (b) 800 cm^3

(c) 500 cm^3 (d) 9000 cm^3

RRB NTPC 19.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : प्रश्नानुसार, $a\sqrt{3} = 10\sqrt{3} \Rightarrow a = 10$ cm.

इसलिए घन का आयतन = $(a^3) = (10)^3 = 1000$ cm^3

120. यदि एक घन की भुजा $9\sqrt{3}$ cm है, तो उसके विकर्ण की लंबाई ज्ञात कीजिए।

(a) 28 cm (b) 26 cm

(c) 27 cm (d) 29 cm

RRB NTPC 21.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : घन का विकर्ण = भुजा $\sqrt{3}$

$\because$ भुजा = $9\sqrt{3}$ [दिया है]

$\therefore$ घन का विकर्ण = $9\sqrt{3}\times\sqrt{3}$

$= 9\times3$

$= 27$ cm

121. 3 cm, 4 cm और 5 cm भुजाओं वाले तीन छोटे-छोटे घनों को पिघलाकर एक बड़ा घन बनाया जाता है। तीनों छोटे घनों के पृष्ठीय क्षेत्रफलों के योग और बड़े घन के पृष्ठीय क्षेत्रफल का अनुपात ज्ञात कीजिए।

(a) 9 : 4 (b) 18 : 25

(c) 25 : 18 (d) 27 : 64

RRB NTPC 17.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : प्रश्नानुसार,

तीन छोटे घन का आयतन = एक बड़े घन का आयतन

$(3)^3 + (4)^3 + (5)^3 = A^3$

जहाँ A = बड़े घन की भुजा है।

$27 + 64 + 125 = A^3$

$216 = A^3$

$A = 6$ cm

बड़े घन का पृष्ठीय क्षेत्रफल $= 6A^2$

$= 6\times(6)^2$

$= 216$ cm^2

तीन छोटे घनों के पृष्ठीय क्षेत्रफलों का योग $= 6\,(3^2+4^2+5^2)$

$= 6\,(9+16+25)$

$= 300$ cm^2

अतः, अभीष्ट अनुपात $= \frac{300}{216} = 25:18$

122. दो घनों के आयतनों का अनुपात 64 : 1331 है। उनके कुल पृष्ठीय क्षेत्रफलों का अनुपात ज्ञात कीजिए।

(a) 16 : 121 (b) 121 : 16

(c) 16 : 4 (d) 4 : 121

RRB NTPC 21.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : माना दोनों घनों की भुजाएँ क्रमशः a तथा b है।

प्रश्नानुसार,

$$\frac{a^3}{b^3} = \frac{64}{1331} = \frac{(4)^3}{(11)^3} \Rightarrow \frac{a}{b} = \frac{4}{11}$$

इनके सम्पूर्ण पृष्ठों के क्षेत्रफलों का अनुपात

$$= \frac{6a^2}{6b^2} = \frac{a^2}{b^2}$$

$$= \left(\frac{a}{b}\right)^2 = \left(\frac{4}{11}\right)^2$$

$$= \frac{16}{121} = 16:121$$

123. यदि एक घन की प्रत्येक भुजा की लंबाई दोगुनी कर दी जाती है, तो इसका आयतन, मूल आयतन से _____

(a) दोगुना हो जाएगा। (b) 9 गुना हो जाएगा।

(c) 8 गुना हो जाएगा। (d) 6 गुना हो जाएगा।

RRB NTPC 05.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : माना प्रारम्भिक घन की भुजा = a

प्रारम्भिक घन का आयतन $= a^3$

घन के प्रत्येक भुजा की लम्बाई $= 2a$

आयतन $= (2a)^3 = 8a^3$

आयतन = 8×प्रारम्भिक घन/मूल घन के आयतन

अतः, घन की प्रत्येक भुजा की लम्बाई दोगुनी कर दी जाए तो इसका आयतन मूल आयतन से 8 गुना हो जाएगा।

124. एक घन की प्रत्येक भुजा में 50% की वृद्धि की जाती है। इसके पृष्ठीय-क्षेत्रफल में होने वाली प्रतिशत वृद्धि ज्ञात कीजिए।

(a) 130% (b) 100%

(c) 125% (d) 120%

RRB NTPC 25.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : घन के पृष्ठीय क्षे. में प्रतिशत वृद्धि $= a + b + \frac{ab}{100}$

$= 50 + 50 + \frac{50\times50}{100}$

$= 100 + 25$

$= 125\%$

अथवा

माना घन की भुजा a सेमी. है

तथा पृष्ठीय क्षेत्रफल $= 6a^2$ सेमी.^{2}

$\because$ नये घन की भुजा $= a\times\frac{150}{100}$

$= \frac{3a}{2}$ सेमी.

पृष्ठीय क्षेत्रफल $= 6\times\left(\frac{3a}{2}\right)^2$

$= 6\times\frac{9a^2}{4} = \frac{27a^2}{2}$ सेमी.^{2}

$\therefore$ पृष्ठीय क्षेत्रफल में प्रतिशत वृद्धि $= \frac{\frac{27a^2}{2} - 6a^2}{6a^2}\times100$

$= \frac{15}{12}\times100 = 125\%$

Type-7 : घनाभ पर आधारित प्रश्न

125. राजेश को 12 इंच लंबा, 8 इंच चौड़ा और 10 इंच ऊंचा बॉक्स बनाने के लिए कुछ कार्डबोर्ड खरीदना है। बॉक्स बनाने के लिए कितने कार्डबोर्ड की आवश्यकता है?

(a) 350 वर्गइंच (b) 960 वर्गइंच

(c) 400 वर्गइंच (d) 592 वर्गइंच

RRB NTPC (Stage-2) 17/06/2022 (Shift-II)

Ans. (d) : दिया है

ल. (l) = 12 इंच

चौ. (b) = 8 इंच

ऊँ. (h) = 10 इंच

सूत्र से:–

घनाभ का पृष्ठीय क्षेत्र. $= 2(lb+bh+lh)$

बॉक्स बनाने हेतु कार्डबोर्ड की आवश्यकता,

$= 2(lb+bh+lh)$

$= 2[(12\times8)+(8\times10)+(10\times12)]$

$= 2[(96+80+120)]$

$= 2\times296$

= 592 वर्ग इंच

126. रोहन के पास 36 cm × 25 cm × 20 cm विमाओं वाला एक घनाकार बॉक्स था। उसने इसमें 4cm लम्बी भुजा वाले घनों की अधिकतम संभावित संख्या पैक की। बॉक्स में फिर भी कितनी जगह बचेगी?

(a) 820 cm^3 (b) 720 cm^3

(c) 780 cm^3 (d) 680 cm^3

RRB NTPC (Stage-2) 15/06/2022 (Shift-I)

Ans. (b) : प्रश्न से,

घनाभ का आयतन $= lbh$

$= 36\times25\times20$

$= 18000$ सेमी^{3}

घनों का अधिकतम आयतन जो बॉक्स में आ सकता है-

(36 × 24 × 20) घन सेमी. (∵24 सेमी, 4 सेमी. घन की अधिकतम विमा है, जो 25 सेमी. के स्थान पर लिखी गई है)

घनाभाकार आयतन में शेष बचा स्थान

$= [(36\times25\times20)-(36\times24\times20)]$

$= [18000 - 17280]$

$= 720$ सेमी^{3}

127. किसी घनाभ की लंबाई, चौड़ाई और ऊंचाई का अनुपात 4 : 3 : 5 है और इसके सभी किनारों की लंबाइयों का योगफल 144 cm घनाभ का पूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

(a) 756 cm^2 (b) 846 cm^2

(c) 1026 cm^2 (d) 1620 cm^2

RRB NTPC (Stage-2) 12/06/2022 (Shift-I)

Ans. (b) : माना घनाभ की लम्बाई $= 4x$

चौड़ाई $= 3x$

ऊंचाई $= 5x$

प्रश्नानुसार, $4(4x+3x+5x) = 144$

$4\times12x = 144, \Rightarrow \quad x = 3$

तो, घनाभ का पूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल $= 2(lb + bh + hl)$

$= 2(12+15+20)x^2$

$= 2\times47x^2$

$= 94\times9$

$= 846$ cm^2

128. यदि किसी घनाभ की लम्बाई और ऊँचाई क्रमशः 18 m और 12 m है, और इसका आयतन 3024 m^3 है, तो इसकी चौड़ाई (m में) ज्ञात कीजिए।

(a) 16 (b) 14

(c) 13 (d) 15

RRB NTPC (Stage-2) 13/06/2022 (Shift-II)

Ans. (b) : घनाभ की लम्बाई $(l) = 18$ m

ऊँचाई $(h) = 12$ m

आयतन $= 3024$ m^3

चौड़ाई $(b) = ?$

आयतन $= l \times b \times h$

$3024 = 18 \times b \times 12$

$b = \dfrac{3024}{18\times12}$

$b = 14$ m

129. 500 व्यक्ति एक घनाभाकार तालाब में डुबकी लगा रहे हैं, जो 80 मी. लंबा और 50 मी. चौड़ा है। यदि एक व्यक्ति द्वारा विस्थापित पानी का औसत आयतन 0.04 मी^{3} है, तो तालाब के जल स्तर में हुई वृद्धि ज्ञात कीजिए।

(a) 2.5 cm (b) 1 cm

(c) 1.5 cm (d) 0.5 cm

RRB NTPC 13.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) :



यदि तालाब की ऊँचाई h मी. है

तालाब का आयतन

$= l \times b \times h$

$= 80 \times 50 \times h$

$= 4000\ h$ m^3

500 व्यक्तियों द्वारा हटाये गये पानी का आयतन

$= 500 \times 0.04$

$= 20.00$ m^3

$= 20$ m^3

अतः तालाब के जल स्तर में वृद्धि $\quad \because (1\text{m} = 100\text{cm})$

$4000\ h = 20$

$h = \dfrac{20}{4000}$

$= 0.005$ m $= 0.5$ cm

130. वृत्त के एक त्रिज्यखण्ड की त्रिज्या 18 cm है और इसका केन्द्रीय कोण 125° है। इसकी परिधि की लगभग माप ज्ञात कीजिए। $\left(\pi = \dfrac{22}{7}\right)$

(a) 75.3 cm (b) 73.85 cm

(c) 74 cm (d) 73 cm

RRB NTPC 21.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : प्रश्नानुसार,

दिया है – $r = 18$cm

त्रिज्यखण्ड का परिमाप $= \dfrac{\theta}{360°}\times2\pi r + 2r$

$= \dfrac{125°}{360°}\times2\times\dfrac{22}{7}\times18 + 2\times18$

$= \dfrac{275}{7} + 36$

$= \dfrac{527}{7} = 75.28$

$= 75.3$cm

131. 9 cm लंबाई, 6 cm चौड़ाई और 6 cm ऊँचाई वाले एक घनाभ को पिघलाकर 3 cm भुजा वाले कितने घन बनाए जा सकते हैं?

(a) 14 (b) 12

(c) 13 (d) 11

RRB NTPC 29.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : अभीष्ट घनों की संख्या $= \frac{\text{घनाभ का आयतन}}{\text{घन का आयतन}} = \frac{lbh}{a^3}$

$= \frac{9\times6\times6}{3\times3\times3} = 12$

132. एक 22 m लंबे और 14 m चौड़े खेत में 4 m लंबा, 2 m चौड़ा और 1.5 m गहरा गड्ढा खोदा जाता है। यदि गड्ढे से निकली मिट्टी को शेष खेत में एक समान रूप से फैलाया जाता है, तो खेत के स्तर में होने वाली वृद्धि ज्ञात कीजिए।

(a) 4.75 मीटर (b) 5 सेमी.
(c) 3.5 सेमी. (d) 4 सेमी.

RRB NTPC 17.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : माना खेत के स्तर में h ऊँचाई की वृद्धि हुई।
खोदी गई मिट्टी का आयतन = शेष खेत का क्षेत्रफल ×ऊँचाई
$4\times2\times1.5 = (22\times14 - 4\times2)\times h$
$12 = 4(75)\times h$
$h = \frac{12}{300}\text{m}$
$h = \frac{12}{300}\times100$
$h = 4\,\text{cm}$

133. एक घनाभ, जिसके 3 आसन्न फलकों का पृष्ठीय क्षेत्रफल a, b, c है, का आयतन ज्ञात कीजिए।

(a) $(abc)^{\frac{1}{2}}$ (b) $a^3b^3c^3$
(c) abc (d) $(abc)^{\frac{1}{3}}$

RRB NTPC 30.12.2020 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : दिया है-
लम्बाई × चौड़ाई = a _____(i)
चौड़ाई × ऊँचाई = b _____ (ii)
ऊँचाई × लम्बाई = c _____ (iii)
समी. (i) (ii) व (iii) का गुणा करने पर,
(लम्बाई × चौड़ाई × ऊँचाई)^2 = a × b × c
अतः, आयतन = लम्बाई × चौड़ाई × ऊँचाई = $(abc)^{\frac{1}{2}}$

Type-8 : बेलन पर आधारित प्रश्न

134. किसी लंम्बवृत्तीय बेलन के आधार की परिधि 176 cm है, और इसकी ऊंचाई 12 cm है। बेलन का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल (cm^2 में) ज्ञात कीजिए। $\left(\pi = \frac{22}{7}\text{ मान लीजिए}\right)$।

(a) 7064 (b) 7640
(c) 7040 (d) 7460

RRB NTPC (Stage-2) 16/06/2022 (Shift-III)

Ans. (c) : बेलन की आधार की परिधि = 176 cm
$2\pi r = 176$
$2\times\frac{22}{7}\times r = 176$
r = 28 cm, h = 12 cm
बेलन का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल = $2\pi\,r\,(r+h)$
$= 176\times(28+12)$
$= 176\times40 = 7040\ \text{cm}^2$

135. 10 m लंबे एक खोखले स्टील के पाइप के आंतरिक और बाह्य व्यास क्रमशः 15 cm और 17 cm हैं। यदि इसके पृष्ठ के 1 cm^2 हिस्से को पेंट करने की लागत ₹0.15 है, तो इसके सभी पृष्ठों को पेंट करने की लागत ज्ञात कीजिए।

$\left(\pi = \frac{22}{7}\text{ मान लीजिए}\right)$

(a) ₹15,160.80 (b) ₹15,100.80
(c) ₹15,200.80 (d) ₹15,000.80

RRB NTPC (Stage-2) 17/06/2022 (Shift-III)

Ans. (b) :
$R = \frac{17}{2}\text{cm}, \quad r = \frac{15}{2}\text{cm}, \quad l = 1000\text{cm}$



खोखले बेलन का सम्पूर्ण पृष्ठीय क्षेत्र.
$= 2\pi(R+r)l + 2\pi(R^2-r^2)$
$= 2\pi(R+r)(l+R-r)$
$= 2\times\frac{22}{7}\times16\times(1000+1)$
$= 2\times22\times16\times143\ \text{cm}^2$
लागत = 2×22×16×143×0.15 = ₹ 15100.8

136. एक ठोस लंब वृत्तीय बेलन के आधार त्रिज्या और ऊंचाई का योगफल 39cm है। इसका संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल 1716 cm^2 है। बेलन का आयतन (cm^3 में) कितना होगा? ($\pi = \frac{22}{7}$ का प्रयोग कीजिए)

(a) 4620 (b) 5082
(c) 4774 (d) 4928

RRB NTPC (Stage-2) 15/06/2022 (Shift-II)

Ans. (d) : माना बेलन की त्रिज्या और ऊँचाई क्रमशः R और H है।
प्रश्नानुसार,
बेलन का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्र. = 1716 cm^2
$2\pi R(H+R) = 1716 \qquad (\because H+R = 39\text{cm})$
$2\times\frac{22}{7}\times R\times39 = 1716$
$R = \frac{1716\times7}{39\times2\times22}$
R = 7 cm
H = 39 – 7 = 32 cm.
बेलन का आयतन = $\pi R^2 H$
$= \frac{22}{7}\times7\times7\times32$
$= 4928\,\text{cm}^3$

137. दो बेलनों का आयतन बराबर है, लेकिन दूसरे बेलन की आधार त्रिज्या, पहले बेलन की आधार त्रिज्या से 20% कम है, पहले बेलन की ऊंचाई की तुलना में दूसरे बेलन की ऊंचाई कितनी अधिक होनी चाहिए?

(a) 55.25% (b) 56.25%
(c) 55.75% (d) 56.75%

RRB NTPC (Stage-2) 15/06/2022 (Shift-I)

Ans. (b) : माना पहले बेलन की त्रिज्या = 100

दूसरे बेलन की त्रिज्या $= 100-\frac{100\times 20}{100}$

$= 80$

प्रश्नानुसार,

$\pi R^2 H = \pi r^2 h$

$\Rightarrow \quad (100)^2 \times H = (80)^2 \times h$

$\Rightarrow \quad \frac{H}{h} = \frac{6400}{10,000}$

पहले बेलन की ऊँचाई की तुलना में दूसरे बेलन की ऊँचाई में

प्रतिशत वृद्धि $= \frac{(10000-6400)\times 100}{6400}$

$= \frac{3600\times 100}{6400} = \frac{225}{4}$

$\boxed{= 56.25\%}$

138. यदि एक सिलेंडर की त्रिज्या और ऊँचाई क्रमशः 25 cm और 42 cm है, तो इसका पार्श्व पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

(a) 660 cm^2 (b) 1960 cm^2
(c) 6000 cm^2 (d) 6600 cm^2

RRB NTPC 02.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : दिया है-

सिलेंडर की त्रिज्या (r) = 25 cm

ऊँचाई (h) = 42 cm

सिलेंडर का पार्श्व पृष्ठीय क्षेत्रफल $= 2\pi rh$

$= 2\times \frac{22}{7}\times 25\times 42$

$= 44\times 150$

$= 6600\,cm^2$

139. यदि दो बेलनों की त्रिज्याएं 2 : 3 के अनुपात में हैं और उनकी ऊँचाइयां क्रमश 5 : 3 के अनुपात में है, तो उनकें आयतनों का अनुपात कितना है?

(a) 10 : 17 (b) 20 : 27
(c) 20 : 37 (d) 17 : 27

RRB NTPC 19.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : आयतनों का अनुपात $= \frac{\pi r^2 h}{\pi R^2 H} = \left(\frac{r}{R}\right)^2 \times \frac{h}{H}$

$= \left(\frac{2}{3}\right)^2 \times \frac{5}{3}$

$= 20 : 27$

140. एक लंब वृत्तीय बेलन के वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल और कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल का अनुपात 3:7 है। बेलन की ऊँचाई और त्रिज्या का अनुपात ज्ञात कीजिए।

(a) 4 : 5 (b) 5 : 3
(c) 4 : 3 (d) 3 : 4

RRB NTPC 09.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : बेलन का वक्रपृष्ठ $= 2\pi rh$

बेलन का सम्पूर्ण पृष्ठ $= 2\pi r(h+r)$

प्रश्नानुसार,

$\frac{2\pi rh}{2\pi r(h+r)} = \frac{3}{7}$

$7h = 3h + 3r$

$4h = 3r$

$\frac{h}{r} = \frac{3}{4}$

$h : r = 3 : 4$

141. एक बेलन की ऊंचाई 14 सेमी और इसके वक्र पृष्ठ का क्षेत्रफल 660 सेमी^{2} है। बेलन का आयतन ज्ञात कीजिए। ($\pi = \frac{22}{7}$ लें)

(a) 2425 सेमी.^{3} (b) 2275 सेमी.^{3}
(c) 2475 सेमी.^{3} (d) 2225 सेमी.^{3}

RRB NTPC 13.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : दिया है–

$h = 14$ cm

बेलन के वक्रपृष्ठ का क्षे0 $= 2\pi rh$

$660 = 2\times \frac{22}{7}\times r\times 14$

$r = \frac{660}{88}$

$= \frac{60}{8}$

$= 7.5cm$

बेलन का आयतन $= \pi r^2 h$

$= \frac{22}{7}\times 7.5\times 7.5\times 14$

$= 2475 cm^3$

142. यदि किसी बेलन की त्रिज्या 5 cm है और इसकी ऊर्ध्वाधर ऊंचाई 172 cm है, तो इसका आयतन ज्ञात कीजिए।

(a) 1500π cm^3 (b) 4300π cm^3
(c) 1000π cm^3 (d) 4100π cm^3

RRB NTPC 16.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : दिया है- बेलन की त्रिज्या (r) = 5cm

तथा ऊंचाई (h) = 172cm

∴बेलन का आयतन = $\pi r^2 h$

$= \pi \times 5^2 \times 172$

$= 4300\pi\ cm^3$

143. एक बेलनाकार टैंक की क्षमता 6160 m^3 है। यदि टैंक के आधार का व्यास 28 m है, तो टैंक की गहराई (m में) ज्ञात कीजिए।

(a) 12 (b) 10
(c) 14 (d) 8

RRB NTPC 29.12.2020 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : ∵ बेलन का आयतन = $\pi r^2 h$

त्रिज्या (r) = $\frac{\text{व्यास}}{2}$

= $\frac{28}{2}$

$\boxed{r = 14\ m}$

प्रश्नानुसार,

$\pi r^2 h = 6160\ m^3$

$\frac{22}{7} \times 14 \times 14 \times h = 6160$

$h = \frac{6160 \times 7}{14 \times 14 \times 22}$

$\boxed{h = 10\ m}$

144. एक लंबवृत्तीय बेलन में, वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल और कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल का अनुपात 5 : 9 है। बेलन की ऊँचाई और बेलन की त्रिज्या का अनुपात ज्ञात कीजिए।

(a) 3 : 5 (b) 5 : 3
(c) 4 : 5 (d) 5 : 4

RRB NTPC 04.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : बेलन का वक्र पृष्ठीय क्षे. = $2\pi rh$

बेलन का कुल वक्रपृष्ठ क्षे. = $2\pi r(h + r)$

$\frac{\text{बेलन का वक्र पृष्ठीय क्षे.}}{\text{कुल पृष्ठीय क्षे.}} = \frac{5}{9}$

$\frac{2\pi rh}{2\pi r(h + r)} = \frac{5}{9}$

$\Rightarrow \frac{h}{h + r} = \frac{5}{9}$

$\Rightarrow 9h = 5h + 5r$

$9h - 5h = 5r$

$\frac{h}{r} = \frac{5}{4}$

$\Rightarrow h : r = 5 : 4$

145. उस सबसे लंबे स्तम्भ की लम्बाई ज्ञात कीजिए, जिसे 10 m, 8 m और 6 m की विमाओं वाले कमरे में रखा जा सकता हो।

(a) 18 m (b) 15 m
(c) $10 \times \sqrt{2}$ m (d) 14 m

RRB NTPC 28.12.2020 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : सबसे लम्बे स्तम्भ की लम्बाई = $\sqrt{10^2 + 8^2 + 6^2}$

$= \sqrt{200}$

$= 10\sqrt{2}$m

146. एक सिलेंडर की ऊँचाई 14 cm और वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल 528 cm^2 है। सिलेंडर का आयतन क्या होगा?

(a) 1244 cm^3 (b) 1584 cm^3
(c) 2538 cm^3 (d) 792 cm^3

RRB NTPC 28.12.2020 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : सिलेंडर की ऊँचाई (h) = 14 cm

वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल ($2\pi rh$) = 528 cm^2

$2 \times \frac{22}{7} \times r \times 14 = 528$

$r = \frac{528}{2 \times 2 \times 22}$

r = 6 cm

सिलेंडर का आयतन ($\pi r^2 h$) = $\frac{22}{7} \times 6 \times 6 \times 14$

$= 22 \times 36 \times 2$

$= 1584\ cm^3$

147. एक लंब वृत्तीय बेलन का आयतन (घनसेमी. में) क्या होगा यदि उसकी त्रिज्या 2.5 सेमी. तथा ऊँचाई 2 सेमी. है।

(a) 275 (b) 275/21
(c) 275/2 (d) 275/7

RRB NTPC 19.01.2017 Shift : 1

Ans : (d) बेलन का आयतन = $\pi r^2 h$

$= \frac{22}{7} \times (2.5)^2 \times 2 = \frac{275}{7} cm^3$

148. एक लम्ब वृत्ताकार बेलन का आयतन (cm. में) क्या है? जिसकी त्रिज्या 2 cm. तथा ऊँचाई 2 cm. है। $\left(\pi = \frac{22}{7}\right)$

(a) 175/7 (b) 176/21
(c) 176/7 (d) 176

RRB NTPC 19.01.2017 Shift : 3

Ans : (c) बेलन का आयतन = $\pi r^2 h = \frac{22}{7} \times 2 \times 2 \times 2$

$= \frac{22}{7} \times 8 = \boxed{\frac{176}{7} cm^3}$

Type-9 : शंकु पर आधारित प्रश्न

149. आधार त्रिज्या 70 cm और लंबवत ऊंचाई 240 cm वाले लंबवृत्तीय शंकु का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल (cm^2 में) ज्ञात कीजिए। ($\pi = 22/7$ मान लीजिए)

(a) 704 (b) 0.704
(c) 7.04 (d) 70400

RRB NTPC (Stage-2) 16/06/2022 (Shift-II)

Ans. (d) : दिया है-

आधार की त्रिज्या (r) = 70 cm

लम्बवत् ऊँचाई (h) = 240 cm



तब - $l^2 = h^2 + r^2$

$= (240)^2 + (70)^2$

$l = \sqrt{62500}$

$l = 250$ cm

शंकु का सम्पूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल $= \pi r(l + r)$

$$= \frac{22}{7} \times 70(250 + 70)$$

$$= \frac{22}{7} \times 70 \times 320$$

$$= 70400 \text{ cm}^2$$

150. किसी लंब वृत्तीय शंकु की तिर्यक ऊंचाई 13cm है और इसके आधार का क्षेत्रफल 144π cm² है। शंकु का आयतन (cm³ में) ज्ञात कीजिए।

(a) $245\ \pi$ (b) $260\ \pi$

(c) $240\ \pi$ (d) $225\ \pi$

RRB NTPC (Stage-2) 12/06/2022 (Shift-II)

Ans. (c) : दिया है,

शंकु की तिर्यक ऊँचाई $(\ell) = 13$cm

आधार का क्षेत्रफल $= 144\ \pi$cm²

$\pi r^2 = 144\ \pi$cm²

$r^2 = 144$

त्रिज्या (r) = 12 cm

ऊँचाई (h) $= \sqrt{\ell^2 - r^2}$

$= \sqrt{13^2 - 12^2}$

$= \sqrt{25}$

$\therefore$ h = 5 cm

शंकु का आयतन $= \frac{\pi r^2 h}{3}$

$= \frac{\pi \times (12)^2 \times 5}{3}$

$= \pi \times 12 \times 4 \times 5$

$= 240\pi$ cm³

151. एक शंक्वाकार मकबरे के आधार का क्षेत्रफल 616 m² है और उसकी ऊँचाई 48 m है। इसके वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल को ₹ 150 प्रति m² की दर से प्लास्टर करने की लागत क्या होगी? ($\pi = \frac{22}{7}$ मानिए)

(a) ₹ 3,60,000 (b) ₹ 3,15,000

(c) ₹ 3,00,000 (d) ₹ 3,30,000

RRB NTPC (Stage-2) 13/06/2022 (Shift-I)

Ans. (d) :



शंकु के आधार का क्षेत्रफल $= 616$ m²

$\pi r^2 = 616$

$\frac{22}{7} \times r^2 = 616$

$r^2 = 7 \times 7 \times 4$

r = 14 m

$l = \sqrt{h^2 + r^2}$

$= \sqrt{48^2 + 14^2}$

$= \sqrt{2500}$

= 50 m

अभीष्ट लागत $= \pi r l \times 150 = \frac{22}{7} \times 14 \times 50 \times 150$

= ₹ 330,000

152. किसी ठोस लंब वृत्तीय शंकु की आधार त्रिज्या 5cm है और इसकी ऊँचाई 12 cm है। इसका पूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल (cm² में) ज्ञात कीजिए।

(a) 34π (b) 90π

(c) 84π (d) 70π

RRB NTPC (Stage-2) 17/06/2022 (Shift-I)

Ans. (b) : दिया है,

त्रिज्या (r) = 5 cm

ऊंचाई (h) = 12 cm

तिर्यक ऊंचाई (l) $= \sqrt{5^2 + 12^2}$

$= \sqrt{169}$

= 13 cm

शंकु का पूर्ण पृष्ठीय क्षे. $= \pi r (l + r)$

$= \pi \times 5 \times 18$

$= 90\pi$ cm²

153. एक लम्बवृत्तीय शंकु के आधार का व्यास 20 सेमी है और इसकी तिर्यक ऊँचाई 10.5 सेमी है। लम्बवृत्तीय शंकु का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। $\left[\pi = \frac{22}{7} \text{ मानिए}\right]$

(a) 165 सेमी² (b) 660 सेमी²

(c) 495 सेमी² (d) 330 सेमी²

RRB NTPC (Stage-2) 13/06/2022 (Shift-II)

Ans. (d) : दिया है–

शंकु का व्यास = 20 cm

तब त्रिज्या (r) $= \frac{20}{2} = 10$ cm

तिर्यक ऊँचाई (l) = 10.5 cm

वक्र पृष्ठ का क्षेत्रफल $= \pi r l$

$= \frac{22}{7} \times 10 \times 10.5$

$= 330$ cm²

154. एक शंकु के ठोस छिन्नक की ऊंचाई 8 cm है। यदि इसके निचले और ऊपरी सिरों की त्रिज्याएं क्रमशः 3 cm और 9 cm है, तो इसकी तिर्यक ऊंचाई ज्ञात कीजिए।

(a) 10 cm (b) 12 cm

(c) 15 cm (d) 9 cm

RRB NTPC 11.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : दिया है,

शंकु के छिन्नक की ऊँचाई (h) = 8 cm

ऊपरी सिरे की त्रिज्या (R) = 9 cm

निचले सिरे की त्रिज्या (r) = 3 cm

तिर्यक ऊँचाई $(l) = \sqrt{h^2 + (R-r)^2}$

$= \sqrt{8^2 + (9-3)^2}$

$= \sqrt{64+36}$

$= \sqrt{100}$

$= 10\text{cm}$

155. एक शंकु की त्रिज्या $\frac{r}{4}$ है और तिर्यक ऊँचाई $4l$ है, तो शंकु का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

(a) $\pi r(l+r)$ (b) $2\pi r(l+r)$

(c) $\pi r\left(l+\left(\frac{r}{16}\right)\right)$ (d) $2\pi rl$

RRB NTPC 15.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : दिया है,

त्रिज्या $(r) = \frac{r}{4}$

(तिर्यक ऊँचाई)$l = 4l$

शंकु का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल $= (\pi rl + \pi r^2)$

$= \pi\frac{r}{4}\times 4l + \pi\left(\frac{r}{4}\right)^2$

$= \pi rl + \pi\frac{r^2}{16}$

$= \boxed{\pi r\left(l+\frac{r}{16}\right)}$

156. एक शंकु का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए, यदि इसकी त्रिज्या और तिर्यक ऊँचाई क्रमशः 2r और $\frac{1}{2}$ है।

(a) $\pi r(2r+1)$ (b) $\frac{4r^2+1}{2}$

(c) $\pi r(4r+1)$ (d) $\pi(4r^2+1)$

RRB NTPC 17.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : शंकु का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल $= \pi rl + \pi r^2$

जहाँ, r = त्रिज्या

l = तिर्यक ऊँचाई

अतः, 2r त्रिज्या और $\frac{1}{2}$ तिर्यक ऊँचाई वाले शंकु का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल $= \pi\times 2r\times\frac{1}{2} + \pi(2r)^2$

$= \pi r + \pi 4r^2$

$= \pi r(1+4r)$

$= \pi r(4r+1)$

Type-10 : गोले/गोलार्द्ध पर आधारित प्रश्न

157. एक वर्ग का परिमाप, 56 cm लंबाई और 42 cm चौड़ाई वाले एक आयत के परिमाप के बराबर है। उस अर्धवृत्त का परिमाप (cm में) ज्ञात कीजिए, जिसका व्यास वर्ग की भुजा के बराबर हो। ($\pi = \frac{22}{7}$ मान लीजिए)

(a) 182 (b) 224

(c) 198 (d) 126

RRB NTPC (Stage-2) 17/06/2022 (Shift-III)

Ans. (d) : वर्ग का परिमाप = आयत का परिमाप

$= 2(l+b)$

$= 2(56+42)$

$= 2\times 98$

$= 196$ cm

$4 \times$ भुजा $= 196$

भुजा $= 49$ cm

अर्द्धवृत्त की त्रिज्या $= \frac{49}{2}$

अर्द्धवृत्त का परिमाप $= \pi r + 2r$

$= \frac{22}{7}\times\frac{49}{2} + 49$

$= 77+49 = 126$ cm

158. किसी गोले का पृष्ठ क्षेत्रफल 38.5 cm^2 है। गोले की त्रिज्या ज्ञात कीजिए।

[मान लीजिए - $\pi = \frac{22}{7}$]

(a) 1.8 cm (b) 1.4 cm

(c) 1.5 cm (d) 1.75 cm

RRB NTPC (Stage-2) 15/06/2022 (Shift-II)

Ans. (d) : गोले का पृष्ठीय क्षे. = 38.5

$4\pi R^2 = 38.5$

$R^2 = \frac{38.5}{4\times\frac{22}{7}}$

$R^2 = \frac{38.5\times 7}{4\times 22} = \frac{7\times 7}{4\times 4}$

$R = \frac{7}{4} = 1.75\text{cm}$

159. 24 cm आंतरिक त्रिज्या वाला एक अर्द्धगोलाकार कटोरा द्रव से पूर्णतया भरा हुआ है। इस द्रव को बेलनाकार बोतलों में भरा जाना है, जिनमें से प्रत्येक बोतल की आंतरिक त्रिज्या 6 cm और ऊंचाई 8 cm है। कटोरे को पूर्णतया खाली करने के लिए कितनी बोतलों की आवश्यकता होगी?

(a) 32 (b) 36

(c) 35 (d) 30

RRB NTPC (Stage-2) 17/06/2022 (Shift-II)

Ans. (a) : अर्द्धगोलाकार कटोरे को पूर्णतया खाली करने के लिए

बोतलों की संख्या $= \frac{\text{अर्द्धगोलाकार कटोरे का आयतन}}{\text{एक बेलनाकार बोतल का आयतन}}$

$= \frac{\frac{2}{3}\pi r_1^3}{\pi r_2^2 h} = \frac{\frac{2}{3}\times 24\times 24\times 24}{6\times 6\times 8}$

$=2\times 4\times 4$

$= 32$

अतः अर्द्धगोलाकार कटोरे को पूर्णतया खाली करने के लिए 32 बोतलों की आवश्यकता होगी।

160. किसी ठोस अर्धगोले का पूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल 1848 cm^2 है। अर्धगोले के समतल पृष्ठ के व्यास की लंबाई कितनी होगी ? [मान लीजिए : $\pi = \frac{22}{7}$]

(a) 35 cm (b) 21 cm

(c) 14 cm (d) 28 cm

RRB NTPC (Stage-2) 12/06/2022 (Shift-II)

Ans. (d) : अर्धगोले का पूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल $= 3\pi r^2$

$3\pi r^2 = 1848\ cm^2$

$\Rightarrow r^2 = \frac{1848}{3\pi}$

$\Rightarrow r^2 = \frac{1848\times 7}{3\times 22}$

$\Rightarrow r^2 = 196$

$\Rightarrow r^2 = (14)^2$

$\therefore$ त्रिज्या $(r) = 14$

व्यास $= 2r$

$= 2\times 14$

$= 28$ cm

161. क्रमशः 6 सेमी. 8 सेमी. और 10 सेमी. त्रिज्याओं वाले सोने के तीन ठोस गोलाकार मानकों को पिघलाकर एक गोलाकार मनका बनाया जाता है, इस प्रकार निर्मित बड़े मनके की त्रिज्या (सेमी.) ज्ञात कीजिए।

(a) 15 सेमी. (b) 12 सेमी.

(c) 13 सेमी. (d) 16 सेमी.

RRB NTPC (Stage-2) 15/06/2022 (Shift-III)

Ans. (b) : बड़े गोलाकार मनके का आयतन = तीनों छोटे मनको के आयतन का योग-

$\frac{4}{3}\pi R^3 = \frac{4}{3}\pi r_1^3 + \frac{4}{3}\pi r_2^3 + \frac{4}{3}\pi r_3^3$

$R^3 = (6)^3 + (8)^3 + (10)^3$

$= 216 + 512 + 1000$

$R = \sqrt[3]{1728}$

$R = 12$ cm.

162. एक अर्द्धगोले का पूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल $108\pi\ cm^2$ है। उस अर्द्धगोले का आयतन कितना होगा?

(a) $216\pi\ cm^3$ (b) $108\sqrt{6}\pi\ cm^3$

(c) $144\pi\ cm^3$ (d) $54\sqrt{3}\pi\ cm^3$

RRB NTPC (Stage-2) 15/06/2022 (Shift-III)

Ans. (c) : अर्द्धगोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल $= 108\ cm^2$

$3\pi r^2 = 108\pi$

$r^2 = 36$

$r = 6$ cm

$\therefore$ अर्द्धगोले का आयतन $= \frac{2}{3}\pi r^3$

$= \frac{2}{3}\times\pi\times 6\times 6\times 6$

$= 144\pi\ cm^3$

163. एक गोलाकार गुब्बारे में और अधिक हवा भरने पर उसकी त्रिज्या 5 cm से बढ़कर 10 cm हो जाती है। मूल गुब्बारे और फुलाए गए गुब्बारे के पृष्ठीय क्षेत्रफल का अनुपात ज्ञात कीजिए।

(a) 1 : 4 (b) 1 : 8

(c) 2 : 1 (d) 1 : 2

RRB NTPC 09.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : हवा भरने से पहले त्रिज्या $(r_1) = 5$ cm

हवा भरने के बाद त्रिज्या $(r_2) = 10$ cm

गोलाकार गुब्बारे का पृष्ठीय क्षेत्रफल $(A_1) = 4\pi r_1^2 = 4\times\pi\times 5^2$

$= 100\pi$

पृष्ठीय क्षेत्रफल $(A_2) = 4\pi r_2^2 = 4\times\pi\times 10^2 = 400\pi$

अभीष्ट अनुपात $= \frac{A_1}{A_2} = \frac{100\pi}{400\pi}$

$\boxed{A_1 : A_2 = 1:4}$

164. यदि दो गोलों के आयतनों का अनुपात 8 : 27 है तो दोनों गोलों के पृष्ठीय क्षेत्रफलों का अनुपात ज्ञात कीजिए।

(a) 8 : 27 (b) 2 : 3

(c) 4 : 3 (d) 4 : 9

RRB NTPC 08.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : प्रश्न से,

दो गोलों के आयतनों का अनुपात $= \frac{8}{27}$

$\frac{\frac{4}{3}\pi R_1^3}{\frac{4}{3}\pi R_2^3} = \frac{8}{27}$

$\frac{R_1}{R_2} = \frac{2}{3}$

अतः पृष्ठीय क्षेत्रफलों का अनुपात $= \frac{4\pi R_1^2}{4\pi R_2^2} = \frac{R_1^2}{R_2^2} = \frac{4}{9}$

$= 4 : 9$

165. उन दो गोलो के आयतनों का अनुपात ज्ञात कीजिए, जिनके वक्र पृष्ठों के क्षेत्रफलों का अनुपात 1:4 है।

(a) 8 :13 (b) 1:4

(c) 1:8 (d) 8:1

RRB NTPC 01.02.2021 (Shift-II) Stage I

Ans. (c) : गोले के वक्र पृष्ठ का क्षे. $= 4\pi r^2$
माना छोटे गोले की त्रिज्या r_1 तथा बड़े गोले की त्रिज्या r_2 है।

$$\frac{\text{छोटे गोले का वक्र पृ.क्षेत्र.}}{\text{बड़े गोले का वक्र पृ.क्षेत्र.}} = \frac{1}{4}$$

$$\frac{4\pi r_1^2}{4\pi r_2^2} = \frac{1}{4}$$

$$\frac{r_1}{r_2} = \frac{1}{4}$$

$$\frac{\text{छोटे गोले का आयतन}}{\text{बड़े गोले का आयतन}} = \frac{\frac{4}{3}\pi r_1^3}{\frac{4}{3}\pi r_2^3} = \frac{1}{(2)^3} = \frac{1}{8}$$

अतः, अनुपात = 1 : 8

166. यदि एक गोले का आयतन 4851 cm^3 दिया गया है, तो इसका व्यास ज्ञात कीजिए। $\left[\pi = \frac{22}{7} \text{ लें}\right]$

(a) 42 सेमी. (b) 21 सेमी.
(c) 28 सेमी. (d) 10.5 सेमी.

RRB NTPC 31.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : ∵ गोले का आयतन $= \frac{4}{3}\pi r^3$

$$\frac{4}{3}\times\frac{22}{7}\times r^3 = 4851$$

$$r^3 = \frac{441\times 21}{4\times 2}$$

$$r^3 = \frac{21\times 21\times 21}{2\times 2\times 2}$$

$$r = \frac{21}{2}$$

$$\text{व्यास } (2r) = \frac{21}{2}\times 2 = 21 \text{ cm}$$

167. यदि पृष्ठीय क्षेत्रफल S वाले एक ठोस गोले को दो त्रिज्यीय तलों द्वारा चार समान भागों में काटा जाता है। सभी भागों का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल क्या होगा ?

(a) S हो जाता है (b) 4S हो जाता है।
(c) 2S हो जाता है। (d) 3S हो जाता है।

RRB NTPC 13.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : ठोस गोले को लम्बवत तथा क्षैतिज से कट लगाने पर चार वृत्त के बराबर पृष्ठीय क्षेत्र में वृद्धि होगी तथा उन वृत्तों की त्रिज्या भी ठोस गोले की त्रिज्या के बराबर होगी।

अतः ठोस गोले के पृष्ठीय सतह का क्षे. $= 4\pi r^2$

या $S = 4\pi r^2$

लम्बवत तथा क्षैतिज कट लगाने के बाद चारों टुकड़ो का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल $= 4\pi r^2 + 4\pi r^2$

$= 8\pi r^2$

$= 2\times 4\pi r^2$

$= 2\ S$

168. एक ठोस गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल क्या होगा यदि उसकी त्रिज्या 1.5 सेमी. है? ($\pi = \frac{22}{7}$)

(a) 190/21 वर्ग सेमी. (b) 190/7 वर्ग सेमी.
(c) 198/7 वर्ग सेमी. (d) 198/21 वर्ग सेमी.

RRB NTPC 19.01.2017 Shift : 1

Ans : (c) ठोस गोले का पृष्ठीय क्षेत्र $= 4\pi r^2$

$r = 1.5\text{cm.}, \quad \pi = \frac{22}{7}$

$= 4\times\frac{22}{7}\times(1.5)^2 \quad = \frac{198}{7}$ वर्ग सेमी.

169. एक ठोस गोले का क्षेत्रफल ज्ञात करें जिसकी त्रिज्या 2cm. है– (दिया है $\pi = \frac{22}{7}$)

(a) 352/7 सेमी.^{2} (b) 350/21 सेमी.^{2}
(c) 352/21 सेमी.^{2} (d) 350/7 सेमी.^{2}

RRB NTPC 19.01.2017 Shift : 3

Ans : (a) गोले का क्षे. $= 4\pi r^2 = 4\times\frac{22}{7}\times(2)^2$

$= \frac{16\times 22}{7} = \boxed{\frac{352}{7}}$ सेमी.^{2}

Type-11 : विविध

170. किसी आयताकार लॉन का क्षेत्रफल 7260m^2 है और इसकी भुजाओं का अनुपात 5 : 3 है। इसका परिमाप एक वृत्ताकार बगीचे का परिधि के बराबर है। उस वृत्ताकार बगीचे का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। (मान लीजिए $\pi = \frac{22}{7}$)

(a) 7260 m^2 (b) 9878 m^2
(c) 9856 m^2 (d) 8712 m^2

RRB NTPC (Stage-2) 14/06/2022 (Shift-I)

Ans. (c) : दिया है :–
माना, आयताकार लॉन की भुजाएं क्रमशः 5x और 3x है।
आयताकार लॉन का क्षेत्रफल = 7260

$5x \times 3x = 7260$

$x^2 = 484 \Rightarrow x = 22$ m.

आयताकार लॉन का परिमाप = वृत्ताकार बगीचें की परिधि

$\Rightarrow \quad 2(5x + 3x) = 2\pi r$

$\Rightarrow \quad 2\times 8\times 22 = 2\times\frac{22}{7}\times r$

$\Rightarrow \quad r = 56$ m .

$\therefore$ वृत्ताकार बगीचें का क्षेत्रफल $= \pi r^2$

$= \frac{22}{7}\times 56\times 56 = 9856\ m^2$

171. 3 cm त्रिज्या वाले ठोस धात्विक गोले को पिघलाकर 4 mm मोटाई का एक तार बनाया जाता है। तार की लंबाई (m में) कितनी होगी?

(a) 7.5 (b) 8
(c) 9 (d) 9.25

RRB NTPC (Stage-2) 12/06/2022 (Shift-I)

Ans. (c) : दिया है,

$d = 4mm = \frac{4}{10}cm.$

तार की त्रिज्या $= \frac{1}{2} \times \frac{4}{10} = 0.2cm.$

तार का आयतन = गोले का आयतन

$\therefore \pi(0.2)^2 h = \frac{4}{3}\pi(3)^3$

$0.04 \times h = \frac{4}{3} \times 27$

$0.04 \times h = 36$

$h = \frac{36}{0.04} \Rightarrow h = \frac{36 \times 100}{4}$

$h = 9 \times 100\ cm \Rightarrow h = 9\ m.$

172. किसी समष्टभुज की प्रत्येक भुजा की लंबाई $2\sqrt{3}$ cm है। दिए गए षट्भुज का क्षेत्रफल कितना होगा ?

(a) 54 cm^2 (b) $18\sqrt{3}$ cm^2

(c) 18 cm^2 (d) $24\sqrt{3}$ cm^2

RRB NTPC (Stage-2) 17/06/2022 (Shift-II)

Ans. (b) : दिया है-

समषट्भुज की प्रत्येक भुजा की लंबाई $= 2\sqrt{3}cm.$

प्रश्नानुसार,

समषट्भुज का क्षेत्रफल $= \frac{3\sqrt{3}a^2}{2}$

$= \frac{3\sqrt{3} \times \left(2\sqrt{3}\right)^2}{2} = \frac{3\sqrt{3} \times 12}{2}$

$= \boxed{18\sqrt{3}\,cm^2}$

173. ABCDEF एक सम षट्भुज है और m ($\overline{BE}$) = 14 cm है। षट्भुज का परिमाप ज्ञात कीजिए।

(a) 42 सेमी (b) 30 सेमी

(c) 48 सेमी (d) 36 सेमी

RRB NTPC (Stage-2) 13/06/2022 (Shift-II)

Ans. (a) : दिया गया षट्भुज– A B C D E F

m ($\overline{BE}$) = 14 cm



तब भुजा $= \frac{14}{2}$

$= 7\ cm$

अतः षट्भुज का परिमाप $= 6 \times$ भुजा

$= 6 \times 7$

$= 42\ cm$

174. एक तंबू 6 मीटर की ऊँचाई तक बेलनाकार और उसके ऊपर शंक्वाकार है। इसके आधार का व्यास 90 मी. और शंक्वाकार भाग की ऊँचाई 28 मी. है। इसे बनाने में प्रयुक्त कैनवास का क्षेत्रफल (मी.^{2} में) कितना होगा?

(a) 2925π (b) 2905π

(c) 2895π (d) 2940π

RRB NTPC (Stage-2) 13/06/2022 (Shift-II)

Ans. (a) :



व्यास = 90 m

त्रिज्या $r = \frac{90}{2} = 45\ m$

$l^2 = r^2 + h^2$

$l^2 = (45)^2 + (28)^2$

$l = \sqrt{2025 + 784}$

$= \sqrt{2809}$

$= 53$

इसे बनाने में प्रयुक्त कैनवास = बेलन का वक्रपृष्ठ + शंकु का वक्रपृष्ठ $2\pi rh + \pi rl$

$= \pi r(2h + l)$

$= \pi \times 45\ (12 + 53)$

$= \pi \times 45 \times 65$

$= 2925\ \pi\ m^2$

175. उस वर्ग का परिमाप (cm में) ज्ञात कीजिए, जिसका क्षेत्रफल, 8 cm और 16 cm विकर्णों वाले एक समचतुर्भुज के क्षेत्रफल के बराबर है।

(a) 32 (b) 34

(c) 36 (d) 35

RRB NTPC (Stage-2) 12/06/2022 (Shift-II)

Ans. (a) : समचतुर्भुज का क्षेत्रफल $= \frac{1}{2} \times d_1 \times d_2$

(जहाँ d =विकर्ण)

$= \frac{1}{2} \times 8 \times 16$

$= 64\ cm^2$

प्रश्नानुसार, वर्ग का क्षेत्रफल = समचतुर्भुज का क्षेत्रफल

वर्ग की भुजा $= \sqrt{\text{समचतुर्भुज का क्षेत्रफल}}$

$= \sqrt{64}$

$= 8cm$

वर्ग का परिमाप = भुजा×4

$= 8 \times 4$

$= 32\ cm$

176. दो समबहुभुजों की भुजाओं की संख्या समान है। उनकी लम्बाइयों का अनुपात 7 : 5 है और बड़े बहुभुज का क्षेत्रफल 1127 cm^2 है। छोटे बहुभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

(a) 565 cm^2 (b) 585 cm^2
(c) 575 cm^2 (d) 550 cm^2

RRB NTPC 14.03.2021 (Shift-I) Stage I

Ans. (c) : समबहुभुज का क्षेत्रफल $= \frac{3\sqrt{3}}{2}a^2$

$\therefore \frac{\text{बड़े बहुभुज का क्षेत्रफल } (A_1)}{\text{छोटे बहुभुज का क्षेत्रफल } (A_2)} = \frac{(a_1)^2}{(a_2)^2}$

$\Rightarrow \frac{1127}{A_2} = \frac{(7)^2}{(5)^2} \Rightarrow A_2 = 23 \times 5 \times 5$

$\Rightarrow A_2 = 575\ cm^2$

अतः छोटे बहुभुज का क्षेत्रफल = 575 cm^2

177. एक त्रिभुज और एक समांतर चतुर्भुज समान आधार पर और समान समानांतर रेखाओं के बीच निर्मित है, तो त्रिभुज का क्षेत्रफल इनमें से किसके बराबर होगा ?

(a) समांतर चतुर्भज के क्षेत्रफल के एक-तिहाई के बराबर
(b) समांतर चतुर्भुज के क्षेत्रफल के आधे के बराबर
(c) समांतर चतुर्भुज के क्षेत्रफल के तीन-चौथाई के बराबर
(d) समांतर चतुर्भुज के क्षेत्रफल के बराबर

RRB NTPC 10.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) :



चित्र से,

ΔABD का क्षेत्रफल $= \frac{1}{2}$ समान्तर चतुर्भुज ABCD का क्षेत्रफल

अतः उपरोक्त से स्पष्ट है कि यदि एक त्रिभुज और एक समांतर चतुर्भुज सामान आधार पर और समानांतर रेखाओं के बीच निर्मित है, तो त्रिभुज का क्षेत्रफल समांतर चतुर्भुज के क्षेत्रफल के आधे के बराबर होगा।

178. यदि एक बेलन के आधार और ऊँचाई, एक शंकु के आधार और ऊँचाई के क्रमशः बराबर हैं, तो बेलन और शंकु के आयतनों का अनुपात ज्ञात कीजिए।

(a) 1 : 3 (b) 2 : 3
(c) 3 : 2 (d) 3 : 1

RRB NTPC 08.02.2021 (Shift-II) Stage I

Ans. (d) : प्रश्नानुसार,
माना बेलन तथा शंकु का आधार = d
तब त्रिज्यायें = d/2 = r (माना)
तथा ऊँचाईया = h (माना)
तो,

$\frac{\text{बेलन का आयतन}}{\text{शंकु का आयतन}} = \frac{\pi r^2 h}{\frac{1}{3}\pi r^2 h}$

अतः अभीष्ट आनुपात = 3 : 1

179. 6 सेमी लम्बाई, 4 सेमी. चौड़ाई और 4 सेमी. ऊँचाई वाले एक घनाभ को पिघलाकर 2 सेमी. भुजा वाले कितने घन बनाए जा सकते हैं?

(a) 14 (b) 16
(c) 12 (d) 18

RRB NTPC 05.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : घनाभ का आयतन = *l*bh
= 6 × 4 × 4 = 96 सेमी.^{3}
एक 2 cm भुजा वाले घन का आयतन = $a^3 = 2^3 = 8$ सेमी.^{3}
तो, अभीष्ट घनों की संख्या $= \frac{\text{घनाभ का आयतन}}{\text{एक घन का आयतन}}$

$= \frac{96}{8} = 12$ घन

180. प्रत्येक 16 cm की भुजा वाले 3 घनों के सिरों को मिलाते हुए एक पंक्ति में जोड़ा जाता है। इस प्रकार निर्मित घनाभ का पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

(a) 3584 cm^2 (b) 3588 cm^2
(c) 3600 cm^2 (d) 3564 cm^2

RRB NTPC 30.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) :



∴ घनाभ का पृष्ठीय क्षेत्रफल = 2(lb + bh + hl)
= 2(48 × 16 + 16 × 16 + 16 × 48)
=2 (48 × 16 + 48 × 16 + 256)
=2(1536 + 256)
=2 × 1792
=3584 cm^2

181. 21 सेमी. भुजा वाले एक वर्ग के भीतर निर्मित किए जा सकने वाले वृहत्तम वृत्त का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

(a) 351.5 cm^2 (b) 350.5 cm^2
(c) 346.5 cm^2 (d) 347 cm^2

RRB NTPC 17.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : प्रश्नानुसार,



$\because$ त्रिज्या $= \frac{\text{व्यास}}{2} = \frac{\text{वर्ग की भुजा}}{2}$

$= \frac{21}{2} = 10.5$ cm

$\therefore$ वृत्त का क्षेत्रफल $= \pi r^2$

$= \frac{22}{7} \times 10.5 \times 10.5$

$= 346.5\ cm^2$

182. एक आयत के अंदर 1250π cm^2 क्षेत्रफल वाला एक अर्धवृत्त खींचा गया है। अर्धवृत्त का व्यास आयत की लंबाई के संपाती है। आयत का क्षेत्रफल ज्ञात करें?

(a) 4000 सेमी.^{2} (b) 3000 सेमी.^{2}
(c) 2000 सेमी.^{2} (d) 5000 सेमी.^{2}

RRB NTPC 13.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : प्रश्नानुसार,



आयत की ल. = 2r
आयत की चौड़ाई = r
आयत का क्षेत्रफल = लं.×चौ.
$= 2r \times r = 2r^2$

पुनः प्रश्नानुसार, $\frac{\pi r^2}{2} = 1250\pi$

$r^2 = 2500 \Rightarrow r = 50$

आयत का क्षे. $= 2r^2 = 2\times(50)^2$
$= 5000$ सेमी.^{2}

183. 6 सेमी. व्यास वाले सीसे के कुछ गोले एक बेलनाकार बीकर, जिसमें कुछ पानी भरा हुआ है, में इस तरह डाले जाते हैं कि वे पूरी तरह से डूब जाते हैं। यदि बीकर का व्यास 9 सेमी है और पानी का स्तर 32 सेमी. बढ़ चुका है, तो बीकर में डाले गए सीसे के गोलों की संख्या ज्ञात कीजिए?

(a) 16 (b) 14
(c) 18 (d) 15

RRB NTPC 04.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : माना सीसे के गोले की संख्या n है।

बीकर की त्रिज्या $= \frac{\text{व्यास}}{2} = \frac{9}{2}$ cm

प्रत्येक गोले की त्रिज्या $= \frac{6}{2} = 3$ cm

प्रश्नानुसार,

गोले का आयतन × n = बेलनाकार बीकर में उठे पानी का आयतन

$\frac{4}{3}\pi r_1^3 \times n = \pi r_2^2 h$

$\frac{4}{3}\pi(3)^3 \times n = \pi(9/2)^2 \times 32$

$n = \frac{81}{4} \times 32 \times \frac{3}{4} \times \frac{1}{27}$

$n = 9 \times 2$

$\boxed{n = 18}$

184. सबसे लंबे खंभे की लम्बाई ज्ञात कीजिए, जिसे 30 m × 15 m × 10 m की विमाओं वाले कमरे में रखा जा सकता हो।

(a) 31 m (b) 35 m
(c) 33 m (d) 18 m

RRB NTPC 30.12.2020 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : कमरे लम्बाई (l) = 30 m
चौड़ाई (b) = 15 m
ऊँचाई (h) = 10 m

कमरे का विकर्ण ही सबसे लम्बे खम्भे की लम्बाई होगी

विकर्ण $= \sqrt{l^2 + b^2 + h^2}$
$= \sqrt{30^2 + 15^2 + 10^2}$
$= \sqrt{900 + 225 + 100}$
$= \sqrt{1225}$
$= 35$ m

185. एक गोले की त्रिज्या 'r', एक लंब वृत्तीय बेलन के आधार की त्रिज्या के बराबर है। इन दोनों ठोसों का कुल आयतन $\frac{7}{3}\pi r^3$ है। यदि 'h' बेलन की ऊँचाई है, तो $\frac{h}{r}$ का मान ज्ञात कीजिए।

(a) 1 (b) 1.5
(c) 3 (d) 2

RRB NTPC 23.07.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : गोले का आयतन $= \frac{4}{3}\pi r^3$

लंब वृत्तीय बेलन का आयतन $= \pi r^2 h$

दोनों का कुल आयतन $= \frac{7}{3}\pi r^3$

या $\frac{4}{3}\pi r^3 + \pi r^2 h = \frac{7}{3}\pi r^3$

$\frac{7}{3}\pi r^3 - \frac{4}{3}\pi r^3 = \pi r^2 h$

82. यदि α और β बहुपद $f(x) = kx^2 + 4x + 4$ के ऐसे शून्यक है कि $\alpha^2 + \beta^2 = 24$ है तो k का धनात्मक मान ज्ञात कीजिए।

(a) $\frac{3}{4}$ (b) $\frac{1}{3}$

(c) $\frac{4}{3}$ (d) $\frac{2}{3}$

RRB NTPC 13.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : $f(x) = kx^2 + 4x + 4$

$f(x) = ax^2 + bx + c$ से तुलना करने पर–

$a = k, b = 4, c = 4$

मूलों का योग $(\alpha + \beta) = \frac{-b}{a}$

$= \frac{-4}{k}$

मूलों का गुणनफल $(\alpha.\beta.) = \frac{c}{a} = \frac{4}{k}$

$\alpha^2 + \beta^2 = 24$ (दिया है)

$(\alpha + \beta)^2 = \alpha^2 + \beta^2 + 2\alpha.\beta$

$\left(\frac{-4}{k}\right)^2 = 24 + \frac{8}{k}$

$24k^2 + 8k - 16 = 0$

$3k^2 + k - 2 = 0$

$3k^2 + 3k - 2k - 2 = 0$

$(k + 1)(3k - 2) = 0$

$= -1, \frac{2}{3}$

$k = \frac{2}{3}$

83. निम्नलिखित में से कौन सा द्विघाती समीकरण नही है?

(a) $(x+2)^2 = 2x(x+1)$

(b) $(x+1)^2 = 2(x-3)$

(c) $m(2m+3) = m^2 + 1$

(d) $x^2 + 3x + 1 = (x-2)^2$

RRB NTPC 19.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : दिये गये विकल्पों से–

(a) $(x + 2)^2 = 2x(x + 1)$

$x^2 + 4 + 4x = 2x^2 + 2x \Rightarrow x^2 - 2x - 4 = 0$

(b) $(x + 1)^2 = 2(x - 3)$

$x^2 + 1 + 2x = 2x - 6 \Rightarrow x^2 + 7 = 0$

(c) $m(2m + 3) = m^2 + 1$

$2m^2 + 3m = m^2 + 1 \Rightarrow m^2 + 3m - 1 = 0$

(d) $x^2 + 3x + 1 = (x - 2)^2$

$x^2 + 1 + 3x = x^2 + 4 - 4x$

$\Rightarrow 7x - 3 = 0$ (सरल रैखिक समीकरण)

84. इनमें से किस समीकरण के मूल – 2 और 3 हैं?

(a) $x^2 - x + 6 = 0$ (b) $x^2 - x - 6 = 0$

(c) $x^2 - 5x + 6 = 0$ (d) $x^2 + 3x - 6 = 0$

RRB NTPC 22.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : दिए गए मूल $\alpha = -2,\ \beta = 3$

समी. $x^2 - (\alpha + \beta)x + \alpha\beta = 0$

$x^2 - (-2 + 3)x + (-2)3 = 0$

$x^2 - x - 6 = 0$

85. यदि समीकरण $(4+m)x^2+(m+1)x+1 = 0$ के मूल बराबर हैं, तो m का मान ज्ञात कीजिए।

(a) $m = 0, 5$ (b) $m = -1, -3$

(c) $m = 2, 3$ (d) $m = 5, -3$

RRB NTPC 12.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) $(4 + m)x^2 + (m + 1)x + 1 = 0$ के मूल बराबर है।

$\because$ द्विघात समीकरण $ax^2 + bx + c = 0$ का

विविक्तकर $(D) = b^2 - 4ac = 0$

$(m + 1)^2 - 4 \times (4 + m) \times 1 = 0$

$m^2 + 1 + 2m - 16 - 4m = 0$

$m^2 - 2m - 15 = 0$

$m^2 - 5m + 3m - 15 = 0$

$m(m - 5) + 3(m - 5) = 0$

$(m - 5)(m + 3) = 0$

$\therefore\ m = 5, -3$

86. बहुपद $5x^2 + (5p - 1)x - (2p + 5)$ के शून्यों (zero) का योग, उनके गुणनफल के एक चौथाई के बराबर है। तो p का मान ज्ञात कीजिए।

(a) -2 (b) 2

(c) $-\frac{1}{2}$ (d) $\frac{1}{2}$

RRB NTPC 09.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : $5x^2 + (5p - 1)x - (2p + 5) = 0$

शून्यों का योग $= \frac{-b}{a} = -\frac{(5p-1)}{5}$

शून्यों का गुणनफल $= \frac{c}{a} = -\frac{(2p+5)}{5}$

प्रश्नानुसार, $\frac{(5p-1)}{5} = \frac{(2p+5)}{5} \times \frac{1}{4}$

$20P - 4 = 2p + 5$

$18p = 9$

$P = \frac{1}{2}$

87. यदि द्विघात समीकरण $2x^2 + px - 15 = 0$ और द्विघात समीकरण $p(kx^2 + x) = 0$ का मूल –5 है, तो p और k के मान क्या है?

(a) 7, 0.2 (b) 7, –0.2

(c) –7, 0.4 (d) –7,–0.2

RRB NTPC 08.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : $2x^2+Px-15=0,\ P(Kx^2+x)=0$

$\because$ मूल $=-5$ समीकरण में रखने पर–

$\therefore 2\times(-5)^2+P(-5)-15=0$

$P\times5=35$

$P=7$

पुनः $P(Kx^2+x)=0$

$7\left[K(-5)^2+(-5)\right]=0$

$7\times(K\times25-5)=0$

$175K-35=0$

$K=\frac{35}{175}$

$K=\frac{5}{25}=0.2$

$K=0.2$

अतः P और K का मान क्रमशः 7 एवं 0.2 है।

88. यदि बहुपद $x^2+8x+15k$ के मूलों के वर्गों का योग 34 है, तो k मान ज्ञात कीजिए।

(a) 1 (b) 2

(c) -1 (d) 3

RRB NTPC 06.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : द्विघात समीकरण $ax^2+bx+c=0$ से,

माना a तथा b दिए गए बहुपद के मूल हैं।

मूलों का योग $=\frac{-b}{a}$

तथा मूलो का गुणनफल $=\frac{c}{a}$

तब $a+b=-8,\ ab=15k$

प्रश्नानुसार,

$a^2+b^2=34$

$(a+b)^2-2ab=34$

$(-8)^2-30k=34$

$64-30k=34$

$30k=30$

$k=1$

89. निम्नलिखित में से कौन सा द्विघातीय समीकरण नहीं है?

(a) $m(2m+3)=m^2+1$

(b) $(y-2)^2+1=2y-3$

(c) $x(x+1)+8=(x+2)(x-2)$

(d) $(m-2)^3=m^3-4$

RRB NTPC 20.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : विकल्प (c) से,

$x(x+1)+8=(x+2)(x-2)$

$x^2+x+8=x^2-2x+2x-4$

$x^2+x+8-x^2+4=0$

$x+12=0$

अतः विकल्प (c) द्विघात समीकरण नहीं है।

90. यदि समीकरणों $x^2+ax+b=0$ और $x^2+bx+a=0$ का मूल उभयनिष्ठ है, तो $a+b$ का मान क्या होगा? (जहाँ a, b के बराबर नहीं है)

(a) 2 (b) –1

(c) 0 (d) 1

RRB NTPC 18.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b)

$x^2+ax+b=0$ …(i)

$x^2+bx+a=0$ … (ii)

समी. (i) और समी. (ii) उभयनिष्ठ मूल रखता है तो माना वह मूल α हो तो समी. (i) और (ii) से

$\alpha^2+a\alpha+b=0$

$-\alpha^2-b\alpha-a=0$

$\alpha(a-b)+(b-a)=0$

$\alpha(a-b)=a-b$

$\alpha=1$

α का मान समी. (i) में रखने पर

$x^2+ax+b=0$

$1+a+b=0$

$a+b=-1$

91. यदि द्विघात बहुपद $f(x)=x^2-8x+k$ के शून्यकों के वर्गों का योग 40 है, तो k का मान ज्ञात कीजिए।

(a) 12 (b) 10

(c) 14 (d) 11

RRB NTPC 16.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : दिया है,

$x^2-8x+k=0$ .....(i)

माना समी. के मूल α और β है।

अतः $\alpha^2+\beta^2=40$

ax^2+bx+c से तुलना करने पर

$a=1$

$b=-8$

$c=K$

मूलों का योग $(\alpha+\beta)=\frac{-b}{a}$

$\alpha+\beta=8\Rightarrow(\alpha+\beta)^2=8^2=64$

$\alpha\beta=k$

$\frac{c}{q}=k$

$\alpha^2+\beta^2+2\alpha\beta=64$

$40+2\times k=64$

$2k=24$

$k=12$

92. यदि α और β बहुपद x^2-5x+m के ऐसे मूल हैं कि $\alpha-\beta=1$, तब m का मान कितना होगा?

(a) 3 (b) 6

(c) 10 (d) 2

RRB NTPC 12.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : $x^2-5x+m=0$

मूलों का योगफल $\alpha+\beta=\frac{-b}{a}=\frac{5}{1}$

$\alpha-\beta=1$

$\alpha+\beta=5$

$2\alpha=6$

$\alpha=3$

$\therefore\quad\beta=2$

$\Rightarrow\quad\alpha\beta=\frac{c}{a}=m$

$\therefore\quad m=3\times2=6$

93. यदि α और β बहुपद $f(x) = x^2 - 5x + k$ के शून्य इस तरह से हैं, कि $\alpha - \beta = 1$ है, तो k का मान ज्ञात करें।

(a) 3 (b) 5
(c) 6 (d) 4

RRB NTPC 11.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : दिया हैं, $f(x) = x^2 - 5x + k$

$\alpha - \beta = 1$ --------- (i)

$\because$ मूलो का योगफल $(\alpha + \beta) = \frac{\text{-x का गुणांक}}{x^2 \text{ का गुणांक}}$

$\alpha + \beta = \frac{-(-5)}{1}$

$\alpha + \beta = 5$ ---------- (ii)

$\because$ मूलो का गुणनफल $(\alpha \cdot \beta) = \frac{\text{अचर पद}}{x^2 \text{ का गुणांक}}$

$\alpha.\beta = k$

समी. (i) व समी. (ii) को हल करने पर -

$\alpha - \beta = 1$
$\alpha + \beta = 5$
$+ \quad + \quad +$
$2\alpha = 6$
$\alpha = 3 \ , \ \beta = 2$
$\alpha . \beta = k$
$3 \times 2 = k$
$k = 6$

अतः k का मान 6 है।

94. समीकरण $x^2 - 7x + 12 = 0$ के मूल ज्ञात कीजिए।

(a) 5, 6 (b) 3, 4
(c) 2, 3 (d) 7, 8

RRB NTPC 08.02.2021 (Shift-II) Stage I

Ans. (b) : $x^2 - 7x + 12 = 0$

$\Rightarrow x^2 - 4x - 3x + 12 = 0$

$\Rightarrow x(x-4) - 3(x-4) = 0$

$\Rightarrow (x-4)(x-3) = 0$

$\Rightarrow x = 4, \quad x = 3$

$\Rightarrow x = 3, 4$

95. यदि समीकरण $x^2 - 19x + 88 = 0$ का एक मूल 8 है, तो दूसरा मूल ज्ञात कीजिए।

(a) 13 (b) 11
(c) 17 (d) 12

RRB NTPC 03.02.2021 (Shift-II) Stage I

Ans. (b) : समीकरण $x^2 - 19x + 88 = 0$ के दो मूल α तथा β है।

प्रश्नानुसार $\alpha = 8$

मूलो का गुणनफल = 88

$\alpha \beta = 88$

$8\beta = 88$

$\beta = \frac{88}{8} = 11$

अतः दूसरा मूल 11 है।

96. यदि समीकरण $2x^2 - 8x - m = 0$ का एक मूल $\frac{5}{2}$ हैं। तो समीकरण का दूसरा मूल और m का मान क्रमशः क्या होंगे?

(a) $-\frac{3}{2}$ and $\frac{15}{2}$ (b) $\frac{5}{2}$ and $-\frac{15}{2}$
(c) $\frac{3}{2}$ and $-\frac{15}{2}$ (d) $-\frac{5}{2}$ and $\frac{15}{2}$

RRB NTPC 07.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : दिया है-

पहला मूल $(\alpha) = \frac{5}{2}$

माना दूसरा मूल β है। तो,

$\because$ मूलों का योगफल $= \frac{-x \text{ का गुणांक}}{x^2 \text{ का गुणांक}} = \frac{8}{2}$

$\frac{5}{2} + \beta = \frac{8}{2} \Rightarrow \beta = \frac{3}{2}$

$\because$ मूलों का गुणनफल $= \frac{\text{अचर पद}}{x^2 \text{का गुणांक}}$

$\frac{5}{2} \times \beta = \frac{-m}{2}$

$\frac{5}{2} \times \frac{3}{2} = \frac{-m}{2}$

$m = \frac{-2 \times 15}{4}$

$m = \frac{-15}{2}$

97. यदि $x^4 - 6x^2 - 1 = 0$ है, तो $(x^6 - x^{-6}) - 3(x^4 + x^{-4})$ का मान क्या होगा?

(a) 178 (b) 148
(c) 120 (d) 156

RRB NTPC (Stage-2) 13/06/2022 (Shift-I)

Ans. (c) : $x^4 - 6x^2 - 1 = 0$

दोनों पक्षों में x^2 से भाग देने पर–

$x^2 - 6 - \frac{1}{x^2} = 0 \Rightarrow x^2 - \frac{1}{x^2} = 6$ .... (1)

समीकरण (1) का घन करने पर–

$x^6 - \frac{1}{x^6} - 3x^2 \frac{1}{x^2}\left(x^2 - \frac{1}{x^2}\right) = 216$

$x^6 - \frac{1}{x^6} = 216 + 18 = 234$ .....(2)

समीकरण (1) का वर्ग करने पर–

$x^4 + \frac{1}{x^4} - 2x^2 \frac{1}{x^2} = 36$

$x^4 + \frac{1}{x^4} = 36 + 2 = 38$ .....(3)

प्रश्नानुसार–

$(x^6 - x^{-6}) - 3(x^4 + x^{-4})$

$= \left(x^6 - \frac{1}{x^6}\right) - 3\left(x^4 + \frac{1}{x^4}\right)$

समीकरण (2) व समीकरण (3) के मान रखने पर–

$= 234 - 3 \times 38$

$= 234 - 114 = 120$

98. यदि x (x + y + z) = 30, y (x + y + z) = 64, z (x + y + z) = 50 है, तो 2 (x + y + z) का मान ज्ञात कीजिए, जहाँ x,y,z > 0 है।

(a) 22 (b) 26
(c) 24 (d) 20

RRB NTPC (Stage-2) 15/06/2022 (Shift-III)

Ans. (c) : दिया है,
$x(x+y+z) = 30$……(i) तथा $x, y, z > 0$
$y(x+y+z) = 64$……(ii)
$z(x+y+z) = 50$…….(iii)
समी. (i), (ii) व (iii) को जोड़ने पर
$(x+y+z)[x+y+z] = 30 + 64 + 50$
$(x+y+z)^2 = (12)^2$
$(x+y+z) = 12$
तब,
$2(x+y+z)$
$= 2 \times 12$
$= 24$

99. यदि (y + z) = 8 और yz = 6 है, तो $(y-z)^2$ का मान ज्ञात कीजिए।

(a) 49 (b) 36
(c) 40 (d) 44

RRB NTPC (Stage-2) 15/06/2022 (Shift-III)

Ans. (c) : दिया है,
$(y+z) = 8$
$yz = 6$
$(y-z)^2 = ?$
$(y+z)^2 = y^2 + z^2 + 2yz$
$(8)^2 = y^2 + z^2 + 2 \times 6$
$y^2 + z^2 = 64 - 12$
$y^2 + z^2 = 52$ .....(i)
अब पुनः $(y-z)^2 = y^2 + z^2 - 2yz$
$= 52 - 12$
$(y-z)^2 = 40$

100. यदि x + 2y = 27 और x – 2y = – 1 है, तो y का मान ज्ञात कीजिए।

(a) 3 (b) 4
(c) 7 (d) 6

RRB NTPC 31.03.2016 Shift : 2

Ans : (c) यदि $x + 2y = 27$ …….(1)
तब, $x - 2y = -1$ …….(2)
∴समी. (1) − समी. (2)
$x + 2y = 27$
$x - 2y = -1$
$- \quad + \quad +$
$4y = 28$
$y = 7$

101. हल कीजिए :
$(x + 2y)(2x - y)$

(a) $2x^2 + 5xy + 2y^2$ (b) $2x^2 + 3xy - 2y^2$
(c) $x^2 + 4xy + y^2$ (d) $x^2 + 4xy - y^2$

RRB NTPC 29.03.2016 Shift : 3

Ans : (b) $(x + 2y)(2x - y)$
$= 2x^2 - xy + 4xy - 2y^2$
$= 2x^2 + 3xy - 2y^2$

102. यदि (2a/m + b/n) = 2 तथा (a/m – b/n) = 4 है, तो क्रमशः 'a' तथा 'b' का मान ज्ञात कीजिए।

(a) 2m, –2n (b) –2n, 2m
(c) 2m, 2n (d) –2m, 2n

RRB NTPC 18.01.2017 Shift : 1

Ans : (a) $\frac{2a}{m} + \frac{b}{n} = 2$.....(i)
$\frac{a}{m} - \frac{b}{n} = 4$.....(ii)
समी. (i) व (ii) को जोड़ने पर,
$\frac{2a}{m} + \frac{a}{m} = 6 \Rightarrow \frac{3a}{m} = 6$
$\boxed{a = 2m}$
पुनः समी. (ii) में 2 का गुणा करके समी. (i) को घटाने पर,
$\frac{2a}{m} - \frac{2b}{n} = 8$
$\frac{2a}{m} + \frac{b}{n} = 2$
$-\frac{3b}{n} = 6$
$\boxed{b = -2n}$

103. यदि $\left(x^2 + \frac{1}{16x^2}\right) = \frac{19}{2}$ है, तो $\left(2x - \frac{1}{2x}\right)$ का मान ज्ञात करें।

(a) 6 (b) 12
(c) 32 (d) 41

RRB NTPC 19.04.2016 Shift : 3

Ans : (a) $x^2 + \frac{1}{16x^2} = \frac{19}{2}$
$\Rightarrow 4x^2 + \frac{1}{4x^2} = \frac{19}{2} \times 4$ (दोनों पक्षों में 4 से गुणा करने पर)
$\Rightarrow (2x)^2 + \frac{1}{(2x)^2} = 38$ .....(i)
$\therefore \left(2x - \frac{1}{2x}\right)^2 = (2x)^2 + \frac{1}{(2x)^2} - 2$
$= 38 - 2 = 36$
$\Rightarrow 2x - \frac{1}{2x} = \sqrt{36} = 6$

104. दिया है: w = –2, x = 3, y = 0 & $z = -\frac{1}{2}$ तो $x\sqrt{(x+wz)}$ का मान ज्ञात कीजिए।

(a) ±6 (b) –6
(c) 6 (d) 5

RRB NTPC 07.04.2016 Shift : 3

Ans : (a) $w = -2, x = 3, y = 0$ & $z = -\frac{1}{2}$
$x\sqrt{(x+wz)} = 3\sqrt{\left(3 + (-2 \times \frac{-1}{2})\right)}$
$= 3\sqrt{(3+1)} = 3\sqrt{4} = 3 \times (\pm 2) = \pm 6$

Type-7 : समुच्चय पर आधारित प्रश्न

105. कक्षा के एक समूह में, 6 छात्र अंग्रेजी बोल सकते हैं, 15 छात्र हिंदी बोल सकते हैं और 6 छात्र बंगाली बोल सकते हैं। कोई भी छात्र कोई अन्य भाषा नहीं बोल सकता है। यदि कक्षा में 2 छात्र दो भाषाएं बोल सकते है और एक छात्र तीनों भाषाएं बोल सकता है, तो कक्षा मे कुल कितने छात्र हैं ?

(a) 22 (b) 24
(c) 23 (d) 21

RRB NTPC 05.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) :



कक्षा में कुल छात्रों की संख्या = 3 + 2 + 12 + 5 + 1
= 23

106. कक्षा 11 की मध्यावधि परीक्षा में, 42% छात्र गणित में असफल हुए, 54% छात्र भौतिकी में और 48% छात्र रसायन विज्ञान में असफल हुए। सभी तीनों विषयों में केवल 10% छात्र असफल हुए। भौतिकी और रसायन विज्ञान दोनों में 20% छात्र असफल हुए, रसायन विज्ञान और गणित दोनों में 15% छात्र असफल हुए और भौतिकी और गणित दोनों में 18% छात्र असफल हुए। उन छात्रों का प्रतिशत कितना है जो केवल दो विषयों में असफल रहे?

(a) 33% (b) 43%
(c) 53% (d) 23%

RRB NTPC 18.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : कुल छात्रों की संख्या = 100%
असफल छात्रों का वेन-डायग्राम निम्न है-



उर्पयुक्त आरेख से स्पष्ट है कि केवल दो विषयों में असफल छात्रों का प्रतिशत = (8 + 5 + 10)% = 23%

107. एक समारोह में मौजूद व्यक्तियों के एक समूह में, 18 व्यक्ति अंग्रेजी बोल सकते हैं, 20 व्यक्ति हिंदी बोल सकते हैं, और 10 व्यक्ति बंगाली बोल सकते हैं। इस समूह में, 11 व्यक्ति अंग्रेजी और हिंदी बोल सकते हैं, 6 व्यक्ति बंगाली और हिंदी बोल सकते हैं, 7 व्यक्ति बंगाली और अंग्रेजी बोल सकते हैं। 5 व्यक्ति तीनों भाषाएं बोल सकते हैं। समूह में कुल कितने व्यक्ति हैं ?

(a) 33 (b) 60
(c) 29 (d) 48

RRB NTPC 26.07.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) :

समूह में कुल व्यक्तियों की संख्या = 8+6+5+1+5+2+2 = 29

108. R, S और T उन लोगों को दर्शाते हैं जो क्रमशः गुलाब, सूर्यमुखी और ट्यूलिप पसंद करते हैं। लोगों की संख्या R = 10, S = 12 और T = 16 है। 3 लोग ऐसे हैं जो गुलाब, सूर्यमुखी और ट्यूलिप पसंद करते हैं। उनमें से 2 लोग गुलाब और सूर्यमुखी पसंद करते हैं। 3 लोग गुलाब और ट्यूलिप पसंद करते हैं, तथा 4 लोग सूर्यमुखी और ट्यूलिप पसंद करते हैं। तो केवल गुलाब पसंद करने वाले लोगों की संख्या कितनी है?

(a) 6 (b) 2
(c) 12 (d) 14

RRB NTPC 31.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : प्रश्नानुसार,



उपरोक्त आरेख से स्पष्ट है कि केवल गुलाब पसंद करने वाले लोगों की संख्या = 2

109. एक कक्षा में, 25 छात्र गणित एवं इतिहास को पसंद करते हैं, 25 छात्र केवल हिंदी को पसंद करते हैं, 30 छात्र केवल अंग्रेजी को पसंद करते हैं, 20 छात्र अंग्रेजी एवं हिंदी दोनों को पसंद करते हैं, 15 छात्र केवल इतिहास को और 15 छात्र केवल गणित को पसंद करते हैं। 15 छात्र सभी 4 विषयों को पसंद करते हैं। कक्षा में कुल कितने छात्र हैं ?

(a) 130 (b) 145
(c) 125 (d) 140

RRB NTPC 30.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : कुल छात्रों की संख्या
= 25 + 25 + 30 + 20 + 15 + 15 + 15 = 145

110. 130 छात्रों की एक कक्षा में, 15 छात्र गणित एवं इतिहास को पसंद करते हैं, 25 छात्र केवल हिंदी को पसंद करते हैं, 30 छात्र केवल अंग्रेजी को पसंद करते हैं, 20 छात्र अंग्रेजी एवं हिंदी दोनों को पसंद करते हैं, 15 छात्र केवल इतिहास को और 15 छात्र केवल

गणित को पसंद करते हैं। कुछ छात्र सभी 4 विषयों को पसंद करते हैं।

यदि अंग्रेजी पसंद करने वाले कुल छात्रों की संख्या 60, हिंदी पसंद करने वाले कुल छात्रों की संख्या 55 और गणित एवं इतिहास पसंद करने वाले कुल छात्रों की संख्या 40 है, तो सभी 4 विषयों को पसंद करने वाले छात्रों की संख्या कितनी है?

(a) 25 (b) 35
(c) 10 (d) 15

RRB NTPC 30.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : प्रश्न से,
केवल गणित और इतिहास को पसंद करने वाले छात्र = 15
केवल अंग्रेजी और हिन्दी को पसंद करने वाले छात्र = 20
केवल हिन्दी को पसंद करने वाले छात्र = 25
केवल अंग्रेजी को पसंद करने वाले छात्र = 30
केवल गणित को पसंद करने वाले छात्र = 15
अंग्रेजी को पसंद करने वाले कुल छात्र = 60
हिन्दी को पसंद करने वाले कुल छात्र = 55
गणित और इतिहास पसंद करने वाले कुल छात्र = 40
उपर्युक्त से,
अंग्रेजी के साथ और तीनों विषय पसंद करने वाले छात्र
$= 60 - (30 + 20) = 10$
हिन्दी के साथ और तीनों विषय पसंद करने वाले छात्र
$= 55 - (20 + 25) = 10$
गणित और इतिहास के साथ और दो विषय पसंद करने वाले छात्र
$= 40 - (15 + 15) = 10$
अतः उपर्युक्त से स्पष्ट है कि चारो विषय पसंद करने वाले छात्रों की संख्या 10 होगी।

111. 65 छात्रों की एक कक्षा मे, 20 छात्रों को केवल गणित पसंद है, 25 छात्रों को केवल अंग्रेजी पसंद है और 15 छात्रों को अंग्रेजी और गणित दोनों पसंद है। 8 छात्र कंप्यूटर पसंद करते है और 3 छात्र तीनों विषयों को पसंद करता है। ऐसा कोई छात्र नही है जो कंप्यूटर और अंग्रेजी दोनों को पसंद करता है। साथ ही, ऐसा कोई छात्र नही है जो गणित और कंप्यूटर दोनो को पसंद करता है। कितने छात्रों को केवल कंप्यूटर पंसद है?

(a) 3 (b) 11
(c) 5 (d) 2

RRB NTPC 17.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) :
माना केवल कंप्यूटर पंसद करने वाले छात्रों की संख्या x है।



$\because$ $20+25+12+3+x = 65$
$60+x = 65$
$x = 65-60$
$x = 5$
अतः, 5 छात्र ऐसे है जिनको केवल कम्प्यूटर पसंद है।

112. L और A सहपाठी होने के साथ-साथ अच्छे मित्र भी हैं। 30 छात्रों की कक्षा में, L के 10 मित्र ऐसे हैं जो केवल उसी के मित्र हैं और 5 ऐसे मित्र हैं, जो A के भी मित्र हैं। कक्षा में A के कुल 17 मित्र हैं। कितने छात्र न तो L के मित्र हैं और न ही A के मित्र हैं?

(a) 5 (b) 2
(c) 4 (d) 3

RRB NTPC 16.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : प्रश्नानुसार,



उपरोक्त आरेख से
ऐसे छात्रों की संख्या जो ना तो L के मित्र हैं और न ही A के मित्र है।
$= 30 - (10 + 5 + 12)$
$= 30 - 27$
$= 3$

113. कृपया निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़ें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

140 लोगों के एक समूह में, 75 लोग क्रिकेट देखना पसंद करते हैं और 60 लोग फुटबाल देखना पसंद करते हैं। 35 लोग दोनों ही खेल देखना पसंद करते हैं। कितने लोग कम से कम एक खेल देखना पसंद करते हैं?

(a) 100 (b) 110
(c) 95 (d) 90

RRB NTPC 06.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : प्रश्नानुसार वेन आरेख बनाने पर,



अतः, वो लोग जो कम से कम एक खेल देखना पसंद करते है,
$= 40 + 35 + 25$
$= 100$

114. एक कॉलेज में 500 छात्रों में से 350 क्रिकेट खेलते हैं, 125 कबड्डी खेलते है। 75 न तो क्रिकेट खेलते है और न ही कबड्डी खेलते हैं। कबड्डी और क्रिकेट दोनो खेलने वाले विद्यार्थियों की संख्या का प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

(a) 20% (b) 15%
(c) 12% (d) 10%

RRB NTPC 15.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) :

ग्राफ से –
क्रिकेट और कबड्डी दोनों खेलने वाले विद्यार्थी = 50
कुल विद्यार्थी = 500
अतः दोनों खेल खेलने वालो का % = $\frac{50}{500} \times 100 = \boxed{10\%}$

115. व्यक्तियों के एक समूह में 8 व्यक्ति केवल गोवा पसंद करते है और 9 व्यक्ति केवल दुबई पसंद करते है। केवल एक व्यक्ति है जो केवल आगरा पसंद करता है। 10 व्यक्ति गोवा और आगरा दोनो पसंद करते है। जबकि 2 व्यक्ति दुबई और गोवा दोनो पसंद करते है। ऐसा कोई व्यक्ति नही है, जो आगरा और दुबई दोनो को पसंद करता हो और समूह में कोई भी ऐसा व्यक्ति नही है जो तीनो पसंद करता हो। समूह में कुल कितने व्यक्ति है?

(a) 42 (b) 30 (c) 39 (d) 31

RRB NTPC 17.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : आरेख से,



अतः, उपरोक्त आरेख से समूह में व्यक्तियों की कुल संख्या,

$= 8 + 2 + 9 + 10 + 1$

$= 30$

116. दिए गए वेन-आरेख का अध्ययन करे और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।



एक राज्य में 7500 अधिकारी है। उनमें से 62% अधिकारी समयनिष्ठ (P) है 58% अधिकारी ईमानदार (H) हैं और 70% अधिकारी बहादुर (B) है। 38% अधिकारी समयनिष्ठ (P) और ईमानदार (H) है। 48% ईमानदार (H) और बहादुर (B) है और 36% समयनिष्ठ (P) और बहादुर (B) है।

कितने प्रतिशत अधिकारी समयनिष्ठ (P), ईमानदार (H) और बहादुर (B) है ?

(a) 90% (b) 22% (c) 68% (d) 32%

RRB NTPC 13.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) :



$\Rightarrow n(P \cup H \cup B)$

$= n(P)+n(H)+n(B)-[n(P \cap H)+n(H \cap B)+n(B \cap P)]+n(P \cap H \cap B)$

$100\% = 62\%+58\%+70\%-(38+48+36)\% + n(P \cap H \cap B)$

$100\% = 190-122+n(P \cap H \cap B)$

$\therefore = n(P \cap H \cap B) = 100\% - 68\% = 32\%$

117. किसी परीक्षा में, अर्थशास्त्र में 41% विद्यार्थी अनुत्तीर्ण हुए, भूगोल में 35% विद्यार्थी अनुत्तीर्ण हुए और इतिहास में 39% अनुत्तीर्ण हुए, इन तीनों विषयों में 5% विद्यार्थी अनुत्तीर्ण हुए, अर्थशास्त्र और भूगोल में 14% अनुत्तीर्ण हुए, भूगोल और इतिहास में 21% विद्यार्थी अनुत्तीर्ण हुए और इतिहास और अर्थशास्त्र में 18 % विद्यार्थी अनुत्तीर्ण हुए। उन विद्यार्थियों का प्रतिशत ज्ञात करें जो केवल अर्थशास्त्र में अनुत्तीर्ण हुए।

(a) 16 % (b) 12 %
(c) 10 % (d) 14 %

RRB NTPC 08.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) :



अतः, केवल अर्थशास्त्र में अनुत्तीर्ण विद्यार्थी = 14%

118. 21 व्यक्ति हैं और तीन भाषाएं- फ्रेंच, जर्मन और जापानी हैं। 10 व्यक्ति जर्मन बोलते हैं, 12 व्यक्ति जापानी बोलते हैं और 10 व्यक्ति फ्रेंच बोलते हैं। 4 व्यक्ति केवल फ्रेंच बोल सकते हैं और 5 व्यक्ति केवल जापानी बोल सकते हैं। 4 व्यक्ति फ्रेंच और जर्मन दोनों भाषाएं बोल सकते हैं। 3 व्यक्ति सभी भाषाएं बोल सकते हैं। कितने व्यक्ति जापानी और जर्मन बोलते हैं?

(a) 3 (b) 2
(c) 4 (d) 1

RRB NTPC 18.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) :



उपर्युक्त वेन आरेख से जापानी और जर्मन दोनों भाषा बोलने वाले व्यक्तियों की संख्या = 2

119. छात्रों के एक समूह में 15 ने अंग्रेजी को चुना, 10 ने हिन्दी को चुना। पांच छात्र दोनों भाषाओं का अध्ययन कर रहे हैं। कितने विद्यार्थी केवल अंग्रेजी पढ़ रहे हैं?

(a) 25 (b) 10
(c) 5 (d) 15

RRB NTPC 18.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : वेन आरेख सम्बन्ध निम्नवत् है-



अतः, केवल अंग्रेजी पढ़ने वाले लोगों की संख्या = 10

120. 14 व्यक्ति वस्तु A खरीदते हैं, जबकि 13 व्यक्ति वस्तु B खरीदते हैं। दो व्यक्ति दोनों वस्तुएं खरीदते हैं। व्यक्तियों की कुल संख्या ज्ञात कीजिए।

(a) 27 (b) 29
(c) 26 (d) 25

RRB NTPC 18.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : माना व्यक्तियों की कुल संख्या x है।

$$n(A \cup B) = n(A) + n(B) - n(A \cap B)$$

$x = 14 + 13 - 2$

$x = 27 - 2$

$x = 25$

अतः, व्यक्तियों की कुल संख्या 25 होगी।

121. एक परीक्षा में, 35% छात्र एक विषय में और 42% दूसरे विषय में फेल हुए। इनमें से 30% दोनों विषयों में फेल हुए। यदि छात्रों की संख्या 2500 है, तो केवल एक विषय में कितने छात्र पास हुए?

(a) 425 (b) 1750

(c) 1050 (d) 750

RRB NTPC 12.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : केवल एक विषय में फेल हुए अर्थात् केवल एक ही विषय में पास हुए छात्रों का प्रतिशत

$= (42 - 30) + (35 - 30)$

$= 12 + 5$

$= 17\ \%$

अतः, छात्रों की संख्या $= 2500 \times \frac{17}{100}$

$= 425$

122. 60 छात्रों के समूह में, 65% ने अपने लिंग को 'पुरूष' के तौर पर उल्लेखित किया और 30% ने अपने लिंग को 'महिला' के तौर पर उल्लेखित किया है। कितने छात्रों ने अपने लिंग का उल्लेख नहीं किया?

(a) 2 (b) 3

(c) 5 (d) 4

RRB NTPC 11.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : छात्रों की कुल संख्या = 60

प्रश्नानुसार,

पुरुषों की संख्या $= 60 \times \frac{65}{100} = 39$

महिलाओं की संख्या $= 60 \times \frac{30}{100} = 18$

अतः, लिंग का उल्लेख नही करने वाले छात्र $= 60 - (39+18)$

$= 60 - 57 = 3$

123. पिछले वर्ष एक प्रतियोगी परीक्षा में तीन खंड थे। उनमें से 33 छात्रों ने खंड A में कटऑफ क्लियर किया, 34 छात्रों ने खंड B मे कटऑफ क्लियर किया, तथा 32 छात्रों ने खंड C में कटऑफ क्लियर किया। 10 छात्रों ने खंड A और B में कटऑफ क्लियर किया, 9 छात्रों ने खंड B और C में कटऑफ क्लियर किया, तथा 8 छात्रों ने खंड A और खंड C में कटऑफ क्लियर किया। केवल एक खंड में क्लियर करने वाले छात्रों की संख्या बराबर थी और वह प्रत्येक खंड के लिए 21 थी। तो कितने छात्रों ने सभी तीन खंडों को क्लियर किया ?

(a) 9 (b) 8

(c) 6 (d) 7

RRB NTPC 07.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : माना सभी तीन खण्डों में क्लियर करने वाले छात्रों की संख्या = x

प्रश्नानुसार,



अतः खण्ड A से,

$21 + 10 - x + x + 8 - x = 33$

$39 - x = 33$

$x = 6$

अतः, सभी तीन खण्डों में क्लियर करने वाले छात्रों की संख्या = 6

Type-8 : विविध

124. समीकरण युग्म $2^{x+y} = 16$ और $64^{x-y} = 2$ में.....।

(a) अद्वितीय हल $x = \frac{23}{12}, y = \frac{25}{12}$

(b) कोई उभयनिष्ठ हल मौजूद नहीं है

(c) अनंत हल मौजूद हैं।

(d) अद्वितीय हल $x = \frac{25}{12}, y = \frac{23}{12}$

RRB NTPC 03.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : $2^{x+y}=16$ ...(दिया है)

$2^{x+y}=2^4$

अतः $x+y=4$ ...(i)

तथा $64^{x-y}=2$ ...(दिया है)

$2^{6(x-y)}=2^1$

अतः $6(x-y)=1$

$x - y = \frac{1}{6}$ ...(ii)

समी0 (i) व (ii) को हल करने पर

$x = \frac{25}{12}$ तथा $y = \frac{23}{12}$ $\left(\because \frac{a_1}{a_2} \neq \frac{b_1}{b_2}\right)$.....(अद्वितीय हल)

125. निम्नलिखित दोनों श्रेणियों का योग ज्ञात कीजिए।

$(8 + 27 + 64 + ... + 1000) + (2 + 4 + 6 + ... + 20)$

(a) 3136 (b) 3134

(c) 3135 (d) 3133

RRB NTPC 21.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : दिया है-

$(8 + 27 + 64 + ... + 1000) + (2 + 4 + 6 + ... + 20)$

$= [(2)^3+(3)^3+(4)^3+ ..... +(10)^3] + 2(1+2+3+ ..... +10)$

$= [\{(1)^3 + (2)^3 + (3)^3 + (4)^3+.....+ (10)^3\} - (1)^3] +2$ $(1+2+3+ ..... + 10)$

$\because$ प्रथम n प्राकृतिक संख्याओं के घनों का योग $= \left[\frac{n(n+1)}{2}\right]^2$

तथा प्रथम n प्राकृतिक संख्याओं का योग $= \frac{n(n+1)}{2}$

$= \left[\frac{10(10+1)}{2}\right]^2 - 1 + 10(10+1)$
$= (5 \times 11)^2 - 1 + 10 \times 11$
$= (55)^2 - 1 + 110$
$= 3025 - 1 + 110$
$= 3024 + 110$
$= 3134$

126. श्रेणी $\frac{1}{5\times6}+\frac{1}{6\times7}+\frac{1}{7\times8}+$..... के पहले 20 पदों का योग ज्ञात कीजिए।

(a) 0.16 (b) 16
(c) 1.6 (d) 0.016

RRB NTPC 15.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : पदों की संख्या $= \frac{\text{अन्तिम पद} - \text{प्रथम पद}}{\text{अन्तर}}$

$20 = \frac{\text{अन्तिम पद} - 5}{1}$
अन्तिम पद $= 25$
प्रथम पद $= 5$ (दिया है)
20 पदों का योग $= \frac{1}{\text{अन्तर}}\left[\frac{1}{\text{पहला पद}} - \frac{1}{\text{अन्तिम पद}}\right]$
$= \frac{1}{1}\left[\frac{1}{5} - \frac{1}{25}\right]$
$= \frac{5-1}{25}$
$= \frac{4}{25}$
$= \boxed{0.16}$

127. $(a + b)^2 = a^2 + b^2$ के लिए निम्न में से कौन सा मान्य है?

(a) (a, b) केवल सीमित संख्या के लिए सत्य हो सकता है।
(b) (a, b) के केवल एक ही सेट के लिए सत्य हो सकता है।
(c) (a, b) किसी भी सेट के लिए सत्य नहीं हो सकता है।
(d) (a, b) की अनंत संख्या के लिए सत्य हो सकता है।

RRB NTPC 13.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : $(a+b)^2 = a^2 + b^2$
$\Rightarrow a^2 + b^2 + 2ab = a^2 + b^2$
$2ab = 0$
$ab = 0$
$\Rightarrow a = 0$ या $b = 0$
$\therefore$ (0, b) या (a,0)
यहाँ a तथा b का मान अनन्त हो सकता है। इस प्रकार अनन्त संख्या के लिए सत्य हो सकता है।

128. यदि $x^3 - 9x^2 + 26x - 24 = 0$ है, तो विकल्पों में दिए गए x के मानों में से कोन सा समीकरण का गलत हल होगा?

(a) 1 (b) 3
(c) 4 (d) 2

RRB NTPC 17.02.2021 (Shift-II) Stage I

Ans. (a) : समीकरण
$x^3 - 9x^2 + 26x - 24 = 0$
$x = 3, 4, 2$ रखने पर समीकरण का मान 0 है
$x = 1$ रखने पर समीकरण का मान 0 नही है।
$x = 2$ रखने पर
$\Rightarrow 2^3 - 9 \times (2)^2 + 26 \times 2 - 24 = 0$
$0 = 0$
$x = 1$ रखने पर
$\Rightarrow 1^3 - 9 \times (1)^2 + 26 \times 1 - 24 = 0$
$\Rightarrow -6 \neq 0$ अतः विकल्प (a) सही है।

129. यदि $\frac{x}{2}+\frac{2}{y}=1$ और $\frac{y}{2}+\frac{2}{z}=1$ तो $\frac{z}{2}+\frac{2}{x}$ का मान क्या होगा?

(a) –1 (b) 1
(c) 0 (d) 2

RRB NTPC 28.12.2020 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : दिया है–
$\frac{x}{2}+\frac{2}{y}=1$
$xy + 4 = 2y$
$2y - xy = 4$
$y = \frac{4}{2-x}$ _____(i)
$\frac{y}{2}+\frac{2}{z}=1$
$yz + 4 = 2z$ _____(ii)
y का मान समी. (ii) में रखने पर,
$\frac{4}{(2-x)} \times z + 4 = 2z$
$4z + 8 - 4x = 4z - 2xz$
$8 - 4x = -2xz$
$4 - 2x = -xz$
$2x = 4 + xz$
$1 = \frac{4}{2x}+\frac{xz}{2x}$
या, $\frac{2}{x}+\frac{z}{2}=1$

130. यदि $a^{2x} = b, b^{2y} = c, c^{2z} = a$ है, तो xyz का मान ज्ञात कीजिए।

(a) 1 (b) $\frac{1}{8}$
(c) 8 (d) 0

RRB NTPC 15.03.2021 (Shift-II) Stage I

Ans. (b) : दिया है-
$a^{2x} = b, \ b^{2y} = c, \ c^{2z} = a$ तब $xyz = ?$
यहाँ,
$a = c^{2z}$
$a = (b^{2y})^{2z} \Rightarrow a = (b)^{4yz}$
$a = (a^{2x})^{4yz} \Rightarrow a = (a)^{8xyz}$
या $a^1 = a^{8xyz}$ या $8xyz = 1$
या $\boxed{xyz = \frac{1}{8}}$

23.

त्रिकोणमिति (Trigonometry)

Type-1 : त्रिकोणमितीय फलन पर आधारित प्रश्न

1. यदि $0° < \theta < 90°$ है, तो $\frac{\cot\theta - 1}{1 - \tan\theta} \div \left(\frac{\sin\theta}{1+\cos\theta} + \frac{1+\cos\theta}{\sin\theta}\right)$ का मान निम्न में से किसके बराबर होगा?

(a) $\frac{\cos\theta}{2}$ (b) $\sin\theta$

(c) $\cos\theta$ (d) $\frac{\sec\theta}{2}$

RRB NTPC (Stage-2) 16/06/2022 (Shift-III)

Ans. (a) :

$$\frac{\cot\theta - 1}{1 - \tan\theta} \div \left(\frac{\sin\theta}{1+\cos\theta} + \frac{1+\cos\theta}{\sin\theta}\right)$$

$$= \frac{1 - \tan\theta}{(1-\tan\theta)\tan\theta} \div \left[\frac{\sin^2\theta + (1+\cos\theta)^2}{(1+\cos\theta)\sin\theta}\right]$$

$$= \frac{1}{\tan\theta} \div \left[\frac{\sin^2\theta + 1 + \cos^2\theta + 2\cos\theta}{(1+\cos\theta)\sin\theta}\right]$$

$$= \frac{1}{\tan\theta} \div \left[\frac{2(1+\cos\theta)}{(1+\cos\theta)\sin\theta}\right]$$

$$= \frac{1}{\tan\theta} \div \frac{2}{\sin\theta}$$

$$= \frac{\cos\theta}{\sin\theta} \times \frac{\sin\theta}{2} = \frac{\cos\theta}{2}$$

2. यदि $\sqrt{3}\tan2\theta - 3 = 0$ है, तो $\tan\theta \sec\theta - \sin\theta$ का मान ज्ञात कीजिए जहां $0 < \theta < 90°$ है।

(a) $\frac{1}{6}$ (b) $\frac{5}{6}$

(c) $\frac{2}{3}$ (d) $\frac{2}{3}$

RRB NTPC (Stage-2) 12/06/2022 (Shift-I)

Ans. (a) : $\sqrt{3}\tan2\theta - 3 = 0$

$\tan2\theta = \sqrt{3}$

$\tan2\theta = \tan60° \Rightarrow 2\theta = 60° \Rightarrow \theta = 30°$

$\therefore \tan\theta.\sec\theta - \sin\theta$

$= \tan30°.\sec30° - \sin30°$

$$= \frac{1}{\sqrt{3}} \times \frac{2}{\sqrt{3}} - \frac{1}{2} = \frac{2}{3} - \frac{1}{2} = \frac{1}{6}$$

3. यदि $\cot(A + B)\cot(A - B) = 1$ है, तो $\cot\left(\frac{2A}{3}\right)$ का मान ज्ञात कीजिए।

(a) $\frac{\sqrt{3}}{2}$ (b) $\sqrt{3}$

(c) $\frac{\sqrt{2}}{3}$ (d) $\frac{1}{\sqrt{3}}$

RRB NTPC 09.02.2021 (Shift-II) Stage I

Ans. (b) : $\cot(A+B)\cot(A-B) = 1$

$\cot(A+B) = \tan(A-B)$

$A+B = 90° - (A-B)$

$2A = 90°$

$A = 45°$

$$\therefore \cot\left(\frac{2A}{3}\right) = \cot\left(\frac{2\times45°}{3}\right) = \cot30° = \sqrt{3}$$

4. एक त्रिभुज, जिसका कोण B समकोण है, में AB = 12 cm और BC = 5 cm हैं, तो-

(i) sinA cosA

(ii) sinCcosC

के मान क्रमशः क्या होंगे?

(a) $\frac{60}{169}, \frac{60}{169}$ (b) $\frac{25}{169}, \frac{60}{169}$

(c) $\frac{60}{169}, \frac{25}{169}$ (d) $\frac{26}{169}, \frac{25}{169}$

RRB NTPC 18.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) :



पाइथागोरस प्रमेय से-

$AC^2 = AB^2 + BC^2$

$= 144 + 25$

$AC = \sqrt{169}$

$AC = 13$

(i) $\sin A \times \cos A$ $\left(\because \sin\theta = \frac{\text{लम्ब}}{\text{कर्ण}}, \cos\theta = \frac{\text{आधार}}{\text{कर्ण}}\right)$

$$= \frac{5}{13} \times \frac{12}{13}$$

$$= \frac{60}{169}$$

(ii) $\sin C \times \cos C$

$$= \frac{5}{13} \times \frac{12}{13}$$

$$= \frac{60}{169}$$

(**नोटः-** कोण के साथ लगी भुजा आधार होती है।)

5. यदि A, B और C, ΔABC के आन्तरिक कोण हैं, तो निम्न का सरलीकरण कीजिए।

$$\frac{\cos^2\left(\frac{B+C}{2}\right)+\cos^2\frac{A}{2}}{\sec^2\frac{C}{2}-\cot^2\left(\frac{A+B}{2}\right)}$$

(a) 0 (b) 2

(c) 1 (d) स्पष्ट नहीं है

RRB NTPC 10.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) :

$$\frac{\cos^2\left(\frac{B+C}{2}\right)+\cos^2\frac{A}{2}}{\sec^2\frac{C}{2}-\cot^2\left(\frac{A+B}{2}\right)}$$

($\because \angle A, \angle B$ और $\angle C$ ΔABC के आंतरिक कोण है)

अर्थात $\angle A+\angle B+\angle C = 180^\circ$

$$\frac{\cos^2\left(\frac{180^\circ}{2}-\frac{A}{2}\right)+\cos^2\frac{A}{2}}{\sec^2\frac{C}{2}-\cot^2\left(\frac{180^\circ}{2}-\frac{C}{2}\right)} \quad \left(\begin{array}{l}\because \cos(90-\theta)=\sin\theta \\ \cot(90-\theta)=\tan\theta \\ \sin^2\theta+\cos^2\theta=1 \\ \sec^2\theta-\tan^2\theta=1\end{array}\right)$$

$$\frac{\sin^2\frac{A}{2}+\cos^2\frac{A}{2}}{\sec^2\frac{C}{2}-\tan^2\frac{C}{2}}=1$$

6. किसी त्रिभुज ABC में, tanA + tanB + tanC का मान ज्ञात कीजिए।

(a) 1

(b) -tanA.tanB.tanC

(c) tanA.tanB + tanB.tanC + tanC.tanA

(d) tanA.tanB.tanC

RRB NTPC 17.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : tanA + tanB + tanC = ?

$A + B + C = 180^\circ$

$A + B = 180^\circ - C$

$\tan(A+B) = \tan(180^\circ - C)$

$$\frac{\tan A+\tan B}{1-\tan A\cdot\tan B}=-\tan C$$

$\tan A + \tan B = -\tan C + \tan A \cdot \tan B \cdot \tan C$

$\tan A + \tan B + \tan C = \tan A \cdot \tan B \cdot \tan C$

7. यदि $\frac{\sec\theta+\tan\theta}{\sec\theta-\tan\theta}=\frac{5}{3}$ है, तो $\sin\theta$ का मान ज्ञात कीजिए।

(a) $\frac{3}{4}$ (b) $\frac{2}{3}$

(c) $\frac{1}{4}$ (d) $\frac{1}{3}$

RRB NTPC 23.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) :

$$\frac{\sec\theta+\tan\theta}{\sec\theta-\tan\theta}=\frac{5}{3}$$

$3(\sec\theta + \tan\theta) = 5(\sec\theta - \tan\theta)$

$3\sec\theta + 3\tan\theta = 5\sec\theta - 5\tan\theta$

$2\sec\theta = 8\tan\theta$

$$2\times\frac{1}{\cos\theta}=\frac{8\sin\theta}{\cos\theta}$$

$2 = 8\sin\theta$

$$\sin\theta=\frac{2}{8}=\frac{1}{4}$$

अतः $\sin\theta=\frac{1}{4}$

8. एक त्रिभुज, जिसका कोण B समकोण है, में AB = 12 cm और BC = 5 cm हैं, तो-

(i) sinA cosA

(ii) sinCcosC

के मान क्रमशः क्या होंगे?

(a) $\frac{60}{169}, \frac{60}{169}$ (b) $\frac{25}{169}, \frac{60}{169}$

(c) $\frac{60}{169}, \frac{25}{169}$ (d) $\frac{26}{169}, \frac{25}{169}$

RRB NTPC 18.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) :



पाइथागोरस प्रमेय से-

$AC^2 = AB^2 + BC^2$

$= 144 + 25$

$AC = \sqrt{169}$

$AC = 13$

(i) $\sin A \times \cos A$ $\left(\begin{array}{l}\because \sin\theta=\frac{\text{लम्ब}}{\text{कर्ण}} \\ \cos\theta=\frac{\text{आधार}}{\text{कर्ण}}\end{array}\right)$

$$= \frac{5}{13}\times\frac{12}{13}$$

$$= \frac{60}{169}$$

(ii) $\sin C \times \cos C$

$= \frac{12}{13} \times \frac{5}{13}$

$= \frac{60}{169}$

(**नोट:-** कोण के साथ लगी भुजा आधार होती है।)

9. निम्नलिखित व्यंजक का मान क्या है?

$$\frac{\cos 3x + \cos x}{\sin 3x - \sin x}$$

(a) sin x (b) cot x

(c) cos x (d) tan x

RRB NTPC 31.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : $\frac{\cos 3x + \cos x}{\sin 3x - \sin x}$

हम जानते हैं,

$$\cos\alpha + \cos\beta = 2\cos\frac{\alpha+\beta}{2}\cdot\cos\frac{\alpha-\beta}{2}$$

$$\sin\alpha - \sin\beta = 2\sin\frac{\alpha-\beta}{2}\cdot\cos\frac{\alpha+\beta}{2}$$

$$\frac{2\cos\frac{3x+x}{2}\cdot\cos\frac{3x-x}{2}}{2\sin\frac{3x-x}{2}\cdot\cos\frac{3x+x}{2}} = \frac{2\cos 2x\cdot\cos x}{2\sin x\cdot\cos 2x}$$

$$= \frac{\cos x}{\sin x} = \cot x$$

10. निम्नलिखित को सरल कीजिए।

$$\sqrt{2+\sqrt{2+2\cos 4\theta}}$$

(a) sin θ (b) cos θ

(c) 2 cos θ (d) cos 2 θ

RRB NTPC 08.02.2021 (Shift-II) Stage I

Ans. (c) : $\sqrt{2+\sqrt{2+2\cos 4\theta}}$

$\left\{\begin{matrix}\cos 2\theta = 2\cos^2\theta - 1 \\ 2\cos^2\theta = 1+\cos 2\theta\end{matrix}\right\}$

$\Rightarrow \sqrt{2+\sqrt{2(1+\cos 4\theta)}}$

$\Rightarrow \sqrt{2+\sqrt{2\times 2\cos^2 2\theta}}$

$\Rightarrow \sqrt{2+2\cos 2\theta}$

$\Rightarrow \sqrt{2.2\cos^2\theta}$

$\Rightarrow 2\cos\theta$

11. $4\cos\left(\frac{\pi}{6}-\alpha\right)\sin\left(\frac{\pi}{3}-\alpha\right)$ **का मान ज्ञात कीजिए।**

(a) $3 + 4\sin^2\alpha$ (b) $3 + \sin^2\alpha$

(c) $3 - \sin^2\alpha$ (d) $3 - 4\sin^2\alpha$

RRB NTPC 18.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) :

$4\cos\left(\frac{\pi}{6}-\alpha\right).\sin\left(\frac{\pi}{3}-\alpha\right)$

$= 2\cos A \cdot \sin B = \sin(A+B) - \sin(A-B)$

$= 2\left[\sin\left(\frac{\pi}{6}-\alpha+\frac{\pi}{3}-\alpha\right) - \sin\left(\frac{\pi}{6}-\alpha-\frac{\pi}{3}+\alpha\right)\right]$

$= 2\sin\left(\frac{3\pi}{6}-2\alpha\right) - \sin\left(\frac{-\pi}{6}\right)$

$= 2\sin\left(\frac{\pi}{2}-2\alpha\right) + \sin\frac{\pi}{6}$

$= 2\left[\cos 2\alpha + \frac{1}{2}\right]$

$= 2\cos 2\alpha + 1$

$= 2[1-2\sin^2\alpha]+1$

$= 2 - 4\sin^2\alpha + 1$

$= 3 - 4\sin^2\alpha$

12. व्यंजक $\frac{\tan A}{1-\cot A} + \frac{\cot A}{1-\tan A}$ **को किस प्रकार लिखा जाएगा?**

(a) 1 + secA cosecA (b) tanA + cotA

(c) secA + cotA (d) 1 + sinA cosA

RRB NTPC 21.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : $\frac{\tan A}{1-\cot A} + \frac{\cot A}{1-\tan A}$

$= \frac{\sin A}{\cos A} \times \frac{1}{1-\frac{\cos A}{\sin A}} + \frac{\cos A}{\sin A} \times \frac{1}{1-\frac{\sin A}{\cos A}}$

$= \frac{\sin^2 A}{\cos A(\sin A - \cos A)} + \frac{\cos^2 A}{\sin A(\cos A - \sin A)}$

$= \frac{\sin^2 A}{\cos A(\sin A - \cos A)} - \frac{\cos^2 A}{\sin A(\sin A - \cos A)}$

$= \frac{1}{\sin A - \cos A}\left[\frac{\sin^3 A - \cos^3 A}{\sin A.\cos A}\right]$

सूत्र से,

$(a^3 - b^3) = (a - b)(a^2 + b^2 + ab)$

$= \frac{1}{(\sin A - \cos A)}\left[\frac{(\sin A - \cos A)(\sin^2 A + \cos^2 A + \sin A.\cos A)}{\sin A.\cos A}\right]$

$= \frac{1+\sin A.\cos A}{\sin A.\cos A}$

$= \frac{1}{\sin A.\cos A} + \frac{\sin A.\cos A}{\sin A.\cos A}$

$= \frac{1}{\sin A.\cos A} + 1$

$= \sec A.\operatorname{cosec} A + 1$

13. निम्नलिखित समीकरण को हल कीजिए:

$$\frac{\tan A}{1+\sec A} + \frac{1+\sec A}{\tan A} = ?$$

(a) 2 sec A (b) 2 cos A

(c) 2 sin A (d) 2 cosec A

RRB NTPC 05.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : प्रश्न से,

$$\frac{\tan A}{1+\sec A}+\frac{1+\sec A}{\tan A}=?$$

$$=\frac{\sin A/\cos A}{1+\frac{1}{\cos A}}+\frac{1+\frac{1}{\cos A}}{\sin A/\cos A}$$

$$=\frac{\sin A}{1+\cos A}+\frac{\cos A+1}{\sin A}$$

$$=\frac{\sin^2 A+1+\cos^2 A+2\cos A}{\sin A(1+\cos A)} \quad [\because \sin^2A+\cos^2A=1]$$

$$=\frac{2(1+\cos A)}{\sin A(1+\cos A)}=\frac{2}{\sin A}$$

$$=2\ \text{cosec}\ A$$

14. $\sqrt{\frac{1+\cos 2A}{1-\cos 2A}}$ **का मान ज्ञात कीजिए। (नोट :A अशून्य है)**

(a) tan A (b) cos A
(c) sin A (d) cot A

RRB NTPC 16.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) :

$$\sqrt{\frac{1+\cos 2A}{1-\cos 2A}}=\sqrt{\frac{1+(2\cos^2 A-1)}{1-(1-2\sin^2 A)}}$$

$$=\sqrt{\frac{1+2\cos^2 A-1}{1-1+2\sin^2 A}}$$

$$=\sqrt{\frac{2\cos^2 A}{2\sin^2 A}}$$

$$=\sqrt{\cot^2 A}=\cot A$$

15. इनमें से कौन सा दिए गए व्यंजक sinAcosA (tanA – cotA) जहां ($0° \le A \le 90°$) है, का सरलीकृत रूप है ?

(a) $2\cos^2A - 1$ (b) $2\sin^2A - 1$
(c) 1 (d) $1 - \cos^2A$

RRB NTPC 23.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : sin A cos A (tan A – cot A)

$$=\sin A\cos A\left(\frac{\sin A}{\cos A}-\frac{\cos A}{\sin A}\right)$$

$$=\sin A\,.\,\cos A\left(\frac{\sin^2 A-\cos^2 A}{\sin A.\cos A}\right)$$

$$=\sin^2A-\cos^2A$$
$$=\sin^2A-(1-\sin^2A)$$
$$=\sin^2A-1+\sin^2A$$
$$=2\sin^2A-1$$

16. यदि $r\sin\theta=\frac{7}{2}$ **और** $r\cos\theta=\frac{7\sqrt{3}}{2}$ **है, तो r का मान कितना होगा?**

(a) $\sqrt{3}$ (b) 5
(c) 7 (d) –1

RRB NTPC 17.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : दिया है,

$$r\sin\theta=\frac{7}{2} \quad \text{..... (i)}$$

तथा $r\cos\theta=\frac{7\sqrt{3}}{2}$ .....(ii)

समी. (i) और (ii) को वर्ग करके जोड़ने पर,

$$r^2\left(\sin^2\theta+\cos^2\theta\right)=\frac{49}{4}+\frac{147}{4}$$

$$r^2=\frac{196}{4}$$

$$r=\frac{14}{2}$$

$$r=7$$

17. यदि a cosθ - b sinθ = c है, तो a sinθ + b cosθ का मान ज्ञात कीजिए।

(a) $\sqrt{a^2+b^2+c^2}$ (b) $\pm\sqrt{a^2+b^2-c^2}$
(c) $\pm\sqrt{a^2+c^2-b^2}$ (d) $\sqrt{b^2+c^2-a^2}$

RRB NTPC 16.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : दिया है, $a\cos\theta - b\sin\theta = c$

दोनों पक्षों का वर्ग करने पर,

$$\left(a\cos\theta-b\sin\theta\right)^2=c^2$$

$$a^2\cos^2\theta+b^2\sin^2\theta-2ab\sin\theta\times\cos\theta=c^2$$

$$a^2\left(1-\sin^2\theta\right)+b^2\left(1-\cos^2\theta\right)-2ab\sin\theta\times\cos\theta=c^2$$

$$a^2-a^2\sin^2\theta+b^2-b^2\cos^2\theta-2ab\sin\theta\times\cos\theta=c^2$$

$$a^2+b^2-c^2=a^2\sin^2\theta+b^2\cos^2\theta+2ab\sin\theta\times\cos\theta$$

$$a^2+b^2-c^2=\left(a\sin\theta+b\cos\theta\right)^2$$

$$a\sin\theta+b\cos\theta=\pm\sqrt{a^2+b^2-c^2}$$

18. यदि cosθ + sinθ = m, secθ + cosecθ = n है, तो m/n क्या है?

(a) 1 (b) sin θ cosθ
(c) sec θ cosec θ (d) cot θ tan θ

RRB NTPC 03.04.2016 Shift : 1

Ans : (b) $\cos\theta + \sin\theta = m$ .....(i)

तथा $\sec\theta + \text{cosec}\,\theta = n$

$$\frac{1}{\cos\theta}+\frac{1}{\sin\theta}=n$$

$$\Rightarrow \quad \frac{\sin\theta+\cos\theta}{\cos\theta\sin\theta}=n$$

$$\Rightarrow \quad \frac{m}{\cos\theta\sin\theta}=n \quad \left(\sin\theta+\cos\theta=m\right) \text{ समी. (i) से}$$

$$\Rightarrow \quad \frac{m}{n}=\sin\theta\cos\theta$$

19. यदि $1+\tan\theta=\sqrt{3}$ है, तो $\sqrt{3}\cot\theta-1$ का मान ज्ञात कीजिए।

(a) $\frac{2\sqrt{3}-1}{2}$ (b) $\frac{2\sqrt{3}+1}{2}$

(c) $\frac{\sqrt{3}-1}{2}$ (d) $\frac{\sqrt{3}+1}{2}$

RRB NTPC 25.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : $1+\tan\theta=\sqrt{3}$

$\tan\theta=\sqrt{3}-1$

$\frac{1}{\cot\theta}=\sqrt{3}-1$

$\cot\theta=\frac{1}{\sqrt{3}-1}$

$\left(\sqrt{3}+1\right)$ से अंश और हर में गुणा करने पर,

$\cot\theta=\frac{\sqrt{3}+1}{\left(\sqrt{3}-1\right)\left(\sqrt{3}+1\right)}$

$\cot\theta=\frac{\sqrt{3}+1}{2}$

प्रश्न से

$\sqrt{3}\cot\theta-1$

$=\sqrt{3}\times\frac{\sqrt{3}+1}{2}-1$ [$\cot\theta$ का मान रखने पर]

$=\frac{3+\sqrt{3}-2}{2}$

$=\frac{\sqrt{3}+1}{2}$

20. यदि $\tan\theta=x-\frac{1}{4x}$ है,तो $\sec\theta-\tan\theta$ का मान ज्ञात कीजिए।

(a) $2x$ or $\frac{1}{2x}$ (b) $-2x$ or $\frac{1}{2x}$

(c) $2x$ or $\frac{1}{2x}$ (d) $2x$ or $-\frac{1}{2x}$

RRB NTPC 19.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : $\sec^2\theta=1+\tan^2\theta$

$\sec^2\theta=1+\left(x-\frac{1}{4x}\right)^2$ $\left\{\because \tan\theta=x-\frac{1}{4x}\right\}$

$\sec^2\theta=1+x^2+\frac{1}{16x^2}-2.x.\frac{1}{4x}$

$\sec^2\theta=1+x^2+\frac{1}{16x^2}-\frac{1}{2}$

$\sec^2\theta=\frac{1}{2}+x^2+\frac{1}{16x^2}$

$\sec^2\theta=\left(x+\frac{1}{4x}\right)^2$

$\sec\theta=\pm\left(x+\frac{1}{4x}\right)$

तब, $\sec\theta-\tan\theta$

$=x+\frac{1}{4x}-x+\frac{1}{4x}$ $\left\{\because \sec\theta=+\left(x+\frac{1}{4x}\right)\text{लेने पर}\right\}$

$=\frac{1}{2x}$

पुनः $\sec\theta-\tan\theta$

$=-x-\frac{1}{4x}-x+\frac{1}{4x}$ $\left\{\because \sec\theta=-\left(x+\frac{1}{4x}\right)\text{लेने पर}\right\}$

$=-2x$

अतः विकल्प (b) सही है।

21. यदि $\sin x-5\cos x=2\sqrt{6}\cos x$ है, तो $\cot x$ का मान ज्ञात कीजिए।

(a) $5+2\sqrt{6}$ (b) $5-2\sqrt{6}$

(c) 1 (d) $2\sqrt{6}$

RRB NTPC 05.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : $\sin x-5\cos x=2\sqrt{6}\cos x$

$\sin x=5\cos x+2\sqrt{6}\cos x$

$\sin x=(5+2\sqrt{6})\cos x$

$\frac{\sin x}{\cos x}=5+2\sqrt{6}$

या $\frac{\cos x}{\sin x}=\frac{1}{5+2\sqrt{6}}$

$\cot x=\frac{1}{5+2\sqrt{6}}\times\frac{5-2\sqrt{6}}{5-2\sqrt{6}}=\frac{5-2\sqrt{6}}{25-24}=5-2\sqrt{6}$

22. यदि $\sin x-3\cos x=\sqrt{3}\cos x$ है, तो $\cot x$ का मान ज्ञात कीजिए।

(a) $3-\sqrt{3}$ (b) $3+\sqrt{3}$

(c) $\sqrt{3}$ (d) $\frac{3-\sqrt{3}}{6}$

RRB NTPC 31.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : $\sin x-3\cos x=\sqrt{3}\cos x$

दोनों पक्षों में $\frac{1}{\cos x}$ से गुणा करने पर,

या $\frac{\sin x}{\cos x}-3\frac{\cos x}{\cos x}=\sqrt{3}$

$\tan x-3=\sqrt{3}$

$\tan x=3+\sqrt{3}$

$\cot x=\frac{1}{3+\sqrt{3}}\times\frac{3-\sqrt{3}}{3-\sqrt{3}}$

$=\frac{3-\sqrt{3}}{(3)^2-\left(\sqrt{3}\right)^2}=\frac{3-\sqrt{3}}{9-3}$

$\cot x=\frac{3-\sqrt{3}}{6}$

23. यदि $\cos x - 3\sin x = \sqrt{5}\sin x$ है, तो $\tan x$ का मान ज्ञात कीजिए।

(a) $\frac{3-\sqrt{5}}{4}$ (b) $\frac{3+\sqrt{5}}{4}$

(c) $\frac{3-\sqrt{5}}{6}$ (d) $3-\sqrt{5}$

RRB NTPC 05.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : $\cos x - 3\sin x = \sqrt{5}\sin x$

$\cos x - \sqrt{5}\sin x = 3\sin x$

$\cos x = 3\sin x + \sqrt{5}\sin x$

$\frac{\cos x}{\sin x} = \left(3+\sqrt{5}\right)$

$\Rightarrow \quad \cot x = \left(3+\sqrt{5}\right)$

$\tan x = \frac{1}{\cot x} = \frac{1}{3+\sqrt{5}} \times \frac{3-\sqrt{5}}{3-\sqrt{5}}$

$\boxed{\tan x = \frac{3-\sqrt{5}}{4}}$

24. यदि $\sin\theta = 5/13$ तो $\cos\theta$ का मान ज्ञात कीजिए।

(a) 8/13 (b) 12/13

(c) 23/13 (d) 1

RRB NTPC 04.04.2016 Shift : 1

Ans : (b) $\sin\theta = \frac{5}{13}$

$\sin^2\theta = \frac{25}{169}$

$\cos\theta = \sqrt{1-\sin^2\theta}$

$= \sqrt{1-\frac{25}{169}}$

$= \sqrt{\frac{144}{169}} = \frac{12}{13}$

25. यदि $5\tan\theta = 4$ है तो $(3\sin\theta - 2\cos\theta) \div (2\sin\theta + 3\cos\theta)$ का मान ज्ञात करें।

(a) 6/23 (b) 2/23

(c) 4/23 (d) 5/23

RRB NTPC 31.03.2016 Shift : 3

Ans : (b) दिया है- $5\tan\theta = 4 \Rightarrow \tan\theta = \frac{4}{5}$

$\frac{3\sin\theta - 2\cos\theta}{2\sin\theta + 3\cos\theta}$

$= \frac{3\left(\frac{\sin\theta}{\cos\theta}\right) - 2\left(\frac{\cos\theta}{\cos\theta}\right)}{2\left(\frac{\sin\theta}{\cos\theta}\right) + 3\left(\frac{\cos\theta}{\cos\theta}\right)}$ ($\cos\theta$ से अंश व हर में भाग करने पर)

$= \frac{3\tan\theta - 2\times 1}{2\tan\theta + 3} = \frac{3\times\frac{4}{5} - 2}{2\times\frac{4}{5} + 3} = \frac{\frac{12-10}{5}}{\frac{8+15}{5}} = \frac{2}{23}$

26. यदि $2(\cos\theta + \sec\theta) = 5$ हैं, तो $\sec^2\theta + \cos^2\theta$ का मान ज्ञात कीजिए।

(a) $\frac{4}{17}$ (b) $\frac{17}{4}$

(c) $\frac{25}{2}$ (d) $\frac{25}{2}$

RRB NTPC 23.07.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) :

$2(\cos\theta + \sec\theta) = 5$

$\cos\theta + \sec\theta = \frac{5}{2}$

दोनों पक्षों का वर्ग करने पर,

$(\cos\theta + \sec\theta)^2 = \left(\frac{5}{2}\right)^2$

$\cos^2\theta + \sec^2\theta + 2\cos\theta.\sec\theta = \frac{25}{4}$

$\cos^2\theta + \sec^2\theta + 2 = \frac{25}{4}$

$\cos^2\theta + \sec^2\theta = \frac{25}{4} - 2$

$\cos^2\theta + \sec^2\theta = \frac{17}{4}$

27. यदि $\tan\theta + \cot\theta = 5$ हो तो $\tan^2\theta + \cot^2\theta + 2\tan^2 60^\circ$ का मान क्या होगा?

(a) $10\sqrt{3}$ (b) $29\sqrt{3}$

(c) 25 (d) 29

RRB NTPC 04.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : $\tan\theta + \cot\theta = 5$

$\tan\theta + \frac{1}{\tan\theta} = 5$

$\tan^2\theta + \frac{1}{\tan^2\theta} + 2 = 25$ .....(दोनों पक्षों का वर्ग करने पर)

$\tan^2\theta + \cot^2\theta = 23$

तब, $\tan^2\theta + \cot^2\theta + 2\tan^2 60^\circ = ?$

$23 + 2 \times 3 = 29$

28. यदि $\cos x + \frac{1}{\cos x} = 2$ है, तो $\cos^n x + \frac{1}{\cos^n x}$ का मान ज्ञात कीजिए।

(a) 8 (b) 6

(c) 2 (d) 4

RRB NTPC 03.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : $\cos x + \frac{1}{\cos x} = 2$ ....(दिया है)

$x = 0^\circ$ लेने पर

$\cos 0^\circ + \frac{1}{\cos 0^\circ} = 2$

$1 + \frac{1}{1} = 2$

$2 = 2$

अतः $\cos^n x + \frac{1}{\cos^n x}$ में $x = 0°$ रखने पर

$\cos^n 0° + \frac{1}{\cos^n 0°}$

$= (1)^n + \frac{1}{(1)^n} = 1 + \frac{1}{1} = 2$

अतः $\cos^n x + \frac{1}{\cos^n x} = 2$ होगा।

29. यदि $\cos^4\theta - \sin^4\theta = \frac{3}{5}$ है, तो निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए:

$1 - 2\sin^2\theta + 2\sin\theta\cos\theta$

(a) 0 (b) $\frac{8}{5}$ (c) $\frac{9}{5}$ (d) $\frac{7}{5}$

RRB NTPC 05.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : $\cos^4\theta - \sin^4\theta = \frac{3}{5}$

$(\cos^2\theta + \sin^2\theta)(\cos^2\theta - \sin^2\theta) = \frac{3}{5}$

$\cos^2\theta - \sin^2\theta = \frac{3}{5}$

$\cos 2\theta = \frac{3}{5}$ $(\because \cos^2\theta - \sin^2\theta = \cos 2\theta)$

तब $(1 - 2\sin^2\theta) + 2\sin\theta.\cos\theta$

$\cos 2\theta + \sin 2\theta$ $\left[\because \begin{matrix}\cos 2\theta = 1 - 2\sin^2\theta \\ \sin 2\theta = 2\sin\theta.\cos\theta\end{matrix}\right]$

$\cos 2\theta + \sqrt{1 - \cos^2 2\theta}$ (समी. (i) से-)

$\frac{3}{5} + \sqrt{1 - \frac{9}{25}}$

$\frac{3}{5} + \frac{4}{5} = \frac{7}{5}$

30. यदि $\sin\theta + \text{cosec}\theta = 2$, तो $\sin^8\theta + \text{cosec}^8\theta$ का मान ज्ञात कीजिए।

(a) 2^4 (b) 2

(c) 1 (d) 2^8

RRB NTPC 18.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : $\sin\theta + \text{cosec}\theta = 2$

$\sin\theta + \frac{1}{\sin\theta} = 2$

$\sin^2\theta - 2\sin\theta + 1 = 0$

$(\sin\theta - 1)^2 = 0$

$\text{Sin}\theta = 1$

$\text{Sin}\theta = \text{Sin}90°$

$\boxed{\theta = 90°}$

$? = \text{Sin}^8\theta + \text{Cosec}^8\theta$

$= \text{Sin}^8 90° + \text{Cosec}^8 90°$

$= (1)^8 + (1)^8$

$= 1 + 1 = 2$

Type-2 : कोणीय मान पर आधारित प्रश्न

31. यदि $\text{cosec}\,\theta \times \tan\theta = \frac{2}{\sqrt{3}}$ है और θ एक न्यून कोण है, तो θ का मान ज्ञात कीजिए।

(a) 30° (b) 60°

(c) 90° (d) 45°

RRB NTPC (Stage-2) 16/06/2022 (Shift-II)

Ans. (a) : दिया है- $\text{cosec}\,\theta \times \tan\theta = \frac{2}{\sqrt{3}}$ एक न्यूनकोण है।

$\text{cosec}\,\theta \times \tan\theta = \frac{2}{\sqrt{3}}$

विकल्प (a) से $\theta = 30°$ रखने पर,

$2 \times \frac{1}{\sqrt{3}} = \frac{2}{\sqrt{3}}$

$\frac{2}{\sqrt{3}} = \frac{2}{\sqrt{3}}$

LHS = RHS

32. जब $\alpha = 30°$ है, तो $\sin\alpha\cos\alpha$ का मान ज्ञात कीजिए।

(a) $\frac{\sqrt{3}}{4}$ (b) $\frac{3}{4}$

(c) $\frac{\sqrt{3}}{3}$ (d) $\frac{\sqrt{3}}{2}$

RRB NTPC (Stage-2) 17/06/2022 (Shift-II)

Ans. (a) : दिया है-

$\alpha = 30°$, तो $\sin\alpha.\cos\alpha = ?$

$\sin 30°.\cos 30°$

$= \frac{1}{2} \times \frac{\sqrt{3}}{2}$

$= \boxed{\frac{\sqrt{3}}{4}}$

33. निम्न को हल कीजिए।

$\sin 60° + \tan 30° + \cos 45°$

(a) $\frac{3\sqrt{2} + 5\sqrt{3}}{4}$ (b) $\frac{5\sqrt{2} + 3\sqrt{3}}{4}$

(c) $\frac{3\sqrt{2} + 5\sqrt{3}}{6}$ (d) $\frac{5\sqrt{2} + 3\sqrt{3}}{6}$

RRB NTPC (Stage-2) 15/06/2022 (Shift-I)

Ans. (c) : $\sin 60° + \tan 30° + \cos 45°$

$= \frac{\sqrt{3}}{2} + \frac{1}{\sqrt{3}} + \frac{1}{\sqrt{2}}$

$= \frac{3\sqrt{2} + 2\sqrt{2} + 2\sqrt{3}}{2\sqrt{6}}$

$= \frac{2\sqrt{3} + 5\sqrt{2}}{2\sqrt{6}} \times \frac{2\sqrt{6}}{2\sqrt{6}}$

$= \frac{4 \times 3\sqrt{2} + 10 \times 2\sqrt{3}}{4 \times 6}$

$$= \frac{4\left(3\sqrt{2}+5\sqrt{3}\right)}{4\times 6}$$

$$= \boxed{\frac{3\sqrt{2}+5\sqrt{3}}{6}}$$

34. यदि $\sin^2\beta - \sin 30^\circ = 0$ है और β का मान ज्ञात कीजिए।

(a) 45° (b) 0°

(c) 90° (d) 60°

RRB NTPC (Stage-2) 15/06/2022 (Shift-III)

Ans. (a) :

यदि $\sin^2\beta - \sin 30^\circ = 0$ जहाँ β न्यूनकोण है तो $\beta = ?$

$\sin^2\beta = \sin 30^\circ$

$\sin^2\beta = \frac{1}{2}$

$\sin\beta = \frac{1}{\sqrt{2}}$

$\sin\beta = \sin 45^\circ$

$\beta = 45^\circ$

35. का मान ज्ञात कीजिए ।

$$\frac{\cos^2 22^\circ + \cos^2 68^\circ}{2\left(\sin^2 22^\circ + \sin^2 68^\circ\right)} - \sin^2 16^\circ - \cos 16^\circ \sin 74^\circ$$

(a) $\frac{3}{2}$ (b) 2

(c) $-\frac{1}{2}$ (d) 0

RRB NTPC 01.04.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) :

$$\frac{\cos^2 22^\circ + \cos^2 68^\circ}{2(\sin^2 22^\circ + \sin^2 68^\circ)} - \sin^2 16^\circ - \cos 16^\circ \sin 74^\circ$$

$$= \frac{\cos^2 22^\circ + \cos^2(90^\circ - 22^\circ)}{2(\sin^2 22^\circ + \sin^2(90^\circ - 22^\circ)} - (\sin^2 16^\circ + \cos 16^\circ . \sin(90 - 16^\circ)$$

$$= \frac{\cos^2 22^\circ + \sin^2 22^\circ}{2(\sin^2 22^\circ + \cos^2 22^\circ)} - (\sin^2 16^\circ + \cos 16^\circ . \cos 16^\circ)$$

$$= \frac{1}{2\times 1} - (\sin^2 16^\circ + \cos^2 16^\circ)$$

$$= \frac{1}{2} - 1$$

$$= -\frac{1}{2}$$

36. यदि $\sqrt{2}\sin(5x-5)^\circ = \tan 45^\circ$ है, तो x का मान डिग्री में ज्ञात कीजिए।

(a) 16 (b) 12

(c) 14 (d) 10

RRB NTPC 09.02.2021 (Shift-II) Stage I

Ans. (d) : प्रश्नानुसार,

$\sqrt{2}\sin(5x-5)^\circ = \tan 45^\circ$

$\sin(5x-5)^\circ = \frac{1}{\sqrt{2}} = \sin 45^\circ$

$5x - 5^\circ = 45^\circ$

$5x = 50^\circ$

$x = 10^\circ$

37. यदि $\sin(A-B) = \frac{1}{2}$ और $\cos(A+B) = \frac{1}{2}$ है, जहाँ $0^0 < (A+B) \le 90^0, A > B$ हो, तो A और B के माप ज्ञात कीजिए।

(a) $35^\circ, 15^\circ$ (b) $40^\circ, 35^\circ$

(c) $25^\circ, 20^\circ$ (d) $45^\circ, 15^\circ$

RRB NTPC 01.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) :

$\sin(A-B) = \frac{1}{2}$ $\cos(A+B) = \frac{1}{2}$
Ans. (b) : दिये गये विकल्प में भोजन और अन्य व्यय कुल व्यय का अधिकतम प्रतिशत है।

13. नीचे दिए गए पाई चार्ट का अवलोकन करें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। पाई चार्ट एक कंपनी की पांच शाखाओं B1, B2, B3, B4 और B5 से हुई स्कूल बैग की बिक्री के प्रतिशत बंटन को दर्शाता है।



कंपनी की शाखा B3 से हुई स्कूल बैग की बिक्री के संगत वृत्तखंड का केन्द्र कोण कितना है?

(a) 80^0 (b) 45^0
(c) 90^0 (d) 120^0

RRB NTPC 09.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : कम्पनी की शाखा B3 से स्कूल बैग की बिक्री का कोण
$=\frac{25}{100}\times360^o$
$=90^o$

निर्देश- (प्रश्न संख्या 14-15) : निम्नांकित पाई आरेख का अध्ययन करें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।



14. कॉलेज F में स्नातक (UG) विद्यार्थियों की संख्या और स्नातकोत्तर (PG) विद्यार्थियों की संख्या का अंतर कितना है?

(a) 2048 (b) 2272
(c) 2692 (d) 1481

RRB NTPC 05.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : अभीष्ट अंतर कालेज F में,
28400×23%–25600×15%
=284×23–256×15
=6532–3840
=2692

15. कॉलेज C में स्नातकोत्तर (PG) विद्यार्थियों और स्नातक (UG) विद्यार्थियों की संख्याओं का अनुपात कितना है?

(a) 416:355 (b) 71:64
(c) 12:10 (d) 13:10

RRB NTPC 05.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : कालेज C में स्नातकोत्तर (PG) विद्यार्थियों की संख्या
$=25600\times\frac{26}{100}$
कालेज C में स्नातक (UG) में विद्यार्थियों की संख्या
$=28400\times\frac{20}{100}$
अभीष्ट अनुपात = 25600×26: 28400×20
=416:355

16. नीचे दिए गए पाई-चार्ट में फर्नीचर के विनिर्माण पर हुए व्यय का प्रतिशत वितरण दर्शाया गया है। पाई-चार्ट का अध्ययन करें और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।



प्रत्यक्ष श्रम लागत (Direct labour cost) पर हुए व्यय के संगत वृत्तखंण्ड के केन्द्र कोण का मान ज्ञात कीजिए।

(a) 110.9º (b) 100.8º
(c) 150º (d) 90º

RRB NTPC 04.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : ∵ $100\% = 360^\circ$

$$1\% = \frac{360^\circ}{100}$$

∴ प्रत्यक्ष श्रम लागत 28% है

अतः $\frac{360^\circ}{100} \times 28 = 100.8^\circ$

17. निम्नांकित पाई चार्ट का अध्ययन करें, जो एक निश्चित स्थान की वार्षिक कृषि उपज को दर्शाता है और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।



यदि कुल उत्पादन 8100 टन हो तो चावल की उपज (टन में) क्या होगी ?

(a) 2025 (b) 900
(c) 4860 (d) 3240

RRB NTPC 10.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : कुल उत्पादन = 8100 टन

चावल की उपज = $8100 \times \frac{40^0}{360^0}$

= 900 टन

निर्देश:- (18-19) एक कॉलेज में 1800 छात्र है। दिए गए पाई-चार्ट में विभिन्न विषयों का अध्ययन करने वाले छात्रों की संख्या (डिग्री में) को दर्शाया गया है। चार्ट का अध्ययन करें और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें

18. कॉलेज में कितने छात्र गणित का अध्ययन कर रहें है?

(a) 300 (b) 240
(c) 280 (d) 260

RRB NTPC 13.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a)
कॉलेज में गणित का अध्ययन करने वाले छात्रों की संख्या

$= \frac{\text{कुल छात्रों की संख्या}}{360} \times$ गणित का त्रिज्यखण्ड कोण

$= \frac{1800}{360} \times 60 = 300$

19. यदि राजनीति विज्ञान नामक पाठ्यक्रम को बंद कर दिया जाता है और उसमें पढ़ने वाले छात्रों को समान रूप से इतिहास और जनसंचार पाठ्यक्रमों में वितरित कर दिया जाता है, तो जनसंचार पाठ्यक्रम में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या में होने वाली वृद्धि की गणना कीजिए।

(a) 30 (b) 90
(c) 120 (d) 75

RRB NTPC 13.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : राजनीति विज्ञान पढ़ रहे छात्रो का कोणीय विस्तार = 12°

इतिहास और जनसंचार में समान वितरित भाग = $\frac{12}{2} = 6^\circ$

राजनीति विज्ञान के बन्द होने से जनसंचार में होने वाली,

वृद्धि = $\frac{1800}{360} \times 6 = 30$

20. आकृति को ध्यानपूर्वक देखें तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।



यदि छात्रों की कुल संख्या 120 है और सभी विषयों में छात्रों की संख्या समान है, तो कितने छात्र भाषाओं का अध्ययन करते हैं?

संदर्भ :

अंग्रेजी

सामाजिक विज्ञान

हिंदी

विज्ञान

गणित

(a) 36 (b) 24

(c) 48 (d) 12

RRB NTPC 04.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : माना प्रत्येक विषय में छात्रों की संख्या = x

कुल छात्रों की संख्या = 5x

$\Rightarrow 5x = 120$

$\Rightarrow x = 24$

भाषाओं (हिन्दी + अंग्रेजी) का अध्ययन करने वाले छात्रों की संख्या = 24 + 24 = 48

निर्देश (21-23)- दिया गया पाई चार्ट, पिछले महीने एक समाचार पत्र में विभिन्न हिस्सों के अंतर्गत प्रकाशित समाचार सामग्रियों के प्रतिशत-वार बंटन को दर्शाता है। पाई चार्ट का अध्ययन करें और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दें ।



21. यदि उस महीने में कुल 4800 सामग्रियाँ प्रकाशित की गई थी, तो उनमें से कितने विज्ञापन (advertisements) थे?

(a) 612 (b) 320

(c) 428 (d) 576

RRB NTPC 27.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : उस महीने में कुल सामग्रियाँ = 4800

विज्ञापन सामग्रियाँ $= 4800 \times \frac{12}{100} = 576$

22. प्रकाशित विज्ञापनों (Advertisements) और खेल (Sports) सामग्रियों का अनुपात ज्ञात कीजिए।

(a) 2 : 1 (b) 1 : 2

(c) 3 : 2 (d) 2 : 3

RRB NTPC 27.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : पाई-चार्ट से,

$\frac{\text{विज्ञापन सामग्रियों}}{\text{खेल सामग्रियों}} = \frac{4800 \times 12\%}{4800 \times 8\%} = 3 : 2$

23. यदि 4 सप्ताह की अवधि में प्रकाशित समाचार सामग्रियों की कुल संख्या 48000 थी और यदि किसी भी एक पृष्ठ पर 30 समाचार सामग्रियों को प्रकाशित किया जा सकता है, तो 2 सप्ताह में विज्ञापनों (Advertisement) और खेल (Sports) सामग्रियों से संबंधित कितने पृष्ठ होंगे?

(a) 160 (b) 120

(c) 320 (d) 240

RRB NTPC 27.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : 4 सप्ताह की अवधि में प्रकाशित समाचार सामग्रियों की कुल संख्या = 48000

2 सप्ताह में विज्ञापनों की सामग्रियाँ $= 48000 \times \frac{12}{100} \times \frac{1}{2} = 2880$

2 सप्ताह में विज्ञापनों की पृष्ठ संख्या $= \frac{2880}{30} = 96$

(1 पृष्ठ = 30 समाचार सामग्री)

2 सप्ताह में खेल सामग्रियों की संख्या $= 48000 \times \frac{8}{100} \times \frac{1}{2} = 1920$

2सप्ताह में खेल सामग्रियों की पृष्ठ संख्या $= \frac{1920}{30} = 64$

अतः 2 सप्ताह में विज्ञापनों और खेल सामग्रियों की कुल पृष्ठ की संख्या

$= 96 + 64 = 160$

24.

उपरोक्त पाई-चार्ट प्रत्येक विभाग द्वारा उनके वार्षिकोत्सवों पर व्यय की गई राशि को दर्शाता हैं। यदि L और D (L&D) द्वारा किया गया व्यय ₹ 6,400 है, तो एडमिन (Admin) और एचआर (HR) द्वारा व्यय की गई राशि ज्ञात कीजिए।

(a) ₹ 30,400 (b) ₹ 37,475

(c) ₹ 33,155 (d) ₹31,740

RRB NTPC 05.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : माना कुल राशि = ₹ x

L & D द्वारा व्यय की गई राशि = ₹6400

$x \times \frac{40^\circ}{360^\circ} = 6400$

$x = 6400 \times 9$

x = ₹57600

एडमिन और एचआर द्वारा व्यय की गई राशि

$= 57600 \times \frac{(100 + 90^\circ)}{360^\circ} = 57600 \times \frac{190^\circ}{360^\circ} =$ ₹30,400

25. निम्नलिखित पाई चार्ट भारत के विभिन्न राज्यों में विभिन्न व्यवसाय करने वाले लोगों की संख्या को प्रतिशत के रूप में दर्शाता है।



किसान को निरूपित करने वाले वृत्तखंड के लिए, क्रेंद्र कोण का मान लगभग कितना है?

(a) 35º (b) 25º
(c) 30º (d) 40º

RRB NTPC 09.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : प्रश्नानुसार,

$$\text{अभीष्ट केन्द्रीय कोण} = 360 \times \frac{11}{100}$$
$$= 39.6^\circ$$
$$= 40^\circ \text{ (लगभग)}$$

26. दिया गया वृत्त आरेख किसी एक वर्ष के दौरान निजी छात्रावास द्वारा विभिन्न मदों पर किए गए व्यय (लाख ₹ में) को दर्शाता है। वृत्त आरेख के आधार पर दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। यदि इस वर्ष के दौरान छात्रावास द्वारा किया गया कुल व्यय 50 लाख था, तो रखरखाव शुल्क और सुरक्षा पर कुल कितना खर्च (लगभग) किया गया था?



(a) 41 लाख (b) 16 लाख
(c) 8 लाख (d) 21 लाख

RRB NTPC 23.07.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : प्रश्नानुसार,

$360^\circ = 50$ लाख

सुरक्षा और रखरखाव शुल्क का कुल केन्द्रीय कोण $= 55^\circ + 58^\circ$
$= 113^\circ$

$$\therefore \text{ कुल अभीष्ट खर्च } = \frac{5000000 \times 113}{360}$$
$$= ₹1569444.44 \quad = ₹ \text{ 16 लाख (लगभग)}$$

निर्देश: (27-29) पाई चार्ट, एक परिवार के लोगों के पसंदीदा सितारो

(बॉलीवुड सितारे SRK, SK, AK, HR एवं VD) को दर्शाता है।

पाई चार्ट का ध्यान से अध्ययन करें और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दें।

27. SRK को पसंद करने वालों की तुलना में SK को पसंद करने वालो का अनुपात है:

(a) 6/5 (b) 5/6
(c) 1/2 (d) 2/1

RRB NTPC 11.04.2016 Shift : 2

Ans. (b) : प्रश्न से

SRK = 25 %
SK = 30 %

$\therefore$ SRK : SK = 25 : 30
= 5:6

28. HR का समरूपी क्षेत्र (sector) कोण कौन सा है?

(a) 36^0 (b) 72^0
(c) 54^0 (d) 108^0

RRB NTPC 11.04.2016 Shift : 2

Ans. (b) : HR का प्रतिशत = 20%

कुल कोण = 360^0

$$\text{HR का समरूपी क्षेत्र कोण} = 360 \times \frac{20}{100} = 72^0$$

29. यदि परिवार में 40 लोग है, तो AK को पसंद करने वालों और VD को पसंद करने वालों के बीच अंतर बताएं।

(a) 2 (b) 3
(c) 4 (d) 6

RRB NTPC 11.04.2016 Shift : 2

Ans. (a) : परिवार के लोगों की संख्या = 40

$$\text{AK को पसंद करने वाले लोगों की संख्या} = 40 \times \frac{15}{100}$$
$$= 6$$

$$\text{VD को पसंद करने वाले लोगों की संख्या} = 40 \times \frac{10}{100}$$
$$= 4$$

अभीष्ट अन्तर = 6 − 4
= 2

30. एक विद्यालय में 1200 छात्रों से उनके आगमन के वाहनों के बारे में पूछा गया तथा प्राप्त सूचनाओं को निम्न पाई चार्ट द्वारा दर्शाया गया है। तो दी गयी सूचनाओं के आधार पर ज्ञात करें कि कितने छात्र कार द्वारा विद्यालय आते है?



(a) 1000 (b) 900
(c) 500 (d) 750

RRB NTPC 28.03.2016 Shift : 2

Ans. (c) : कुल छात्र = 1200
कार से आने वाले छात्रों का 360° में से कोण = 150°

$\therefore$ कार से आने वाले छात्रों की संख्या $= 1200 \times \frac{150^0}{360^0}$

$= 500$

निर्देश (31-33) : निम्नलिखित पाई चार्ट पांच राज्यों P, Q, R, S और T के वन क्षेत्र को दर्शाता है। चार्ट पर विचार करें और उस पर आधारित सवालों के जवाब दें-



31. Q राज्य का क्षेत्रफल क्या होगा यदि कुल क्षेत्रफल 61700 sq. km है-

(a) 11686 sq. km (b) 12,340 sq. km
(c) 13,574 sq. km (d) 19,744 sq. km

RRB NTPC 04.04.2016 Shift : 2

Ans. (c) : Q राज्य का क्षेत्रफल

$= 61700 \times \frac{22}{100} = 617 \times 22 = 13574$ sq. km

32. राज्य P का सेक्टर कोण.....है

(a) 50.4^0 (b) 64.8^0
(c) 43.2^0 (d) 79.2^0

RRB NTPC 04.04.2016 Shift : 2

Ans. (a) : सभी राज्यों का सेक्टर कोण का योग=360^0

राज्य P का सेक्टर कोण $= \frac{360 \times 14}{100}$ $\left[\because 100\% = 360^0,\ 14\% = \frac{360 \times 14}{100}\right]$

$= 50.4^0$

33. राज्य R के वन क्षेत्र का राज्य T और S के संयुक्त वन क्षेत्र से अनुपात है:

(a) 17/16 (b) 17/15
(c) 11/15 (d) 11/16

RRB NTPC 04.04.2016 Shift : 2

Ans. (b) :
अभीष्ट अनुपात = (राज्य R का वन क्षेत्र) : (राज्य T और S का वन क्षेत्र)

$= 34\% : (18+12)\%$
$= 34 : 30$
$= 17 : 15$
$= \frac{17}{15}$

Type-2 : तालिका पर आधारित प्रश्न

34. निम्नलिखित तालिका एक कंपनी द्वारा पांच वर्षो के दौरान विभिन्न मदों पर किए गए व्यय को दर्शाता है।

Expenditures of a company (in Lakhs)

Year	Expenditature Heads				
	Salary	Transport	Taxes	Advertising	Offers and Promotions
2017	361	93	83	142	52
2018	273	67	65	133	88
2019	645	110	152	108	95
2020	712	108	166	112	68
2021	652	111	132	101	75

(संदर्भ - कंपनी के व्यय (लाख में), व्यय की मदें, वर्ष, वेतन, परिवहन, कर, विज्ञापन, ऑफर एवं प्रमोशन)

2017 में कंपनी का कुल व्यय 2021 में इसके कुल व्यय के लगभग कितने प्रतिशत के बराबर था?

(a) 71% (b) 61%
(c) 68% (d) 55%

RRB NTPC (Stage-2) 12/06/2022 (Shift-I)

Ans. (c) : 2017 में कम्पनी का कुल व्यय
$= 361 + 93 + 83 + 142 + 52 = 731$
2021 में कम्पनी का कुल व्यय
$= 652 + 111 + 132 + 101 + 75 = 1071$
वांछित प्रतिशत $= \frac{731}{1071} \times 100 \simeq 68\%$

35. निम्न तालिका में एक शहर में तीन वर्षों के दौरान हुए स्कूटर (Scooter) और मोटरसाइकिल (motorcycle) के नए पंजीकरणों की संख्याएं दर्शाई गई हैं। किन वर्षों (Year) के दौरान स्कूटरों और मोटरसाइकिलों, दोनों वाहनों (Vehicle) के नए पंजीकरणों की संख्याओं में अलग-अलग और कुल मिलाकर 50% से अधिक का उतार-चढ़ाव देखने को मिला?

Year / Vehicle	2004-05	2005-06	2006-07
Scooters	904	1316	2017
Motorcycles	1654	2019	722

(a) 2006-2007
(b) 2005-2006
(c) 2005-06 और 2006-07 दोनों
(d) न तो 2005-06 और न ही 2006-07

RRB NTPC 13.03.2021 (Shift-I) Stage I

Ans. (d) : वर्ष 2004-05 से 2005-06 में स्कूटर की संख्या में प्रतिशत वृद्धि $= \frac{(1316-904)}{904} \times 100 = 45.57\%$

वर्ष 2005-06 से 2006-07 में स्कूटर की संख्या में प्रतिशत वृद्धि $= \frac{(2017-1316)}{1316} \times 100 = 53.20\%$

वर्ष 2004-05 से 2005-06 में मोटरसाइकिल की संया में प्रतिशत वृद्धि $= \frac{(2019-1654)}{1654} \times 100 = 22.06\%$

व्रर्ष 2005-06 से 2006-07 में मोटरसाइकिल की संख्या में प्रतिशत कमी $= \frac{(2019-722)}{2019} \times 100 = 64.23\%$

अतः न तो 2005-06 और न ही 2006-07 में 50% से अधिक का उतार चढ़ाव देखने को मिला है।

निर्देश:- (36-38) : नीचे दी गईं तालिका का अवलोकन कीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

वर्ष	जनसंख्या	बिजली की खपत (GW)
2015	**20**	**25**
2016	**30**	**40**
2017	**40**	**60**
2018	**50**	**80**
2019	**60**	**100**

1 GW = 100 मिलियन वॉट

जनसंख्या मिलियन मे दी गई है।

36. वर्ष 2016 में, बिजली की प्रति व्यक्ति खपत कितनी थी

(a) 133.3W (b) 333.33W
(c) 266.67W (d) 166.67W

RRB NTPC 28.01.2021 (Shift-I) Stage I

Ans. (a) : वर्ष 2016 में, बिजली की प्रति व्यक्ति खपत

$= \frac{40 \times 100}{30}$

$= \frac{400}{3}$

$= 133.3$ W

37. 2015 से 2019 के बीच बिजली की खपत में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई?

(a) 100% (b) 75%
(c) 25% (d) 300%

RRB NTPC 28.01.2021 (Shift-I) Stage I

Ans. (d) : 2015 से 2019 के बीच बिजली की खपत में प्रतिशत वृद्धि $= \frac{(100-25)\times 100}{25\times 100} \times 100$

$= \frac{75}{25} \times 100$

$= 300\%$

38. किस वर्ष में बिजली की खपत में 50% की वृद्धि हुई?

(a) 2016 (b) 2017
(c) 2018 (d) 2019

RRB NTPC 28.01.2021 (Shift-I) Stage I

Ans. (b) : विकल्प से,

2016 में प्रतिशत वृद्धि $= \frac{40-25}{25} \times 100$

$= 15 \times 4 = 60\%$

2017 में प्रतिशत वृद्धि $= \frac{60-40}{40} \times 100$

$= \frac{20}{40} \times 100$

$= 50\%$

2018 में प्रतिशत वृद्धि $= \frac{80-60}{60} \times 100 = \frac{20}{60} \times 100 = 33.33\%$

2019 में प्रतिशत वृद्धि $= \frac{100-80}{80} \times 100 = \frac{20}{80} \times 100 = 25\%$

अतः 2017 में 50% की वृद्धि हो रही है।

39. दी गई तालिका में विभिन्न समूहों में पुरुषों और महिलाओं की संख्या को दर्शाया गया है। दिए गए समूहों में से किस समूह में महिलाओं और पुरुषों का अनुपात उच्चतम है?

समूह नाम (Group Name), पुरुष की संख्या (No. of Male), महिलाओं की संख्या (No. of Female)

Group Name	No. of Male	No. of Female
C	**950**	**414**
B	**650**	**414**
M	**700**	**410**
S	**720**	**408**
R	**740**	**405**

(a) समूह C (b) समूह B
(c) समूह S (d) समूह R

RRB NTPC 21.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : दिये गये विकल्पों से-

(a) समूह C के महिलाओं और पुरूषों का अनुपात

$= \frac{414}{950} = 0.43$

(b) समूह B के महिलाओं और पुरूषों का अनुपात

$= \frac{414}{650} = 0.63$

(c) समूह S के महिलाओं और पुरूषों का अनुपात

$= \frac{408}{720} = 0.57$

(d) समूह R के महिलाओं और पुरूषों का अनुपात

$= \frac{405}{740} = 0.54$

अतः, स्पष्ट है कि समूह B का अनुपात अधिकतम है।

निर्देश:- दी गई तालिका में वर्ष 2013 से 2017 तक के दौरान चाय के बगान द्वारा किए गए व्यय (₹ करोड़ में) को दर्शाया गया है। तालिका का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

Year	Items of Expenditure(₹ in Crores)				
	Salary	Fuel etc	Bonus	Interest on loans	Taxes
2013	60.5	20.0	0.8	4.88	18.6
2014	68.4	23.4	0.4	7.00	22.6
2015	62.8	19.4	0.86	8.85	16.8
2016	67.2	28.8	0.89	6.28	17.5
2017	84.0	30.2	0.96	10.11	21.6

तालिका संदर्भ : वर्ष (year), मदों का व्यय (₹ करोड़ में) Items of expenditure (in ₹crores), वेतन (Salary), ईंधन आदि (Fuel etc), बोनस (Bonus), ऋणों पर ब्याज (Interest on Loans), कर (Taxes).

40. किस वर्ष में 'कर' और 'ऋण' पर 'ब्याज' पर हुआ कुल व्यय, ईंधन आदि पर हुए व्यय से कम है?

(a) 2014 (b) 2016
(c) 2013 (d) 2015

RRB NTPC 03.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : दी गई तालिका से,
वर्ष 2016 में 'कर' तथा 'ऋण पर ब्याज' पर हुआ
कुल व्यय = 6.28 +17.5 =23.78
तथा वर्ष 2016 में ईंधन आदि पर कुल व्यय = 28.8
$\because 28.8 > 23.78$
अतः वर्ष 2016 में ऋण पर ब्याज तथा 'कर' पर हुआ कुल व्यय 'ईंधन आदि' पर हुए कुल व्यय से कम है।

41. वर्ष 2013 से 2017 तक के 'वेतन' पर औसत वार्षिक व्यय लगभग कितना था?

(a) ₹69.58 करोड़
(b) ₹68.00 करोड़
(c) ₹68.58 करोड़
(d) ₹67.58 करोड़

RRB NTPC 03.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : दी गई तालिका से-
वर्ष 2013 से 2017 तक वेतन पर व्यय
= 60.5 + 68.4+62.8+67.2+84
=342.9 करोड़
तथा कुल समय (वर्षो में) = 5 वर्ष
अतः वेतन पर वार्षिक औसत व्यय $= \frac{342.9}{5}$
= ₹68.58 करोड़

42. पांच वर्ष की अवधि में हुए व्यय की परास, व्यय की इनमें से किस मद के लिए लगभग समान थी?

(a) वेतन और ईंधन आदि
(b) ईंधन आदि और ऋणों के ब्याज
(c) वेतन और कर
(d) ऋणों पर ब्याज और कर

RRB NTPC 03.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : परास = अधिकतम – न्यूनतम
वेतन का परास = 84.0–60.5 = 23.5
ईंधन आदि का परास = 30.2–19.4 = 10.8
बोनस का परास = 0.96–0.4 = 0.56
ऋणों पर ब्याज का परास = 10.11–4.88 = 5.23
कर का परास = 22.6 – 16.8 = 5.8
अतः स्पष्ट है कि 'ऋणों पर ब्याज' और 'कर' पर पाँच वर्षों की अवधि में हुए व्यय की परास लगभग समान थी।

43. पिछले वर्ष की तुलना में किस वर्ष में वेतन पर व्यय की वृद्धि 20% से अधिक थी?

(a) 2015 (b) 2016
(c) 2017 (d) 2014

RRB NTPC 03.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : दी गई तालिका से-
वर्ष 2016 में वेतन पर व्यय = 67. 2 करोड़
तथा वर्ष 2017 मे वेतन पर व्यय = 84.0 करोड़
अतः 2016 की तुलना में 2017 में वेतन व्यय में प्रतिशत वृद्धि
$\frac{84-67.2}{67.2} \times 100$
= 25%
अतः वर्ष 2017 में पिछले वर्ष कि तुलना में वेतन पर व्यय में 20% से अधिक की वृद्धि हो रही है।

44. दी गई तालिका में एक विद्यार्थी द्वारा पहले और दूसरे सत्र में विभिन्न विषयों के प्राप्तांकों को दर्शाया गया है। प्रत्येक परीक्षा का पूर्णांक सौ था।

विषय	इंग्लिश	हिंदी	गणित	विज्ञान	सामा-जिक विज्ञान
पहले सत्र के प्राप्तांक	65	70	88	82	71
दूसरे सत्र के प्राप्तांक	67	68	94	85	75

छात्र ने किस विषय में अपने प्रदर्शन में सबसे कम सुधार किया है?

(a) इंग्लिश (b) हिंदी
(c) विज्ञान (d) सामाजिक विज्ञान

RRB NTPC 23.07.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : छात्र द्वारा विभिन्न विषयों में सुधार किए गए अंक निम्न प्रकार हैं-
इंग्लिश में $\rightarrow$ 67 – 65 = 2 अंक
गणित में $\rightarrow$ 94 – 88 = 6 अंक
विज्ञान में $\rightarrow$ 85 – 82 = 3 अंक
सामाजिक विज्ञान में $\rightarrow$ 75 – 71 = 4 अंक
स्पष्ट है कि छात्र ने इंग्लिश विषय में अपने प्रदर्शन में सबसे कम सुधार किया है जबकि हिंदी विषय के प्राप्तांक में सुधार के बजाय गिरावट आयी।

45. निम्न तालिका 5 अलग-अलग शहरों – A, B, C, D और E से किसी विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग विभाग की प्रवेश परीक्षा में भाग लेने वाले और चयनित होने वाले छात्रों की संख्या को दर्शाती है।

शहर	भाग लेने वाले छात्र	चयनित छात्र
A	2800	1900
B	3000	1800
C	2800	1950
D	2400	2000
E	2600	1700

निम्नलिखित में से किस शहर से विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा में चयनित होने वाले छात्रों का प्रतिशत न्यूनतम है?

(a) A (b) B
(c) E (d) C

RRB NTPC 07.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : विभिन्न शहरों से विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा में चयनित होने वाले छात्रों का प्रतिशत –

शहर A से $= \frac{1900}{2800} \times 100$

$= 67 \cdot 86\ \%$

शहर B से $= \frac{1800}{3000} \times 100$

$= 60\ \%$

शहर C से $= \frac{1950}{2800} \times 100$

$= 69 \cdot 64\ \%$

शहर D से $= \frac{2000}{2400} \times 100$

$= 83 \cdot 33\%$

शहर E से $= \frac{1700}{2600} \times 100$

$= 65 \cdot 38\ \%$

अतः स्पष्ट है कि शहर B से विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा में चयनित होने वाले छात्रों का प्रतिशत न्यूनतम है।

46. नीचे दी गई तालिका का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और प्रश्न का उत्तर दें।

वर्षों के दौरान कंपनी A द्वारा किए गए व्यय (मिलियन $ में)

Items of expenditure	Years			
	2012	2013	2014	2015
Salary	145	115	200	255
Transport	48	60	71	82
Interest on loans	25	18	14	13
Taxes	4	3.5	2	6.5

वर्ष 2014 में करों पर किए गए व्यय और सभी वर्षों के दौरान परिवहन पर किए गए कुल व्यय का अनुपात क्रमशः ज्ञात कीजिए।

(a) 1 : 135.5 (b) 1 : 133.5
(c) 1 : 131.5 (d) 1 : 130.5

RRB NTPC 27.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : 2014 में करों पर किया गया व्यय = 2

सभी वर्षों के दौरान परिवहन पर किए गए कुल व्यय

$= 48 + 60 + 71 + 82$

$= 261$

अभीष्ट अनुपात $= \frac{2}{261}$

$= \frac{1}{130.5}$

47. दी गई तालिका के अनुसार 2001 से 2005 तक निम्न में से किसकी उत्पादन वृद्धि दर सर्वाधिक है ?

Years	Gold	Silver	Copper	Iron
2001	**24**	**87**	**12**	**27**
2002	**56**	**89**	**20**	**29**
2003	**65**	**95**	**35**	**16**
2004	**75**	**101**	**43**	**37**
2005	**85**	**103**	**54**	**69**

चार तत्वों का उत्पादन (हजार टन)

(a) लोहा (b) चांदी
(c) तांबा (d) सोना

RRB NTPC 10.02.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : विकल्प से –

लोहा वृद्धि % $= \frac{69-27}{27} \times 100 = 155.55\%$

चाँदी वृद्धि % $= \frac{103-87}{87} \times 100 = 18.390\%$

ताँबा वृद्धि % $= \frac{54-12}{12} \times 100 = 350\%$

सोना वृद्धि % $= \frac{85-24}{24} \times 100 = 254.16\%$

अतः स्पष्ट है कि सर्वाधिक वृद्धि प्रतिशत ताँबा का है।

48. दी गई जानकारी को पढ़ें और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दें।

किसी विशेष महीने में, एक महिला अपने वेतन को अलग अलग मदों पर खर्च करती है, जैसा कि नीचे तालिका में दिया गया है।

मद	कपड़े	घर किराया	भोजन	शिक्षा	विविध
Amount spent (in ₹) खर्च राशि (₹ में)	**800**	**3600**	**1600**	**600**	**1200**

भोजन और घर किराये पर हुए खर्च का अनुपात ज्ञात कीजिए।

(a) 9 : 4 (b) 4 : 9
(c) 2 : 3 (d) 3 : 2

RRB NTPC 23.07.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : किसी विशेष महीने में महिला द्वारा भोजन पर किया गया खर्च = ₹ 1600

तथा घर के किराए पर किया गया खर्च = ₹ 3600

इस प्रकार भोजन एवं घर के किराये पर हुए खर्च का अनुपात

$$= \frac{1600}{3600} = \frac{400}{900} = \frac{4}{9}$$

अनुपात = 4 : 9

49. निम्नांकित सारणी का अध्ययन करें और प्रश्न का उत्तर दें।

वर्षों में विभिन्न स्तरों पर रोजगार की दर (प्रतिशत में)

वर्ष	प्राथमिव ₹ स्तर	माध्यमिक स्तर	उच्चतर स्तर	कुल
1995	15	12	15	42
2000	20	18	20	58
2005	25	20	10	55
2010	30	25	15	70

सारणी में दी गई जानकारी के आधार पर रोजगार की दर के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है।

(a) 1995 और 2000 के बीच में माध्यमिक स्तर पर रोजगार दर में 50% की वृद्धि दर्ज हुई।

(b) 2000 और 2005 के बीच में माध्यमिक स्तर पर रोजगार दर में 10% की वृद्धि दर्ज हुई।

(c) 2005 और 2010 के बीच में माध्यमिक स्तर पर रोजगार दर में 20% की वृद्धि दर्ज हुई।

(d) 1995 और 2000 के बीच में उच्चतर स्तर पर रोजगार दर में 25% की वृद्धि दर्ज हुई।

RRB NTPC 23.07.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : 1995 और 2000 के बीच में माध्यमिक स्तर पर रोजगार दर में वृद्धि $= \left(\frac{18-12}{12}\right)\times 100$

$= 50\%$

2000 और 2005 के बीच में माध्यमिक स्तर पर रोजगार दर में प्रतिशत वृद्धि $= \left(\frac{20-18}{18}\right)\times 100 = 11\frac{1}{9}\%$

2005 और 2010 के बीच में माध्यमिक स्तर पर रोजगार दर में प्रतिशत वृद्धि $= \left(\frac{25-20}{20}\right)\times 100 = 25\%$

1995 और 2000 के बीच में उच्चतर स्तर पर रोजगार दर में प्रतिशत वृद्धि $= \left(\frac{20-15}{15}\right)\times 100 = 33\frac{1}{3}\%$

अतः विकल्प (a) सही है।

50. तालिका में दी गई जानकारी को पढ़े और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

दी गई तालिका में वर्ष 2015 से 2018 के दौरान पंजाब से टिकट बुक करने वाले और यात्रा करने वाले व्यक्तियों की संख्या का विवरण दर्शाया गया है।

वर्ष	पंजाब	
	बुक की गई टिकटों की संख्या	यात्रा करने वालों की संख्या
2015	2400	2200
2016	2300	2000
2017	2600	2500
2018	2800	2460
कुल	10100	9160

किस वर्ष के दौरान टिकट बुक करने वाले यात्रियों की संख्या में से यात्रा करने वाले व्यक्तियों की संख्या का प्रतिशत न्यूनतम था ?

(a) 2017 (b) 2016

(c) 2018 (d) 2015

RRB NTPC 04.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : विभिन्न वर्षों के दौरान

वर्ष 2015 के दौरान $= \frac{2200}{2400}\times 100 = 91.66\%$

वर्ष 2016 के दौरान $= \frac{2000}{2300}\times 100 = 86.95\%$

वर्ष 2017 के दौरान $= \frac{2500}{2600}\times 100 = 91.15\%$

वर्ष 2018 के दौरान $= \frac{2450}{2800}\times 100 = 87.5\%$

अतः स्पष्ट है कि वर्ष 2016 के दौरान टिकट बुक करने वाले यात्रियों की संख्या में से यात्रा करने वाले व्यक्तियों की संख्या का प्रतिशत न्यूनतम था।

51. दी गई तालिका मे, 5 क्रमिक वर्षों के दौरान, गणित, इतिहास, उर्दू और अंग्रेजी नामक 4 अलग-अलग विभागों से स्नातक होने वाले छात्रों की संख्या दर्शाई गई है।

विभागों के नाम	वर्ष				
	2014	2015	2016	2017	2018
गणित	250	150	275	255	310
इतिहास	80	60	55	85	75
उर्दू	58	64	50	60	55
इंग्लिश	40	35	52	38	30

उर्दू विभाग से वर्ष 2015 में स्नातक होने वाले छात्रों की संख्या और उर्दू विभाग से सभी वर्षों में स्नातक होने वाले छात्रों की संख्या का अनुपात कितना है?

(a) 13 : 111 (b) 46 : 287

(c) 64 : 287 (d) 14 : 102

RRB NTPC 15.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (c) : वर्ष 2015 में उर्दू के छात्रों की संख्या = 64

उर्दू में सभी वर्षों में छात्रों की संख्या =58+64+50+60+55 = 287

अभीष्ट अनुपात = 64 : 287

52. दी गई तालिका वर्ष 2003, 2004, 2005 और 2006 में भौतिक विज्ञान और रसायन विज्ञान की पुस्तकों की बिक्री के आंकड़ों को दर्शाती है।

वर्ष	2003	2004	2005	2006
भौतिक विज्ञान	300	425	475	515
रसायन विज्ञान	450	550	590	700

किस वर्ष में दोनों विषय की पुस्तकों की बिक्री का अंतर सबसे कम था?

(a) 2005 (b) 2006
(c) 2003 (d) 2004

RRB NTPC 04.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : भौतिक विज्ञान और रसायन विज्ञान के वर्षों में बिक्री का अंतर

2003	2004	2005	2006
↓	↓	↓	↓
450	550	590	700
−300	425	475	515
150	125	115	185

अतः 2005 में दोनो विषय की बिक्री का अंतर सबसे कम था।

53. दी गई तालिका के अनुसार, सभी पांचों विषयों में तीनों कक्षाओं अर्थात् 10वीं, 11वीं और 12वीं के अनुत्तीर्ण रहने वाले कुल छात्रों का प्रतिशत कितना है?

Class	Subjects	Pass % of Students	No. of Failed Students
10^{th}	Maths	65	105
10^{th}	Hindi	80	120
11^{th}	English	40	360
12^{th}	Psychology	75	100
12^{th}	Biology	50	110

(a) 36.7
(b) 37.5
(c) 38.6
(d) 31.8

RRB NTPC 20.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : दी गई तालिका से,

कक्षा 10 के कुल छात्रों की संख्या $= \frac{105}{35}\times100+\frac{120}{20}\times100$

$= 300 + 600 = 900$

कक्षा 11 के कुल छात्रों की संख्या $= \frac{360}{60}\times100 = 600$

कक्षा 12 के कुल छात्रों की संख्या $= \frac{100}{25}\times100+\frac{110}{50}\times100$

$= 400 + 220 = 620$

कुल छात्रों की संख्या $= 900 + 600 + 620 = 2120$

कुल अनुत्तीर्ण छात्र $= 795$

अभीष्ट प्रतिशत $= \frac{795\times100}{2120} = 37.5$

54. दी गई तालिका सप्ताह के दौरान एक दुकान में बेचे गए बिजली के बल्बों की संख्या दर्शाती है।

दिन	सोम	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
बिके हुए बल्ब की संख्या	225	100	150	200	75	90

किस दिन दैनिक बिक्री सप्ताह की औसत बिक्री के निकटतम थी?

(a) बुधवार (b) शुक्रवार
(c) बृहस्पतिवार (d) शनिवार

RRB NTPC 05.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) :

सप्ताह की औसत बिक्री $= \frac{225+100+150+200+75+90}{6}$

$= \frac{840}{6} = 140$

अतः बुधवार की बिक्री सप्ताह की औसत बिक्री के निकटतम है।

55. यदि नीचे दिए गए आँकड़ों के आधार पर पाई चार्ट बनाया जाता है, तो फूड (Food) को निरूपित करने वाले वृत्तखंड का केंद्र कोण कितना होगा?

No. of families	Item of expenditure
150	Education
400	Food
40	Rent
250	Electricity
160	Miscellaneous

(a) 150º (b) 208º
(c) 144º (d) 90º

RRB NTPC 07.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : परिवारों की कुल संख्या = 150 + 400 + 40 + 250 + 160 = 1000

यदि पाई चार्ट बनाया जाए तो 1000 = 360º

फूड पर व्यय = 400

तो फूड को निरूपित करने वाले वृत्तखंड का

केन्द्र कोण $= \frac{360}{1000}\times400$

$= 144º$

56. निम्नलिखित तालिका विभिन्न विषयों में दो छात्रों, राज और रोहित द्वारा प्राप्त अंकों को दर्शाती है।

विषय	राज	अधिकतम अंक	रोहित	अधिकतम अंक
गणित	37	50	48	50
भौतिक	45	50	30	50
रसायन विज्ञान	42	50	45	50
जीव विज्ञान	32	50	35	50

रोहित और राज द्वारा प्राप्त कुल प्रतिशत अंको के बीच कितना अंतर है।

(a) 5% (b) 4%
(c) 2% (d) 1%

RRB NTPC 01.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : राज द्वारा प्राप्त प्रतिशत अंक $= \frac{\text{कुल प्राप्तांक}}{\text{पूर्णांक}} \times 100$

$= \frac{37+45+42+32}{200} \times 100$

$= \frac{156}{2}\%$

$= 78\%$

रोहित द्वारा प्राप्त कुल प्रतिशत अंक

$= \frac{48+30+45+35}{200} \times 100$

$= \frac{158}{2}$

$= 79\%$

अभीष्ट अन्तर $= 79 - 78 = 1\%$

57. निम्न तालिका में एक कंपनी द्वारा विभिन्न मदों के अंतर्गत किए गए व्यय (मिलियन में) संबंधी विवरण दिए गए हैं। तालिका का अध्ययन करें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

वर्ष	व्यय की मदें				
	परिवहन	प्रशासनिक	वेतन	अन्य	कर
2014	452	167	340	56	47
2015	569	174	398	62	56
2016	659	189	409	73	61
2017	706	193	456	77	63
2018	783	203	479	81	69

वर्ष 2018 में प्रशासनिक मद पर किया गया कुल व्यय, उस वर्ष के दौरान सभी मदों पर किए गए कुल व्यय का लगभग कितने प्रतिशत है?

(a) 1257% (b) 1.257%
(c) 125.7% (d) 12.57%

RRB NTPC 02.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : दी गई तालिका से-

वर्ष 2018 में प्रशासनिक मद के लिए किया गया कुल व्यय = 203 मिलियन

वर्ष 2018 में सभी मदों पर कुल व्यय

$= 783+203+479+81+69$

$= 1615$ मिलियन

अभीष्ट प्रतिशत $= \frac{203}{1615} \times 100$

$= 12.57\%$

निर्देश : (58-60) नीचे दिया गया कोष्ठक 2003 के दौरान विभिन्न शीर्ष के तहत कंपनी जेटा इंटरएक्टिव सर्विसेज के कुल व्ययों के प्रतिशत वितरण को दर्शाता है–

आधारिक संरचना	**20**
परिवहन	**12.5**
विज्ञापन	**15**
टैक्स	**10**
R & D	**5**
वेतन	**20**
ऋण पर ब्याज	**17.5**

58. जेटा इंटरएक्टिव सर्विसेज का करों और ऋणों पर ब्याज के कुल खर्च के सामने आधारिक संरचना और परिवहन पर कुल खर्च का अनुपात क्या है?

(a) 5:4 (b) 8:7
(c) 9:7 (d) 11:13

RRB NTPC 29.04.2016 Shift : 2

Ans. (d) : जेटा इंटरऐक्टिव सर्विसेज का करों और ऋणों पर ब्याज के कुल खर्च = 10 + 17.5 = 27.5%

आधारिक संरचना और परिवहन पर कुल खर्च = 20 + 12.5 = 32.5%

अभीष्ट अनुपात = 27.5 : 32.5

= 11 : 13

59. यदि ऋणों पर ब्याज की रकम रु. 2.45 करोड़ है तो जेटा इंटरएक्टिव सर्विसेज की विज्ञापन, करों और संशोधन एवं विकास (R & D) पर खर्च की कुल रकम कितनी है?

(a) 7 करोड़ (b) 5.4 करोड़
(c) 4.2 करोड़ (d) 3 करोड़

RRB NTPC 29.04.2016 Shift : 2

Ans. (c) माना उपर्युक्त मंदों खर्च की गई कुल रकम y है।

तथा विज्ञापन, कर और संशोधन एवं विकास का कुल खर्च

$=(15+10+5)\% = 30\%$

प्रश्न से, $\frac{17.5\%}{24500000} = \frac{30\%}{y}$

$\frac{24500000 \times 30}{17.5} = y$

$y = 4.2$ करोड़

60. यदि जेटा इंटरएक्टिव सर्विसेज का विज्ञापन पर व्यय 2.10 करोड़ है तो परिवहन और करों के बीच का अंतर कितना है?

(a) 1.25 करोड़ (b) 95 लाख
(c) 65 लाख (d) 35 लाख

RRB NTPC 29.04.2016 Shift : 2

Ans. (d) : प्रश्न से

परिवहन और करों के बीच का अंतर % = 12.5–10 = 2.5

तथा विज्ञापन पर व्यय = 15%

$\frac{15\%}{21000000} = \frac{2.5\%}{x}$

$\Rightarrow \quad \frac{21000000 \times 2.5}{15} = x \Rightarrow \quad x = 35$ लाख

निर्देश : (प्रश्न संख्या 61-63) : नीचे दी गई जानकारी को पढ़ें और आगे दिये गए प्रश्नों के उत्तर दें:

वर्ष 1997 से 2001 के बीच प्रतियोगी परीक्षा में दिल्ली से बैठे, उत्तीर्ण और चयनित उम्मीदवारों की संख्या की जानकारी नीचे दी गई है।

वर्ष	परीक्षा में बैठे	उत्तीर्ण	चयनित
1997	8000	850	94
1998	4800	500	48
1999	7500	640	82
2000	9500	850	90
2001	9000	800	70

61. किस वर्ष में परीक्षा में बैठे उम्मीदवारों में से चयनित उम्मीदवारों का प्रतिशत न्यूनतम था?

(a) 1998 (b) 2000
(c) 2001 (d) 1999

RRB NTPC 28.04.2016 Shift : 2

Ans. (c) : वर्ष 1997 में चयनित उम्मीदवारों का प्रतिशत

$$= \frac{94 \times 100}{8000} = 1.175\%$$

वर्ष 1998 में चयनित उम्मीदवारों का प्रतिशत $= \frac{48 \times 100}{4800}$

$= 1\%$

वर्ष 1999 में चयनित उम्मीदवारों का प्रतिशत $= \frac{82 \times 100}{7500}$

$= 1.093\%$

वर्ष 2000 में चयनित उम्मीदवारों का प्रतिशत $= \frac{90 \times 100}{9500}$

$= 0.947\%$

वर्ष 2001 में चयनित उम्मीदवारों का प्रतिशत $= \frac{70 \times 100}{9000}$

$= 0.7778\%$

अत: वर्ष 2001 में चयनित उम्मीदवारों का प्रतिशत न्यूनतम है।

62. किस वर्ष में चयनित उम्मीदवारों की संख्या का, उत्तीर्ण उम्मीदवारों की संख्या से अनुपात अधिकतम था?

(a) 1998
(b) 2000
(c) 2001
(d) 1999

RRB NTPC 28.04.2016 Shift : 2

Ans. (d) : वर्ष 1997 में अनुपात $= \frac{94}{850} = 0.110$

वर्ष 1998 में अनुपात $= \frac{48}{500} = 0.096$

वर्ष 2000 में अनुपात $= \frac{90}{850} = 0.1058$

वर्ष 2001 में अनुपात $= \frac{70}{800} = 0.0875$

वर्ष 1999 में अनुपात $= \frac{82}{640} = 0.128$

अत: 1999 में चयनित उम्मीदवारों की संख्या का, उत्तीर्ण उम्मीदवारों की संख्या से अनुपात अधिकतम है।

63. दी गयी अवधि में चयनित उम्मीदवारों की औसत संख्या (निकटतम पूर्णांक में) कितनी है?

(a) 79
(b) 77
(c) 76
(d) 74

RRB NTPC 28.04.2016 Shift : 2

Ans. (b) : चयनित उम्मीदवारों की औसत संख्या

$$= \frac{94 + 48 + 82 + 90 + 70}{5}$$

$$= \frac{384}{5} = 76.8 \approx 77$$

निर्देश : (64-65) निम्नांकित सारणी पाँच राज्यों M, N, O, P और Q में गरीबी रेखा तथा लिंग के आधार पर जनसंख्या प्रतिशत वितरण दर्शाती है।

राज्य	गरीबी रेखा से नीचे जनसंख्या %	पुरुषों (M) और महिलाओं (F) का अनुपात	
		गरीबी रेखा से नीचे	गरीबी रेखा से ऊपर
		M : F	M : F
M	40	7 : 6	8 : 7
N	30	3 : 2	6 : 5
O	26	1 : 1	4 : 3
P	17	1 : 2	4 : 5
Q	20	2 : 3	3 : 4

64. यदि राज्य O की गरीबी रेखा से ऊपर की पुरुष जनसंख्या 1.7 मिलियन है तो राज्य O की कुल जनसंख्या क्या होगी?

(a) 4.62 मिलियन (b) 11.44 मिलियन
(c) 5.63 मिलियन (d) 4.02 मिलियन

RRB NTPC 28.04.2016 Shift : 1

Ans. (d) : ∵ राज्य O की गरीबी रेखा से ऊपर की पुरुष जनसंख्या = 1.7 मिलियन

∴ महिला जनसंख्या $= \frac{3}{4} \times 1.7 = \frac{5.1}{4}$

$= 1.275$ मिलियन

गरीबी रेखा से ऊपर की कुल जनसंख्या = 1.7 + 1.275

$= 2.975$

राज्य O की गरीबी रेखा से ऊपर की जनसंख्या (%) = 100 – 26

$= 74\%$

∴ राज्य O की कुल जनसंख्या $= \frac{2.975 \times 100}{74}$

$= 4.02$ मिलियन

65. राज्य P की गरीबी रेखा से ऊपर की महिला जनसंख्या क्या होगी यदि यह ज्ञात हो कि राज्य P की कुल जनसंख्या 9 मिलियन है?

(a) 4.32 मिलियन
(b) 5.32 मिलियन
(c) 4.15 मिलियन
(d) 6.32 मिलियन

RRB NTPC 28.04.2016 Shift : 1

Ans. (c) : ∵ राज्य P की कुल जनसंख्या = 9 मिलियन

∴ राज्य P की गरीबी रेखा से ऊपर की जनसंख्या = 9 मिलियन का 83%

$$= 9 \times \frac{83}{100} = \frac{747}{100} = 7.47 \text{ मिलियन}$$

∵ राज्य P की गरीबी रेखा से ऊपर की जनसंख्या में पुरुष व महिला का अनुपात = 4:5

∴ गरीबी रेखा से ऊपर की महिला जनसंख्या $= \frac{5}{4+5} \times 7.47$

$$= \frac{5}{9} \times 7.47 = \frac{37.35}{9}$$

= 4.15 मिलियन

निर्देश– निम्नलिखित सारणी एक फुटबाल टीम का पूरे वर्ष खेले गए 7 टूर्नामेंटों में उसके प्रदर्शन के रिकार्ड (अभिलिखित) को दर्शाती है।

खेले गए टूर्नामेंटों का विवरण	मैच जीते	मैच हारे	कुल खेले गए मैचें की संख्या
प्रथम	5	3	8
द्वितीय	4	4	8
तीसरा	5	2	7
चौथा	6	3	9
पाँचवा	4	2	6
छठा	3	3	6
सातवाँ	2	4	6

66. खेले गए सभी मैचों के कितने प्रतिशत मैच में टीम ने जीत हासिल की ?

(a) 58% (b) 80%
(c) 75% (d) 52%

RRB NTPC 19.01.2017 Shift : 3

Ans. (a) : खेले गए कुल मैच = 50
जीते गए कुल मैच = 29

$$\frac{29}{50} \times 100 = 58\%$$

निर्देश (67–69) : निम्न तालिका का अध्ययन करें और उस पर आधारित सवालों के जवाब दें।

निम्न तालिका में कुछ वर्षों तक के लिए किये गए एक कंपनी का व्यय (लाख रूपये में) प्रतिवर्ष के रूप में दिया गया है।

वर्ष	खर्च का ब्यौरा				
	वेतन	ईंधन और परिवहन	बोनस	ऋणों पर ब्याज	कर
1998	288	98	3.00	23.4	83
1999	342	112	2.52	32.5	108
2000	324	101	3.84	41.6	74
2001	336	133	3.68	36.4	88
2002	420	142	3.96	49.4	98

67. वर्ष 2001 के दौरान वस्तुओं पर कंपनी का कुल खर्च है–

(a) Rs. 590 lakhs
(b) Rs. 598 lakhs
(c) Rs. 597 lakhs
(d) Rs. 597.08 lakhs

RRB NTPC 11.04.2016 Shift : 1

Ans. (d) : वर्ष 2001 के दौरान वस्तुओं पर कंपनी का कुल खर्च
= 336 + 133 + 3.68 + 36.4 + 88
= ₹ 597.08 लाख

68. सभी वर्षों के लिए करों पर कुल व्यय के साथ क्रमश: सभी वर्षों के कुल बोनस के बीच का अनुपात क्या है?

(a) 9 : 40 (b) 25 : 13
(c) 451 : 17 (d) 1 : 25

RRB NTPC 11.04.2016 Shift : 1

Ans. (c) : सभी वर्षों के लिए करों पर कुल व्यय
= 83 + 108+74+88+98
= 451
सभी वर्षों के कुल बोनस = 3 + 2.52 + 3.84 + 3.68+3.96
= 17.00
∴ अभीष्ट अनुपात = 451 : 17

69. ईंधन और परिवहन पर व्यय वर्ष 2001 में वेतन पर खर्च का कितना प्रतिशत है?

(a) 34.54% (b) 39.58%
(c) 33.57% (d) 37.58%

RRB NTPC 11.04.2016 Shift : 1

Ans. (b) : वर्ष 2001 में,
ईंधन और परिवहन पर खर्च = 133 लाख
वेतन पर खर्च = 336 लाख
∴ अभीष्ट प्रतिशत $= \frac{133}{336} \times 100$
= 39.58%

निर्देश (70–72) : निम्नांकित सारणी शहर के विभिन्न क्षेत्रों में MSD, VK, RD और SR के प्रशंसकों की संख्या दर्शाती है। निम्नलिखित जानकारी पर विचार करें और इस पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें–

	क्षेत्र 1	क्षेत्र 2	क्षेत्र 3	क्षेत्र 4
VK	2500	1700	2300	5000
MSD	3000	3000	4000	3100
RD	1500	3500	4500	5200
SR	1500	4000	3500	2500

70. SR और MSD के प्रशंसकों की कुल संख्या में कितना अंतर है?

(a) 1500 (b) 1600
(c) 3000 (d) 3200

RRB NTPC 19.04.2016 Shift : 2

Ans. (b) : SR के प्रशंसकों की कुल संख्या
= 1500 + 4000 + 3500 + 2500 = 11500
MSD के प्रशंसको की कुल संख्या
= 3000 + 3000 + 4000 + 3100 = 13100
अन्तर = 13100 – 11500 = 1600

71. किसके प्रशंसकों की संख्या सबसे ज्यादा है?

(a) VK (b) MSD
(c) RD (d) SR

RRB NTPC 19.04.2016 Shift : 2

Ans. (c) : VK के प्रशंसकों की संख्या
= 2500 +1700+2300+5000 = 11500
MSD के प्रशंसकों की संख्या
= 3000 + 3000 + 4000 + 3100 = 13100
RD के प्रशंसकों की संख्या
= 1500 + 3500 + 4500 + 5200 = 14700
SR के प्रशंसको की संख्या
= 1500 + 4000 + 3500 + 2500 = 11500
अत: स्पष्ट है कि RD के प्रशंसकों की संख्या सबसे ज्यादा (14700) है।

72. क्षेत्र 3 की तुलना में क्षेत्र 2 के प्रशंसकों की संख्या में क्या अंतर है?

(a) क्षेत्र 2 से 2200 प्रशंसकों ज्यादा है
(b) क्षेत्र 2 से 2100 प्रशंसकों कम है
(c) क्षेत्र 2 से 2100 प्रशंसकों ज्यादा है
(d) क्षेत्र 2 से 2200 प्रशंसकों कम है

RRB NTPC 19.04.2016 Shift : 2

Ans. (b) : क्षेत्र–2 के प्रशंसकों की संख्या
= 1700 + 3000 + 3500 + 4000 = 12200
क्षेत्र–3 के प्रशंसकों की संख्या = 2300 + 4000 + 4500 + 3500
= 14300
अन्तर = 14300–12200 = 2100
अत: स्पष्ट है कि क्षेत्र–3 में क्षेत्र–2 की तुलना में 2100 प्रशंसक कम है।

निर्देश: (73-75) दिए गए आकड़ों का अध्ययन करें तथा उसके बाद आने वाले प्रश्नों का उत्तर दें–

कृषि क्षेत्र (लाख हेक्टेयर में)

राज्य	2011	2012	2013
पंजाब	220	256	264
हरियाणा	120	108	151
उत्तर प्रदेश	100	143	128
मध्य प्रदेश	40	85	90
महाराष्ट्र	80	150	175
राजस्थान	30	26	24

73. पंजाब में वर्ष 2011 की अपेक्षा 2013 में कृषि योग्य भूमि में हुई वृद्धि का प्रतिशत क्या था?

(a) 20 (b) 16.36
(c) 25.8 (d) 22.33

RRB NTPC 18.01.2017 Shift : 2

Ans. (a) : प्रश्न से

$$\% \text{ वृद्धि } = \frac{(264-220)\times 100}{220}$$

$$= \frac{44\times 100}{220} = 20\%$$

74. सभी–3 वर्षों में संयुक्त आधार पर महाराष्ट्र तथा मध्य प्रदेश के कुल कृषि क्षेत्रफल (लाख हेक्टेयर में) कितना अंतर है?

(a) 135(लाख हेक्टेयर) (b) 34(लाख हेक्टेयर)
(c) 190(लाख हेक्टेयर) (d) 174(लाख हेक्टेयर)

RRB NTPC 18.01.2017 Shift : 2

Ans. (c)
महाराष्ट्र तथा मध्य प्रदेश के कुल कृषि क्षेत्रफल में अन्तर
$\Rightarrow$ (80+150+175) – (40+85+90)
$\Rightarrow$ 405–215 = 190 (लाख हेक्टेयर)

75. वर्ष 2012 में राजस्थान की तुलना में उत्तर प्रदेश में कितना अधिकतम कृषि क्षेत्र था?

(a) 35(लाख हेक्टेयर) (b) 117(लाख हेक्टेयर)
(c) 113(लाख हेक्टेयर) (d) 58(लाख हेक्टेयर)

RRB NTPC 18.01.2017 Shift : 2

Ans : (b) 2012 का उत्तर प्रदेश का कृषि क्षेत्र – 2012 का राजस्थान का कृषि
143–26 = 117 (लाख हेक्टेयर)

निर्देश (76-78) : निम्न तालिका का अध्ययन करें और उस पर आधारित सवालों के जवाब दें।

एक परीक्षा में विभिन्न विषयों में छात्रों द्वारा अर्जित अंक नीचे दिए गए हैं।

छात्र	विषय			
	भौतिकी (120 में से)	रसायन विज्ञान (120 में से)	जीव विज्ञान (120 में से)	गणित (100 में से)
अनिल	95	53	61	70
भीनू	105	84	42	80
चिराग	95	65	73	90
धवन	85	65	84	60
एल्जा	85	66	95	50
फराह	75	77	85	40
जॉर्ज	65	38	75	80

76. कितने छात्रों ने परीक्षा में 60% से अधिक अंक अर्जित किए हैं?

(a) 7 (b) 6
(c) 5 (d) 4

RRB NTPC 04.04.2016 Shift : 3

Ans. (b) : प्रश्न से

अनिल का प्रतिशत अंक $= \frac{95+53+61+70}{120+120+120+100}\times 100$

$= \frac{279}{460}\times 100 = 60.65\%$

इसी प्रकार भीनू का प्रतिशत अंक $= \frac{105+84+42+80}{460}\times 100$

$= \frac{311}{460}\times 100 = 67.60\%$

चिराग का प्रतिशत अंक $= \frac{95+65+73+90}{460} \times 100$

$= \frac{323}{460} \times 100 = 70.21\%$

धवन का प्रतिशत अंक

$= \frac{85+65+84+60}{460} \times 100 = \frac{294}{460} \times 100 = 63.91\%$

एल्जा का प्रतिशत अंक

$= \frac{85+66+95+50}{460} \times 100 = \frac{296}{460} \times 100 = 64.34\%$

फराह का औसत अंक

$= \frac{75+77+85+40}{460} \times 100 = \frac{277}{460} \times 100 = 60.21\%$

जार्ज का प्रतिशत अंक

$= \frac{65+38+75+80}{460} \times 100 = \frac{258}{460} \times 100 = 56.08\%$

अतः जार्ज को छोड़कर शेष 6 छात्रों ने 60% से अधिक अंक प्राप्त किये हैं।

77. परीक्षा में कुल प्रतिशत अंक के मामले में कौन कक्षा में प्रथम स्थान पर रहा?

(a) बीनू (b) चिराग
(c) धवन (d) एल्जा

RRB NTPC 04.04.2016 Shift : 3

Ans. (b) : चिराग का प्रतिशत अंक कक्षा में सबसे ज्यादा (70.21%) है। उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

78. सभी चार विषयों में धवन द्वारा अर्जित अंकों की औसत क्या है?

(a) 65.3 (b) 71.3
(c) 68.3 (d) 73.5

RRB NTPC 04.04.2016 Shift : 3

Ans. (d) : धवन का औसत अंक $= \frac{85+65+84+60}{4}$

$= \frac{294}{4} = 73.5$

Type-3 : बार-ग्राफ पर आधारित प्रश्न

79. निम्नांकित ग्राफ देश X के फिल्म उद्योग में कार्यरत सभी निर्देशकों के मूल जन्म-स्थान पर आधारित संख्या वितरण को दर्शाता है।



अमेरिका महाद्वीप (continent of America) में जन्मे निर्देशकों की संख्या और कुल निर्देशकों की संख्या का अनुपात कितना है?

(a) 1 : 3 (b) 1 : 4
(c) 1 : 6 (d) 1 : 5

RRB NTPC (Stage-2) 13/06/2022 (Shift-II)

Ans. (d) : अमेरिका महाद्वीप में जन्में निर्देशक : कुल निर्देशक
$= 54 : (27 + 57 + 51 + 54 + 81)$
$= 54 : 270$
$= 1 : 5$

80. दिया गया बार ग्राफ, पांच दुकानों A, B, C, D और E की 2017 और 2018 में हुई इनवर्टर की बिक्री को दर्शाता है।



दुकान A की दोनों वर्षों की कुल बिक्री और दुकान D की दोनों वर्षों की कुल बिक्री का अनुपात ज्ञात कीजिए।

(a) 5:3
(b) 6:5
(c) 1:3
(d) 7:6

RRB NTPC 02.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (d) : प्रश्न से
दुकान A की दोनों वर्षों की कुल बिक्री $= 90 + 85 = 175$
दुकान D की दोनों वर्षों की कुल बिक्री $= 70 + 80 = 150$
अभीष्ट अनुपात $= 175:150 = 7:6$

निर्देश : एक विद्यालय के विभिन्न सेक्शनों में विद्यार्थियों की संख्या (Number of Students in Different Sections of a school) को दर्शाने वाले बार ग्राफ को देखें और प्रश्न का उत्तर दें।



81. **निम्नलिखित में से किन दो सेक्शन में विद्यार्थियों की संख्या का अनुपात 1 : 3 है?**

(a) सेक्शन 2 और 5 (b) सेक्शन 3 और 1
(c) सेक्शन 3 और 5 (d) सेक्शन 2 और 6

RRB NTPC 13.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : सेक्शन 2 और सेक्शन 5 के विद्यार्थियों की संख्या का अनुपात = 30 : 70 = 3 : 7
सेक्शन 3 और 1 के विद्यार्थियों की संख्या का अनुपात = 20 : 60 = 1 : 3
सेक्शन 3 और 5 के विद्यार्थियों की संख्या का अनुपात = 20 : 70 = 2 : 7
सेक्शन 2 और 6 के विद्यार्थियों की संख्या का अनुपात = 30 : 50 = 3 : 5

82. **निम्नलिखित में से किस सेक्शन से विद्यार्थियों की संख्या, किसी अल्प सेक्शन की तुलना में ठीक दोगुनी है?**

(a) 3 (b) 4
(c) 5 (d) 2

RRB NTPC 13.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : ग्राफ के अनुसार सबसे कम विद्यार्थियों की संख्या वाला सेक्शन 3 है जिसमें विद्यार्थियों की संख्या 20 है।
सेक्शन 3 में विद्यार्थियों की संख्या = 20
सेक्शन 4 में विद्यार्थियों की संख्या = 40
अतः, 'विकल्प b' सही है।

83. **3 सर्वाधिक संख्या वाले सेक्शनों में छात्रों की औसत संख्या और 3 सबसे कम संख्या वाले सेक्शनों में छात्रों की औसत संख्या का अंतर ज्ञात कीजिए।**

(a) 50 (b) 20
(c) 40 (d) 30

RRB NTPC 13.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : 3 सर्वाधिक संख्या वाले सेक्शनों में छात्रों का औसत − 3 सबसे कम सेक्शनों वाले छात्रों की संख्या का औसत

$$= \frac{60+70+50}{3} - \frac{40+30+20}{3}$$
$$= 60 - 30$$
$$= 30$$

84. **ग्राफ में प्रदर्शित सभी छह सेक्शनों की तुलना करने पर किस सेक्शन में विद्यार्थियों की संख्या, विद्यार्थियों की औसत संख्या के निकटतम है?**

(a) सेक्शन 2 और 3 (b) सेक्शन 4 और 6
(c) सेक्शन 1 और 3 (d) सेक्शन 4 और 5

RRB NTPC 13.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : छह सेक्शनों में विद्यार्थियों की औसत संख्या =

$$\frac{60+30+20+40+70+50}{6}$$
$$= 45$$

सेक्शन 4 और सेक्शन 6 का औसत

$$= \frac{40+50}{2} = \frac{90}{2} = 45$$

अतः, अभीष्ट सेक्शन 4 और 6 है।

85. **नीचे दिया बार ग्राफ 4 वर्षो के दौरान भारत से निर्यात हुए कपड़े की मात्रा (कंटेनरों की संख्या में) और उसके मूल्य (करोड़ रूपये में) को दर्शाता है। ग्राफ के आधार पर नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।**
(ग्राफ संदर्भ : quantity – मात्रा, value मूल्य, India's textile export- भारत से निर्यात कपड़ा)
किस वर्ष में प्रति कंटेनर मूल्य न्यूनतम था?



(a) वर्ष 2 (b) वर्ष 1
(c) वर्ष 3 (d) वर्ष 4

RRB NTPC 11.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : वर्ष 1 में प्रति कंटेनर मूल्य $= \frac{340}{400} = ₹0.85$

वर्ष 2 में प्रति कंटेनर मूल्य $= \frac{270}{280} = ₹0.96$

वर्ष 3 में प्रति कंटेनर मूल्य $= \frac{280}{350} = ₹0.80$

वर्ष 4 में प्रति कंटेनर मूल्य $= \frac{350}{450} = ₹0.77$

स्पष्ट है कि वर्ष 4 में प्रति कंटेनर मूल्य न्यूनतम था।

86. **2001 में एक कंम्पनी द्वारा अर्जित राजस्व 6,300 करोड़, है, जो 2010 में 8,100 करोड़ था और 2015 में ₹ 10,800 करोड़ था। 2001 से 2010 के बीच और 2010 से 2015 के बीच राजस्व आय में वृद्धि का अनुपात क्या है?**



(a) 1 : 2 (b) 2 : 3
(c) 1 : 1 (d) 3 : 2

RRB NTPC 28.12.2020 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : दिया है-

2001 में कम्पनी द्वारा अर्जित राजस्व = रु 6,300 करोड़

2010 में कम्पनी द्वारा अर्जित राजस्व = रु 8,100 करोड़

2015 में कम्पनी द्वारा अर्जित राजस्व = रु 10,800

2001 से 2010 के बीच राजस्व आय में वृद्धि = 8100–,6300
= 1800 करोड़

2010 से 2015 के बीच राजस्व आय में वृद्धि = 10800–8100
= 2700 करोड़

2001 से 2010 तथा 2010 से 2015 के बीच राजस्व आय में वृद्धि का अनुपात = $\frac{1800}{2700}$

$= \frac{2}{3} = 2 : 3$

87. नीचे दिए गए बार ग्राफ का अवलोकन करें और प्रश्न का उत्तर दें। बार ग्राफ उन छात्रों की संख्या से संबंधित आंकड़ो को दर्शाता है जो वर्ष 2014 से 2018 के दौरान एक कंपनी में नौकरी के साक्षात्कार के लिए बुलाए गए थे। साक्षात्कार एच आर पद के लिए था और छात्र तीन अलग-अलग संस्थानों X, Y और Z से थे।



(संदर्भ = number of students called for the interview- साक्षात्कार के लिए बुलाए गए छात्र की संख्या)

2014 से 2016 की अवधि के दौरान संस्थान X और संस्थान Y के साक्षात्कार के लिए बुलाए गए छात्रों की औसत संख्याओं का क्रमशः अनुपात ज्ञात कीजिए।

(a) 13 : 43 (b) 37 : 33

(c) 43 : 13 (d) 33 : 37

RRB NTPC 09.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (b) : 2014 से 2016 की अवधि के दौरान संस्थान X से साक्षात्कार के लिए बुलाए गये छात्र = 120 + 150 + 100 = 370

2014 से 2016 की अवधि के दौरान संस्थान Y से साक्षात्कार के लिए बुलाए गये छात्र = 100 + 110 + 120 = 330

अभीष्ट अनुपात = 370 : 330
= 37 : 33

88. निम्नलिखित ग्राफ, वर्ष 2016 और 2017 में पांच अलग-अलग दुकानों– S1, S2, S3, S4, S5 से हुई हार्ड ड्राइव की बिक्री (हजार में) {sales (in thousand numbers)}



वर्ष 2016 में सभी दुकानों की कुल बिक्री और वर्ष 2017 में सभी दुकानों की कुल बिक्री का अनुपात ज्ञात कीजिए।

(a) 74 : 52 (b) 31 : 42

(c) 45 : 80 (d) 26 : 37

RRB NTPC 07.04.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (d) : 2016 में सभी दुकानों की कुल बिक्री
= 45 + 58 + 62 + 40 + 55
= 260

2017 में सभी दुकानों की कुल बिक्री
= 80 + 76 + 84 + 60 + 70 = 370

अतः अभीष्ट प्रतिशत $= \frac{260}{370} = \frac{26}{37} = 26 : 37$

89. दिए गए बार-चार्ट का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।



वर्ष 4 के दौरान हुई वार्षिक बिक्री और छः वर्षों की औसत बिक्री का निरपेक्ष अंतर, किस अन्य वर्ष के दौरान हुई वार्षिक बिक्री और छः वर्षों की औसत बिक्री के निरपेक्ष अंतर के बराबर है। वर्ष की पहचान कीजिए।

(a) वर्ष 4 (b) वर्ष 2

(c) वर्ष 1 (d) वर्ष 3

RRB NTPC 05.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c) : वर्ष 4 के दौरान हुई वार्षिक बिक्री = 45 हजार

6 वर्षों की औसत बिक्री

$= \frac{40+50+35+45+55+30}{6} = \frac{255}{6} = 42.5$ हजार

अभीष्ट अन्तर = (45 – 42.5) हजार = 2.5 हजार

वर्ष 1 के दौरान वार्षिक बिक्री = 40 हजार

अभीष्ट अन्तर = 42.5 – 40 = 2.5 हजार

90. **नीचे दिए गए ग्राफ में ABC प्रकाशन कंपनी की चार शाखाओं की दो क्रमिक वर्षों में हुई पुस्तकों की बिक्री (हजार में) दर्शाई गयी है। शाखा P2 की दोनों वर्षों की कुल बिक्री का, शाखा P4 की दोनों वर्षों की कुल बिक्री से अनुपात कितना है?**



(a) 61 : 71 (b) 16 : 17
(c) 71 : 61 (d) 17 : 16

RRB NTPC 31.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : दिए गए ग्राफ से,
शाखा P_2 की दोनों वर्षों की कुल बिक्री = 85 + 75 = 160
शाखा P_4 की दोनों वर्षों की कुल बिक्री = 80 + 90 = 170
अभीष्ट अनुपात = 160 : 170
= 16 : 17

91. **दिया गया ग्राफ वर्ष 2010 से 2014 की अवधि में मेरठ में स्थित एक कारखाने द्वारा निर्मित बल्लों की संख्या (सैकड़ों में) (No. of Bats Manufactured (In Hundreds)) और लाइन ग्राफ न बिके हुए बल्लों के प्रतिशत (Percentage of unsold) को दर्शाता है।**



वर्ष 2010 से वर्ष 2014 में बिके बल्लों की संख्या के बीच कितना अंतर है?

(a) 240 (b) 260
(c) 500 (d) 200

RRB NTPC 08.01.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : प्रश्न से
2010 और 2014 वर्ष में बिके बल्लो की,
संख्या में अंतर = 3000×80% ~ 3500×76%
